फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 10, वर्ष 12, अंक 11, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, गुरुवार, 16 फरवरी, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - चुनावी रण में पुरानी पेंशन का मुद्दा



अन्दर : डब्ल्यूपीएल में आरसीबी की मार्गदर्शक होंगी सानिया मिर्जा, बोलीं- मैं बहुत खुश हूं

# सीमाओं पर बनेंगे वाइब्रेंट गांव

## केंद्र सरकार अब देगी 4800 करोड़ का बजट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सीमांत इलाकों में वाइब्रेंट गांव तैयार करने का फैसला लिया है। इसके तहत गांवों में इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा और लोगों के लिए आजीविका के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस नीति के तहत कुल 4 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में पड़ने वाले गांवों को कवर किया जाएगा, जो उत्तर भारत में आते हैं।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि इस नीति के जरिए लोगों को गांवों में ही रहने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे पलायन थमेगा और गांवों का विकास होने से आबादी बनी रहेगी। ऐसी स्थिति में चीन और पाकिस्तान जैसे प्रतिद्वंद्वी देशों से निपटने में मदद मिलेगी। इस स्कीम से सीमाओं पर एक तरफ सुरक्षा मजबूत हो सकेगी तो वहीं पलायन कर-के गए लोगों को भी वापस गांव लाने के प्रयास किए जाएंगे।

**फैसला**

- चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में पड़ने वाले गांवों को कवर किया जाएगा
- सीमाओं पर नजर नहीं डाल पाएगा दुश्मन
- लोगों को गांवों में ही रहने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा
- अर्धसैनिक बल आईटीबीपी की 7 और बटालियनों का होगा गठन



यहां स्किल डिवेलपमेंट और आंत्रप्रेन्योरशिप को बढ़ावा दिया जाएगा। स्थानीय उत्पादों को भी प्रमोट किया जाएगा। इस स्कीम पर मौजूदा वित्त वर्ष से लेकर 2025- 26 तक काम होगा। इसके तहत 4,800 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यही नहीं सीमाओं की सुरक्षा के लिहाज से केंद्र सरकार ने एक और अहम फैसला लिया है। भारत और चीन की सीमाओं पर तैनात रहने वाले अर्धसैनिक बल आईटीबीपी की 7 और बटालियनों का गठन किया जाएगा।

इसके तहत कुल 9400 अतिरिक्त जवानों की भर्ती की जाएगी। इसके अलावा एक ऑपरेशनल बेस भी तैयार किया जाएगा। माना जा रहा है कि चीन की सीमा पर मुस्तैदी बढ़ाने के लिए यह फैसला लिया जा रहा है। सरकार ने देश में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसके तहत देश भर में डेयरी और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में करीब 2 लाख सहकारी संस्थाओं की स्थापना की जाएगी। गौरतलब है कि बीते कुछ सालों में लद्दाख से लेकर अरुणाचल तक में मोदी सरकार ने चीन से लगती सीमाओं पर सैनिकों की संख्या में बड़ा इजाफा किया है।

### एक जिला एक मेडिकल कॉलेज की राह पर यूपीः सीएम योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धति सिर्फ सम्पूर्ण आरोग्यता के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि आयुष हेल्थ टूरिज्म में रोजगार की असीम संभावनाएं भी हैं। आयुष हेल्थ टूरिज्म पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए तो प्रदेश के इस पहले आयुष विश्वविद्यालय के आसपास हर गांव और घर-घर को रोजगार के किसी न किसी स्वरूप से जोड़ा जा सकता है। सीएम योगी बुधवार दोपहर बाद पिपरी, भटहट स्थित प्रदेश के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय में ओपीडी सेवा का शुभारंभ करने के बाद यहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। बटन दबाकर ओपीडी की शुरूआत करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि टूरिज्म के अनेक अवसरों में महत्वपूर्ण अवसर हेल्थ टूरिज्म में भी है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में अत्यधिक संभावनाएं हैं। आयुष विश्वविद्यालय हेल्थ टूरिज्म में नए अवसर देगा। यहां सर्टिफिकेट, डिप्लोमा व डिग्री के कोर्स चलेंगे। युवाओं को प्रशिक्षण मिलेगा।

# प्रदेश सरकार ने किया एसआईटी का गठन

**लखनऊ।** कानपुर देहात के मड़ौली अग्निकांड की घटना की जांच के लिए शासन ने एसआईटी गठित की है। कमिश्नर और एडीजी की एसआईटी एक सप्ताह में रिपोर्ट शासन को देगी। इधर डीएम ने मजिस्ट्रेटी जांच एडीएम वित्त एवं राजस्व को सौंपी है। झोपड़ी में लगी आग से मां बेटी के जिंदा जलने की घटना की जांच एसआईटी करेगी। शासन ने कमिश्नर डॉ. राजशेखर व एडीजी आलोक कुमार की एसआईटी गठित की है। यह समिति घटना में दर्ज एफआईआर व पूरे प्रकरण की तथ्यात्मक व स्पष्ट जांच करेगी।

साथ ही, एक सप्ताह में शासन को रिपोर्ट सौंपेगी। वहीं, डीएम ने एडीएम वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता को मजिस्ट्रेटी जांच सौंपी है। घटना की गंभीरता को लेकर एक पखवाड़े में जांच रिपोर्ट मांगी गई है। डीएम नेहा जैन ने शासन की एसआईटी गठन की पुष्टि की है। बता दें कि ग्राम समाज की जमीन से कब्जा हटाने के दौरान झोपड़ी में मां बेटी के जिंदा जलने संबंधी मामले की जांच के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसआईटी का गठन कर दिया है। दरअसल, इस गांव में ग्राम समाज की जमीन से प्रशासन की टीम कब्जा हटाने गई थी। इसी दौरान इस जमीन पर स्थित झोपड़ी में आग लग गई, जिसमें झोपड़ी बनाकर रह रहे गोपाल दीक्षित की पत्नी और पुत्री दोनों की इसमें जिंदा जलने से मौत हो गई। इस मामले में सरकार ने वहां के एसडीएम ज्ञानेश्वर प्रसाद और लेखपाल अशोक सिंह को निलंबित कर दिया है। साथ ही हत्या के आरोप में मुकदमा भी दर्ज किया गया है।

**सीएम का निर्देश**

कानपुर कांड की जांच कर एक सप्ताह में देगी रिपोर्ट







# अब्दुल्ला आजम की विधानसभा सदस्यता रद्द

**लखनऊ।** मुरादाबाद की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट से सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां और उनके बेटे व स्वार विधायक अब्दुल्ला आजम को सजा मिलने के बाद उन्हें एक और तगड़ा झटका लगा है। सपा नेता आजम खां के बाद अब उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की भी विधानसभा सदस्यता रद्द हो गई है। उत्तर प्रदेश विधानसभा सचिवालय ने अब्दुल्ला आजम की स्वार विधानसभा सीट को रिक्त घोषित किया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। बता दें कि पंद्रह साल पुराने छजलैट प्रकरण में सपा नेता आजम खां और उनके बेटे सपा विधायक अब्दुल्ला आजम को अदालत दो साल की सजा सुनाई है। दोनों पर तीन-तीन हजार रुपये जुर्माना लगाया है। इस मामले में अन्य सात आरोपी साक्ष्यों के अभाव में दोष मुक्त कर दिए गए। जानकारों के अनुसार दो साल की सजा के कारण स्वार सीट से अब्दुल्ला आजम की विधायकी जाती रहेगी। पूर्व में रामपुर की अदालत से सजा सुनाए जाने के बाद नगर सीट से आजम खां की विधायकी जा चुकी है।

**तगड़ा झटका**

स्वार सीट हुई रिक्त, कोर्ट ने छजलैट मामले में सुनाई है दो साल की सजा और दो हजार रुपये जुर्माना



### महंत राजूदास और स्वामी प्रसाद मौर्य के बीच हाथापाई

**लखनऊ।** लखनऊ में गोमतीनगर के एक होटल में बुधवार दोपहर महंत राजूदास और सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के बीच हाथापाई हो गई। दोनों के समर्थक भी आपस में भिड़ गए। उनके बीच मारपीट तक हो गई। मौजूद पुलिसकर्मियों ने मामला शांत कराया। पुलिस वीडियो और सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच कर रही है। गोमतीनगर के एक बड़े होटल में एक न्यूज चैनल की तरफ से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें स्वामी प्रसाद मौर्य का सेशन दोपहर 12 बजे था जबकि महंत राजूदास का सेशन दो बजे था। महंत राजूदास संतों के साथ पहले से वहां पहुंच गए थे। पुलिस के मुताबिक जब स्वामी प्रसाद मौर्य का इंटरव्यू खत्म हो गया तो वह वहां से जाने लगे। पीछे से राजूदास व अन्य संत भी पहुंच गए। दोनों तरफ से नारेबाजी शुरू हो गई। नारेबाजी के दौरान ही राजूदास व स्वामी प्रसाद के बीच हाथापाई हो गई। मौर्य के समर्थक व राजूदास के साथ मौजूद संत भी भिड़ गए। मारपीट होने लगी। पुलिस कर्मियों ने किसी तरह से मामला शांत करवाया। दोनों पक्षों को वहां से हटवाया।

# कानपुर कांड पर लखनऊ में हंगामा

## राजभवन जा रहे कांग्रेसियों की पुलिस से नोकझोंक

**लखनऊ।** कानपुर कांड पर सियासत बढ़ती जा रही है। बुधवार को लखनऊ में राजभवन रोड पर कांग्रेस और पुलिस के बीच नोकझोंक हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता राजभवन पर प्रदर्शन करने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने बैरिकेडिंग करके उन्हें रोक दिया। इसके बाद नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस से धक्का-मुक्की करने लगे। वहीं मायावती ने भी पूरी घटना में सिस्टम से नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा कि लोगों की अब बुलडोजर राजनीति से जान जा रही है। भाजपा को अपना रवैया बदलना होगा। कानपुर देहात में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान जलकर मरी मां-बेटी का बुधवार को बिठूर में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान गांव से लेकर घाट तक पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रखे थे। इस बीच मां- बेटी की मौत को लेकर यूपी की सियासत गर्म हो गई है। कांग्रेसी नेताओं कार्यकताओं ने सड़क पर उतर कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कानपुर में हुई घटना को लेकर राजभवन का घेराव करने जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के नेतृत्व में प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे और सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रदेश कार्यालय से राजभवन जा रहे कांग्रेसी नेताओं कार्यकताओं को पुलिस ने राजभवन पहुंचने से पहले ही प्रदेश कार्यालय के थोड़ी ही दूर पर बैरिकेडिंग करके रोक दिया और राजभवन नहीं जाने दिया। जिसके बाद कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग पर अड़े रहे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी और प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि बुलडोजर लेकर अतिक्रमण हटाने गए प्रशासन के लोगों ने मां बेटी को जिंदा जला दिया और अब दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिला अधिकारी और कप्तान के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। बसपा प्रमुख मायावती ने ट्वीट करके सरकार पर हमला बोला है। मायावती ने लिखा कि उत्तर प्रदेश में गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई व पिछड़ेपन से त्रस्त लोगों की बीजेपी की बुलडोजर राजनीति से जान जाने लगी है। बसपा प्रमुख ने घटना को दुखद और निंदनीय बताते हुए सरकार को जनहित विरोधी रवैया बदलने की नसीहत दी है। कहा कि यूपी सरकार के विज्ञापित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से ज्यादा कानपुर देहात में मां-बेटी की मौत का मामला चर्चा में है। बसपा प्रमुख ने कहा कि देश व खासकर उत्तर प्रदेश में गरीबों की कोई सुनवाई नहीं है।

**बवाल**

- कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता सड़क पर उतरे
- मायावती बोलीं- अब बुलडोजर राजनीति में जान जा रही
- बैरिकेडिंग लगाकर रोका सड़क पर बैठकर किया प्रदर्शन



# सहारनपुर के आरएम सहित दो एआरएम निलंबित

**लखनऊ।** परिवहन निगम के कार्यों में शिथिलता बरतने सहित न्यायपालिका में जवाबदेही में देरी के चलते परिवहन निगम की छवि धूमिल होने से नाराज परिवहन निगम ने सहारनपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक सहित दो सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक संजय कुमार के जनसम्पर्क कार्यालय से जारी सूचना के आधार अनिल कुमार, क्षेत्रीय प्रबन्धक सहारनपुर क्षेत्र को सहारनपुर क्षेत्र के संचालन प्रतिफलों में गिरावट लाने लाभदायिकता में कमी लाने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने अधीनस्थ अधिकारियों, उपाधिकारियों, कार्मिकों पर पर्यवेक्षीय नियंत्रण शिथिल रखने, निगम की छवि जनमानस में धूमिल करने, मार्गों पर सघन प्रभावी निरीक्षण न करने निगम को वित्तीय क्षति पहुंचाने के उल्लंघन में अनुशासनिक कार्यवाही प्रख्यापित करते हुए तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है।

इसी क्रम में विनोद कुमार शुक्ला तत्कालीन सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक (संचालन), उ.प्र परिवहन निगम अलीगढ़ डिपो द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों एवं वादियों का भली भांति निर्वहन न करने, श्रीराम चालक को ड्यूटी पर न लिये जाने के कारण विधिक स्थिति उत्पन्न होने, न्यायालय के समक्ष निगम की छवि धूमिल करने, उच्च न्यायालय द्वारा में पारित निर्णय से अवगत न कराने, बिना समूचित कारण के चालक से कार्य न लेने, मनमानेपन से कार्य करने एवं अपने कार्यों में लापरवाही शिथिलता बरतने, मुख्यालय के निर्देशों की अनदेखी करने के उल्लंघन प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाते निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा एलके त्रिवेदी प्रभारी सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, सहारनपुर डिपो, सहारनपुर क्षेत्र द्वारा सहारनपुर डिपो के संचालन प्रतिफलों में सुधार हेतु सार्थक प्रयास न करने प्रतिफलों में गिरावट आने, डीजल औसत में कमी आने, निगम को हानि पहुँचाने, प्रशासनिक नियंत्रण शिथिल रखने, सायरनपुर डिपो की वाहन सं. यू.पी.11एजे 0301 में 12 बिना टिकट यात्री पाये जाने तथा परिचालक द्वारा यात्रियों को जाली टिकट दिये जाने, आष्टाचार में संलिप्त रहने तथा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, मार्गों की सघन चेकिंग न करने, लाभदायकता में कमी लाने, पदीय कर्मणो एवं दायित्वों का निर्वहन न करने, मुख्यालय के निर्देशों की अवहेलना करने आदि के उल्लंघन किये जाने आदि गम्भीर आरोपों के प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाते हुए निलंबित कर दिया गया है।

**कार्रवाई**

परिवहन निगम के कार्यो में लापरवाही बरतने का लगा है आरोप



### लखनऊ राजकीय बालगृहः चार बच्चियों की मौत, एक गंभीर

**लखनऊ।** प्राग नारायण रोड स्थित राजकीय बालगृह की एक और बच्ची ने मंगलवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके साथ मरने वाली बच्चियों की संख्या चार हो गई है। वहीं, सिविल अस्पताल में भर्ती एक बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। बालगृह की जांच के लिए पहुंची सीएमओ की टीम का दावा है कि मासूमों को ठंड से बचाने के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। दिसंबर-जनवरी में उचित देखभाल न होने से बच्चे ठंड की चपेट में आ गए और उन्हें निमोनिया हो गया। सिविल अस्पताल प्रशासन का भी कहना है कि बच्चे गंभीर हालत में लाए गए थे। डीपीओ विकास सिंह ने पोस्टमार्टम करवाने के साथ मजिस्ट्रेटी जांच का आदेश दिया है। इसके साथ ही बालगृह अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तत्काल रिपोर्ट मांगी गई है। बालगृह की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए दिनेश रावत को प्रभारी बनाया गया है।

# पांच रुपये सस्ता हुआ गेहूं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि केंद्र के खुले बाजार में 30 लाख टन गेहूं बेचने के फैसले के बाद थोक और खुदरा बाजारों में गेहूं की कीमतों में करीब 5 रुपए प्रति किलोग्राम की कमी आई है। उन्होंने कहा कि दरों को कम करने के लिए यदि जरूरी हुआ, तो और कदम उठाए जाएंगे। खाद्य सचिव ने कहा कि थोक मूल्य 3,000 रुपए प्रति क्विंटल से गिरकर लगभग 2,500 रुपए प्रति क्विंटल रह गया है, जबकि खुदरा मूल्य 3,300-3,400 रुपए प्रति क्विंटल से घटकर 2,800-2,900 रुपए प्रति क्विंटल रह गया है।

चोपड़ा ने कहा कि सरकार गेहूं और आटे (गेहूं का आटा) की कीमतों पर बारीकी से नजर रख रही है और जरूरत पड़ने पर कीमतों को कम करने और उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मुक्त बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत अधिक गेहूं की पेशकश करने सहित अन्य कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के किसी भी प्रस्ताव पर अभी विचार नहीं कर रही है। थोक बाजारों में गेहूं की कीमतें 2,500 रुपए प्रति क्विंटल से भी कम चल रही हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में कीमतों में और गिरावट आएगी।

पिछले महीने, सरकार ने गेहूं और गेहूं के आटे की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए ओएमएसएस के तहत अपने बफर स्टॉक से खुले बाजार में 30 लाख टन गेहूं बेचने की योजना की घोषणा की थी। 30 लाख टन में से भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ई-नीलामी के माध्यम से आटा चक्की जैसे थोक उपभोक्ताओं को 25 लाख (2.5 मिलियन) टन गेहूं बेचेगा और दो लाख टन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को दिया जाएगा। गेहूं को आटे में बदलने के लिए संस्थानों और राज्य-पीएसयू को तीन लाख टन गेहूं रियायती दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। चोपड़ा ने कहा कि देशभर में बुधवार को 15 लाख टन गेहूं की दूसरे दौर की नीलामी हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल ही में नेफेड और केंद्रीय भंडार जैसे संस्थानों के लिए गेहूं को आटे में परिवर्तित करने और उपभोक्ताओं को 27.50 रुपए प्रति किलोग्राम पर बेचने के लिए कीमतों को 23.50 रुपए से घटाकर 21.50 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया है, जबकि पहले की दर 29.50 रुपए प्रति किलोग्राम थी।

**राहत**

थोक मूल्य 3,000 रुपए प्रति क्विंटल से गिरकर लगभग 2,500 रुपए प्रति क्विंटल



# यूपी में 37 एएसपी का ट्रांसफर

**लखनऊ।** यूपी में बुधवार को 37 अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले कर दिए गए। शासन स्तर से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में तैनात 37 अपर पुलिस अधीक्षकों का तबादला कर दिया गया है। उसमें जौनपुर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक नगर का भी तबादला किया गया है। जारी सूची के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ. संजय कुमार का तबादला अपर पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ के पद हुआ है। यहां अपर पुलिस अधीक्षक नगर के रूप में अब लखनऊ के अपर पुलिस उपायुक्त बृजेश कुमार गौतम होंगे। यह 1996 बैच के पीपीएस अफसर हैं। कन्नौज के रहने वाले बृजेश कुमार गौतम ने फोन पर बातचीत के दौरान बताया कि बुधवार की शाम या गुरुवार की सुबह ज्वाइन कर सकते हैं।

**इधर से उधर**

गाजीपुर के एसपी सिटी और एसपी ग्रामीण का हुआ स्थानांतरण, टीएन बने सोनभद्र के नक्सल एएसपी

अपर पुलिस अधीक्षक नगर गोपीनाथ सोनी और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक भारती का शासन की ओर बुधवार को स्थानांतरण कर दिया गया। इनकी जगह अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री सुरक्षा, लखनऊ असित श्रीवास्तव को एसपी सिटी और अपर पुलिस अधीक्षक यातायात निदेशालय लखनऊ बलवंत चौधरी को एसपी ग्रामीण बनाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर गोपीनाथ सोनी ने 16 जून 2020 पद भार ग्रहण किया था। करीब 32माह के कार्यकाल में इनके नेतृत्व में पुलिस ने कई शातिर अपराधियों को दबोचने के साथ की बड़ी वारदात का खुलासा किया। यातायात व्यवस्था के साथ जागरूकता अभियान का भी सफल संचालन किया। जबकि एसपी ग्रामीण अभिषेक भारती अभी छह माह पूर्व अगस्त माह में ही जनपद में पदभार ग्रहण किए थे। उनका भी स्थानांतरण हो गया। शासन ने आजमगढ़ में एडिशनल एसपी यातायात के पद पर संजय कुमार तृतीय को तैनात किया गया है। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने बुधवार को प्रदेश के कई जनपदों में तैनात 37 अपर पुलिस अधीक्षकों का स्थानांतरण कर दिया है। उसमें सोनभद्र जिले के अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल विजय शंकर मिश्रा का भी तबादला हुआ है।

# पीरियड्स के दौरान महिलाओं को मिलेगी छुट्टी !

## सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका पर 24 फरवरी को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** महिलाओं के मासिक धर्म के दौरान दर्द में आराम के लिए छुट्टी सुनिश्चित करने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। जिसके संबंध में सुप्रीम कोर्ट मासिक धर्म अवकाश का नियम बनाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया है। इस जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 24 फरवरी को सुनवाई करेगा।

पीरियड्स के समय में छुट्टी वाली याचिका के तहत सभी राज्य सरकारों को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वे छात्राओं और कामकाजी वर्ग की महिलाओं को उनके संबंधित कार्यस्थलों पर पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द के लिए नियम बनाएं और अवकाश भी प्रदान करें। साथ ही मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 की धारा 14 का अनुपालन करें। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी द्वारा मामले का उल्लेख करने और मामले की जल्द सुनवाई की मांग के बाद मामले को 24 फरवरी को सुनवाई के लिए पोस्ट किया है। मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के तहत यह अनिवार्य कर दिया है सभी संस्थान अपनी महिला कर्मचारियों को गर्भावस्था के दौरान, गर्भपात के मामले में, नसबंदी ऑपरेशन के लिए और बीमारी के साथ-साथ उत्पन्न होने वाली चिकित्सीय समस्याओं के मामले में निश्चित दिनों के लिए ग्रांट पेड लीव दें।

सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई याचिका में कहा गया है कि मातृत्व लाभ अधिनियम के तहत कानून के ये प्रावधान कामकाजी महिलाओं के मातृत्व और मातृत्व को पहचानने और सम्मान देने के लिए संसद या देश के लोगों द्वारा उठाए गए सबसे बड़े कदमों में से एक हैं। बिहार भारत का एकमात्र ऐसा राज्य है जो 1992 से महिलाओं को दो दिन का विशेष मासिक धर्म दर्द अवकाश प्रदान कर रहा है। 1912 में, कोचीन (वर्तमान एनार्कुलम जिला) की तत्कालीन रियासत में स्थित त्रिपुनिथुरा में सरकारी गर्ल्स स्कूल ने छात्रों को उनकी वार्षिक परीक्षा के समय 'पीरियड लीव' लेने की अनुमति दी थी। याचिकाकर्ता ने सभी राज्यों को निर्देश देने की मांग की है कि वे अपने संबंधित कार्यस्थलों पर छात्राओं और कामकाजी वर्ग की महिलाओं के लिए मासिक धर्म के दर्द की छुट्टी के लिए नियम बनाएं। याचिका में मातृत्व लाभ अधिनियम की धारा 14 के अनुपालन के लिए सभी राज्यों और भारत सरकार को निर्देश जारी करने की भी मांग की गई है।

**विलंबित मांग**

- कामकाजी महिलाओं के लिए पीरियड्स लीव की मांग
- बिहार में मिलती है महिलाओं को पीरियड्स लीव



# निर्माण के दौरान ढही कच्ची दीवार, मजदूर की गई जान

**दूसरा घायल**

**एसीपी टीम के साथ राहत बचाव में लगी रहीं, डीएम ने अस्पताल पहुंचकर घायल को देखा**

**वाराणसी।** चेतगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बागबरियार मोहल्ले में निर्माणाधीन मकान कच्ची दीवार ढहने से काम कर रहे वहां दो मजदूर दब गये। हादसे में एक की मौत हो गयी जबकि दूसरे का मंडलीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। मंडलीय अस्पताल पहुंचकर जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने घायल का हाल चाल लिया। घायल की हालत खतरे से बाहर है। डीएम ने घटना की जांच के साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने को कहा। वहीं घटना स्थल पर एसीपी चेतगंज शिवा सिंह (आईपीएस) और थाना प्रभारी राहत बचाव में जुटे रहे। जानकारी के अनुसार चेतगंज क्षेत्र अंतर्गत बाग बरियार सिंह कॉलोनी में बुधवार दोपहर बाद जर्जर मकान का बड़ा हिस्सा जमींदोज हो गया। वहां काम कर रहे दो मजदूर चौबेपुर निवासी आजाद (21) और विजय राजभर (19) मलबे में दब गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अन्य लोगों की मदद से मलबे में दबे दोनों मजदूरों को बाहर निकाला और आनन-फानन अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने विजय राजभर को मृत घोषित कर दिया। वहीं अजय की हालत गंभीर है। बाग बरियार सिंह में गायत्री देवी पत्नी स्वर्गीय तारा प्रसाद का काफी पुराना मकान है जिसका एक हिस्से को तोड़कर नया निर्माण किया जा रहा है। दीवार तोड़ने के दौरान ही छत ढह गई और हादसा हो गया। आसपास के जिन लोगों को भी मकान गिरने की जानकारी हुई, वे मौके की तरफ दौड़ पड़े। देखते ही देखते दर्जनों लोग मौके पर पहुंच गए और आनन-फानन मलबे में दबे लोगों को निकालने में जुट गए। यह संयोग था कि घटना से पहले घर में कोई और मौजूद नहीं था। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे की सूचना पर मौके पर एसीपी चेतगंज शिवा सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंची।



मौके पर पहुंचीं एसीपी और उनकी टीम

# पति की मौत के बाद पत्नी को घर से निकाला

**निर्दयता**

**पति की संपत्ति को हथियाने का विरोध करना लगा नागवार**

जनसंदेश न्यूज

**बड़ागांव।** शिवपुर थानाक्षेत्र के सरसवा गांव में एक विवाहिता को ससुराल पक्ष के लोगों ने पति के निधन के बाद संपत्ति की लालच में मारपीट कर घर से निकाल दिया। साथ ही धमकी दी कि अगर वापस लौटा तो बच्चे समेत जान से मार देंगे। पीड़िता ने इस मामले में पीड़िता ने थाने पर गुहार लगायी जब सुनवाई नहीं हुई तो कोर्ट का सहरा लिया। कोर्ट के आदेश पर बड़ागांव थाना पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रपट दर्ज की।

प्रिया सिंह निवासिनी भरथीपुर (रामपुर) थाना बड़ागांव की पांच साल पहले सरसवा गांव (शिवपुर) देवी प्रसाद सिंह के पुत्र मनीष कुमार के साथ हुई थी। विवाहिता का पति बोकारो झारखंड में रहकर कोयले का व्यापार करता था। विवाहिता के मुताबिक, 18 अप्रैल 2021 को कोविड की चपेट में आ आने से निधन हो गया। पति के निधन के बाद ससुर सहित ससुराल के सास गीता, देवर विशाल, ननद प्रियंका और आशीष सिंह मिलकर मेरे पति के नाम की संपत्ति, जिसमें कार, बुलेट बाइक,ट्रक तथा स्कार्पियो गाड़ी फर्जी ढंग से अपने नाम कराने लगे। इस बात की जानकारी होने पर पीड़िता ने आरटीओ कार्यालय में आपत्ति दर्ज करायी, तब तक फर्जी दस्तावेज के आधार पर कार व बुलेट मोटरसाइकिल ससुर ने अपने नाम करवा लिया था, इतना ही नहीं पति के व्यापार पर भी उक्त लोगों ने कब्जा कर लिया। विरोध करने पर चार माह पूर्व उपरोक्त लोगों ने मुझे मेरी नाबालिग पुत्रियों के साथ जबरदस्ती घर से भगा दिया।

## संक्षेप

### चोरी की चार बाइक के साथ दो गिरफ्तार



**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के संदहा एटीएम के पास से बुधवार की शाम चोरी की बाइक के साथ दो अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया। कड़ाई से पूछताछ पर चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने तीन अन्य बाइक जो चोरी की थी बरामद की। आगे की कार्रवाई में अभियुक्त को जेल भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक अभिषेक उर्फ विकास गौंड निवासी पिसौर शिवपुर और राजेश मिश्रा निवासी पिसौर शिवपुर के हैं। अभियुक्तों की निशानदेही पर चार लूट व चोरी की बाइक बरामद की। बाइक को बेच कर दोनों आपस में पैसा बांट लेते थे। तीन अन्य बाइक कहां से चोरी हुई इसका पता पुलिस लगा रही है। क्योंकि नंबर प्लेट बदलकर चोर उक्त बाइक से छिपाये थे।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा



**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत रिंग रोड फेज-2 पर मंगलवार की रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंद दिया। घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार आशीष पटेल (25) निवासी खेवसीपुर थाना लोहता मंगलवार की रात करीब 8.30 बजे प्रम नगर अपने मामा के आइसक्रीम फैक्ट्री के बिजली का काम करके वापस घर खेवसीपुर लौट रहा था। रिंग रोड फेज-2 पर पहुंचा तभी किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी और चालक कुचलते हुए निकल गया। ग्रामीण की नजर पड़ी तो हरहुआ पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर बाइक व लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के पास मिले मोबाइल से उसकी शिनाख्त हुई।

### उपनिरीक्षक बनने पर थाना प्रभारी ने दी शुभकामना



**रोहनिया।** राजातालाब थाना पर तैनात मुख्य आरक्षी अशोक कुमार सिंह, श्रवण कुमार यादव, शैलेंद्र कुमार गुप्ता और मदन सिंह उपनिरीक्षक बने। चारो पुलिस कर्मियों को प्रभारी निरीक्षक राजातालाब मुन्ना राम ने डबल स्टार लगाकर शुभकामना दी।

### फांसी लगाकर दी जान

**मिर्जामुराद।** थाना क्षेत्र के बेनीपुर गांव निवासी रवि राजभर पुत्र स्व शारदा प्रसाद उम्र (32) ने पंखे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार रवि राजभर मंगलवार की रात शराब के नशे में घर पहुंचा बिना खाना खाया और सोने के लिए अपने कमरे चला गया। बुधवार की सुबह मां ज्ञानती देवी जब रवि को उठाने गई तो देखी की वह पंखे के सहारे फंदे में लटका है। परिजनों ने इसकी सूचना खजुरी चौकी प्रभारी रविकांत चौहान को दिया। चौकी प्रभारी ने फारेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच जांच पड़ताल करने ने बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### 17 खंभो के तार चोरों ने काटे

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर गांव के पास ज्ञानपुर नहर प्रखंड के किनारे से गई हाईटेंशन 33 हजार वोल्टेज का 17 खम्भे का तार चोरों ने मंगलवार की देर रात काट लिया। चोरी की सूचना एसडीओ ने बुधवार को मिर्जामुराद थानाध्यक्ष को दिया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत ने बताया की मामले की जानकारी हुई है जांच की जा रही है। जल्द चोरो को पकड़ लिया जाएगा।

### मारपीट करने वाले की बाइक जब्त

**वाराणसी।** कैंट थाना क्षेत्र के अर्दली बाजार क्षेत्र में लबे रोड दबंगई और मारपीट करने वाले दो बाइक सवारों की बाइक पुलिस ने जब्त की। आरोप है कि बाइक सवारों ने बाइक मित्री को किसी बात पर जमकर पीटा और बवाल काटा। पीड़ित बाइक मिस्त्री की तहरीर पर कार्यवाहक चौकी प्रभारी अर्दलीबाजार शिवशंकर यादव ने पुलिस फोर्स के साथ मानसिक अस्पताल के पीछे घेराबंदी की। आरोपित बचने के लिए बाइक छोड़कर भाग निकले। कैंट पुलिस बाइक को कब्जे में लिया। आरोपित संजय पटेल निवासी पांडेयपुर सहित छ अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज हुआ।

### रंगे हाथ पकड़ा गया बाइक चोर

**वाराणसी।** कचहरी स्थित विकास भवन के सामने बाइक चुराकर ले जाते हुए एक व्यक्ति को बाइक के मालिक के शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने रंगे हाथ पकड़ा और पुलिस को हवाले किया। तहरीर के अनुसार धीरज विश्वकर्मा, लंका निवासी ने आरोप लगाया कि मंगलवार को वह बैंक के कार्य से कचहरी आया था। विकास भवन के सामने बाइक खड़ी करके कचहरी के अंदर चला गया। बाहर निकला तो देखा कि उसकी बाइक एक व्यक्ति स्टार्ट करके सर्किट हाउस की तरफ निकल रहा था। शोर करने पर लोगों ने उसे पकड़ लिया। नाम पता पूछने पर अपना नाम शेरे पंजाब उर्फ बादल उर्फ विनोद निवासी पहाड़ी, डिहवा मंडुवाडीह बताया। आगे की कार्रवाई में उसे जेल भेजा गया।

### अंधरापुल हाइगेज में फंसी बस, लगा जाम

**वाराणसी।** अंधरापुल पर बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे जनरथ एसी बस हाई गेज में फंस गई। इसके बाद अंधरापुल चौराहे से जुड़े सभी मार्गों पर वाहनों की कतार लग गई। अंधरापुल से नदेसर, इधर चौकाघाट अंधरापुल, अंधरा पुल से कैंट, इधर जगतगंज तक वाहनों की लंबी लाइन लग गई। करीब 1:00 बजे बस किसी तरह निकाली जा सकी। इसके बाद जैसे तैसे वाहन पास कराए गए।

### जनसुनवाई में मिलीं 16 शिकायतें

**वाराणसी।** सिगरा स्थित नगर निगम कार्यालय पर मंगलवार को आयोजित संभव जनसुनवाई में फरियादियों ने अधिकारियों से फरियाद की। जिसमें निगम अधिकारियों को कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई। शिकायतों में भोजूबीर के दीपक कुमार पटेल ने इलाके में पाइप लाइन फटने से जलजमाव की समस्या बताई, चंदुआ छित्तूपुर के दीन दयाल सिंह ने घर के सामने की सड़क ऊंची करने के संबंध में शितायत की, इसके अलावा सरायनंदन खोजवां में निगम की जमीन पर कब्जा कर किराया वसूलने, आवास विकास पांडेयपुर में पटिया उखाड़कर अतिक्रमण करने के साथ अन्य कुल 16 शिकायतें दर्ज की गई। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को मामलों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया।

जनसंदेश टाइम्स
## वर्गीकृत
### सूचना

I, Afsana Begam is legally wedded spouse of No.15220155M Rank Nk (W/M) Name Anwar Ali Unit 141 Fd Regt (KARGIL) resident of Vill.-Tajpur Kurra, PO-Dildar Nagar, Teh.-Zamniya, Dist.-Ghazipur (UP) Pin-232326 changed my name from AFSANA BAGAM to AFSANA BEGAM vide Affidavit dated 16.02.2023 before JANSANDESH TIMES (Name of the court)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है**-सावित्री महिला महाविद्यालय बरहपुर नंदगंज गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में हिंदी-2, समाजशास्त्र-2, शिक्षाशास्त्र-3, गृह विज्ञान-3, भूगोल-3, विषयों में अध्यापकों हेतु। योग्यता एवं वेतनमान उ0 प्र0 शासन, यू0 जी0 सी0 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज का 4 फोटो एवं आधार कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक, मो0 न0-9415863527

**आवश्यकता है**-सरजू राय मेमोरियल डिग्री कॉलेज गांधीनगर गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में रसायन विज्ञान-3, वनस्पति विज्ञान-2, प्राणी विज्ञान-2, भौतिक विज्ञान-2, गणित-2 विषयों में अध्यापकों हेतु। योग्यता एवं वेतनमान उ0 प्र0 शासन, यू0 जी0 सी0 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज का 4 फोटो एवं आधार कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक, मो0 न0-9455945555

**आवश्यकता है**-रेशमी महिला महाविद्यालय अटरिया, धरम्मरपुर, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर अतिरिक्त विषय उर्दू व मनोविज्ञान एवं परास्नातक स्तर पर हिन्दी, भूगोल, गृहविज्ञान व समाज शास्त्र, क्रमशः प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। जिसकी योग्यता व वेतनमान यू0 जी0 सी0/विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। योग्यता व योग्य अभ्यर्थी शैक्षिक प्रपत्रों के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर आवेदन करें व दिनांक 12.03.2023 को महाविद्यालय में साक्षात्कार हेतु उपस्थित होवें।
प्रबन्धक
मो0-9415887548, 9415452803

### आवश्यकता है

सुग्रीव साहू रामनेश गुप्त महाविद्यालय, महिउद्दीनपुर, कोन, सोनभद्र, सम्बद्ध महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत प्राचार्य एवं स्नातक स्तर पर कला संकाय में हिन्दी-01, शिक्षाशास्त्र -01, गृह विज्ञान-01, राजनीतिशास्त्र-01, एवं प्राचीन इतिहास-01 विषयों में प्रवक्ताओं की, योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0/उ0 प्र0 शासन के मानक के अनुसार योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर दो फोटो एवं प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियों के साथ आवेदन करें।
प्रबंधक
मो0-9956585404, 9415617886

**आवश्यकता है**-राजेश्वर महादेव डिग्री कॉलेज आराजी बुढ़ैला पांडेय का पूरा अमरूपुर गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर अतिरिक्त विषय कला संकाय में मनोविज्ञान-1, राजनीति शास्त्र-1, कला -1 व स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में रसायन विज्ञान-3, वनस्पति विज्ञान-2, प्राणी विज्ञान-2, भौतिक विज्ञान-2,गणित-2 तथा स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में हिंदी-2, समाजशास्त्र-2, शिक्षाशास्त्र-3, गृह विज्ञान-3, भूगोल -3, विषयों में अध्यापकों हेतु। योग्यता एवं वेतनमान उ0 प्र0 शासन, यू0 जी0 सी0 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज का 4 फोटो एवं आधार कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0 न0-9451717416

# अखिलेश और ओवैसी पर केस दर्ज करने की मांग खारिज

**वाराणसी।** ज्ञानवापी के वजूखाने में गंदगी करने और प्रकरण में नेताओं की भड़काऊ बयानबाजी को लेकर मुकदमा कायम करने की मांग को एसीजेएम प्रथम की कोर्ट ने खारिज कर दिया है। मामले में सपा प्रमुख अखिलेश यादव, एआईएम आईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी, शहर मौलवी व काजी समेत कई लोगों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई थी। सिविल कोर्ट के एडवोकेट हरिशंकर पांडेय ने सीजेएम कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप लगाया था कि इन नेताओं ने अमर्यादित एवं गैर कानूनी कथनों पर बयान देकर हिंदू समाज के प्रति घृणा फैलाने का आपराधिक कृत्य किया है। हाल ही में यह मामला अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम/एमपी-एमएलए कोर्ट के प्रभारी उज्जवल उपाध्याय की कोर्ट में हुआ था।

अदालत ने बहस सुनने के पश्चात आदेश सुरक्षित करते हुए 14 फरवरी की तिथि मुकर्रर की थी। बुधवार को अदालत ने अपने आदेश में कहा कि तीनों नेताओं के कथन के संबंध में यह कहना पर्याप्त है कि कानून व्यवस्था का प्राथमिक उत्तरदायित्व राज्य एवं उनकी एजेंसियों का है। वाद में जिन भी घटनाओं एवं कथनों का उल्लेख किया गया है, उनके घटने या फिर न घटने के संबंध में वादी को ही जानकारी हो ऐसा भी नहीं हो सकता है। ऐसी परिस्थिति में कोई संज्ञेय अपराध कारित होना दर्शित नही होता है। ऐसे में आवेदन निरस्त किया जाता है।

## कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**सिंधोरा।** खेत बैनामा कराने के नाम पर चार लाख रुपये उधार लिया और मांगने पर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर सिंधोरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। जानकारी के अनुसार बसंतपुर निवासी दयाशंकर शर्मा ने कोर्ट में 156 /3 के तहत प्रार्थना दिया था कि विपक्षी अजय प्रकाश पांडेय निवासी बसंतपुर ने खेत लेने के लिए उससे चार लाख उधार मांगा। उसने चार लाख दे दिया लेकिन पैसा मांगने पर आनाकानी करने लगा साथ ही धमकी देने लगा। कोर्ट के आदेश पर सिंधोरा पुलिस ने आईपीसी की धारा 406 504 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया।

# पंचक्रोशी परिक्रमा: बैरिकेडिंग और लाइटिंग की हो व्यवस्था

**निर्देश**

**सीपी, जिलाधिकारी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने किया निरीक्षण**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** पंचक्रोशी परिक्रमा के लिए बैरिकेडिंग लाइटिंग व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने बुधवार को पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन, डीएम एस. राजलिंगम एसीपी दशाश्वमेध अवधेश पांडेय मणिकर्णिका कुंड पहुंचे। पुलिस आयुक्त और डीएम ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए बेरिकेडिंग रात में लाइटिंग की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया।

एसीपी दशाश्वमेध अवधेश पांडेय ने बताया कि पंचक्रोशी परिक्रमा 17 फरवरी को दोपहर 2:00 बजे से शुरू होगी। इसके लिए मणिकर्णिका कुंड तक पहुंचने और वहां से निकलने के अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं। मणिकर्णिका कुंड तक पहुंचने के लिए चौक थाने के सामने से होते हुए कचौड़ी गली से बाएं तरफ कश्मीरी मल हवेली होते हुए सिंधिया घाट पहुंचना होगा।

वहां से मणिकर्णिका कुंड पहुंचेंगे। कुंड में प्रवेश और निकास के 2-2 द्वार हैं। मणिकर्णिका कुंड से निकलकर शवदाह स्थल के मार्ग से होते हुए गंगाद्वार होते हुए घाट के रास्ते श्रद्ध स्सी निकल सकते हैं, या फिर गंगा के रास्ते भी अस्सी पहुंचेंगे। यहां से श्रद्धालु सुंदरपुर चौराहे से बाएं होते हुए आखरी बाईपास पहुंचेंगे। वहां से रोहनिया होते हुए प्रमुख पड़ाव तक जाएंगे।

वहां से जनसा के रामेश्वर मंदिर, इसके बाद शिवपुर होते हुए कपिलचारा, आखिरी पड़ाव सारनाथ के कपिलधारा तक जाएंगे यहां से सराय मोहाना जाएंगे। यहां से गंगा के रास्ते वापस मणिकर्णिका कुंड पहुंचेंगे। पंचक्रोशी यात्रा का समापन 18 फरवरी शाम 5:00 बजे तक होगा।

## डीसीपी ने चितईपुर थाने का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** चितईपुर का वार्षिक निरीक्षण डीसीपी काशी जोन आरएस गौतम ने किया। प्रशासनिक भवन, बैरक, आवास एवं भोजनालय व थाना परिसर का भ्रमण किया गया तथा आवश्यक साफ-सफाई के लिए थानाध्यक्ष चितईपुर एवं हेड मुहर्रिर को निर्देश दिया। थाने के अभिलेखों, रजिस्टर इत्यादि को चेक किया गया तथा थाने पर नियुक्त आरक्षीगण व उप-निरीक्षणगण के साथ गोष्ठी की गयी । गोष्ठी के दौरान उपस्थित कर्मचारीगणों की समस्या सुनी गयी तथा महिलाओं की सुरक्षा के प्रति सरकार द्वारा प्रचलित योजनाओं यथा महिला सशक्तिकरण, महिला हेल्प डेस्क, महिला हेल्प लाइन-1090, के कर्तव्यों से अवगत कराते हुए आम जनमानस में जागरुकता लाये जाने के लिए सभी को निर्देशित किया।



पीस कमेटी की बैठक में भाग लेते पुलिस अधिकारी संग नागरिक

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**तरना।** महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर शिवपुर थाना पर बुधवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पहुंचे एसीपी कैंट डॉक्टर अतुल अनजान त्रिपाठी ने शिव बारात निकालने वाली समितियों के साथ बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना और शांतिपूर्वक तरीके से शिवबारात को संपन्न कराने की अपील किया। एसीपी अतुल अनजान त्रिपाठी ने कहा कि शिव बारात जहां से निकलकर जिन मार्गों पर जाएगी वहां पर कड़ी सुरक्षा का इंतजाम रहेगा, कानून व्यवस्था से किसी को खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा, जो भी शांति भंग करने का प्रयास करेगा उसके साथ कड़ाई से निपटा जाएगा। साथ ही सभी वर्ग के लोगों से शिवरात्रि के पर्व पर सौहार्द बनाए रखने की अपील किया। इसके बाद उन्होंने शिवपुर पुलिस टीम के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर शिव बारात निकलने वाले स्थानों को देखा और उचित दिशा निर्देश दिया।

# विकलांगों को आत्महत्या पर विवश करने में आरोपी को दस साल की सजा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** विकलांगों को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में बुधवार को विशेष न्यायाधीश द्वितीय (भ्रष्ट्राचार निवारण अधिनियम) रजत वर्मा की अदालत ने सिगरा थाना क्षेत्र के चंदुआ छित्तुपुरा निवासी नमो उपाध्याय को दोषी करार दिया और दस साल सजा के साथ ही 36 हजार जुर्माना लगाया। अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी पवन कुमार जायसवाल ने पक्ष रखा।



अभियोजन पक्ष के अनुसार 31 जुलाई 2007 को सुबह दस बजे अतिक्रमण से हटाई गई गुमटियों को प्रतिस्थापित कराने को लेकर लक्सा थाना क्षेत्र में एकत्रित विकलांग धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। आरोप था कि नमो उपाध्याय ने प्रशासन पर दबाव बनाने की नियत से विकलांगों को आत्महत्या करने के उकसाया था और उन्हें खाने के लिए नशीला पदार्थ दिया। जिससे पांच विकलांगों गुरुदीप, रामचंद्र, मंगरु प्रसाद, त्रिभुवन एवं राजेश मौर्य की मौत हो गई।

पुलिस ने इस मामले में नमो उपाध्याय और सतीश के खिलाफ मुकदमा दर्ज की। बाद में विवेचना के दौरान नाम प्रकाश में आने पर भरत लाल चौरसिया, नसीम, मो.मोहसिन और रविनाथ बनर्जी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दायर कर दी।

इन चारों के खिलाफ आरोप साबित न होने पर अदालत सबों को दोषमुक्त कर दिया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियुक्त सतीश ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया था।

# छेड़खानी और मारपीट के आरोपी को मिली जमानत

**वाराणसी।** छह वर्षीय बच्ची को स्कूल से लेकर घर लौटते समय मां-बेटी संग छेड़खानी करने व विरोध करने पर मारपीट करने के मामले में आरोपित को राहत मिल गयी। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) अनुतोष कुमार शर्मा की अदालत ने गिलट बाजार, सिकरौल निवासी राजू सोनकर को एक-एक लाख रुपये की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर सिंह, अनुज यादव व मनीष राय ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार पीड़िता ने 27 जनवरी 2023 को कैंट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

आरोप था कि वह दोपहर में करीब 2.30 बजे अपनी 6 वर्षीय बच्ची को स्कूल से लेकर घर लौट रही थी। उसी दौरान गली के मोड़ पर राजू सोनकर व संतोष चौहान अपने चार-पांच साथियों के साथ बैठा था। वह जैसे ही वहां से आगे बढ़ी, तभी राजू सोनकर ने उसे पीछे से धक्का दिया और कंधे पर हाथ रखकर दुपट्टा खींच लिया। जब उसने विरोध किया तो गलत नियत से उसकी बेटी का हाथ पकड़कर खींचने लगा। इस पर उसने शोर मचाया तो वह लोग उसे गालियां देते हुए मारने-पीटने लगे। इस बीच जब लोग जुटने लगे तो सभी वहां से भाग निकले।

## मारकण्डेय महादेव धाम का अधिकारियों ने लिया जायजा



**चौबेपुर।** क्षेत्र के कैथी स्थित मार्कण्डेय महादेव मन्दिर में बुधवार को एसडीएम सदर सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ थाना प्रभारी राजीव सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे। अधिकारियो ने यहां के पुजारीयों लालू गिरि,मुन्ना गिरी रिंकू गिरी, समेत कई गोस्वामी समाज के लोगों के साथ शिवरात्रि मेले की तैयारियों को लेकर बैठक की। तत्पश्चात एसडीएम सदर सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ अपने मातहतों संग महाशिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक करने वाले लोगों की भीड़ के मद्देनजर गंगा घाटों, मंदिर परिसर, रैन बसेरा आदि का अवलोकन किया। यहां बिजली,पानी, हैंडपंपों की हालत, शौचालय के बाबत जानकारी ली मौके पर प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह से सुरक्षा व्यवस्था, संगम तट,गंगा घाट पर स्नानार्थियों को कोई परेशानी न हो व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

## ट्रेन में प्रसूता ने बच्चे को दिया जन्म



**वाराणसी।** चलती ट्रेन में बुधवार को एक प्रसूता ने बच्चे को जन्म दिया, बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ्य है, इसके बाद दोनों को इसी ट्रेन से रवाना कर दिया गया। जानकारी के अनुसार गर्भवती महिला लाल बानो (38) गाड़ी संख्या-13414 के एस -3 बोगी में दिल्ली से मालदा जा रही थी। उन्हे सफर के दौरान प्रसव पीड़ा हुई। उन्होंने अपने मोबाइल फोन से हेल्प लाइन नंबर ' रेल मदद ' से संपर्क किया। सूचना मिलते ही पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के स्वास्थ्य विभाग की टीम ट्रेन आने से पहले कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पहुंच गई। प्लेटफार्म नंबर पांच पर ट्रेन आने के बाद बोगी को यात्रियों से खाली कराया गया। चिकित्सक आयुष श्रीवास्तव व अमरनाथ ने पर्दे से घेरा बनाया। आकस्मिक सेवा उपलब्ध कराते हुए सकुशल प्रसव कराया गया। जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाककर्मी सम्मानित

**वाराणसी।** आजादी का अमृतकाल में डाक विभाग द्वारा 'अमृतपेक्स प्लस' अभियान के अंतर्गत बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए सुकन्या समृद्धि योजना और वित्तीय समावेशन के लिए बचत खाता खोलने का अखिल भारतीय विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में वाराणसी परिक्षेत्र की अहम भूमिका रही। वाराणसी परिक्षेत्र ने 87 हजार खाते खोलकर पूरे देश में 10वां और प्रति डाकघर औसत के आधार पर 5वां स्थान प्राप्त किया। सुकन्या समृद्धि योजना के क्रम में पूरे देश में मात्र दो दिन में 10.89 लाख खाते खोले गए और वाराणसी परिक्षेत्र में लगभग 8 हजार खाते खोले गए। डाक जीवन बीमा दिवस पर 8 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष 16 करोड़ से अधिक का लक्ष्य वाराणसी परिक्षेत्र ने प्राप्त किया। इन सब उपलब्धियों के मद्देनजर वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने वाराणसी प्रधान डाकघर के सभागार में बुधवार को आयोजित एक समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया और उनकी हौसला आफजाई की। वाराणसी पूर्वी मंडल के प्रवर डाक अधीक्षक राजन को 'एक दिन में एक करोड़' बचत खाता अभियान के अंतर्गत प्रति डाकघर सर्वाधिक खाते खोलने, प्रवर अधीक्षक राजन एवं वाराणसी पश्चिमी मंडल के अधीक्षक डाकघर हेमंत कुमार को सर्वाधिक सुकन्या समृद्धि खाते खोलने हेतु सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कई लोगों को सम्मानित किया गया।



बढ़िया काम करने वाले कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

## निगम ने अवैध कब्जा किया ध्वस्त

**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा मंगलवार को अवैध कब्जा ध्वस्त करवाकर स्थान को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जिसमें पहड़िया पंचकोशी मार्ग स्थित "मान्यवर कांशीराम जी सिल्क एक्सचेंज" के बगल में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर बनाए गए दुकानों को ध्वस्त करवा कर इलाका अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। इसके अलावा नदेसर रामलीला मैदान पर पूर्व में हटाए गये अतिक्रमण पर पुनः किये गये निर्माण को ध्वस्त कराया गया। घौसाबाद स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने लिंक रोड पर निगम राजस्व द्वारा चिन्हित अवैध कब्जा कर बनाए गए वर्कशॉप को ध्वस्त करवाया गया। रोडवेज बस स्टैंड के सामने कैंट स्थित सरकारी भूमि (तालाब) पर अवैध कब्जे को लेखपाल द्वारा चिन्हित कर ध्वस्त करवा कर भूमि को कब्जा मुक्त करवाया गया। साथ ही कुछ मार्ग में कुछ अतिक्रमणकर्ताओं को जुर्माना भी लगया गया। जिसमें कुल जुर्माना 6,500 रुपये वसूला गया।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना सं० [illegible]
[illegible] ई-निविदा सं० : DCE-BL-03-2023, [illegible] अनुमानित लागत (रु०) : 78,31,537.11, बयाने की राशि (रु०) : 1,56,600.00, [illegible] 05 (पांच) माह। क्र.सं. (2) ई-निविदा सं० : DCE-BL-04-2023, [illegible] अनुमानित लागत (रु०) : 2,17,11,817.77, बयाने की राशि (रु०) : 2,58,600.00, [illegible] 10 (दस) माह। क्र.सं. (3) ई-निविदा सं० : DCE-BL-05-2023, [illegible] अनुमानित लागत (रु०) : 69,77,581.84, बयाने की राशि (रु०) : 1,38,600.00, [illegible] 05 (पांच) माह। ● ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 10.03.2023 को 11.00 बजे ● [illegible] www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
[illegible] - 395
[illegible] 09794845955 पर SMS करें।
[illegible]



# वाराणसी



# मोटे अनाज की खेती को शासन दे रहा पर्याप्त बजट

**आयोजन**

**प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने नवीनीकृत कृभको जैव उर्वरक संयंत्र का किया उद्घाटन**

**कहा : तरल जैव उर्वरक है बहुत लाभकारी, किसानों से खेतीबाड़ी के पूछे सवाल किया पुरस्कृत**

जनसंदेश न्यूज

**काशी विद्यापीठ।** सूबे के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि हमारे पूर्वज मोटा अनाज खाकर हमेशा स्वस्थ्य रहते थे। हमें उनका अनुसरण करना चाहिए। कैबिनेट मंत्री ने किसानों से अपील की कि सांवा, कोदो जैसे मोटे अनाज का उत्पादन करें। प्रदेश सरकार इस प्रकार की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध करा रही है। दूसरी ओर, तरल जैव उर्वरक खेती के लिए लाभकारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट में किसानों अत्यधिक महत्व दिया है ताकि अन्नदाता आत्मनिर्भर बन सकें। कृषक फसल अवशेष को न जलाएं। खेतों में फसल अवशेष जलाने से जमीन के मित्र कीट नष्ट हो जाने से फसलें प्रभावित होती हैं।

चांदपुर क्षेत्र के कलेक्ट्रेट फार्म स्थित कृभको जैव उर्वरक संयंत्र परिसर में बुधवार को श्री शाही कृषक भारती कोऑपरेटिव लि. यानि कृभको के नवीनीकृत तरल जैव उर्वरक संयंत्र के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने ने कहा कि अमेरिका, ब्राजील और भारत में हरियाणा तथा पंजाब में कृषि उत्पादन यूपी के अधिक है। हमारे राज्य में किसानों के बीच सोलर पंप की लोकप्रियता बढ़ रही है। मांग के अनुसार तत्काल ऐसे पंप उपलब्ध कराना संभव है। उन्होंने बताया कि 2.10 लाख हे. भूमि का समतलीकरण कर खेती योग्य बनाया जा रहा है। श्री शाही ने किसानों से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की चर्चा की।



राज्य के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को कलेक्ट्रेट फार्म में कृभको के नवीनीकृत तरल जैव उर्वरक संयंत्र का शुभारंभ किया

कृभको अध्यक्ष डा. चंद्रपाल सिंह ने तरल जैविक उर्वरक के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उसके लाभ गिनाए। उन्होंने बताया कि जल्द ही इसका उत्पादन एक लाख लीटर सालाना से बढ़कर पांच लाख लीटर वार्षिक करने की तैयारी है।

समितियों से कृषक जुड़ें जिससे उन्हें सभी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस मौके पर सेवापुरी ब्लॉक के दौलतिया निवासी किसान उदयभान सिंह को सवालों का सही जवाब देने पर कैबिनेट मंत्री ने पुरस्कृत किया। टड़िया गांव के प्रगतिशील किसान जयप्रकाश ने अपने खेत के गेहूं का प्रदर्शन किया। उन्होंने धान, गेंहू, अरहर आदि फसलों की अपनी वेरायटी के बारे में बताया। समारोह में विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. आशुतोष मिश्र, मुख्य प्रबंधक कृभको डॉ. नीता नायक एवं डॉ. उमेश चंद्र मिश्र, डीडी कृषि अखिलेश कुमार सिंह एवं डॉ. आरसी तिवारी, महाप्रबंधक विपणन डॉ. वीके तोमर एवं उप महाप्रबंधक डॉ. प्रदीप कुमार आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

### निर्माणाधीन मैंगो पैक हाउस का लिया जायजा

**वाराणसी।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बीते मंगलवार देर रात वाराणसी आने के तुरंत बाद करखियांव स्थित मैंगो पैक हाउस का जायजा लिया। मौके पर एपीडा के एजीएम डॉ. सीबी सिंह, डीडी मंडी (निर्माण) राजेश श्रीवास्तव और डीडी मंडी (विद्युत) अनुपम सरनागर ने वहां चल रहे कार्यों की जानकारी दी। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इस पैक हाउस के निर्माण से स्थानीय क्षेत्र को एग्रो एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी। मुआयने के दौरान संयुक्त कृषि निदेशक आशुतोष मिश्र, उप निदेशक कृषि एके सिंह, मंडी सचिव देवेंद्र कुमार वर्मा आदि भी रहे।



टीवी सीरियल की अदाकारा विदिशा श्रीवास्तव ने किया बाबा का पूजन

## बाबा के दर्शन से हुई धन्य

**बोलीं विदिशा**

**भाभीजी घर पर हैं फेम विदिशा ने बाबा दरबार में हाजिरी लगायी**

**वाराणसी।** कॉमेडी टीवी सीरियल भाबी जी घर पर हैं में अनीता भाभी का किरदार निभाने वालीं विदिशा श्रीवास्तव बुधवार को बाबा विश्वनाथ के दरबार पहुंचीं। दर्शन-पूजन के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि बाबा का धाम देखकर धन्य हो गई।

बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाने के बाद धाम की भव्यता निहारी। दर्शन-पूजन के बाद मीडिया से बातचीत में विदिशा श्रीवास्तव ने बताया कि आज हमने बाबा का विधि-विधान से दर्शन पूजन किया। मैं बाबा का धाम देखकर धन्य हो गई। जिस तरह से भव्य धाम बना है देखते ही बनता है। पहले से काफी काशी में बदलाव आया है। इस दौरान गंगा चौक पर फैंस के साथ सेल्फी भी ली। एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वो बनारस पहुंचीं हैं। कॉमिडी शो 'भाबी जी घर पर हैं' में अनीता भाभी के रूप में सौम्या टंडन यानी गोरी मैम को बड़ी पहचान मिली थी।

उनके जाने के बाद नेहा पेंडसे ने करीब एक साल इस रोल को निभाया। लेकिन इन दिनों विदिशा श्रीवास्तव अनीता भाभी के किरदार को निभा रही हैं। शो में उनके काम को काफी पसंद किया गया है।

## निगम ने सड़क और पटरी खाली करवाई

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल की ओर से बुधवार को भोजूबीर तिराहे से गिलट बाजार होते हुए संत अतुलानंद विद्यालय और वापस भोजूबीर तिराहे तक सघन अतिक्रमण अभियान चलाते हुए पूरे इलाके का सड़क और पटरी खाली करवाया गया।

अभियान के दौरान सभी अवैध वेंडरों को मार्ग से हटवाकर मार्ग खाली करवाया, लावारिस हालत में रखे हुए हुए ठेले और काउंटर जब्त कर लिया गया। स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण करने वाले सभी दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए जुमार्ना किया गया और उनके द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए एक दिन का समय दिया गया। कुछ दुकानदारों को जमीनी जोनल अधिकारी वरुणा पार जोन प्रमिता सिंह द्वारा कागजात, दस्तावेजों, शपथ पत्र के साथ जोनल ऑफिस बुलाया गया। नगर निगम उच्चतर माध्मिक विद्यालय के प्रिंसिपल द्वारा प्राप्त शिकायत पत्र और नगर आयुक्त के कार्यालय से प्राप्त आदेश के अनुपालन में मछोदरी स्कूल के पास से सभी अतिक्रमण को हटा दिया गया। स्कूल के समने भर्गव प्रेस की फोर्क लिफ्टर को हटाने के लिये भार्गव प्रेस के मालिक श्री शांतनु भर्गव से मिल कर उसे जल्द से जल्द हटने को कहा गया।

आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायत के निस्तारण के लिए पंचकोशी मार्ग पर स्टील की दुकान श्रवि आयरनश द्वारा सड़क पर रखे सामान को जब्त किया गया और आगे से अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गयी। पूरे अभियान के दौरान लगभग दो गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त कर 25,500 रुपये जुमार्ना किया गया।

## पंचायतों की खाली सीटों के लिए उपचुनाव 2 को

**वाराणसी।** राज्य निर्वाचन आयोग ने जनपद में ग्राम प्रधानों व ग्राम पंचायत सदस्यों के रिक्त चल रहे पदों पर उप चुनाव कराने के लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया है। जिसके तहत आगामी दो मार्च को मतदान और चार को मतगणना होगी। आयोग से घोषित इस बाई इलेक्शन में जिले के कुल 105 ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सदस्य पदों के लिए वोट डाले जाएंगे। इसके तहत विकास खंडवार हरहुआ में एक दर्जन, सेवापुरी में एक, बड़ागांव में 12, पिंडरा में 17, चिरईगांव में 26, काशी विद्यापीठ में 26 तथा आराजी लाइन ब्लॉक में11 रिक्त सीटों के लिए मतदान होगा। इसके लिए निर्धारित किये गये कार्यक्रम के अनुसार आगामी 20 फरवरी को पर्चा दाखिला, 21 को नामांकन-पत्रों की जांच, 22 को नाम वापसी और प्रतीक चिह्न आवंटन होगा। उसके बाद दो मार्च को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान और चार मार्च को काउंटिंग होगी।

# त्योहारों पर बढ़ाया ट्रेनों का फेरा



**वाराणसी।** आगामी त्योहार को देखते हुए रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेनों के फेरों में बढ़ोत्तरी की गयी है। जिसके तहत गाड़ी संख्या 04530/04529 बठिंडा-वाराणसी-बठिंडा तीन फेरो में बढ़ाया गया है। रेलगाड़ी संख्या 04530 बठिंडा-वाराणसी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन सप्ताह में रविवार एवं बुधवार (कुल 3 फेरे ) 5 मार्च से 12 तक संचालित की जाएगी।

संख्या 04529 वाराणसी-बठिंडा साप्ताहिक सोमवार एवं गुरूवार (कुल 3 फेरे ) 6 मार्च से 13 तक संचालित की जाएगी। वहीं गाड़ी संख्या 04052 /04051 आनंद विहार टर्मिनल-वाराणसी-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल एक्सप्रेस (04फेरे) तीन से 12 तक संचालित की जायेगी।

**वाराणसी के रास्ते चलेगी पटना दिल्ली :** रेलगाड़ी संख्या 04066 दिल्ली-पटना सुपरफास्ट स्पेशल (दो फेरे) चार मार्च से छह तक गाड़ी संख्या 04060 आनंद विहार टर्मिनस-जयनगर तीन से 10 मार्च तक (मंगलवार, शुक्रवार) को संचालित की जाएगी।

### यात्रियों की सुरक्षा पर हों संजीदा-रफीक अहमद



**वाराणसी।** मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल पूर्वोत्तर रेलवे रफीक अहमद ने बुधवार को सिटी स्टेशन का निरीक्षण कर यात्रियों की सुरक्षा पर आरपीएफ के लोगों से चर्चा की। बुधवार को सिटी स्टेशन पहुंचे रफीक अहमद ने स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने प्रवेश व निकासी द्वार को देखा, आरपीएफ इंस्पेक्टर अंजूलता द्विवेदी व अन्य आरपीएफ के जवानों के साथ मंथन कर कई दिशा निर्देश दिया। सुरक्षा सम्मेलन में रेलयात्री रेल परिसर आदि स्थानों में बदलते परिवेश को अपनाने व ड्यूटी संबंधित सर्कुलर आदि से अवगत कराते हुए दिशा निर्देश देते हुए बताया कि रेल में सफर कर रहे यात्रियों से लगायत रेल की सुरक्षा के प्रति संजीदा होना होगा। प्रभारी निरीक्षक अपराध आसूचना शाखा अभय राय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# स्वस्थ समाज के लिए बच्चों को नशे से दूर रखें

**आयोजन**

**'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' विषयक कार्याशाला में बोले उप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा ने कहा है कि स्वस्थ समाज के लिए बच्चों का नशामुक्त होना जरूरी है। आज के बच्चे कल के कर्णधार हैं। सो, उनको हर हाल में नशे से दूर रखना होगा तभी हम स्वस्थ समाज की कल्पना कर सकते हैं। इसके लिए प्रत्येक को एकजुट होकर प्रयास करनने की आवश्यकता है।

कमिश्नरी सभागार में बुधवार को महिला कल्याण विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' विषयक गोष्ठी एवं कार्यशाला में डॉ. शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला का आयोजन महिला कल्याण विभाग और जिला प्रशासन ने किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए कई कानून हैं। यहां तक कि उन्हें तम्बाकू उत्पाद व अन्य नशीली सामग्री बेचने पर भी रोक है। विद्यालयों के निकट नशीली सामग्री की दुकान खोलने पर भी प्रतिबंध है। इस पर सख्ती से अमल भी हो रहा है लेकिन मात्र नियम-कानूनों के बल पर बच्चों को नशे से दूर नहीं किया जा सकता। इसके लिए सबसे पहले परिवार एवं विद्यालय और उसके बाद समाज में जागरूकता जरूरी है। तभी इस दिशा में सफलता मिलेगी। इस मौके पर आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी ने कहा कि नशा समाज को दानव की तरह निगलने को तैयार है। इससे हमें बचना होगा। नशे से सिर्फ बच्चे का ही भविष्य नहीं बल्कि पूरा परिवार बर्बाद होता है। आयोग के सदस्य अशोक कुमार यादव ने कहा कि बच्चों को नशे से बचाने के लिए सभी का एकजुट प्रयास जरूरी है। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष स्नेहा उपाध्याय ने सुझाव दिया कि नशे के चलते कैंसरग्रस्त लोगों की भवायह स्थिति का वीडियो स्कूली बच्चों को दिखाया जाना चाहिए ताकि नशे केप्रति उनमें भय उत्पन्न हो। एडीएम सिटी गुलाब चंद्र ने कहा कि इस मुहिम में हर एक व्यक्ति को योगदान करने की अपील की। दूसरों को नशे से रोकने से पहले स्वयं को आदर्श के रूप में प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधाकर शरण पांडेय के संचालन में इस अवसर पर संरक्षण अधिकारी, निरुपमा सिंह, महिला संरक्षण अधिकारी अंकिता श्रीवास्तव, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी नम्रता श्रीवास्तव, वन स्टॉप सेंटर प्रबंधक रश्मि दुबे, रेखा, प्रियंका, शिशिर श्रीवास्तव, डॉ. एके मौर्य आदि भी थे। कार्यक्रम के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में डॉ. शर्मा ने बताया कि विद्यालयों में प्रहरी क्लब गठित किये जा रहे हैं। नये सत्र में प्रहरी क्लब का सम्मेलन आयोजित होगा।



कमिश्नरी सभागार में आयोजित कार्यशाला में वक्ताओं ने संबोधित किया

### विद्यालय का किया मुआयना



उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा ने बुधवार को सदस्य श्याम त्रिपाठी एवं अशोक यादव आदि के साथ शिवपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल की छात्राओं के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा कर उनकी प्रतिभा को सराहा। उन्होंने बच्चों के साथ भोजन भी किया। बीएसए अरविंद पाठक ने विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी।

### बच्चों को सुरक्षित रखना सबकी नैतिक जिम्मेदारी

कार्यक्रम में एडीसीपी (वूमन क्राइम) ममता रानी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें सुरक्षित और संरक्षित वातवरण देना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ. राहुल सिंह ने बताया कि देश में सर्वाइकल कैंसर के बाद सर्वाधिक मौत मुंह के कैंसर से होती है। नशा मुक्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंडलीय अस्पताल के कमरा नंबर-50 में ओपीडी संचालित है। अबतक 7218 लोगों को नशामुक्त किया जा चुका है।

### व्यक्ति की आयु घटाता है नशा

आयोजन में जिला आबकारी अधिकारी ओमवीर सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति की आयु को न सिर्फ कम करता है बल्कि वक्त से पहले बीमार कर मौत के आगोश में धकेल देता है। नशा सामाजिक, मानसिक और परिवारिक स्थिति को प्रभावित करता है। इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त देवव्रत यादव, बीएसए अरविंद पाठक ने भी विचार व्यक्त किये।

## अधिकारी लेंगे 112 रोडवेज बसों को गोद

**वाराणसी परिक्षेत्र**

**बसों की संचालन व्यवस्था को सुधारने के लिए पहल**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बेपटरी हो रही निगम के बसों की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए निगम की ओर से नई पहल की गयी है। इसके तहत अब निगम के अधिकारी कुछ बसों को गोद लेंगे और उसके संचालन की व्यवस्थाओं को सुधारेंगे।

वाराणसी परिक्षेत्र के तहत आने वाले आठ डिपो से 16-16 (प्रत्येक डिपो से दो बसों )को क्षेत्रीय प्रबंधक व सर्विस मैनेजर गोद लेंगे। इसी तरह प्रत्येक डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक 10-10 बसों को गोद लेते हुए 80 बसों को गोद लेंगे, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के वाराणसी परिक्षेत्र के आठ डिपो से कुल 112 बसों को अधिकारियों की ओर से गोद लिया जायेगा।

### ताकि सुधरे व्यवस्था

गोद लिये बसों पर सीधे तौर पर अधिकारियों की नजर रहेगी, बस कहां है सही समय पर मार्ग पर है कि नहीं, चालक परिचालक की वर्दी, यात्रियों को उक्त बस में कोई परेशानी तो नहीं इसके साथ ही उक्त बस की बीते माह की अपेक्षा राजस्व बेहतर हो इस पर निगांह रहेगी।

> आने वाले समय में इसी तहर से सभी बसों पर अधिकारियों की नजर रहेगी, ताकि परिक्षेत्र में परिचालन के साथ ही राजस्व में वृद्धि हो सके।
>
> गौरव वर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक, वाराणसी परिक्षेत्र

### स्वरोजगार समूहों को तीन योजनाओं से जोड़ें

**वाराणसी।** विकास भवन सभागार में बुधवार को सीडीओ हिमांशु नागपाल ने लखपति महिला कार्यक्रम के तहत जनपद स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की। इस मौके पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को आगामी तीन साल में लखपति महिला कार्यक्रम से जोड़कर प्रति परिवार वार्षिक आमदनी एक लाख रुपये या उससे अधिक आमदनी करने पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों को उनकी रुचि के अनुसार आजीविका गतिविधि का आंकलन कर संबंधित विभाग से संचालित योजना से जोड़ने पर बल दिया। ताकि संबंधित समूह की महिलाएं कम से कम तीन सरकारी योजनाओं से जुड़ सकें। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को महकमों की स्कीम से आच्छादित करने के निर्देश दिये।

# स्टेशन यार्ड री मॉडलिंग अब 28 अप्रैल तक होगी पूरी


**निरीक्षण**

**मुख्य परिचालन प्रबंधक ने निरीक्षण कर यार्ड री मॉडलिंग की ली जानकारी**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** वाराणसी जंक्शन चल रहे यार्ड री मॉडलिंग की डेड लाइन अब 31 मार्च से बढ़ाकर 28 अप्रैल तक कर दिया गया है। इसके तहत नॉन इंटर लॉकिंग के चलते वाराणसी से संचालित होने वाली कई ट्रेनों को एक बार फिर से निरस्त कर दिया गया है।

वाराणसी बरेली एक्सप्रेस को 28 फरवरी से बढ़ाकर 28 अप्रैल तक ट्रेन संख्या 14224/23 वाराणसी राजगीर बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस 29 अप्रैल व 22467/68 वाराणसी गांधीनगर एक्सप्रेस27 अप्रैल तक तिथिवार निरस्त किया गया है, इसके अलावा वाराण्सी लखनऊ शटल का अब वाराणसी के बदले लखनऊ में प्राइमरी मेंटेनेस होगा। ट्रेन संख्या 22687/88 वाराणसी मैसूर को वाराणसी (मंडुआडीह स्टेशन) संचालित किया जायेगा। बुधवार को मुख्य परिचालन प्रबंधक नीरज सहाय ने यार्ड री मॉडलिंग कार्य का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व संरक्षा पर आधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने पूरे ले आउट पर एक बार फिर अधिकारियों से चर्चा करते हुए यार्ड री मॉडलिंग के कार्य को कार्य 31 मार्च के बदले 28 अप्रैल तक पूरा होने की बात कही। स्टेशन डायरेक्टर गौरव दीक्षित ने बताया कि यार्ड रीमॉडलिंग के सेकेंड फेज में लाइन शिफ्टिंग का फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि गूलर यार्ड में कुल तीन लाइनें हैं, जहां अतिरिक्त कोच और कुछ दिन बाद जाने वाली ट्रेनें खड़ी की जाती हैं। वाशिंग लाइन नम्बर एक और गूलर यार्ड को सरेंडर कर दिया गया है। शिफ्टिंग का काम रेलवे का निर्माण विभाग करेगा। काम पूरा होने की तिथि 31 मार्च से बढ़कर 28 अप्रैल हो गई है।



## गार्ड की सतर्कता से दुर्घटना का शिकार होने से बची ट्रेन

**सेवापुरी।** उत्तर रेलवे के सेवापुरी रेलवे स्टेशन के पूर्वी आउटर के पास कस्तूरबा इंटर कॉलेज के सामने बुधवार के सुबह ग्वालियर से वाराणसी जा रही डाउन बुंदेलखंड एक्सप्रेस में किसी व्यक्ति द्वारा चेन पुलिंग कर देने से अचानक ट्रेन की बोगी के नीचे चक्के से धूंआ एवं आग की लपटें निकलने लगी जब यह नजारा ट्रेन के गार्ड शिव शंकर व्दीतीय ने देखा तो वाकी टाकी के माध्यम से ट्रेन के लोको पायलट को ट्रेन रोकने को कहा तत्परता दिखाते हुए लोको पायलट ट्रेन को रोक दी और उतरकर जाम हुए पहिए को ठीक कर करीब 15 मिनट बाद वहां से ट्रेन रवाना किया और पुनः ट्रेन को सेवापुरी रेलवे स्टेशन पर ले जाकर खड़ी कर दिया और वहां पर 10 मिनट तक जाम हुए चक्के एवं अन्य आई कमी को चेक कर ठीक करने के बाद ट्रेन अपने गंतव्य को 10:35 पर रवाना हुई सेवापुरी के स्टेशन मास्टर विशाल सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि गार्ड एवं लोको पायलट की सतर्कता से ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गयी उधर घटना के समय ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों में खलबली मच गई और कई यात्री बोगी से कूदकर बाहर की तरफ भागे जिससे वहां अफरा तफरी मच गई ।


जनसंदेश टाइम्स
मेडिकल डायरेक्ट्री

डॉ0 विनीता श्रीवास्तव
स्तन रोग विशेषज्ञ
सम्पर्क : 9335499180, 0542-227778

सार्थक सर्जिकल सेन्टर
लेप्रोस्कोपिक, मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
अत्याधुनिक लिथोट्रिप्सी मशीन द्वारा गुर्दे की पथरी का बिना आपरेशन सफल इलाज
डा. विनोद कुमार
सा. 6/174 ए-बी, अकथा, गाजीपुर रोड, पहड़िया, वाराणसी
मो0: 9415273558, टेलीफोन : 0542-2586160

सृजन काशी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रा. लि.
डॉ. अमित कुमार सिंह — जनरल फिजिशियन
डॉ. प्रतिमा सिंह — स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
समस्त प्रकार के कैंसर का इलाज ICU, BIPAP, NICU, CPAP PICU
•मेडिसिन विभाग •सर्जरी विभाग •बाल रोग विभाग •स्त्री रोग विभाग
•न्यूरोलॉजी विभाग •आर्थोसर्जरी विभाग •यूरोलॉजी विभाग •हृदय रोग विभाग
24 घंटे आपातकालीन और एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
मो0 नं0-9936440494, 9622125887

जनसंदेश टाइम्स
मिनी डिस्प्ले

एलीगेंट अप्लायंसेज
OKAYA
टीवी, फ्रीज, वाशिंग मशीन बिल्कुल मुफ्त

# 139 केंद्रों पर परीक्षार्थी डटेंगे

## आज से बोर्ड परीक्षा शुरू

### पहली बार क्यूआर कोड के साथ सिलाई युक्त मिलेंगी कापियां

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं आज से शुरू हो गईं। जिसका चार मार्च को अंतिम पेपर लिया जाएगा। 17 दिन तक चलने के बाद यह परीक्षा होली से पहले समाप्त हो जाएगी। कुल 139 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई है। जिसमें पहली बार परीक्षार्थियों को क्यूआर कोड के साथ सिलाई युक्त कांपियां दी जाएंगी।

सुरक्षा के इंतजाम के साथ नकल पर लगाम लगाने के लिए इस बार जनपद में छह सचल दस्ते राउंड पर होंगे। इनमें महिला और पुरुष दोनों की शामिल किए गए हैं। जो निर्धारित केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षार्थियों पर निगरानी रखने के साथ किसी भी प्रकार का आभास होने पर उनकी जांच करेंगे। इसके अलावा सेंटरों के गेट पर भी पुरुष और महिला कर्मी बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले परीक्षार्थियों की तलाशी लेंगे। परीक्षर्थियों को बिना जांच के अंदर नहीं जाने दिया जाएगा।

यही नहीं किसी भी प्रकार से परीक्षा सेंटर पर पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को पहले दिन परीक्षा शुरू होने से आधे घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में प्रवेश करना होगा। जिसके बाद प्रवेश नहीं लिया जाएगा।

वहीं पहले दिन की परीक्षा के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने के लिए मात्र 15 मिनट का ही समय दिया जाएगा। जिसके बाद किसी भी हाल में परीक्षार्थियों का प्रवेश नहीं लिया जाएगा। इसके लिए प्रवेश द्वार पर मौजूद जांचकर्ता निगरानी के लिए लगाए गए हैं।

### बनाया गया मॉनिटरिंग सेल

यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जनपद के कुल 139 परीक्षा केंद्रो पर निगरानी के लिए इस बार मॉनिटरिंग सेल स्थापित किया गया है। जिसका मुख्या कमांड सेंटर क्वींस कॉलेज में बनाया गया है। यहां कुल 13 कंप्यूटर डेस्क मौजूद हैं। प्रत्येक डेस्क से 13-13 केंद्रों की निगरानी की जाएगी। परीक्षा केंद्रों को नौ जोन और 11 सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर और जोन के लिए प्रभारी बनाए गए हैं। जिसकी निगरानी सभी सेंटरों पर होगी। इनके साथ सहायक कर्मी भी मौजूद होंगे। जो पल-पल की रिपोर्ट तैयार करेंगे।

### चिकित्सकीय सहायता होगी उपलब्ध

बोर्ड परीक्षा के दौरान यदि किसी परीक्षार्थी की तबीयत खराब होती है या किसी प्रकार से दुर्घटना का शिकार होता है तो उसके लिए परीक्षा केंद्रों पर चिकित्सकिय सहायता के लिए सुविधाएं उपलब्ध होंगी। परीक्षार्थियों के प्राथमिक उपचार के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

> बोर्ड परीक्षा के लिए इस बार कुल 139 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसके लिए छह सचल दस्तों को लगाया गया है। पहले दिन परीक्षार्थियों को आधे घंटे पहले प्रवेश दिया जाएगा।
>
> गिरीश कुमार, डीआईओएस

## मांग : बोर्ड परीक्षा में पशुधन प्रसार अफसरों की न लगाएं ड्यूटी

**जंसा।** सेवापुरी ब्लॉक क्षेत्र के पशुपालकों ने पशु चिकित्सा केंद्र पर पशु चिकित्सक व पशुधन प्रसार अधिकारी तैनात करने की मांग की है। वहीं, इलाकाई ग्राम प्रधानों ने पशुधन प्रसार अधिकारियों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में न लगाने की मांग उठायी है। ताकि संबंधित पशु अस्पतालों में पशुपालकों के बीमार जानवरों का इलाज प्रभावत न हो। विकास खंड के रामेश्वर गोशाला में रखे गये गोवंशों समेत विभिन्न गांवों के पशुपालक रामेश्वर पशु चिकित्सा केंद्र पर अपने जानवरों का उपचार कराते हैं। पशुपालकों और ग्राम प्रधानों ने बताया कि इस वक्त कृत्रिम गभार्धान कार्यक्रम भी चल रहा है। पशुधन प्रसार अधिकारियों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में लगा दिये जाने के कारण इस मुहिम पर असर पड़ रहा है। ब्लॉक के रामेश्वर, जगापट्टी, रैसिरामपुर, गोसाईपुर, बरेमा, रसुलपर, हिरमपुर, पेड़ूका, पतेरचक, भिटकुरी, ठठरा, हरिहरपुर एवं भटौली समेत कई गांवों के पशुपालकों और ग्राम प्रधानों ने बुधवार को यह मांग की।

## पुरुष प्रधान समाज की मानसिकता जानती हैं महिलाएं : डॉ. राजीव दूबे



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग के अंतर्गत संचालित जेंडर एंड सोसाइटी के तत्वावधान में बुधवार को शोध में नारीवादी सोच विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन हुआ।

मुख्य वक्ता बीएचयू के समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्रो. डॉ. राजीव दूबे ने कहा कि प्रारंभिक काल से ही शोध में महिलाओं पर ध्यान नहीं दिया गया। शोध कार्यों में ना तो महिलाओं से जुड़े विषयों को स्थान दिया जाता था और ना ही उनकी तत्कालीन दशा पर ही शोध कार्य किया गया। डॉ. दूबे ने कहा कि महिलाओं में यह खासियत है कि वह स्वयं के हालात से तो परिचित हैं ही साथ ही वह पुरूष प्रधान समाज की मानसिकता को भी समझने में सक्षम है। अतिथि का स्वागत विभागाध्यक्ष प्रो. विक्रमादित्य राय, संचालन डॉ. जियाउद्दीन व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नेहा चैधरी ने दिया। इस अवसर पर डॉ. हसन बानो, डॉ. सुषमा मिश्रा, डॉ. सूर्य प्रकाश पाठक, डॉ. सुष्मिता शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## शौर्य न्यूरोलॉजी सेंटर की 14वीं वर्षगांठ पर रैली



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** शौर्य न्यूरोलॉजी सेंटर की 14वीं वर्षगांठ पर ब्रेन स्ट्रोक जागरूकता रैली निकाली गयी। अग्रिम हॉस्पिटल (रविंद्रपुरी एक्सटेंशन) से शौर्य न्यूरोलॉजी सेंटर (सिगरा) तक किया गया आयोजित इस रैली में माध्यम से लोगों को ब्रेन स्ट्रोक के प्रति जागरुक किया गया। समापन पर डॉ. अविनाश चंद्र सिंह (वरिष्ठ मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, डायरेक्टर अग्रिम न्यूरोसाइंसेज) ने बताया कि विगत 14 वर्ष पहले अपनी मेडिकल शिक्षा खत्म करने के बाद स्थापित शौर्य न्यूरोलॉजी सेंटर अब लोगों के लिए वरदान बन गया है। स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ाने में मधुमेह, हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, मोटापा, तनाव, धूम्रपान, तंबाकू के उपयोग के साथ जीवन शैली में आएं बदलाव हैं। ब्रेन स्ट्रोक यह बीमारी धीरे-धीरे हमारे यंग पॉपुलेशन को अपना निशाना बनाती जा रही है। इसके प्रति जागरुक होना होगा।

## जीएसटी एवं इनकम टैक्स पर राष्ट्रीय कार्यशाला

**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग एवं इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टेड एकाउंटेंट ऑफ इंडिया की ओर से चल रहे सात दिवसीय जीएसटी एवं इनकम टैक्स की राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन बुधवार को कई चार्टेड एकाउंटेंट ने विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्रथम सत्र में वरिष्ठ सीए मनोज निगम ने वेतन, पेंशन, हाउस प्रार्पटीज से प्राप्त आय आदि पर विचार रखे। सीए अवधेश गुप्ता ने वेतन के विभिन्न मदों में टैक्स की गणना तथा उसमें मिलने वाली छूट के प्रावधानों की चर्चा की। स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ. विजय नाथ दूबे, संचालन डॉ. रश्मि त्रिपाठी व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ऋचा गुप्ता ने दिया। मौके पर डॉ. राहुल, डॉ. संजय कुमार शाह, डॉ. आनंद सिंह, साक्षी, डॉ. श्रुति, डॉ. प्रियंका बहल, डॉ. सत्यार्थ, डॉ. शांतनु सौरभ, मितिन आहूजा, डॉ. सोनम कपूर आदि सहित 150 से अधिक प्रतिभागी शामिल रहे।

# टीबी मरीजों को लिया गोद

## निक्षय दिवस

### कमिश्नर, डीएम, सीडीओ सीएमओ, नगर आयुक्त ने 10-10 मरीजों को गोद लिया

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान व राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत बुधवार को एकीकृत निक्षय दिवस मनाया गया।

जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग व एनटीईपी के समस्त कर्मचारियों सहित अन्य विभागों ने क्षय रोगियों को गोद लिया है। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस राजलिंगम, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी, नगर आयुक्त, वीडीए उपाध्यक्ष ने 10-10 क्षय रोगियों को गोद लिया। इसके अलावा एनटीईपी के समस्त सीनियर टीबी सुपरवाइजर (एसटीएस), सीनियर टीबी लैब सुपरवाइजर (एसटीएलएस) और टीबी हेल्थ विजिटर भी आगे आए और एक-एक मरीज को गोद लिया। इसके साथ ही निक्षय दिवस पर गोद लिए गए मरीजों को पोषण पोटली भी प्रदान की गई। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व सभी राजकीय चिकित्सालयों पर एकीकृत निक्षय दिवस मनाया गया। इस दौरान चिकित्सालयों और स्वास्थ्य केंद्रों की ओपीडी में आए मरीजों के 10 प्रतिशत मरीजों के बलगम जांच के लिए सैंपल एकत्रित किए गए। टीबी की पुष्टि होने पर सभी रोगियों को उपचार पर रखा जाएगा और उनका नोटिफिकेशन करते हुए हर माह पोषण के लिए सीधे बैंक अकाउंट में मिलने वाले 500 रुपए की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इसके अलावा दिवस पर कुष्ठ, फाइलेरिया, कालाजार स्क्रीनिंग की सेवाएं भी दी गई। निक्षय दिवस पर सीएमओ डॉ संदीप चौधरी ने गोद लिए गए क्षय रोगियों को दुगार्कुंड सीएचसी पर पोषण पोटली वितरित की।

# युवा संसद से जानेंगे छात्र संसदीय कार्य प्रणाली

## बोले प्रो. त्यागी

### काशी विद्यापीठ में 16 और 17 को होगा आयोजन, जुटेंगे देश भर के विद्यार्थी

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के केंद्रीय कार्यालय स्थित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन सभागार में बुधवार को प्रेस वार्ता आयोजित हुई। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कुलपति आनंद त्यागी ने कहा कि संसदीय कार्य प्रणाली से छात्र-छात्राओं को अवगत कराना यूथ पार्लियामेंट का मकसद है, जो विश्वविद्यालय में पहली बार आयोजित हो रही है और इसमें देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों, स्कूल, कॉलेजों से कुल 400 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं।

यह युवा संसद 16 और 17 को विश्वविद्यालय के एक्टिविटी क्लब की ओर से आयोजित होगा। जिसका शुभारंभ मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा करेंगे। कार्यक्रम के लिए छह अलग-अलग सदन बनाए गए हैं। जिसमें लोकसभा, उत्तर प्रदेश विधानसभा, जनमंच, अखिल भारतीय राजनीतिक दलों की बैठक और प्रेस कमिशन सहित कुल छह सदनों का संचाालन किया जाएगा। प्रेसवार्ता में पीआरओ व कार्यक्रम संयोजक डॉ. नवरत्न सिंह, डॉ. केके सिंह, कुलानुशासक प्रो. अमिता सिंह, डॉ. गोपाल यादव, डॉ. शैलेश कुमार, अंशुमान राणा, अश्वनी कुमार, बृहस्पति राज पांडे, प्रमोद मौर्य हरिओम और अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### जम्मू कश्मीर सहित अन्य मुद्दों पर होगी चर्चा

युवा संसद में जम्मू कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा खत्म होने, वर्तमान भारतीय राजनीति, शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा, व्यवसाय, रक्षा आदि मुद्दों पर पक्ष और विपक्ष पर डिबेट होगी। इसमें छात्रों के बीच से चुने गए स्पीकर और सभापति भी मौजूद होंगे। युवा संसद में प्रतिभाग करने वाले 400 छात्रों के लिए अलग-अलग भुमिकाएं निर्धारित की गई हैं। जिनका चयन विश्वविद्यालय द्वारा युवा संसद के लिए निर्धारित की गई चयन समिति करेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से संसद में पक्ष और विपक्ष की भुमिका निभाने वालों के साथ अन्य पदों की भुमिका निभाने वालों का का चयन किया जाएगा।

## स्पीक एंड शाइन वर्कशॉप का आयोजन

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के छात्र कल्याण संकाय द्वारा मंगलवार को कम्युनिकेशन स्किल विषय पर स्पीक एंड शाइन नामक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह वर्कशॉप अगले दो दिनों तक चलेगी। कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष प्रो. निशा सिंह ने अध्यक्षता की। कोलकाता के स्पीकोफाई संस्था से आए हुए अनिंद्य रॉय ने छात्र-छात्राओं को बेहतर कम्युनिकेशन, विशेष रूप से अंग्रेजी भाषा में किस प्रकार बेहतर ढंग से संवाद किया जा सकता है या किया जाना चाहिए विषय पर शिक्षित किया। कार्यक्रम समन्वयक और संचालिका प्रो. नंदिनी सिंह ने बताया कि इसमें अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को जोड़ने और उन्हें बेहतर रूप से प्रशिक्षित करने का प्रयास किया जाएगा। संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. केके सिंह ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया और साथ ही बेहतर संवाद और अंग्रेजी के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी के लिए इसकी उपयोगिता के विषय में बताया। संचालन प्रो. नंदिनी सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर असिस्टेंट डीन डॉ. नीरज धन, प्रो. अनुकूल राय, डॉ. अनिल, डॉ. सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।

## सारनाथ में होगा महाशिवरात्रि महोत्सव



**सारनाथ।** ध्यान योग जन जागृति सेवा संस्थान के तत्वावधान में सारनाथ स्थित ध्यान योग सिद्धाश्रम में गुरुवार से तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमे 16,17 व 18 फरवरी को सत्संग साधना शिविर व भव्य शोभायात्रा निकालने के साथ महारुद्राभिषेक होगा। उक्त बातें सारनाथ स्थित ध्यान योग सिद्धाश्रम में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में ब्रह्मा स्वरूप पूज्य गुरुदेव स्वामी कमलेश्वरानंद नम्रता कमलिनी ने कहा। महाशिवरात्रि महोत्सव 16 फरवरी की शाम 4 बजे से ध्यान योग सिद्धाश्रम परिसर में भजन, प्रवचन के साथ शुरू होगा। 17 फरवरी सुबह 9 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो सारंगनाथ महादेव मन्दिर तक जाएगी। ध्यानयोग सिद्धाश्रम परिसर में 18 फरवरी को सुबह 8 बजे से महारुद्राभिषेक होगा। इस दौरान विजय पांडेय, नरेंद्र शुक्ला, सतीश चंद्र मिश्रा शामिल थे।

### पंचकोशी मार्ग पर सफाई अभियान शुरु

**जंसा।** पंचकोशी पड़ाव रामेश्वर से देहली विनायक तक पंचक्रोशी मार्ग की साफ-सफाई बुधवार को शुरु की गयी। इसके तहत सफाईकर्मी वरुणा घाट, मंदिर, बारजा, रामेश्वर बाजार व देहली विनायक तक रोड के किनारे उगे जंगली घास और कंटीले पौधों को हटाने में जुटे रहे। एडीओ पंचायत योगेंद्र पाल की निगरानी में यह कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए 52 सफाईकर्मियों को शिवरात्रि के दूसरे दिन आगामी 19 फरवरी तक के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

## कानपुर घटना की हो सीबीआई जांच



**पिंडरा।** कानपुर देहात के मड़ौली गांव में अतिक्रमण हटवाने के दौरान अचानक लगी आग से झुलसकर मां-बेटी की मौत की घटना को लेकर बुधवार को कांग्रेसजनों ने राज्यपाल से संबोधित ज्ञापन एसडीएम पिंडरा को सौंपा। पार्टी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कानपुर के अफसरों की लारपरवाही और ढुलमु रवैये के चलते वह दुर्घटना हुई। उन्होंने मांग की कि सरकार मामले की सीबीआई जांच कर दोषियों की गिरफ्तारी करे और पीड़ित परिवार को पर्याप्त मुआवजा दे। पत्रक देने वालों में राजीव कुमार, रामसनेही पांडेय, विवेक सिंह रिंकू, रवींद्र कुमार, श्रीप्रकाश, सुरेंद्र, अंजलि मिश्रा, विपिन, मनीष, प्यारेलाल आदि रहे।

### माहवारी स्वच्छता पर रैली निकालकर किया जागरूक

**मिर्जामुराद।** प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम नागेपुर के लोक समिति व आशा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को मासिक स्वच्छता का आयोजन किया गया। इस दौरान आशा ट्रस्ट की ओर से लड़कियों और महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित किया गया।गांव से आई लड़कियों और महिलाओं ने माहवारी पर जागरूकता रैली निकाली, लोगों से महिला स्वास्थ्य के लिए पहल करने की अपील की। रैली की अगुवाई किशोरी संगठन की संयोजिका सोनी, संचालन मधुबाला व धन्यवाद ज्योति ने किया। रैली में मुख्य रूप सोनी, माला, खुशबु, आरती, अर्चना, पूजा, अनीता, सरोज, विद्या, सीमा, शमा बानो, मनजीता, मधुबाला आदि लोग मौजूद रहीं।

## एमएमवी में वनस्पति विज्ञान विषयक कार्यशाला आरंभ

**वाराणसी।** बीएचयू में महिला महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से बुधवार को चार दिनी 'पौधों के विज्ञान में आणविक उपकरण और तकनीक' विषयक प्रशिक्षण आरंभ हुआ। इस मौके पर बताया गया कि वर्तमान सदी जैव प्रौद्योगिकी का है। इसके लिए अच्छी तरह से ट्रेंड मैनपावर की जरूरत होगी। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार के लिए कई संस्थानों और कॉलेजों में आणविक कार्य के लिए बुनियादी सुविधाओं की कमी है। सो, इस ट्रेनिंग का उद्देश्य डीएनए आइसोलेसन, पीएसआर, रिस्ट्रीक्सन डाइजेशन, जेल इलेक्ट्रोफोरेसीस व डाक्यूमेंटेशन आदि के बारे में प्रशिक्षण दे रहे हैं। कार्यशाला में महाविद्यालय की प्रधानाचार्य प्रो. इनु मेहता ने आरंभ में मार्ग-दर्शन किया। उद्घाटन सत्र में प्रो. राखी चतुर्वेदी मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम में प्रो. अनिल कुमार त्रिपाठी, प्रो. केएन तिवारी, प्रो. निशि कुमारी, डॉ. केके चौधरी, प्रो. ऋचा रघुवंशी, डॉ. अपर्णा सिंह, डॉ. वीके कनौजिया, डॉ. एसके गोंड, डॉ. शची सिंह और डॉ. अवधेश कुमार आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

## युग प्रवर्तक रहे महर्षि दयानंद : डा. नंदिता



**वाराणसी।** महर्षि दयानंद सरस्वती द्वितीय जन्म शताब्दी समारोह को आनंद बाग, दुर्गाकुंड में संबोधित करते हुए पाणिनि कन्या महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डा. नंदिता शास्त्री ने महर्षि दयानंद को भारतीय स्वाधीनता की बुनियाद रखने वाला युग प्रवर्तक योद्धा संन्यासी बताया। भारतीय संस्कृति के आधार पर उन्होंने देश में नवजागरण का शंखनाद किया। वेद और सनातन धर्म के सही स्वरूप को संसार के सामने उद्घाटित किया।

अध्यक्षता करते हुए महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के सेवानिवृत्त प्रो श्रद्धानंद ने महर्षि दयानंद को पुनर्जागरण आंदोलन का पुरोधा और भारतीय क्रांतिकारियों का प्रेरणा स्रोत बताया। स्वामी जी ने इस देश को आर्यावर्त, हिंदी को आर्य भाषा और हिंदुस्तानियों को आर्य संज्ञा से विभूषित किया। संचालन जिला मंत्री डॉ. शंभू नाथ शास्त्री ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री दिनेश आर्य ने किया। इसके पूर्व दोपहर 12 बजे से आजाद पार्क लहुराबीर से जिला सभा के प्रधान प्रमोद आर्य आर्षेय और सार्वदेशिक आर्य वीर दल के उपसंचालक दिनेश आर्य के नेतृत्व में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महर्षि दयानंद और आर्य समाज से संबंधित विभिन्न झांकियों को प्रदर्शित कर जनता को जागरूक करने का प्रयास किया गया। शोभायात्रा आजाद पार्क लहुराबीर से प्रारंभ होकर मैदागिन, चौक, गोदौलिया, लक्सा, गुरूबाग, कमच्छा, भेलूपुर, रविंद्रपुरी होकर आनंद बाग दुर्गाकुंड में सभा में परिवर्तित हो गई। शोभा यात्रा के संयोजक सत्येंद्र आर्य, अजीत आर्य, नंदलाल आर्य, प्रदीप आर्य, गोपालदास आर्य, विनय, रविप्रकाश आर्य रहे।

### सुपर कंप्यूटर 'परम शिवाय' ने पूरे किये तीन साल

**वाराणसी।** आईआईटी बीएचयू ने वर्ष 2019 में राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन के तहत देश के पहले स्वदेशी सुपरकंप्यूटर 'परम शिवाय' के तीन साल का सफर पूरा कर लिया है। इस उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग प्रणाली का विकास प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की बढ़ती क्षमताओं और वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। संस्थान निदेशक प्रमोद कुमार जैन ने यह जानकारी देते हुए कहा कि 'परम शिवाय' की तीन साल की सफल यात्रा पर समन्वयक डॉ. हरि प्रभात गुप्ता आदि ने बधाई दी है। यह सुर कंप्यूटर बीते कोरोना काल के दौरान बढ़िया प्रदर्शन किया।

## संक्षेप

### नवनियुक्त राज्यपाल को दी बधाई



**रामनगर।** साहित्य नाका में स्थित कीडजी एंड साउंट लेट्रा जी स्कूल के डायरेक्टर आनंद प्रसाद पाण्डेय ने विधान परिषद के उप नेता नव नियुक्त सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य को सिक्किम रवाना होने के पूर्व उनके रामनगर स्थित आवास पर पहुंच कर स्मृति चिन्ह और शाल ओढ़ाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आनंद प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि कुशल व्यवहार एवं व्यक्तित्व के धनी नगर निवासी लक्ष्मण आचार्य जी को भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व में उनके द्वारा पार्टी के प्रति सच्ची भावना व समर्पण का इनाम है यह रामनगर के लिए गौरव की बात है। पूरा नगर भाजपा नेतृत्व एवं देश की राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मू को बधाई देता है।

### जौनपुर में लगी एटीएम का उद्घाटन



**वाराणसी।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ओर से रामपुर जौनपुर में एटीएम लगाया गया, उदघाटन मुख्य अतिथि डा. पी.के सिंह, प्रबन्धक आर. एन टैगोर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल जौनपुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख दुर्गेश न सिंह, मुख्य प्रबन्धक प्रेम एस यादव एवं शाखा प्रबन्धक उपस्थित रहें। इस मौके पर उपस्थित सभी ग्राहकों द्वारा एटीएम की सराहना करते हुये क्षेत्रीय लोगों को इससे काफी सुविधा होगी की बात कही गयी।

### यूपी कालेज में कर्मचारियों का आंदोलन जारी

**तरना।** उदय प्रताप कालेज में बुधवार को भी कर्मचारियों ने बांह में काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन किया।कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल और प्राचार्य प्रो.धर्मेन्द्र कुमार सिंह के बीच वार्ता हुआ। जिसमे कर्मचारियों के वेतन समेत विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई। संघ के अध्यक्ष अरूण कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को कर्मचारी संघ की आम सभा में निर्णय लिया जाएगा। कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष, मंत्री अखिलेंद्र प्रताप सिंह,राकेश कुमार सिंह आदि थे।

### युवा उत्सव 'आकांक्षा' आरंभ

**वाराणसी।** बीएचयू के विज्ञान संस्थान के वार्षिक युवा महोत्सव 'आकांक्षा' में बुधवार को मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। 'यंग इंडिया रन' का संदेश देते हुए उसमें 200 से अधिक विद्यार्थियों ने लगभग पांच किमी की दूरि तय की। यह मैराथन व्याख्यान कक्ष संकुल से शुरु होकर वीटी, सेंट्रल ऑफिस आदि होते हुए पुनः व्याख्यान कक्ष संकुल पर समाप्त हुई। मुख्य अतिथि कबड्डी के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त ई. प्रसाद राव थे। महोत्सव का फाइनल 22 व 23 फरवरी को स्वतंत्रता भवन में होगा।

### जी-20 पर भाषण आयोजित

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा मंगलवार को जी-20 के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार मिश्र ने की कार्यक्रम के संबंध में डॉ. अमरीश राय ने सभी का स्वागत और धन्यवाद किया। दर्शनशास्त्र विभाग की प्रोफेसर शशि देवी सिंह, प्रोफेसर नंदिनी सिंह, प्रो. पीतांबर दास, डॉ. शिवपूजन यादव, डॉ. आशुतोष त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### कॉलेज प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए हवन पूजन



**वाराणसी।** मैदागिन स्थित हरिश्चंद्र महाविद्यालय में बुधवार को भी छात्रों का आंदोलन जारी रहा। 30 जनवरी से छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर चलने वाले अनिश्चितकालिन धरने के माध्यम से छात्र आंदोलन में बदलाव कर रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को छात्रों ने महाविद्यालय प्रशासन के तेरहवीं के बाद सद्बुद्धि के लिए हवन पुजन कर परिसर में प्रसाद का वितरण किया। छात्रों का कहना हैं कि जब-तक महाविद्यालय प्रशासन की ओर से छात्रसंघ चुनाव की निर्धारित तिथि घोषित नहीं की जाती तब-तक आंदोलन इसी प्रकार चलता रहेगा। इस दौरान शिवम पटेल, रवि गुप्ता, आनंद मौर्या, मोनू कुमार और विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय मास्टर खेल में विद्यापीठ के दो प्रोफेसरों को गोल्ड

**वाराणसी।** 5वें मास्टर राष्ट्रीय खेल 11 से 14 फरवरी तक आईआईटी बीएचयू में हुए जिसमें यूपी की ओर से 10 मीटर एयर पिस्टल में 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में काशी विद्यापीठ के प्रो. सुशील कुमार गौतम और प्रो. रेखा विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग ने व्यक्तिगत एवं युगल टीम, दोनों प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर मास्टर शूटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष जगदीप सिंह मधोक एवं सचिव पंकज श्रीवास्तव, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी, कुलसचिव हरीशचंद, वित्तअधिकारी एसके शर्मा, विश्वविद्यालय के समस्त अध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने बधाई दी।

### तुलसीघाट पर ध्रुपद मेला प्रारंभ



**वाराणसी।** महाराज बनारस विद्या मंदिर न्यास के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय ध्रुपद मेले का बुधवार को सायंकाल आगाज हुआ। मेले का उद्घाटन महाराज बनारस विद्या मंदिर न्यास के संरक्षक काशी नरेश अनंत नारायण सिंह, संस्थापक सदस्य पद्मश्री डा. राजेश्वर आचार्य, संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र, ऋत्विक सान्याल, शिवनाथ मिश्र ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर देवव्रत मिश्र ने सुरबहार पर सभी को भावविभोर किया। जबकि लखनऊ से आये पं. राज खुशीराम ने पखावज व भोपाल से आये पं. उमाकांत गुंदेजा व अनंत रमाकांत गुंदेजा ने गायन पेश कर सभी को रससिक्त किया। जबकि रांची से आये शैलेन्द्र कुमार पाठक ने गायन की प्रस्तुति की। कार्यक्रम का संचालन प्रीतेश आचार्य कर रहे थे। यह आयोजन 18 फरवरी तक नित्य सायंकाल सात बजे से रात्रि तक चलेगा। कार्यक्रम में ध्रुपद गायन के श्रोता मौजूद थे।

### अखंड रामायण आज व भंडारा 17 को

**चौबेपुर।** स्थानीय बाजार के सपई के ताल में स्थित विघ्न हरण हनुमान मंदिर में बृहस्पतिवार को अखंड रामायण व शुक्रवार को भंडारे का आयोजन चौबेपुर के व्यापारियों की ओर से किया जाएगा। इस आशय की जानकारी खुशहाल सेठ महेश सेठ व पुजारी शंकर बाबा ने दी है।

### चंडी महायज्ञ से सौभाग्य में वृद्धि व अपार शक्ति की प्राप्ति

**वाराणसी।** आदिशक्ति मां कुष्मांडा, दुर्गाकुंड दरबार में चल रहे चंडी महायज्ञ में बुधवार को यज्ञाचार्य पं रमेश महाराज,आचार्यों एवं वैदिक विद्वानों द्वारा यज्ञ में आह्वान देवि देवताओं का वैदिक मंत्रों से पूजन व चंडी पाठ के द्वारा हवन कर आहुतियां दी गई। इस अवसर पर पं रमेश महाराज ने कहा कि लोक कल्याण के निमित्त चल रहा चंडी महायज्ञ बहुत ही प्रभावशाली व शक्तिशाली माना जाता है। इस यज्ञ से सौभाग्य में वृद्धि व आदिशक्ति की विशेष कृपा प्राप्त होती है। सायं में राम कथा में पं कपिल देव मिश्र ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रामकथा प्रवचन व सत्संग से समाज में समरसता फैलती है। इस अवसर पर नीरज उपाध्याय पत्रकार संजय अग्रहरी रिशु गिरी संजय दुबे अरविंद पाठक सहित काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### क्षेत्र पंचायत सदस्यों की ट्रेनिंग शुरु

**सेवापुरी।** स्थानीय विकास खंड के क्षेत्र पंचायत सदस्यों के लिए बुधवार को दो दिनी प्रशिक्षण कार्यक्रम ब्लॉक मुख्यालय सभागार में आरंभ किया गया। उन्हें संबंधित दायित्वों की जानकारी दी गयी। ताकि इलाके के विकास की गति में तेजी लाना संभव हो। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों को विभिन्न समितियों के गठन समेत कई बिंदुओं की जानकारी दी गयी। आयोजन में बीडीओ रमाशंकर, मास्टर ट्रेनर सुरेंद्र प्रताप सिंह एवं कन्हैया सिंह, एडीओ पंचायत योगेंद्र पाल आदि भी रहे।

### पर्यावरण बचाने को लेकर बंगाल से दिल्ली की पदयात्रा

**मिर्जामुराद।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर के शुभो चक्रवर्ती व उनकी पत्नी रोमा चक्रवर्ती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए नेशनल हाईवे जीटी रोड से होकर पैदल जा रहे है। उन्होंने 25 जनवरी को दुर्गापुर से अपनी यात्रा आरंभ की और झारखंड प्रांत से होते हुए मंगलवार की शाम में मिर्जामुराद पहुंचे। मिर्जामुराद गौर गांव स्थित स्व. वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में रात्रि विश्राम करने के बाद बुधवार को अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। सुभो चक्रवर्ती व उनकी पत्नी रोमा चक्रवर्ती बताया कि उनकी यात्रा का उद्देश्य जल (गंगा), जमीन और जंगल पर्यावरण व अपनी आजीविका, संस्कृति और अस्तित्व को बचाने के लिए हम दोनों पदयात्रा पर हैं। मिर्जामुराद पहुंचने के बाद स्व. वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय के प्रबंधक व भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम ने उनकी मेजबानी की।

# ट्रक में घुसी कार, दो युवकों की मौत

**हादसा**

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर आजमगढ़ के पास हुई घटना

जनसंदेश न्यूज

**नगरा (बलिया)।** गडवार थाना क्षेत्र के सिकरियाकला निवासी दीपक गौतम व अठिलापुरा रसडा निवासी दो युवकों की पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुए सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। इसकी खबर जैसे ही परिजनों को मिली कोहराम मच गया। हादसे में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर अहिरौला आजमगढ थाना क्षेत्र में हुई। जब तेज रफ्तार एक बैगनार कार पीछे से ट्रक में घुस गयी।

जानकारी के अनुसार गड़वार थाना क्षेत्र के सिकरियाकला निवासी दीपक व अठिलापुरा रसडा निवासी मुन्ना गुप्ता आपस में दोस्त थे। मुन्ना गुप्ता नगरा में बाइक मेकेनिक थे। दोनों मित्रों की नगरा मे ही मकान है। घटना के दिन दोनों दोस्त अपने दो अन्य मित्रों संग बैगनार कार से किसी कार्यवश लखनऊ जा रहे थे। कार की रफ्तार बहुत ही तेज थी।

रात 10 बजे के करीब आजमगढ के अहिरौला थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कार पीछे से एक ट्रक में घुस गयी। इससे उस पर सवार दीपक गुप्ता, मुन्ना गुप्ता की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। तीसरा युवक अतुल बुरी तरह घायल हो गया जबकि चैथे को खरोच तक नही आयी।

कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि ट्रक में घुसने के बाद उसके परखचे उड गये। लोगों ने किसी तरह कार में फंसे युवकों को बाहर निकाला। चैथा युवक जो बाल बाल बचा था उसी ने परिजनों को सूचना दी। खबर मिलते ही घर के लोग आजमगढ के लिये रवाना हो गये। गांव में मातम पसरा हुआ है।


मुन्ना गुप्ता, फाइल फोटो


दीपक, फाइल फोटो।

### छत से गिरकर युवक की मौत

**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के मनियर पहाड़ी रोड वार्ड नंबर 2 निवासी अनिल तुरहा 35 वर्ष पुत्र भीम तुरहा बुधवार को 10:30 बजे दिन में किसी वजह से छत से नीचे गिर गया। परिजन उसे आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर ले गए जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। युवक की मौत का समाचार सुनते ही पत्नी गुड़िया देवी पुत्र अनमोल 7 वर्ष एवं पुत्री कुमारी अप्पी 17 वर्ष का रो-रो कर बुरा हाल है।

### फांसी से लटकता मिला अधेड़ का शव

**बलिया।** गड़वार थाना क्षेत्र के सवन निवासी अधेड़ ने गांव से बाहर एक खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। मंगलवार की सुबह शौच के लिए निकले लोगों की निगाह पर फंदे से लटक रहे शव पर पड़ी तो वे चीखने-चिल्लाने लगे। सूचना पर पहुंची गड़वार पुलिस ने शव को नीचे उतारा और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। गड़वार थाना क्षेत्र के सवन निवासी अमर सिंह 45 वर्ष पुत्र फतेह बहादुर सिंह प्रतिदिन की भांति सोमवार की शाम भी खाना खाकर सोने के लिए चले गए। परिवार के लोग सो गए। इसी बीच गांव के लोगों ने परिवार वालों को सूचना दी कि गांव से बाहर एक खेत में लगे पेड़ से लटककर अमर सिंह ने जान दे दी है। परिवार के लोग आनन-फानन में वहां पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अमर सिंह कर्ज से परेशान थे। उनकी जेब से एक चिट्ठी भी मिली है। थाना प्रभारी आरके सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सभी पहलुओं पर पुलिस की नजर है।

# रिश्वत, रसूख के बिना नहीं मिल रहा आवास

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया (बलिया)।** प्रधानमंत्री आवास के आवंटन के लिये रसूख और रिश्वत मानक बना हुआ है। दर्जनों गरीबों ने जिलाधिकारी से जांच की गुहार लगाते हुए उचित कारवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि गरीबों का अपना घर हो इसे साकार करने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार ने क्रमशः प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास योजना की घोषणा की।

बड़े पैमाने पर आवास भी स्वीकृत किये जा रहे है। जो ग्राम पंचायत स्तर पर पहुचते-पहुचते बिना रिश्वत या रसूख के इस योजना का लाभ गरीबों को नही मिल पा रहा है। लंबे समय से पात्रता के चयन सूची में शामिल होने के बावजूद पात्र लोग आवास से वंचित हो जा रहे है, अपात्रों को आवास मिल जा रहा है।

इसकी बानगी मुरलीछपरा विकासखण्ड के सनकीभांत ग्राम पंचायत में देखने को मिल सकती है। जहां अत्यंत ही निर्धन जगदीश पुत्र रामसकल, तारा पत्नी सत्यदेव सहित कई गरीबों का नाम काफी दिनों से पात्रता सूची में होने के बाद उन्हें आवास नहीं मिल रहा है। इसी तरह की स्थिति मुरलीछपरा, बैरिया व बेलहरी विकासखंडों के कई ग्राम पंचायतों की है। जहां गरीब प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित है। सम्पन्न लोगों को आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अगर इसका निष्पक्ष जांच हुआ तो भारी गड़बड़ झाला सामने आएगा।

**धांधली**

## गरीबों ने जांच के लिये डीएम से लगायी गुहार

### ग्रामीणों का यह है आरोप

ग्रामीणों का कहना है कि कुछ गांवों में ग्राम प्रधान पात्रता सूची को ताक पर रखकर अपने चहेतों को आवास उपलब्ध करा रहे है। दर्जनों ग्रामीणों का आरोप है कि पात्रता सूची से प्रधान व सचिव वास्तविक लाभार्थियों का नाम कम्प्यूटर के सम्बंधित साईट से अपात्र दिखाकर नाम डिलीट करा दे रहे है। जिसकी जांच कराई जाए तो इसमें भारी गड़बड़ी मिलेगी। उक्त आरोप लगाते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनोद सिंह ने बताया कि पुरानी सूची एकत्र कर रहा हूं जल्द ही जनहित याचिका उच्च न्यायालय में दायर करूंगा।

# सुरहाताल में जैव विविधता पार्क बनाने की तैयारी

**बलिया।** जिला मुख्यालय से आठ किलोमीटर दूर सुरहाताल को अब जैव विविधता पार्क बनाने की तैयारी है। लखनऊ की कंपनी एस्ट्रो आर्किनियर्स ने डिजाइन तैयार कर ली है। दो चरणों में काम होगा। पहले फेज में करीब 51.09 करोड़ जबकि दूसरे फेज में 60.34 करोड़ रुपये खर्च होंगे। हर्बल व तितली के लिए सुरक्षित जोन बनाएंगे। मनोरंजक गार्डन भी होगा। इसके लिए स्टोन पिचिंग व लाइटिंग समेत कई सुविधाएं विकसित की जाएंगी। प्रवासी पक्षियों को अंडे देने के लिए सुरक्षित जोन बनाया जाएगा। इसके अलावा ताल के किनारे पर्यटकों के लिए रेस्तरां व गेस्ट का निर्माण होगा। ताल के मध्य छोटे वेटलैंड विकसित किया जाएगा।

ताल को पर्यटन के नक्शे शामिल किया जाएगा। यह सुरहाताल 34.32 वर्ग किलोमीटर में फैला है, वर्ष 1991 में इसे पक्षी विहार घोषित किया गया था। यहां पर कछुआ, मछली, राजहंस समेत कई प्रजाति की पक्षी हैं। पिकनिक स्थल बनाने का काम चरणबद्ध तरीके से होगा। बच्चों और बुजुगों के लिए माहौल मुफीद होगा, क्योंकि पार्क में हरियाली के साथ जड़ी-बूटियों का बेजोड़ संग्रह दिखेगा। मछलियों का इंपीरियम होगा। चूंकि ताल गंगा और सरयू के दोआब में बसा है। बेरुआरबारी, बसंतपुर व शिवपुर सहित 27 गांवों के मछुआ समुदाय के लोगों का आर्थिक उन्नयन भी होगा। बहुत जल्द यहां झूले, प्रकाश, फव्वारा, बोट क्लब, बेंच व फुलवारी समेत कई कार्य किए जाएंगे। सौ से अधिक छोटी-बड़ी नौकाएं खरीदी जाएंगी, ताकि पर्यटक यहां आकर घूम सकें। जैव विविधता पार्क में पौधों और वन्य जीवों के लिये पारिस्थितिक संयोजन स्थापित होंगे। यहां पर प्राकृतिक विरासत को संरक्षित किया जाएगा। काशी वन्य जीव प्रभाग के डीएफओ दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि पक्षी विहार में 40 तरह की पक्षियों की प्रजातियां है। जैव विविधता पार्क के लिये अध्ययन किया जा रहा है।

**डिजाइन तैयार, बजट मिलते ही शुरू होगा काम :** इस संबंध में डीएम सौम्या अग्रवाल ने बताया कि लखनऊ की कंपनी ने डिजाइन तैयार कर ली।

### बाइक, हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**लालगंज (बलिया)।** दोकटी पुलिस ने छिनैती के एक आरोपी को बुधवार के दिन गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ये गिरफ्तारी लालगंज बैरिया मार्ग पर भुआल छपरा पानी टंकी के पास से हुआ है। आरोपी के पास से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस, लूट के रुपये व एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मदन पटेल ने बताया कि सोमवार की देर रात राहुल सिंह पुत्र दिनेश सिंह जो लालगंज अंग्रेजी शराब के सेल्समैन है। दुकान बंद कर अपने घर जा रहे थे कि सेमरिया ढाला पर कुछ लोगों ने घेर कर उनसे 10000 रुपये छीन लिए और उन्हें जान से मारने के लिए फायर कर दिए। गनीमत रही कि किसी को कुछ नही हुआ। उनके तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए एक आरोपी को भुआल छपरा पानी टंकी के पास से बुधवार को करीब ग्यारह बजे आरोपी का नाम अमर सिंह उर्फ झगरू सिंह पुत्र अरविंद सिंह उर्फ नेपाली निवासी बैरिया को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के पास से लूट के चार हजार रुपये, एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस के साथ एक बाइक बरामद किया गया है। लूट व गोली चलाने वालो के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।

# सदन में विधायक उठाएंगे गन व्यापारी सुसाइड प्रकरण

**तैयारी**

## मृतक की पत्नी को दी दो लाख की आर्थिक सहायता

**बलिया।** गन व्यवसायी नंदलाल गुप्त सुसाइड प्रकरण का मामला अभी ठंडा नहीं हो रहा है। 17 फरवरी को नंदलाल गुप्त की ब्रम्हभोज है। परिवार न्याय की गुहार आज भी शासन और प्रशासन से लगा रहा है। वहीं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की टीम मृतक व्यापारी के घर पहुंच रही है। बुधवार को रसड़ा विधायक उमाशंकर सिंह कार्यकर्ताओं के साथ व्यापारी के घर पहुंचे और परिवार को दो लाख रुपए का चेक दिया।

कहा कि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, परिवार में धन की कमी के कारण कोई काम रूके न उसके लिये वे परिवार की आर्थिक मदद की है। आवश्यकता पड़ी तो मदद के लिये पीछे नहीं हटेंगे। क्योंकि बच्चों के भविष्य की उनके परवरिश की चिंता नंदलाल के पत्नी के सामने है। एक पिता जिस तरीके से अपने बच्चों के भविष्य की चिंता करते हुए कड़ी मेहनत करता है ठीक उसी तरीके मृतक व्यापारी नंदलाल गुप्त ने भी अपने बच्चों के लिये मेहनत करके परिवार का खर्च चलाया। लेकिन आज वह इस दुनिया में नहीं है। ऐसे में परिवार को शासन और प्रशासन की तरफ से भी मदद मिलनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सदन में सबसे पहला मुद्दा यदि उठा तो वह मुद्दा बलिया के नंदलाल सुसाइड प्रकरण होगा। कहा कि एसपी अपने वादे से पीछे न हटे बल्कि जो उन्होंने मीडिया के सामने वादा किया है उसे पूरा करें। ताकि परिवार को भी यह समझ में आये कि प्रशासन ने उनके लिये कुछ किया है।

इस अवसर पर सचिंद्र सिंह, ईश्वरदयाल मिश्र, सतीश सिंह, कृष्णा सिंह, ओमप्रकाश भारती, महफूज आलम, संतोष राम, हरि सिंह, कामता सिंह, राजेश सिंह, रणजीत सिंह पिंकी, अरविंद गांधी, राहुल गुप्ता, श्याम बाबू आदि मौजूद रहे।


मृतक व्यापारी के परिजनों को दो लाख का चेक देते विधायक उमाशंकर सिंह।

# जिले के आठ सीएचसी पर लगेगा हेल्थ एटीएम

**सुविधा**

## हनुमानगंज, दुबहड़, नरही, गड़वार, चिलकहर, मनियर, पंदह और बांसडीह का हुआ चयन

**बलिया।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिये शासन प्रयासरत है। ऐसे में मरीजों की सुविधा के लिए जिले के आठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम मशीन विधायक निधि से लगेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को काफी सुविधा मिलेगी।

जिले के हनुमानगंज, दुबहड़, नरही, गड़वार, चिलकहर, मनियर, पंदह और बांसडीह सीएचसी का चयन हुआ है। अभी सिर्फ सिकंदरपुर सीएचसी पर हेल्थ एटीएम मशीन लगी है। मरीजों की क्रियाशील बीपी, आंख, नाक सहित 40 तरह की बीमारियों की जांच होती है। पांच मिनट में जांच रिपोर्ट मिलती है। मशीन लगने के बाद स्वास्थ्यकर्मियों की कमी पूरी हो जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सीएचसी और पीएचसी पर हेल्थ एटीएम लगाया जाएगा। जिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों की संख्या ज्यादा है और उसके सापेक्ष चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी की कमी है, उनका चयन पहले हुआ है। वहां विधायक निधि से हेल्थ एटीएम मशीन लगाए जाने को स्वास्थ्य विभाग संबंधित क्षेत्रीय विधायक से सहमति लेकर वार्ता चल रही है। सब कुछ ठीक रहा तो अप्रैल के बाद मई माह तक लग जाएगा। हेल्थ एटीएम प्राथमिकता के तौर पर जिले के सभी सीएचसी और पीएचसी पर लगाया जाना है। इससे ग्रामीणों क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाएं बेहतर होंगी।

### हेल्थ एटीएम से 40 प्रकार की होगी जांच

हेल्थ एटीएम से करीब 40 प्रकार की जांचें होंगी। इसमें हीमोग्लोबिन, सीबीसी, प्लेटलेट्स, वजन, पल्स रेट, कार्डियक, शुगर, यूरीन, मलेरिया, हेपेटाइटिस, अर्थराइटिस प्रोफाइल, प्रेगनेंसी, टाइफाइड आदि जांच शामिल हैं। मरीज को मशीन में नाम, उम्र, मोबाइल नंबर आदि सूचनाएं डालनी होंगी। इसके बाद मशीन पर उंगली रखकर खून देना होगा। मशीन जांचकर पांच से 10 मिनट में रिपोर्ट मरीज के मोबाइल नंबर पर भेज देगी।

> ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाएं बेहतर बनाने के लिए जिले के सभी सीएचसी और पीएचसी पर हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे। अभी आठ चयनित स्वास्थ्य केंद्रों पर विधायक निधि से हेल्थ एटीएम लगाने की प्रक्रिया चल रही है। मशीन से 40 तरह की जांच होगी, जो पांच मिनट में मिलेगी। मरीज जांच रिपोर्ट को टेली मेडीसिन कंसल्टेंट को भेजकर परामर्श ले सकते हैं।
>
> डॉ. अभिषेक मिश्रा, जिला सर्विलांस अधिकारी

### प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग

**बलिया।** डीएम सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में उनके कैम्प कार्यालय में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सिविल सेवा परीक्षा, पीसीएस, जेईई, नीट, एनडीए, सीडीएस आदि की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग के संबंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उप्र शासन की इस निःशुल्क कोचिंग के प्रचार-प्रसार करने के बारे में निर्देश दिया गया है। वर्तमान में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत निःशुल्क कोचिंग का संचालन मुरली मनोहर टाउन डिग्री कालेज बलिया में किया जा रहा है। बैठक में दिये गये निर्देश के क्रम में समस्त प्रधानाचार्य राजकीय/ अशासकीय सहायता प्राप्त वित्तविहीन (समस्त बोर्ड) माध्यमिक विद्यालय, बलिया को निर्देशित किया गया कि अपने विद्यालय में कक्षा 11 एवं 12 में अध्ययनरत विज्ञान वर्ग के कम से कम 5 इच्छुक छात्र-छात्राओं की सूची जो जेईई, नीट व एनडीए की निःशुल्क कोचिंग प्राप्त करना चाहते हो उनके नाम व मो. नंबर सहित कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी को एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराये।

# दवा की दो दुकान को कराया बंद, लिये 12 नमूने



**बलिया।** डीएनटी कटरा विशुनीपुर में संचालित दवा की दुकानों का मंगलवार को औषधि निरीक्षक श्रीधेश्वर शुक्ल ने कागजातों, दवाओं की खरीद बिक्री की रसीद, दुकानों पर लाइसेंस के प्रदर्शन आदि की जांच व निरीक्षण किया। इस दौरान बगैर लाइसेंस धारक के चल रही दो दुकानों को तत्काल बंद करवा दिया गया। औषधि निरीक्षक श्री शुक्ल डीएनटी कटरा विशुनीपुर में दवा के दुकानों के निरीक्षण में दो थोक दवा की दुकानें ऐसी मिली जिसके दुकान का लाइसेंस किसी और के नाम पर है और संचालित कोई और कर रहा था। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दोनों दुकानों को तत्काल बन्द करा दिया। इसके बाद राहुल फार्म, सोनू मेडिकल एजेंसी, जीवा फार्म एवं मुस्कान मेडिकल एजेन्सी से विभिन्न दवाओं के 12 नमूनें लिये गये। निरीक्षण और कार्रवाई की जानकारी होते ही अन्य दवा की दुकानें बंद हो गयी। निरीक्षण के समय वरिष्ठ लिपिक रविशंकर पाण्डेय व खाद्य सहायक दयाशंकर थे।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय के निदेर्शानुसार तथा समाज कार्य विभागाध्यक्ष डॉ पुष्पा मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत जीराबस्ती की महिलाओं हेतु सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की तहत समाज कार्य विभाग द्वारा बिंदी, कृत्रिम आभूषण एंव मउर-सिंधोरा निर्माण एवं विपणन संबंधी दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मऊर एवं सिंधोरा प्रशिक्षण देकर समापन किया गया।

अध्यक्षता कर रहे डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि स्वरोजगार महिलाओं को सामाजिक स्तर मजबूत बनता है जिससे समाज मे महिलाओ के साथ होने वाली हिंसा को रोका जा सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में 25 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। डॉ. अभिषेक मिश्रा, विनोद कुमार, तेजस्वी सिह, गौरव राय, सोनी यादव, प्रदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**बैरिया।** अंग्रेजी शराब की दुकान लालगंज के सेल्समैन से लूट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को बुधवार को लालगंज बैरिया मार्ग पर भुआल छपरा पानी टंकी के पास से एक अदद तमंचा व एक अदद जिंदा 315 बोर कारतूस, लूट के रुपये व एक अपाचे मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मदन पटेल ने बताया कि सोमवार की देर रात राहुल सिंह पुत्र दिनेश सिंह शराब की दुकान बंद कर अपने घर जा रहे थे कि सेमरिया ढाला के पास कुछ लोगों ने घेर कर 10000 रुपये छीन लिए और उन्हें जान से मारने के लिए फायर कर दिए गनीमत रही कि किसी को कुछ नहीं हुआ। उनके तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को भुआल छपरा पानी टंकी के पास से बुधवार को करीब ग्यारह बजे आरोपी का नाम अमर सिंह उर्फ झगरू सिंह पुत्र अरविंद सिंह उर्फ नेपाली निवासी बैरिया को गिरफ्तार किया गया। लूट व गोली चलाने वालों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है, कुछ लोग और आरोपी है जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कड़ी सुरक्षा के बीच बाबा के होंगे दर्शन

**तैयारियां तेज**

## जिले को छह जोन व 22 सेक्टरों में बांटा गया

**बलिया।** महाशिवरात्रि पर शहर सहित कई स्थानों पर बाबा की बरात निकलेगी। इसको लेकर तैयारियां तेज हो गयी है। जगह-जगह बारात के लिये स्वागत द्वारा बनाये जा रहे है। पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद हो गयी है। महाशिवरात्रि में हजारों भक्त भाग लेंगे। जिले के सभी मंदिरों पर भक्तों की भीड़ रहेगी। ऐसे में जिले को छह जोन व 22 सेक्टर बांटा गया है।

सुरक्षा को लेकर पीएसी व पुलिस क्यूआरटी के सैकड़ों जवान तैनात होंगे। सीओ को देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सिटी मजिस्ट्रेट शहर में व संबंधित एसडीएम अपनी तहसीलों में मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात रहेंगे। वह चक्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेंगे। महाशिवरात्रि पर्व पर भोर से ही शिव मंदिरों पर दर्शन-पूजन करने के लिए भक्तों की भीड़ रहेगी। संबंधित थानों के पुरुष व महिला जवान सुरक्षा व्यवस्था देखेंगे। नगर के बाबा बालेश्वर मंदिर पर आराम से बाबा के दर्शन के लिए बैरिकेडिंग की गई है। मंदिर में प्रवेश व निकास द्वार अलग-अलग रहेंगे। अगलगी की घटना के रोकथाम के लिए मंदिर परिसर में दीप धूप जलाने पर पाबंदी रहेगी। मंदिर के गर्भ गृह में इंस्पेक्टर व तेज तर्रार जवानों तैनात रहेंगे। जो पूजा करने के साथ भक्तों को बाहर करेंगे। बाबा की बरात में सादे वेश में जवान तैनात रहेंगे। अराजकतत्वों पर पैनी नजर रहेगी। सीओ सिटी जितेंद्र कुमार ने ओक्डेनगंज में सभी मंदिर प्रबंधकों की बैठक में शांति व्यवस्था के लिए बैठक कर रूप रेखा बनाई।


बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर।

### लखनऊ, झारखंड, वाराणसी के कलाकार होंगे शामिल

**बलिया।** बाबा बालेश्वर मंदिर से निकलने वाले शिवबरात में लखनऊ के अलवेला ग्रुप का सांस्कृतिक कार्यक्रम व झांकी रहेगी। वाराणसी के कलाकारों द्वारा भव्य शिव व काली दुर्गा की झांकी निकाली जाएगी। झारखंड की तहलका बैंड पार्टी बाबा की बरात में शामिल होगी। महादेव व पार्वती की शादी में वाराणसी के शहनाई वादकों द्वारा धुन बजाई जाएगी। उक्त जानकारी मंदिर के प्रबंधक अजय, डब्लू ने दी।

## संक्षेप

### पुण्यतिथि पर शहीद को दी गयी श्रद्धांजलि



**मझौंवा (बलिया)।** विकास खण्ड बेलहरी के ग्राम सभा रेपुरा अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण मे कारगिल युद्ध में शहीद विजय शंकर यादव की 26वीं पुण्यतिथि बुधवार को मनाई गई। कार्यकम की शुरूआत शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूर्व मंत्री अम्बिका चैधरी, पूर्व मंत्री नारद राय, विधायक संग्राम सिंह यादव आदि ने किय। मुख्य अतिथि संग्राम सिंह यादव ने कहा कि जब मुलायम सिंह यादव देश के रक्षामंत्री बने तो पहली प्राथमिकताओं में सरहद पर शहीद होने वाले जवानो का पार्थिव शरीर को परिजनो को सौपने का काम किया। पूर्व मंत्री नारद राय ने कहा कि सरकार की सारी योजनायें गरीबो, दलितो, पिछड़ो, शोषितों को छलने वाली है। अध्यक्षता करते हुए अम्बिका चैधरी,ने कहा कि सरकार आम जनता को ही नही देश की अखण्डता के साथ भी खिलवाड़ कर रही हैं। इस दौरान अतिथियों ने शहीद की पत्नी रीता देवी को शाल व फुल माला देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजेन्द्र यादव, अखिलेश्वर सिंह, एसएन सिंह, दयाशंकर पाण्डेय, अंगद सिंह, कमला यादव, उदय यादव, परमेश्वर यादव, बलिराम यादव, कमलेश यादव, दीपक यादव, मनोज, सुदर्शन राम, बलराम गुप्ता, अभय पटेल, रविन्द्र यादव, निर्मल यादव, पिन्टु चैधरी, कमलेश राय, अखिलेश राय, पारस यादव, पप्पू चैधरी, बबलू साहु, शिवकुमार यादव आदि मौजूद रहे।

### चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार



**बलिया।** नगरा थाना पुलिस द्वारा चोरी की एक बाइक के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा अपराध के समूल उन्मूलन एवं आपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना नगरा के उपनिरीक्षक रामसकल यादव मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान दो चोरों को घोघरा पुल के पास बहद ग्राम मलप हरसेनपुर से हिरासत में लिया गया। उनके पास से पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद की। पुलिस के अनुसार दोनों चोर किशोर है। दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

### बैरिया में अभी तक 82 हेक्टेयर भूमि का हुआ बैनामा

**बैरिया (बलिया)।** तहसील बैरिया के विकास को पंख लगने की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। तहसील बैरिया अंतर्गत कुल रकबा 134 हेक्टेयर का बैनामा कराया जाना है। जिनमें से काश्तकारों से क्रय की गई भूमि तथा सरकारी पुनग्राहित भूमि कुल मिलाकर 82 हैक्टेयर भूमि बैनामा कराई जा चुकी है। इस प्रकार लगभग 62 प्रतिशत भूमि का बैनामा किया जा चुका है। ग्राम सोनबरसा, रामपुर छेड़ी, केवा में मानक के अनुरूप लगभग 80 फीसदी से ऊपर बैनामा पूर्ण कराया जा चुका है। उप जिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र ने बताया कि तहसील बैरिया के सम्मानित जनता के अपार सहयोग तथा उत्साह से बैनामे का कार्य पूर्ण किया जा रहा है। प्रतिदिन एक हेक्टेयर से अधिक का बैनामा कराया जा रहा है तथा कुछ दिन 2 हेक्टेयर से अधिक का भी बैनामा कराया गया है। सभी बैनामेदार द्वारा बैरिया के विकास में भागीदार बनने से अत्यंत प्रफुल्लित है। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के बनने को लेकर उत्साहित भी हैं। काश्तकारों के सहयोग के लिए ई रिक्शा टेंपो बोलेरो आदि की व्यवस्था की गई है। लेखपाल कानूनगो तथा सभी राजस्व कर्मचारी सहयोग के लिए तत्पर हैं। किसी भी समस्या को तत्काल उप जिलाधिकारी कार्यालय से संपर्क कर अपनी समस्या का निदान करा सकते हैं। अभी तक बैनामा ना करने वाले काश्तकारों से अपील है कि वे अन्य काश्तकारों की तरह बैरिया के विकास के लिए बैनामा कराए।

### विश्व हिंदी सम्मेलन को संबोधित करेंगे डॉ. मुकेश



**बेल्थरारोड।** तहसील बेल्थरारोड क्षेत्र के ग्राम रछौली निवासी और दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान भोपाल के निदेशक डॉ. मुकेश मिश्रा 12वां विश्व हिंदी सम्मेलन 15-17 फरवरी, 2023 तक नांदी (फिजी) में वक्तव्य देंगे। विदेश मंत्रालय ने श्री मिश्रा को सरकारी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया है। वे सोमवार को फिजी के लिए दिल्ली से प्रस्थान करेंगे। उल्लेखनीय है कि इस बार विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन फिजी के नांदी शहर में आयोजित किया जा रहा है जिसका मुख्य विषय हिंदी-पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक रखा गया है। इसके उप-विषयों पर 10 समानांतर सत्र निर्धारित किए गए हैं। संस्कृति, साहित्य, मानविकी, सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में शोध गतिविधियों में भारतीय दृष्टि की स्थापना हेतु सक्रिय डॉ. मुकेश मिश्रा सम्मेलन मेंह्नसोशल मीडिया, हिंदी और वाचिक परंपरा का विस्तार विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। डॉ. मुकेश मिश्रा अटल बिहारी बाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल के कार्यपरिषद सदस्य भी हैं। डॉ. मिश्रा 10वें विश्व हिंदी सम्मेलन में भी विदेश मंत्रालय के अतिथि के रूप में सम्मिलित हो चुके हैं। वे बरकउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के भी कार्यपरिषद के सदस्य रह चुके हैं। केंद्र एवं मध्यप्रदेश सरकार की अनेक समितियों में सदस्य रहे डॉ. मिश्रा की इस उपलब्धि से ग्रामवासियों में हर्ष का वातावरण है।

### बाइक चोरी, पीड़ित ने दी तहरीर

**बैरिया (बलिया)।** कोटवां निवासी अजय सिंह की टीवीएस मोटरसाइकिल मंगलवार को अज्ञात चोरों ने उस समय चुरा लिया जब वह अपनी मोटरसाइकिल एक स्टूडियो के सामने खड़ी कर बाजार में जरूरी समान खरीदने गए हुए थे। पीड़ित द्वारा घटना की लिखित तहरीर बैरिया थाने में दी गयी है। पीड़ित ने बताया कि मैं अपनी बाइक एक स्टूडियो के सामने खड़ा किया था। जब बाजार करके वापस लौटा तो मोटरसाइकिल गायब थी। काफी तलाशने के बाद जब मोटरसाइकिल नही मिली तो पुलिस को मैंने तहरीर दिया। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की छानबीन की जा रही है।

### विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



**बलिया।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में बुधवार को विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन वन स्टाप सेन्टर, जिला चिकित्सालय में किया गया। अध्यक्षता करते हुए अपर जनपद न्यायाधीश व सचिव नरेन्द्र पाल राणा ने महिलाओं को बताया कि यदि उनके साथ घर में किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा या प्रताड़ना होती है तो वह बिना किसी डर के अपनी समस्या हम तक पहुंचाएं। लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम 2012 की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अधिनियम बच्चों के प्रति होने वाले लैंगिक उत्पीड़न, लैंगिक शोषण एवं पोर्नोग्राफी जैसे जघन्य अपराधों को रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा बनाया गया है तथा यह एक्ट भारत के सभी नागरिकों पर लागू हैं। सीएमएएस डॉ. एसके तिवारी द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट के बावत विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। जिला प्रोवेशन अधिकारी मो. मुमताज द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में तथा महिला कल्याण अधिकारी पूजा द्वारा समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों जागरूक किया गया। इस अवसर पर योगेश पाण्डेय, प्रिया सिंह, नीकिता सिंह, पूनम राजभर आदि मौजूद रहीं।

### नीलगाय से टकराकर बाइक सवार दंपति घायल

**बैरिया (बलिया)।** डुमाईगढ घाट-गोपाल नगर-सुरेमनपुर मार्ग पर बुधवार को नीलगाय से बाइक टकराने से बाइक पर सवार एक महिला समेत 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया। जानकारी के अनुसार सरयू नदी के उस पार डुमाईगढ निवासी राज किशोर 35 वर्ष अपनी पत्नी संगीता 30 वर्ष के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सहतवार अपने रिश्तेदारी जा रहे थे कि उनकी बाइक गोपाल नगर गांव के निकट नीलगाय से टकरा गई। जिससे पति पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सोनबरसा अस्पताल पहुंचाया।

# कलेक्ट्रेट में गोंगपा व आईपीएस का प्रदर्शन



ज्ञापन सौंपते गोंड समाज के लोग।

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी व इंडियन पीपुल्स सर्विसेज (आईपीएस) के संयुक्त तत्वावधान में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। वक्ताओं ने कहा कि पिछले दिन कानपुर देहात के ग्राम मंडौली में अतिक्रमण हटाने के दौरान माता-पुत्री का जिंदा जल कर मर जाने की हृदय विदारक घटना उत्तर प्रदेश भाजपा योगी सरकार की अमानवीयपूर्ण क्रूर कार्यवाही को उजागर करता है। ऐसे में योगी सरकार को तत्काल बर्खास्त कर, उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। साथ ही जलकर मरी माता-पुत्री हत्याकांड की जांच उच्च न्यायालय के वर्तमान सिटिंग जज से कराकर दोषियों के खिलाफ कारवाई की जाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद गोंडवाना ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा की योगी सरकार हर मोर्चे पर फेल है। प्रदेश में घोर अराजकता व उत्पीड़न है। इस दौरान सुमेर गोंड, परशुराम खरवार, संजय गोंड, सुरेश शाह, रामचंद्र जेठवंत, बबलू गोंड, दिनेश गिरि, छोटेलाल राम आदि मौजूद रहे।

## मशरूम उत्पादन व विपणन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत विवि की कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय के निर्देशानुसार विवि द्वारा गोद लिए गए 10 गांव में से ग्रांप भीखपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में महिलाओं हेतु समाज कार्य विभाग द्वारा मशरूम उत्पादन व विपणन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्देश्य व्यवसायिक कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित और महिलाओं के सशक्तिकरण व आत्मनिर्भरता के लिए कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. संजीव (समाज कार्य विभाग) ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भीखपुर गांव की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी की। ग्रामीण महिलाओं में कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण देना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने हेतु जागरूक करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में में 25 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम विवि की निदेशक शैक्षणिक डॉ. पुष्पा मिश्रा के नेतृत्व में हुआ। इस कार्यक्रम में डॉ. प्रेमभूषण यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की देख-रेख में तेजस्वी, अर्चना, अनुप्रिया, शिप्रा, सोनी, प्रदीप, गौरव, प्रशांत, विशाल, नील शिवम, सूरज, अमृतांशु अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहे। संचालन छात्र हरीशव धन्यवाद छात्र अमन ने किया।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति कार्यक्रमों में लिया भाग



दिल्ली पब्लिक स्कूल में सम्मानित करते विद्यालय परिवार के सदस्य।



कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।



कार्यक्रम में उमड़ी भीड़।

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** दिल्ली पब्लिक कान्वेंट स्कूल मिड्डा में आयोजित वार्षिक महोत्सव में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति और धार्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सबको भावविभोर कर दिया। उसके बाद बच्चों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया। जो अभिभावकों को खूब पसंद आयी। उसके बाद शिक्षा के क्षेत्र में बच्चे और मेहतन करें ताकि वह आने वाले दिनों में अपने भविष्य को उज्वल कर सके उस पर भी विचार प्रकट किये गये। उसके बाद कोरोना से बचाव के लिये बच्चों ने जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरूआत सीओ सिटी ट्रैफिक मोहम्मद फहीम और विशिष्ट अतिथि जिला अस्पताल में सर्विलांस प्रभारी डा. अभिषेक मिश्रा ने की। इस दौरान विद्यालय परिवार की तरफ से देश के विभिन्न आईआईटीज में अपनी अलग पहचान बनाते हुए विद्यालय का नाम रोशन करने वाले आदर्श पांडेय, मानसी चैरसिया, शाहरूख खान को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर शाहिद खां और प्रिंसिपल उषा तिवारी व वाइस प्रेसिडेंट शमीमा खां द्वारा कार्यक्रम में भाग रहे बच्चों को सम्मानित किया। इस अवसर पर इमरान खां, मो. तारिक खां, शाहीन अख्तर खां, अब्दुल वाहिद, मो. आदिल, मिथिलेश सर, प्रशासक भुवन यादव आदि ने कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## उत्पादन व उत्पादकता में वृद्धि करने वाले प्रथम व द्वितीय पुरस्कार से होंगे सम्मानित

**बलिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा ने बताया कि चैधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस मनाये जाने की कार्ययोजना प्रस्तावित है। 23 दिसम्बर को क्राप कटिंग से प्राप्त परिणाम के आधार पर किसानों को सम्मानित किया जाता है। कार्ययोजना के अनुसार जनपद में रबी-2022-23 की फसलों गेहूं, चना, मटर, मसूर एवं राई, सरसों में अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषकों को दो पुरस्कार क्रमशः प्रथम व द्वितीय प्रदान दिये जायेंगे, ताकि जनपद के कृषकों में उत्पादन एवं उत्पादकता में अधिकाधिक वृद्धि करने हेतु प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत हो सके। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आवेदन के लिये इच्छुक कृषक उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी, सदर, बांसडीह, रसड़ा, एवं बैरिया कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है। प्रार्थना पत्र पूर्ण करके कृषक को उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी-सदर, रसड़ा, बांसडीह, एवं बैरिया कार्यालय में रुपया-10 (दस रुपया मात्र) पंजीकरण शुल्क एवं खतौनी व अन्य अभिलेख के साथ 25 फरवरी तक पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। उस क्षेत्र में रूचि रखने वाले कृषक पशुपालन, उद्यान, मत्स्य एवं गन्ना विभाग के कार्यालय से सम्पर्क करते हुये आवेदन कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं औद्यानिक, पशुपालन, डेयरी, कुक्कुट पालन, गन्ना, जैविक खेती, मशरूम उत्पादन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिये राज्य स्तर पर पुरस्कार हेतु महिला कृषकों का नामांकन किया जाना है। राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु जिन महिला कृषकों को संस्तुत किया जा जायेगा उनका आर्थिक (लाभ-लागत विश्लेषण) एवं सामाजिक (स्वयं कितने लोगों को रोजगार दिया या उनसे प्रेरित होकर कितने लोगों द्वारा उस कार्य को अपनाकर रोजगार सृजन किया गया।) विश्लेषण करते हुये उनकी गतिविधि का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराया जायेगा।

# स्व. गौरी भइया फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**खेल**

### मेजबान बलिया ने जीता उद्घाटन मुकाबला

**बलिया।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित स्व. गौरी भईया राज्य आमंत्रण पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में मेजबान बलिया ने स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई को 4-2 से पराजित कर दमदार आगाज किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि गौरी भईया की पत्नी ममता सिंह ने किया।

समस्त आगंतुकों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रतियोगिता के संयोजक पूर्व खेल मंत्री उपेंद्र तिवारी ने किया। उपस्थित अतिथियों ने गौरी भईया के चित्र पर माल्यार्पण किया। वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई के मृत्युंजय ने पहले हाफ के 21वें मिनट में गोल कर मेजबान टीम को दबाव में ला दिया, लेकिन बलिया के प्रकाश ने 39वें मिनट में गोल कर



मुकाबले को बराबरी पर ला खड़ा किया। मध्यांतर तक दोनों टीमें एक एक की बराबरी पर रहीं। मध्यांतर बाद बलिया ने तेज आक्रमण दिखाया और मैच 51वे मिनट में प्रकाश, 59वे मिनट में दाऊ और 69वे मिनट में संकल्प ने एक के बाद एक गोल कर मुकाबले को बलिया के पक्ष में ला खड़ा किया।

अन्य मुकाबलों में बरेली ने प्रयागराज को 2-0 से पराजित किया, वहीं अयोध्या हॉस्टल व मऊ के बीच खेला गया मुकाबला एक-एक की बराबरी पर खत्म हुआ। निर्णायक की भूमिका उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा नामित राशिद, प्रदीप मिश्रा, निताई सरदार, उपेंद्र शुक्ला, मनोज तिवारी, मेहरुद्दीन खान, इफ्तिखार खान, मोहम्मद रजाउल्लाह, जयराम यादव व अमल कुंवर ने निभाई। मैच कमिश्नर के रूप में मोहम्मद आरिफ नजमी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता मेजर दिनेश सिंह एवं संचालन जिला फुटबॉल संघ के सचिव अरविंद कुमार सिंह एवं नीरज राय ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान क्रीड़ा अधिकारी धीरेंद्र पुरुषोत्तम, पवन कुमार राय, इं अरुण सिंह, उप क्रीड़ा अधिकारी अजय प्रताप साहू, सिद्धार्थ सिंह गोलू, मुकेश सब्बरवाल, विजेंद्र राय, अम्बरीष तिवारी, नितेश राय, मोहम्मद जावेद, रोहित भारद्वाज, अजय सिंह, अदालत सिंह आदि ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

### गौरी भईया के नाम होगा फेफना खेल महोत्सव

पूर्व खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उपेंद्र तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि देश की सरकार खेलों इंडिया, फिट इंडिया आदि के माध्यम से भारत को खेलों की वैश्विक शक्ति बनाने की दिशा में काम कर रही है। प्रदेश सरकार भी खेलों व खिलाड़ियों को उच्च प्राथमिकता दे रही है। इसी कड़ी में फेफना विधानसभा में खेल प्रतिभाओं को तलाशने व तराशने के लिए न्याय पंचायत व ब्लॉक स्तर होते हुए खेल समारोह का आयोजन किया जाएगा। फेफना का यह खेल महोत्सव पूर्व मंत्री गौरी भईया के नाम पर आयोजित होगा। उक्त खेल समारोह तीन आयु वर्गों में आयोजित होगा। वहीं उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि ममता सिंह ने गौरी भईया के नाम पर फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए पूर्व खेल मंत्री उपेंद्र तिवारी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## संक्षेप

### 12वीं के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**सिकंदरपुर।** स्थानीय क्षेत्र के रहिलापाली स्थित वंदना एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के प्रांगण में बुधवार को कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिकंदरपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक संजय यादव व विशिष्ट अतिथि शंकराचार्य परिषद के अध्यक्ष स्वामी आनंद स्वरुप महाराज, एसडीएम सिकंदरपुर अखिलेश यादव व क्षेत्राधिकारी सिकंदरपुर भूषण वर्मा रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए आने वाले समय में हर बाधाओं को पार कर अपने मकसद में सफल होने की कामना करते हुए कहा कि वंदना कोचिंग वेलफेयर सोसाइटी जिस तरह गरीब बच्चों को पढ़ाने के लिए काम कर रही है यह अपने आप में बहुत ही काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि इस कोचिंग संस्थान को भविष्य में किसी भी प्रकार की अगर सहायता की जरूरत पड़ी तो मैं इसके लिए सदैव तत्पर हूं। वहीं विशिष्ट अतिथि ने कहा कि छात्र-छात्राओं की कभी विदाई नहीं होती बल्कि आगे आने वाले जीवन में समाज के प्रति और ज्यादा संस्कारवान अपने लक्ष्य को हासिल करने की प्रक्रिया है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को भावी भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने हाथों से लगभग 200 बच्चों को परीक्षा पैड, समय सारणी और मेडल देकर विदा किया। इस अवसर पर सत्येन्द्र राजभर, जयराम पाण्डेय, डॉ. आशुतोष गुप्ता, कौशल श्रीवास्तव, संजय जयसवाल, आकाश तिवारी, विनीत पांडे, राजू तुरैहा, सुशील कुमार, जितेश सोनी, सोनू गुप्ता, मनोज कुमार, सोनू पाठक, मन्नू भाई आदि मौजूद रहे। अंत में कोचिंग के अध्यापक सनोज कुमार, अजीत सर, विनोद कुमार, गुलशन जहां ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दे आभार जताया।

### दो नाबालिग अपराधी गिरफ्तार, बाइक बरामद

**नगरा।** पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधी उन्मूलन अभियान के तहत नगरा पुलिस ने दो नाबालिग अपराधियों को गिरफ्तार कर कोर्ट तामिला कराया है। पुलिस उप निरीक्षक राम सकल यादव मय हमराही हेड कास्टेबल दीनानाथ व गोविन्द सिंह सहित महिला सिपाही प्रज्ञा प्रजापति के द्वारा अभियान के तहत चल रहे चेकिंग के समय थाना क्षेत्र के मलप हरसेनपुर घोघरा पुलिया के पास से दो संदिग्धों को पुलिस ने रोका तो भागने लगे जिसे अपने कस्टडी में लेते हुए जमा तलाशी पूछ-ताछ करने पर थाना क्षेत्र चितबड़ागांव से चोरी हुई हीरो होण्डा मोटर साइकिल नम्बर यूपी एबी 7589 बरामद हुई। इनके द्वारा नम्बर प्लेट पर यूपी 54 2085 बदलकर उपयोग किया जा रहा था। पुलिस ने इनके विरुद्ध सुसंगति धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय कर दिया। अपराध उतरे आरोपी अपराधी किशोर बताए जा रहे हैं।

### सफाई कर्मचारियों से मिले बसपा विधायक, दिया आश्वासन



**रसड़ा।** नगर पालिका परिषद व सफाई कर्मचारियों के बीच नौवें दिन हड़ताल के बीच पहुंचे रसड़ा विधायक बसपा विधानमंडल दल के नेता उमाशंकर सिंह ने सफाई कर्मचारियों की बात बारीकी से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक-दो दिन के अंदर जिलाधिकारी से मिलकर जितना बकाया वेतन ऐरियर, महंगाई भत्ता, बोनस सब दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि जब भी किसी प्रकार की आपको परेशानी हो तो आप मेरा नंबर नोट कर ले तुरंत सूचना दें मैं आपके बीच मौजूद मिलते रहूंगा। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि दो सफाई नायक के नाम पर चंद्रदेव राजभर, बिरजू साहनी से हम लोग को बराबर प्रताड़ित और गाली-गलौज दिया जाता था इनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए उनको हटाया जाए। विधायक उमाशंकर सिंह ने कहां की सफाई कर्मचारियों के लिए शिक्षा चिकित्सा और आपके मकान के लिए विधानसभा में मांग उठाऊंगा सभी कर्मचारियों विधायक ने स्वागत किया इस मौके पर नगरपालिका के सभी कर्मचारी मौजूद रहे। इसी क्रम में ग्रामीण चैकीदार सोसाइटी उत्तर प्रदेश के चैकीदार ने बुधवार के दिन विधायक उमाशंकर सिंह ने को ग्रामीण चैकीदारों ने पत्रक सौंपा वेतन वृद्धि एवं राज्य कर्मचारी का दर्जा अन्य सुविधा प्रदान करने की मांग की है विधायक ने बोले विधानसभा में इसकी मांग उठाई जाएगी।

### मुंडन संस्कार के लिये घाटों पर उमड़ी भीड़

**मझौंवा (बलिया)।** हल्दी थाना क्षेत्र के हुकुम छपरा गंगा तट पर बुधवार को सुबह से ही मुंडन संस्कार कराने वालो का तांता लगा रहा। नदी तट पर हजारो की भीड़ के कारण बलिया-बैरिया मार्ग पर पचरुखियां से दुबे छपरा तक वाहनो की लंबी कतार लगी रही। लोग दिन भर जाम से जूझते रहे। आवाजाही बहाल करने में हल्दी पुलिस सुबह से शाम तक जाम हटाने में ही हांफती दिखी। इस दौरान घाट पर डीजे पर अश्लील गाने, बैंड बाजा उच्च न्यायालय के आदेश को ठेंगा दिखाते नजर आये। उधर सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से वाहनों को खड़ा करने से लोगों को आवाजाही करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वही आर्थिक लाभ के लिए नाविक नाव में क्षमता से अधिक सवारियां भर मुंडन संस्कार लेकर चलते दिखे। ओझवलियां में मुंडन के दौरान नाव में क्षमता से अधिक लोगों को बैठाने के कारण नाव हादसा हुआ था। जिसमें 60 लोगो की मौत हो गयी थी। बावजूद इसके जिला प्रशासन और लोग लापरवाह दिखे। हुकुम छपरा घाट पर लगी जेटी जहाज पर मुंडन संस्कार में आये लोग सेल्फी व जेटी से कूद स्नान करते रहे और पुलिस मूक दर्शक बनी रही। क्षेत्र के जबही, दुर्जनपुर, बिहार घाट, हुकुम छपरा, गंगापुर, रामगढ़ आदि गंगा घाटो पर उमड़ी भीड़ लोगो के लिए परेशानी का सबब बनी रही।




## संक्षेप

### ग्रंथावली प्रकाशन ओज के आधुनिक भूषण का पुनर्जन्म



**मऊ।** श्याम नारायण पाण्डेय ग्रंथावली का प्रकाशन उनके व्यक्तित्व व कृतित्व का पुनर्जागरण होना है। संपादकीय टीम के अथक प्रयास से खड़ी बोली में ओज के आधुनिक भूषण का यह पुनर्जन्म है। हिंदी साहित्य के इतिहास यह पल सदा अंकित रहेगा। उस उदगार महाकवि श्यामनारायण पाण्डेय की पत्नी रमावती पांडेय के हैं। मंगलवार की देर शाम शारदा नारायण हास्पिटल सभागार में आयोजित अंतर्नाद में वह बोल रही थीं। अंतर्नाद संरक्षक डा संजय सिंह ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि आदिछंद के उद्गम स्थल और पौराणिक तमसा के साहित्यिक धरोहर को संरक्षित करने का यह प्रयास मील का पत्थर है। उप संपादक डा अंजना सिंह सेंगर ने कहा वामपंथी साहित्यिक राजनीति के शिकार हुए पंडित जी के कृतियों का संकलन मेरी सर्वोत्तम उपलब्धि है। संपादक पुरुषार्थ सिंह ने एक दशक से ग्रंथावली संपादन के प्रयास में आने वाले अवरोध के बीच इसके प्रकाशन तक की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अपने इस प्रयास को तमसा तट समर्पित किया। काव्य संध्या के सत्र में वरिष्ठ जनधर्मी गीतकार राघवेंद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र मिश्र काका, आशा साहनी, लालबहादुर सिंह, नागेंद्र सिंह बागी, दिव्या पांडेय, देव प्रताप सिंह, मृत्युंजय द्विवेदी, बृजेश गिरी, आनंद गुप्ता, संपूर्णानंद आदि ने देर रात तक काव्यपाठ किया। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार दयाशंकर व संचालन सिद्धहस्त गजलकार रुद्र प्रताप रामिश ने किया। आभार ज्ञापन डा सुजीत सिंह ने किया।

### विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर में दी गई जानकारी



**मऊ।** बुधवार को तहसील मुहम्मदाबाद गोहना में विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर का आयोजन कर विधिक जानकारी प्रदान की गयी। जागरुकता शिविर में ट्रांसजेन्डर व्यक्तियों के अधिकार व संरक्षण अधिनियम 2019 के अंतर्गत शिक्षा, व्यवसाय, एवं स्वास्थ्य सेवाओं एवं भेदभाव सम्बन्धी समस्या के तहत उनके अधिकारों, एवं संरक्षण के बावत विधिक जानकारी प्रदान की गयी। शिविर के दौरान अनुसूचित जाति एंव जनजाति के संरक्षण के सम्बन्ध में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1995 के तहत पीड़ित व्यक्ति की सुरक्षा के सम्बन्ध विस्तार पूर्वक विधिक जानकारी दी गयी। आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से पारिवारिक वादों के प्री-लिटिगेशन स्तर पर निस्तारण दीवानी न्यायालय, मऊ के किये जाने के बाबत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये जाने हेतु विधिक प्रक्रिया के सम्बन्ध में उपस्थित जन जानकारी प्रदान पारिवारिक मामलों के निस्तारण प्रार्थना पत्र के माध्यम से कराये जाने हेतु जागरूक किया गया एवं जनपद में स्थापित लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम के सहयोग पात्र व्यक्तियों हेतु उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्यस्थता केन्द्र में वादों के सुगम सहमति के आधार पर निस्तारण के बाबत जानकारी प्रदान कर आमजन मानस को जागरूक किया गया। जन उपयोगी अनेक मामलों के स्थायी लोक अदालत में निस्तारण सम्बन्धी प्रक्रिया का भी उपस्थित जन को विधिक जानकारी दी गयी। विधिक साक्षरता शिविर के दौरान चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल मुक्कदस जरीफ, नायब तहसीलदार घोसी गौरव कुमार शाह, सदस्य स्थायी लोक अदालत अभिषेक कुमार गौरव, असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउंसिल स्वर्णिम तिवारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालंटियर श्रीराम यादव, शशि प्रभा व अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारी जन उपस्थित रहे।

### 15 ग्राम हेरोइन के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** बुधवार को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन रोड से सुभाष यादव पुत्र रामाधार यादव निवासी बरही थाना मरदह जनपद गाजीपुर के कब्जे से 15 ग्राम नाजायज हेरोईन बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं 58/2023 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

# चोर व चोरी का माल खरीदने वाला दुकानदार गिरफ्तार



**मऊ।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में सीनियर सेक्शन इंजीनियर विद्युत मऊ द्वारा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मऊ को अवगत कराया गया कि मऊ यार्ड में स्टेबल एसी कोचों में तांबे के तार को अवांछनीय तत्वों द्वारा नोच कर तथा काटकर तांबे के तारों को क्षतिग्रस्त किया गया है।

उक्त मामले में संबंधित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मऊ के द्वारा 13 फरवरी 2023 को मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक इंद्रजीत यादव, उप निरीक्षक ओमप्रकाश, सहायक उपनिरीक्षक हृदयानंद तिवारी एव कॉन्स्टेबल राम प्रकाश सिंह द्वारा रामगोपाल मार्केट मुंशीपुरा, मऊ स्थित बर्तन की दुकान पर दविश मारकर उक्त रेलवे एसी कोच एवं पॉवर कार में लगने वाले चोरित तांबे व कनेक्टर साथ में चोरी करने वाले अभियुक्त अनिल चौहान पुत्र हरिश्चंद चौहान निवासी सिंहलपुरा अछार थाना सरायलखंसी जिला मऊ उम्र लगभग 20 वर्ष एवं चोरी का माल खरीदने वाले रिसीवर बर्तन के दुकान के मालिक शिवशंकर पुत्र स्व खुबलाल निवासी बिठूवा बेलथरा रोड थाना उभाव जिला बलिया उम्र लगभग 78 वर्ष को समय लगभग 16.30 बजे धारा 3 आरपी यूपी एक्ट के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया। पूछ-ताछ में अभियुक्त अनिल चैहान ने बताया कि मऊ यार्ड में एसी कोच खड़े रहते हैं जो लॉक रहता था अतः दो एसी कोचों को कनेक्ट करने वाले वफर प्लेट को एसी कोच के निचे रेलवे ट्रैक से प्रवेश कर उठाकर एसी कोचो मे प्रवेश करता था जिससे एसी कोच के पैनल जो खुले रहते थे उससे चोरी करता था।

### व्यापारियों ने किया अमिताभ ठाकुर का स्वागत

**बांसडीह।** पूर्व आईपीएस एवं अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर का बांसडीह कस्बे में आगमन पर व्यापारियों ने स्वागत किया। पूर्व आईपीएस ने व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि व्यापारी स्पंज की तरह हो गया है। सरकारी मशीनरी जीएसटी विभाग, आयकर विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा व्यापारियों को स्पंज की तरह इस्तेमाल कर रहे है। व्यापारी अब अपने हक के लिए आवाज को बुलंद करें, मैं आपके बीच में वोट की राजनीति करने या अपने पार्टी की मजबूती के लिए नहीं आया हूं। मैं आपकी सभी जायज मांगों के लिए आपकी आवाज में अपनी आवाज मिलाकर आपकी आवाज को मजबूती से अफसरों, हुक्मरानों तक पहुंचाने के लिए आया हूं। इस दौरान पूर्व आईपीएस ने कई व्यापारियों से उनकी प्रतिष्ठान में जाकर कुशल क्षेम पूछा। मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय कुमार गुल्लर, मदन सोनी, मुकेश सोनी, रमेश रौनियार, गोपाल गुप्ता, धीरेंद्र बहादुर सिंह, गुड्डू सोनी, अशोक रौनियर, अभिषेक रौनियार सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

### फाटक बंद होने के बाद भी जान जोखिम में डालकर फाटक पार करते हैं लोग

**इंदारा, मऊ।** इंदारा जंक्शन जिले का प्रमुख रेलवे स्टेशन है। जहां पर दर्जनों ट्रेनों का आवागमन लगा रहता है। जिससे कई बार इंदारा रेलवे स्टेशन का पश्चिमी केबिन बंद रहता है। जिससे राहगीर रेल फाटकों को दरकिनार कर लोग जान जोखिम में डालकर रेल लाइन पार करते हैं। सुरक्षा के लिए बनाए गए रेल फाटक की अहमियत यहां के लोगों की नजर में कम होती नजर आ रही है। फाटक बंद होने के बाद भी लोग बाइक, साइकिल, स्कूटर व स्कूटी आदि से उसे पार करने से नहीं चूक रहे। आएदिन रेल से होने वाले हादसों में लोगों की मौत होने के बाद भी क्षेत्र के लोगों में कोई सुधार नहीं हो रहा है। हादसे होने के बाद भी लोग जानबूझकर अपनी जान से खिलवाड़ कर रहे है। इंदारा जंक्शन का पश्चिम फाटक मऊ मधुबन शहीद मार्ग पर स्थित है। यहां रेलवे कर्मी अपनी ड्यूटी के अनुसार ट्रेन आने से पहले फाटक बंद कर देते हैं लेकिन फाटक बंद होते ही लोग साइकिल और बाइक को आंड़ा,तिरछा कर निकालने का प्रयास करते हैं।

# फसल बीमा योजना की रिपोर्ट शीघ्र दें

**बोले जिलाधिकारी**

### विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न



**मऊ।** बुधवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान सहायक अभियंता लघु सिंचाई ने बताया कि उथले बोरिंग के नए लक्ष्य की भौतिक प्रगति 98 प्रतिषत एवं वित्तीय प्रगति 49 प्रतिषत है।

भौतिक प्रगति के सापेक्ष वित्तीय प्रगति कम होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सहायक अभियंता लघु सिंचाई को कार्यों के भौतिक प्रगति के सापेक्ष समस्त भुगतान कराने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड ने बताया कि कुल 14 सड़क निर्माण कार्यों में से 7 पूर्ण हो चुके हैं, 3 कार्यों में 95 प्रतिषत से ज्यादा की प्रगति है। शेष चार कार्यों की प्रगति भी अच्छी है। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड ने बताया कि सेतु निर्माण के दो कार्यों में से एक कार्य पूर्ण हो चुका है एवं एक में कार्य अभी प्रगति पर है। कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान डीएम ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में ओपन सोर्स डाटा के 5900 किसानों का सत्यापन अभी भी अवशेष रहने पर इसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा फसल बीमा योजना के तहत किसानों से फीडबैक लेकर यथाशीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। निराश्रित गोवंश की समीक्षा के दौरान डीएम ने समस्त गौशालाओं का 1 सप्ताह के अंदर सत्यापन कराते हुए क्षमता से अधिक पशु होने पर संबंधित गौशालाओं में अतिरिक्त शेड, चारे एवं पानी सहित अन्य भौतिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने पुलिंग के तहत अभी तक मात्र 249 ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव आने पर जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव प्राप्त कर इससे जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने सहभागिता योजना के अंतर्गत मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को और प्रयास कर लोगों को गोवंश संरक्षण हेतु प्रेरित करने को कहा।

# छात्रा ने फीस को लेकर की आत्महत्या

## कॉलेज प्रबंधक और शिक्षक पर मुकदमा दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

जनसंदेश न्यूज



दिलदारनगर बाजार में मृतक छात्रा के बारे में जानकारी लेते उपजिलाधिकारी सेवराई राजेश प्रसाद।



खुशबू गुप्ता (फाइल फोटो)

**दिलदारनगर।** बशीर खान महिला महाविद्यालय उसियां की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ने विशाखा पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया है। मृतका के भाई ने प्रबंधक और शिक्षक पर फीस को लेकर अपमानित करने का आरोप लगाया है। कोतवाली में तहरीर देकर बताया है कि कालेज प्रशासन द्वारा फीस को लेकर मेरी बहन को शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना दिया गया जिसके बाद बहन ने यह कदम उठाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, तहरीर के आधार पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई।

नगर के वार्ड नंबर 8 दिलदारनगर बाजार निवासी खुशबू गुप्ता पुत्री संतोष गुप्ता क्षेत्र के बशीर खान महिला महाविद्यालय उसियां की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। परिजनों का आरोप है कि खुशबू रोज की तरह बुधवार को अपनी कॉलेज सुबह दस बजे गई। बीए द्वितीय वर्ष की परीक्षा में बैठने के दौरान कॉलेज के शिक्षक और प्रबंधक ने फीस की मांग की। परंतु खुशबू ने बकाया फीस बाद में जमा किये जाने की बात कही।

जिसके बाद कॉलेज में अपमानित और शारीरिक मानसिक प्रताड़ना कर कॉलेज से छात्रा को भगा दिया गया। अपमानित छात्रा घर आकर अपने परिजनों को रोते बिलखते हुए आप बीती बताई। उसके बाद देर रात्रि खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई। रात्रि करीब साढ़े ग्यारह बजे परिजन उसको उल्टी करते हुए परेशान देखा। तब तत्काल उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### घंटों मशक्कत के बाद पुलिस ने शव कब्जे में लिया

परिजन अस्पताल से शव लेकर भोर में तीन बजे घर आये। सुबह होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और कॉलेज के प्रबंधक और शिक्षक के खिलाफ करवाई की मांग करने लगे। पुलिस ने मृतक के भाई के तहरीर पर कॉलेज के प्रबंधक और शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस शव को कब्जे में लेने का जब प्रयास किया तो परिजन गिरफ्तारी की मांग करने लगे। वह शव पुलिस को देने से इनकार करने लगे। इसकी जानकारी होने पर मृतक के घर सीओ जमानियां विजय आनंद शाही और उपजिलाधिकारी सेवराई राजेश प्रसाद मौके पर पहुंचे और वार्ता कर आश्वासन दिया। घंटों वार्ता के बाद शव पुलिस ने कब्जे में ली।

### छात्रा की एक वर्ष की फीस थी बाकी

कालेज प्रबंधक गुलाब मजहर खां का कहना है कि आरोप बेबुनियाद है। बात यह है कि छात्रा ड्रेस में स्कूल नहीं आई थी। हालांकि, उसकी फीस दो इस पूरे वर्ष की बाकी थी, लेकिन विश्वविद्यालय को फीस हमने जमा कर दी है। वह परीक्षा दे रही थी। हमारे यहां प्रति वर्ष दस से पंद्रह छात्रा फीस नहीं देती है। जिसका फीस कालेज प्रशासन जमा करता है।

सीओ विजय आनंद शाही ने बताया कि कॉलेज के अज्ञात प्रबंधक और शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मृत छात्रा का शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।

# निर्माणाधीन महिला चिकित्सालय में ठेकेदार पर गिरी गाज

## डीएम ने दो हफ्ते में अंधूरे कार्य पूरा करने का सुनाया फरमान



मिश्रबाजार स्थित महिला चिकित्सालय की जांच करती डीएम आर्यका अखौरी।

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौनी ने बुधवार को निमार्णाधिन 100 बेड जिला महिला चिकित्सालय का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लगाये गये श्रमिकों की संख्या की जानकारी ली। जिसमें बताया कि 72 श्रमिक कार्य कर रहे है जिसपर श्रमिकों को बुलाकर चेक किया एवं बालू एवं सीमेंट के मिश्रण की गुणवत्ता तथा ईंट की गुणवत्ता खराब होने तथा कार्य में धीमी प्रगति पर उन्होंने सम्बन्धित ठेकेदार पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ठेकेदार के भुगतान को रोकने एवं जुर्माना लगाते हुए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि सम्बन्धित ठेकेदार की सिक्योरिटी जब्त करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कार्य में तेजी लाते हुए श्रमिकों की संख्या दिन-रात मिलाकर 200 रखा जाय और आदेशित किया कि मुख्य भवन को माह फरवरी 2023 तक प्रत्येक दशा में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधि.अभि पीडब्लूडी सीडी-3 अखिलेश यादव को निर्देश दिया कि मैटेरियलल की गुणवत्ता की जांच कराते हुए रिपोर्ट अभिलम्ब प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने कहा कि जितने भी मजदूर से कार्य कराये जा रहे है उनकी संस्था द्वारा श्रम विभाग में पंजीकरण अवश्य करायी जाय। इस अवसर पर मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य आनन्द मिश्रा, कार्यदायी संस्था के अधि.अभि, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नीरज श्रीवास्तव, एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर सामूहिक विवाह का होगा आयोजन

जनसंदेश न्यूज



**मनिहारी।** मानव सेवा समिति सिखड़ी की ओर से सिद्धपीठ औढ़ारी मठ पर 18 फरवरी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सद्भावना समावेशी सामूहिक विवाह की तैयारी में आयोजन समिति के सदस्य जुटे हुए हैं। सद्भावना समावेशी सामूहिक विवाह में दिव्यांग एवं निराश्रित कन्याओं को प्राथमिकता देकर के कार्यक्रम को समावेशी बनाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे समाज में सद्भावना का विकास हो सके।

कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई के लिए मनिहारी ब्लाक के लगभग 30 सफाई कर्मचारी पूरे दिन लगे रहे। एडीओ पंचायत दीनानाथ ने मौके पर जाकर साफ-सफाई का जायजा लिया और सफाईकर्मियों को मन लगकर इस पुनीत कार्य में साफ- सफाई कर सहभागी बनने का आदेश दिया इस कार्य में क्षेत्रीय जनता व स्वयंसेवी संगठनों का सहयोग है। कार्यक्रम के संयोजक रमेश यादव ने बताया कि यहां पर भव्य कार्यक्रम होगा। तीन-चार दिनों से परिसर की सफाई हो रही है। सिद्धपीठ औढ़ारी मठ परिसर मे 18 फरवरी के महाशिवरात्रि पर्व पर हिंदू, मुसलमान व दिव्यांग व निराश्रित कन्याओं का एक मंच पर विवाह होगा।

इस अवसर पर स्वामी दिव्यानंद यति, योगेश पांडेय, सुनील यादव,रबि प्रकाश शुक्ला, सुबाष यादव, गोरख राजभर, राजेन्द्र यादव, देवेन्द्र यादव, हरेंद्र कुमार गौड़, बृजेश यादव,दीपक गिरी, सत्यप्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण

**गाजीपुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया। बैठक में सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कृषकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उसके उपरान्त सीडीओ ने एक-एक कर किसानों की समस्याओं को सुना, उसके उपरान्त सीडीओ ने किसानों की कोई भी समस्या पर तत्काल निस्तारण करने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिया। किसानों द्वारा सिंचाई हेतु पानी की समस्या, विद्युत, साधन सहकारी समितियों पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु एआरको-आपरेटिव को निर्देशित किया। किसानों द्वारा विद्युत की समस्या को बताये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने विद्युत विभाग के अभियन्ता को समस्या का निराकरण कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी, एलडीएम , नहर एवं अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी सहित सम्मानित किसान बन्धु उपस्थित रहे।

# पौने दो करोड़ की हेरोइन के साथ चार तस्कर गिरफ्तार



कार्यालय में हेरोइन तस्कर को मीडिया के समक्ष पेश करते एसपी ओमवीर सिंह।

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** पुलिस ने पौने दो करोड़ की हेरोइन के साथ चार अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। तस्करों के कब्जे से 17 सौ ग्राम हेरोइन के साथ बाइक बरामद किया।

स्वाट टीम प्रभारी रामाश्रय ,सर्विलांस प्रभारी सुनील कुमार तिवारी तथा प्रभारी निरीक्षक दिलदारनगर ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर शकुन्तला नगर वहद कस्बा दिलदारनगर से चार नफर अभियुक्त वसीम खान पुत्र मोहम्मद सलीम खान निवासी ग्राम रक्सहा थाना दिलदारनगर, जाफर खान पुत्र इस्तखार खान ग्राम बारा थाना गहमर,लाल सिंह पुत्र खेमातवल ग्राम बोरखेड़ी लोढ़न थाना वहलता जिला झालावाड़ राजस्थान और भवर लाल पुत्र धूलीलाल तवर निवासी बादरी थाना भोजपुर जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश को हेरोईन के साथ गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से कुल 1700 ग्राम हेरोईन व घटना मे प्रयुक्त बिना नम्बर प्लेट की बाइक बरामद किया। बरामदगी हेरोइन की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 1 करोड़ 70 लाख रुपए है।

## संक्षेप

### खजुरी की टीम ने अगले चक्र में किया क्वालीफाई



**सुहवल।** रमवल गाँव स्थित खेल मैदान पर बुधवार को आरएफसी रमवल के तत्वावधान में जिलास्तरीय सीनियर मिनी पोल फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी कृष्णानंद राय ने मार्च पास्ट की सलामी लेने के साथ ही खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन के पहले दिन दो अलग अलग मैच खेले गये। जिसमें रक्सहां ने गोडसरा को 2-0 जबकि दूसरे मुकाबलें में खजुरी ने उसियां को ट्राईब्रेकर में 5-3 से पराजित कर अगले चक्र के होने वाले मुकाबले के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। पहला उद्घाटन मुकाबला रक्सहां और गोडसरा के बीच खेला गया। मैंच के शुरूआत से ही दोनों टीमों ने काफी संघर्षपूर्ण मुकाबला देखने को मिला। इस सेराज, साजिद, सुहैल खान,अरबाज खान,दिलशाद,जीशान, अशहर , तासीर खान आदि मौजूद रहे।मैच में निर्णायक शिव शर्मा जबकि उद्घोषक की भूमिका मुसीर खांन ने निभाई।

### ट्रक की चपेट में आने से अधेड़ की गई जान

**कासिमाबाद।** बरेसर थाना क्षेत्र के जहुराबाद चट्टी पर बुधवार की देर शाम ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक अधेड़ की मौत हो गयी। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरेसर थाना क्षेत्र के कुथौरा गांव निवासी रामबचन तिवारी उम्र 60 बुधवार को जहुराबाद चट्टी पर स्थित बैंक के कार्य हेतु गए हुए थे।बैंक का कार्य कर वापसी के दौरान जहुराबाद चट्टी पर अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार रामबचन तिवारी की मौत हो गई ।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक रामबचन तिवारी के 2 पुत्र 3 पुत्री है। मृतक रामबचन तिवारी की मौत से पत्नी लक्ष्मी तिवारी सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बरेसर थानाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। परिजनों के द्वारा तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

### कोमा में गए अधेड़ ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**सैदपुर।** थानाक्षेत्र के बासूपुर गांव में बीते दिनों तेज रफ्तार कार की टक्कर से कोमा में गए अधेड़ ने उपचार के दौरान वाराणसी में दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बीते दिनों सेमरौल निवासी राजेन्द्र विश्वकर्मा 50 बासूपुर में एक मांगलिक कार्यक्रम में शरीक होने गए थे। जहां तेज रफ्तार कार उन्हें टक्कर मारते हुए फरार हो गया था। जिसके बाद से ही राजेन्द्र कोमा में थे। इस बीच इलाज के दौरान उन्होंने दम तो दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

### चिकित्सक को मातृत्व शोक

**गाजीपुर।** ह्रदय रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉक्टर अशोक श्रीवास्तव की पूजनीया माता संकठा देवी का निधन 105 वर्ष की आयु में उनके पैतृक निवास अगस्ता में हो गया। चिकित्सक एवं राजनीतिक दल के सदस्यों ने श्मशान घाट में उपस्थित होकर उनके अंतिम संस्कार का सहभागी बने।

# विपक्षियों पर चलता है योगी का बुलडोजर

**बोले शिवपाल**

**2024 में अधिक सीटें जीतकर केन्द्र में सत्ता परिवर्तन करेगी सपा**

जनसंदेश न्यूज



भुटहियाताड़ स्थित एक होटल में प्रेसवार्ता करते सपा नेता शिवपाल यादव।

**गाजीपुर।** सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने देश और प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। भाजपा राज में अन्याय और अत्याचार चरम सीमा पर है।

उन्होंने कानपुर देहात की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि प्रशासन पूरी तरह से बेरहम और अमानवीय हो गई है। उत्पीड़न की घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है।

बुधवार को शिवपाल यादव भुतहियां टांड़ स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता के दौरान उक्त बातें कहें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोकतंत्र खत्म हो गया है। प्रदेश में बुलडोजर तंत्र चल रहा है। ग्राम समाज की जमीन से कब्जा हटाने पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की आंख के सामने मां बेटी जलकर खाक हो गई। इसके लिए पूरी तरह से योगी सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने में योगी सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का विकास पूरी तरह से ठप है । भाजपा सरकार केवल झूठी आंकड़े बाजी कर रही है। भाजपा सरकार का बुलडोजर केवल विपक्ष के लोगों पर चल रहा है। वह विपक्षियों के खिलाफ बदले की भावना से कार्य कर रही है।

उन्होंने अब्बास अंसारी की पत्नी निकहत की गिरफ्तारी के सवाल पर कहा कि जेल के अंदर परिवार के लोगों को मिलने नहीं दिया जा रही है। यह सरकार पूरी तरह से तानाशाही के रास्ते पर उतर आयी है । उन्होंने कहा कि आगामी 2024 के चुनाव में प्रदेश में समाजवादी पार्टी अधिक से अधिक सीटें जीतेगी और केन्द्र की सत्ता में परिवर्तन होगा ।

उन्होंने कहा कि जनता मंहगाई से पूरी तरह से त्रस्त है ऐसे में वह परिवर्तन करने के मूड में आ चुकी है। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष रामधारी यादव,विधायक ओमप्रकाश सिंह, डा. वीरेंद्र यादव, जै किशन साहू,मन्नू अंसारी, काशीनाथ यादव, विजय यादव, राष्ट्रीय कार्य कारिणी के सदस्य राजेश कुशवाहा, गोपाल यादव आदि उपस्थित थे।

### आज शाहगुलाम हैदर साहब रहमतुल्लाह अलेह दरगाह पीर का उर्स

**कासिमाबाद।** क्षेत्र के बिशुनपुर स्थित शाह गुलाम हैदर साहब रहमतुल्लाह अलेह दरगाह पीर का 167 वां उर्स गुरुवार को मनाया जाएगा। कार्यक्रम दिन में सुबह सात बजे से देर रात आठ बजे तक चलेगा। यह जानकारी आयोजन समिति के सदस्यों ने दी।

# विद्युत चोरी में लिप्त उपभोक्ताओं को दी चेतावनी

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत विद्युत वितरण उपखंड तृतीय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने वार्ड नंबर 17 और सात में केवाईसी एवं विद्युत चोरी में लिप्त लोगों के घर घर जाकर जांच किया।

विद्युत वितरण खंड तृतीय के अधिकारी व कर्मचारी जेई चित्रसेन चौहान के नेतृत्व में विद्युत संबंधित मामलों के अंतर्गत अचानक वार्ड नंबर 17 और 7 में आ धमके जिससे नागरिकों में हड़कंप मच गया। दूसरी तरफ वह नागरिक जो चोरी से कटिया कनेक्शन का विद्युत उपयोग कर रहे हैं, उन्होंने तत्काल तारों को खींचना शुरू कर दिया। नागरिकों को विद्युत चोरी के लिए चेतावनी देते हुए विभागीय कर्मचारियों ने कहा कि पकड़े जाने पर एफ आई आर दर्ज होगा और कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्यक्रम में चित्रसेन चौहान, लाइनमैन सरफराज, गोपाल यादव, रमेश, संजय रोहित ,पप्पू, बृहस्पति तिवारी व अन्य कई कर्मचारी उपस्थित थे।



वार्ड नं-17 में केवाईसी का जांच करते अधिकारी।

# सड़क पर न लगे जाम, प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**मुहिम**

**अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदारों में मचा हड़कंप**

**प्रत्येक बुधवार को अतिक्रमण के खिलाफ चलेगा बुलडोजर**

**गाजीपुर।** जिले में अतिक्रमण हटाओ अभियान बुधवार को चलाया गया। शहर के कदम विशेश्वरगंज से लंका तक प्रशासन का बुल्डोजर चला। वहीं मुहम्मदाबाद, कासिमाबाद, सैदपुर व दिलदारनगर में अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। शहर में दोपहर बाद जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के साथ नगरपालिका की टीम शहर के लंका से मिश्र बाजार के सड़क किनारे से अवैध अतिक्रमण हटाया। प्रशासन ने चेतावनी दी कि पुनः अतिक्रमण किए तो जुमार्ना लगाया जायेगा। बुल्डोजर के पहुंचते ही अतिक्रमणकारियों में भगदड़ मच गया। अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत अब प्रत्येक बुधवार को अभियान चलाया जाएगा। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई समाप्त होते ही सड़क के दोनों किनारे पुनः अतिक्रमणकारियों के कब्जे में आ गए और यातायात बाधित होने लगी। इस संबंध में जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारी एवं नपा ईओ को यातायात नियमों को उल्लघंन करने वाले वाहन चालक एवं दुकानदारों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिससे शहर को अतिक्रमणमुक्त कराया जा सके।



मुहम्मदाबाद में अतिक्रमण हटवाती एसडीएम एवं क्षेत्राधिकारी।



कासिमाबाद में अतिक्रमण हटवाता प्रशासन।



लंका पुलिस पिकेट के पास अतिक्रमण हटाता जेसीबी।

### अतिक्रमणकारियों के खिलाफ फिर चला बुलडोजर

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय नगर पालिका द्वारा पुनः एक बार अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर हंटर चला। बताते चलें की सन 2022 में अतिक्रमण को लेकर नगर पालिका द्वारा कार्रवाई की गई थी। लेकिन इसके अलावा धीरे-धीरे पुनः अतिक्रमण ने अपना स्थान बना लिया। जिसको लेकर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान का हंटर पुनः चलाया गया। बुधवार को पुनः अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर शासन द्वारा सख्त कार्रवाई हुई। अचानक के हुए इस कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। व्यापारी अपना सामान छोड़ भाग खड़े हुए। सब्जी मंडी में सब्जियां तो थी किंतु सड़क पर सब्जी बेचने वाले क्रेता और विक्रेता नदारद थे। कुछ लोगों पर चालान भी काटा गया।अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत उप जिला अधिकारी हर्षिता तिवारी, क्षेत्राधिकारी श्याम बहादुर सिंह,ईओ विरेंद्र राव, कोतवाली प्रभारी रामबचन चौधरी, चौकी प्रभारी कृष्ण प्रताप सिंह आदि मौजूद रहें।

### अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदारों से नोकझोंक

**दिलदारनगर।** स्थानीय नगर पंचायत में अतिक्रमण को लेकर नायब तहसीलदार सेवराई विपीन कुमार के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। नगर पंचायत दिलदारनगर बाजार में अतिक्रमण को लेकर हो रही परेशानी को देखते हुए नायब तहसीलदार विपिन कुमार के नेतृत्व में नगर के रामलीला मैदान से रेलवे फाटक तक अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान नगर पंचायत दिलदारनगर के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि नगर में लगातार अतिक्रमण हटाने का अभियान चलता रहेगा। इस दौरान गौतम,कमलेश, महाजन इत्यादि कर्मचारी रहे। दिलदारनगर में अतिक्रमण हटाने के दौरान एक दुकानदार से अभियान की टीम से नोक झोंक भी हो गई जिस पर नगर पंचायत के कर्मचारियों ने तीन दुकानदारों के खिलाफ करवाई के लिए थाना में तहरीर भी दिया है।

**अतिक्रमण के खिलाफ चला हंटर : कासिमाबाद।** तहसील क्षेत्र के बहादुरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के बाजार में अतिक्रमण से लगने वाले जाम से निजात के लिए बुधवार को एसडीएम के नेतृत्व में जेसीबी से अवैध कब्जे हटवाए गए और अवैध पक्के निर्माण को चिन्हाकित कर जल्द से जल्द अवैध अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया गया। बुधवार को बहादुरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के बाजार में अतिक्रमण की वजह से सड़कसिकुड़ गई थी। जिसके मद्देनजर कासिमाबाद एसडीएम वीर बहादुर यादव व नगर पंचायत अधिशासी और पुलिस टीम के साथ नगर पंचायत क्षेत्र के बाजार में ईदगाह से लेकर स्टेट बैंक, चंद्रिका स्थान तक जेसीबी से अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार जयप्रकाश सिंह ,क्षेत्राधिकारी बलिराम ,नगर अधिशासी एसपी सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद सरवर सहित चौकी इंचार्ज मय पुलिस बल के साथ शामिल रहे।

**अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप : सैदपुर।** नगर में उपजिलाधिकारी व नगर पंचायत के प्रशासक डा. पुष्पेंद्र सिंह पटेल व अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान कस्बे में पटरी व नालियों पर दुकानदारों द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटवाया गया।

पकड़ी पेड़ से अभियान शुरू करके एचएच 29, तहसील, नई सड़क आदि स्थानों पर सैकड़ों लोगों के अतिक्रमण हटाये गए। इसके अलावा नालियों के ऊपर रखी गयी चौकियों, बेंच, होर्डिंग आदि को नगर पंचायत की गाड़ियों में लदवाकर टाउन एरिया पहुंचवाया गया। अभियान के दौरान हड़कम्प मचा रहा।

# ताड़ीघाट रेलवे स्टेशन का अस्तित्व समाप्त

**सुहवल।** 143 साल पुराने ताड़ीघाट रेलवे स्टेशन का पूर्व मध्य रेलवे दानापुर से संपर्क बुधवार को पूरी तरह से कट गया। इस अतिप्राचीन स्टेशन की ओर जाने वाली पुरानी रेल लाइन को 13 नंबर पुलिया से उखाड़ उसे गाजीपुर स्थित सिटी स्टेशन की ओर जाने वाली नई रेल लाइन में जोड़ दिया गया। वहीं यहाँ तैनात सभी कर्मियों को सोनवल निम्रणाधीन स्टेशन शिफ्ट कर दिया गया है। जिससे कि क्षेत्र के लोगों की इस पुराने स्टेशन के दोबारा चालू होने की बची खुची उम्मीदें जहाँ पूरी तरह से समाप्त हो गई। वहीं अब इस अतिप्राचीन स्टेशन का अस्तित्व पूरी तरह से समाप्त हो गया। जिसके बाद से ही यहाँ पूरी तरह से सन्नाटा पसर गया है। मालूम हो कि करीब 143 साल पहले 1880 में ब्रिटिश शासन काल में अंग्रेजो ने अपने आवागमन एवं व्यापारिक उद्देश्यों खाति पूर्व मध्य रेलवे दानापुर खंड से 19 किमी लंबे ब्रांच पर रेल लाइन बिछा गंगा किनारे ताड़ीघाट करीब अस्सी बीघे में रेलवे स्टेशन का निर्माण कराया था। प्राचीन स्टेशन क्षेत्र के करीब दर्जनों गाँव से जुडा है ट्रेन पकडने के लिए यहाँ सदुर जिलामुख्यालय से लगायत अन्य जगहों से लोग आते थे,इस स्टेशन के बंद होने से करीब दर्जनों दुकानदारों ,टैंपों चालकों के सैकडों परिवारों के समक्ष विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस संबंध में आरबीएनएल के सीपीएम विकास चंद्रा ने बताया कि ताड़ीघाट स्टेशन की ओर जाने वाली पुरानी रेल लाइन को 13 नंबर पुलिया से उखाड़ उसे सिटी स्टेशन तक जाने वाली नई रेल लाइन से जोड़ दिया गया है,बताया कि ताड़ीघाट स्टेशन हमेशा के लिए बंद कर दिया गया है।



ताड़ीघाट स्टेशन बंद किए जाने के बाद पसरा सन्नाटा।

## जनसंपादकीय

# तीन पूर्वोत्तर राज्यों में बिछ चुकी है चुनावी बिसात

**दिनकर कुमार**



तीन पूर्वोत्तर राज्यों में 180 सीटों पर विधानसभा चुनाव 16 फरवरी को भाजपा शासित त्रिपुरा से शुरू होगा और इसके बाद मेघालय और नागालैंड में 27 फरवरी को एक साथ मतदान होगा, जहां भगवा पार्टी क्षेत्रीय दिग्गजों के नेतृत्व वाले गठबंधन के क्रम में दूसरे स्थान पर है। मतगणना दो मार्च को होनी है।

ये तीन पूर्वोत्तर राज्य 2023 में भारत के व्यस्त चुनावी मौसम की शुरूआत करेंगे?। चूंकि इसके बाद कर्नाटक, मिजोरम, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव होंगे। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में भी चुनाव हो सकते हैं। ये चुनाव 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए टोन सेट करेंगे जब भारत अपनी नई सरकार चुनने के लिए मतदान करेगा।

भाजपा के मुख्यमंत्री वर्तमान में पूर्वोत्तर के सात हुए राज्यों में से चार में सरकारों का नेतृत्व करते हैं, यह मेघालय को सूची में जोड़कर कम से कम एक की वृद्धि की आकांक्षा रखता है। भाजपा के पूर्वोत्तर रणनीतिकार और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ईसाई-बहुल मेघालय में अगली सरकार बनाने की पार्टी की आकांक्षा के बारे में खुलकर बताया है। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस भी सीएम संगमा के क्षेत्र में पैठ बनाने का लक्ष्य बना रही है।

**प्रद्युत माणिक्य, जो पहले कांग्रेस के साथ थे, ने आदिवासी सीटों पर प्रभाव के आधार पर टिपरा मोथा की स्थापना की है। अलग तिप्रालैंड की मांग का जो भी समर्थन करेगा, वह उसका समर्थन करेगी।**

2024 में लोकसभा के लिए बड़ी लड़ाई एक और कारण है कि बीजेपी को सरकार में बने रहने के लिए पर्याप्त सीटों से अधिक हासिल करने के लिए अतिरिक्त तत्पर देखा जा रहा है। सात बहनों के पास संयुक्त रूप से 24 लोकसभा सीटें हैं, जिनमें से 17 वर्तमान में एनडीए के पास हैं। एकमात्र पूर्वोत्तर राज्य जहां भाजपा की सरकार में हिस्सेदारी नहीं है, वह मिजोरम है। हालांकि, सीएम जोरमथांगा की एमएनएफ केंद्र में एनडीए की सहयोगी बनी हुई है। मिजोरम में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं।

कांग्रेस, जिसने दशकों तक इस क्षेत्र पर शासन किया, तीनों चुनावी राज्यों में चोटिल और पस्त पड़ी है। सबसे पुरानी पार्टी ने पिछली बार नागालैंड और त्रिपुरा में एक भी सीट नहीं जीती थी। मेघालय में, जहां यह 2018 में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी, पूर्व सीएम मुकुल संगमा ने पिछले साल कांग्रेस के आधे से अधिक विधायकों को टीएमसी में ले लिया।

लगभग 62.8 लाख योग्य मतदाता, पुरुषों की तुलना में महिलाओं की अधिक संख्या के साथ, पूर्वोत्तर चुनावी प्रतियोगिता की कुंजी रखते हैं। 60 सदस्यीय विधानसभा वाले तीन राज्यों में 18-19 आयु वर्ग में 1.76 लाख नए पात्र मतदाता हैं और 80 से अधिक आयु वर्ग में 97,100 मतदाता हैं, जिनमें से 2,644 सौ साल से अधिक के हैं।

हिंसा के खतरे के कारण त्रिपुरा में मतदान पहले निर्धारित किया गया, जिसके लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की एक बड़ी संख्या की आवश्यकता थी। इसके अलावा, त्रिपुरा एक रेलहेड होने के नाते केंद्रीय बलों तक सीधी पहुंच की अनुमति देता है, जिनमें से कुछ पहले ही राज्य में पहुंच चुके हैं। त्रिपुरा में एक बार मतदान पूरा हो जाने के बाद, इनमें से अधिकांश बल नागालैंड और मेघालय में चले जाएंगे। त्रिपुरा और अन्य दो राज्यों में मतदान के बीच 12 दिनों का अंतर प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए है।

त्रिपुरा में 2018 के चुनावों में बीजेपी ने 33 सीटें जीतीं, इंडिजेनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) ने 4, सीपीएम ने 15 और कांग्रेस ने एक सीट जीती।

बीजेपी ने 2018 की अपनी जीत में लंबे वामपंथी शासन का अंत किया और बिप्लब देब मुख्यमंत्री बने। लेकिन पार्टी को अक्षमता के मुद्दों पर मई 2022 में उन्हें हटाना पड़ा और डॉ माणिक साहा को नया सीएम बनाया गया।

इसके अलावा भाजपा के अपने प्रमुख सहयोगी - आदिवासी संगठन इंडीजेनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) के साथ संबंध खराब हैं। केंद्रीय गृह मं

दूसरी ओर, त्रिपुरा में लेफ्ट और कांग्रेस एक साथ आ गए हैं, जैसे उन्होंने 2021 में पश्चिम बंगाल में भाजपा को हराने के लिए गठबंधन किया था।

इसके अलावा, प्रद्युत माणिक्य, जो पहले कांग्रेस के साथ थे, ने आदिवासी सीटों पर प्रभाव के आधार पर टिपरा मोथा की स्थापना की है। अलग तिप्रालैंड की मांग का जो भी समर्थन करेगा, वह उसका समर्थन करेगी। बीजेपी के हंगशा कुमार त्रिपुरा भी अपने आदिवासी समर्थकों के साथ टिपरा मोथा में शामिल हो गए हैं. इससे पहले सितंबर में भाजपा विधायक बरबा मोहन त्रिपुरा भी तिपरा में शामिल हुए थे।

मेघालय में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के कोनराड संगमा मुख्यमंत्री हैं। एनपीपी के 20, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) के 8, पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीएफ) के 2, बीजेपी के 2 और 2 निर्दलीय हैं। विपक्षी टीएमसी के पास 9 सीटें हैं। कांग्रेस से आए मुकुल संगमा के साथ 14 सीटें खाली हैं।

2018 में मेघालय विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी, लेकिन 60 सदस्यीय विधानसभा में उसकी 21 सीटों की संख्या कम हो गई।

राज्य में सरकार बनाने के लिए भाजपा ने एनपीपी का समर्थन किया था। कोनराड संगमा मुख्यमंत्री बने। हाल ही में, एनपीपी और भाजपा के बीच दरारें सामने आईं।

2018 में बीजेपी को सिर्फ दो सीटों पर जीत मिली थी. पार्टी का लक्ष्य इस बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व करना है। हिमंत बिस्वा सरमा, जो 2015 में कांग्रेस से बीजेपी में आए थे और अब नॉर्थ ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस (एनईडीए) के संयोजक हैं, सहयोगी दलों के बीच संबंधों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

एनपीपी के मेघालय डेमोक्रेटिक अलायंस (एमडीए) और बीजेपी को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से कड़ी टक्कर मिलेगी। कांग्रेस भी कमर कस चुकी है।

नागालैंड में सत्तारूढ़ गठबंधन यूनाइटेड डेमोक्रेटिक एलायंस में नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी,बीजेपी और नागा पीपुल्स फ्रंट शामिल हैं। एनडीपीपी के नेफ्यू रियो मुख्यमंत्री हैं।

2018 के चुनावों से पहले बना एनडीपीपी-बीजेपी गठबंधन नागालैंड में मजबूत होता जा रहा है। नागालैंड में कोई विरोध नहीं है। एनपीएफ के 21 विधायक यूडीए में शामिल हो गए। 2018 में एनपीएफ को 26, एनडीपीपी को 18, बीजेपी को 12, एनपीपी को 2, जेडीयू को 1 और 1 निर्दलीय सीट मिली थी।

सात जनजातियां राज्य के 16 जिलों को अलग कर अलग राज्य 'फ्रंटियर नागालैंड' की मांग कर रही हैं। केंद्र सरकार ने हाल ही में ईस्टर्न नागालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन (ईएनपीओ) के साथ बैठक की ताकि कोई रास्ता निकाला जा सके।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं कवि हैं)**

# हिंडनबर्ग रिसर्च: भारतीय मीडिया की खामोशी

## समय- संदर्भ

**डॉ. ललित कुमार**



अमेरिका की वित्तीय शोध संस्था हिंडनबर्ग ने भारतीय कॉरपोरेट घराने के सबसे बड़े समूह यानी गौतम अडानी पर सीधे निशाना साधा है। दुनिया में कभी तीसरे पायदान पर सबसे अमीर बिजनेसमैन की हैसियत रखने वाले गौतम अडानी (14 फरवरी, मंगलवार तक) अब 20 अमीर लोगों की सूची से बाहर चुके है। हिंडनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद अडानी समूह की कंपनियों में एक के बाद एक भारी गिरावट देखने को मिल रही हैं। रिपोर्ट आने से पहले गौतम अडानी की संपत्ति 120 अरब डॉलर थी। फोर्ब्स रियल टाइम बिलनियर्स के अनुसार, अडानी की कुल संपत्ति अब 52.2 अरब डॉलर तक जा पहुंची है। दिसंबर, 2022 में अडानी ग्रुप की कुल संपत्ति 155.7 अरब डॉलर तक आंकी गई थी। 24 जनवरी 2023 को आई हिंडनबर्ग रिपोर्ट के कारण अडानी समूह की एक दिन में तुरंत 7 अरब डॉलर से ज्यादा तक की गिरावट देखी गई थी। जिस वजह से उनकी संपत्ति को अब तक 60 से 65 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। इस रिपोर्ट में अडानी के कर्ज पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं, जिस कारण अडानी समूह पर एकाउंटिंग फ्रॉड और स्टॉक मैनिपुलेशन के साथ-साथ ही उन पर भारत से सबसे ज्यादा कर्ज लेने का भी आरोप है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि अडानी समूह ने भारत के कॉर्पोरेट इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी ठगी की है, जिस कारण भारत का शेयर बाजार ताश के पत्तों की तरह ढहता चला जा रहा है।

हिंडनबर्ग के संस्थापक 38 वर्षीय नाथन एंडरसन (इजराइल, एंबुलेंस ड्राइवर) ने वर्ष 2017 में इस कंपनी की स्थापना की। नाथन एंडरसन ने अमेरिका की कनेक्टिकट यूनिवर्सिटी से इंटरनेशनल बिजनेस में डिग्री हासिल की, जो दुनिया की टॉप रिसर्च यूनिवर्सिटी में शामिल है। ब्लू हेरोन कैपिटल और टैंगेटल कैपिटल फॉर्म में पूंजी जुटाने के साथ-साथ अनुसंधान की दिशा में एंडरसन का यह पहला कदम था। एंडरसन की सबसे बड़ी जीत तब हुई जब उन्होंने हेज फंड प्लेटिनम पार्टनर्स कंपनी में धोखाधड़ी का पता लगाया। इस वजह से दुनिया की ज्यादातर बड़ी कंपनियां एंडरसन से डरती है। हिंडनबर्ग फॉर्म का उद्देश्य मानव निर्मित आपदाओं की तलाश करना है। जैसे अनियमितताओं का प्रबंधन और अघोषित लेनदेन में कॉर्पोरेट आपदाओं को उजागर करना इस रिसर्च फर्म की सबसे बड़ी खासियत है।

एंडरसन फर्म ने अब तक दुनिया की 16 कंपनियों पर निशाना साधा है। जिनमें सभी पर लगाए गए आरोप सच साबित हुए हैं। यह फर्म मात्र 10 लोगों को लेकर काम करती है, जिसमें ज्यादातर पूर्व पत्रकार और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के विश्लेषक शामिल हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च के पास कॉर्पोरेट के गलत कामों को उजागर करने का अब तक का सबसे बड़ा ट्रैक रिकॉर्ड है। हिंडनबर्ग ने अपनी इस रिपोर्ट में भारत की जनता पर चिंता जताते लिखा है कि अडानी समूह के साथ कई सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंक और एलआईसी की सबसे बड़ा हिस्सेदारी है, इसलिए भारत के सार्वजनिक क्षेत्रों में सबसे ज्यादा नुकसान अगर किन्ही दो क्षेत्र को होता है, तो वह है भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई)। हिंडनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद मुख्यधारा मीडिया घरानों ने चुप्पी साधकर न केवल तमाशा देखा बल्कि इस रिपोर्ट में कोई दिलचस्पी नही दिखाई। साथ ही सेबी जैसी संस्था का मौन होना भी कई तरह के सवाल खड़े करने वाला रहा। भारतीय संपत्ति और 140 करोड़ लोगों को दांव पर लगाकर गौतम अडानी को एक के बाद एक कई सार्वजनिक क्षेत्रों में दखलंदाजी करने के लिए खुली छूट दी गयी। कारोबार की दुनिया में अडानी का बढ़ता ऐसा रुतबा, जिसने हर किसी को चौंका दिया। यानी जो व्यक्ति एक ही झटके में अंबानी समूह को पीछे छोड़कर एशिया का सबसे बड़ा अमीर कारोबारी बन बैठा। लेकिन हिंडनबर्ग शोध संस्था ने आपने दो साल के अध्ययन में अडानी समूह के पूरे साम्राज्य पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करके यह बता दिया कि यह कॉर्पोरेट घराना भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और झूठ-फरेब पर टिका है।

इस संस्था ने अडानी समूह को जिन 88 सवालों को भेजा है, उसका जवाब देने के बजाय अडानी भारतीय मीडिया में अपना झूठ को छिपाने के लिए देश के बड़े प्रिंट मीडिया घरानों को विज्ञापन देकर उनका मुंह बंद करा दिया। जिसके बाद से कई समाचार पत्रों में फुल पेज के विज्ञापन के चलते हिंडनबर्ग रिपोर्ट का कहीं कोई जिक्र तक नही हुआ। यानी इतनी बड़ी रिपोर्ट का आना और उस पर मीडिया की डलता पर्दा सीधे तौर पर भारतीय मीडिया की बेशर्मी को दिखाता है। प्रिंट मीडिया से लेकर इलेक्ट्रोनिक मीडिया ने हिंडनबर्ग रिसर्च पर सही से विश्लेषण करना उचित नहीं समझा। देश के प्रतिष्ठित अखबारों में एक-एक कॉलम में लिखी गई खबरें साफ तौर पर दिखाती है कि मीडिया में नेगेटिव न्यूज के लिए कोई स्थान नहीं है जोकि बहुत गलत है। यानी अब समझ में आ रहा है कि अडानी को एनडीटीवी क्यों चाहिए था? अपने झूठ-फरेब को छुपाने के लिए एनडीटीवी को खरीदने का कारण कहीं यही भर तो नहीं था, ताकि मीडिया मैं जब उसकी पोल खुले तो उसके सारे काले कारनामों को दबाया जा सके।

28 जनवरी 2023 यानी शनिवार को कई प्रिंट मीडिया घरानों का मुंह बंद करने के लिए फुल पेज का विज्ञापन दिया गया, जो यह बताता है कि कैसे विज्ञापन के आसरे प्रिंट मीडिया घराने अब कॉर्पोरेट घराने के सामने नतमस्तक है। एनडीटीवी से लेकर अडानी पर हिंडनबर्ग की पोल खोलने की खबर प्रिंट मीडिया हाउस के लगभग समाचार पत्रों में गायब रही, यानी अब समझ में आ रहा है कि अडानी क्यों आने वाले समय में मीडिया में एक बड़ी हिस्सेदारी बढ़ाने जा रहा है। अंबानी के बाद अब अडानी भारतीय मीडिया पर एकाधिकार करने की फिराक में है ताकि भारतीय मीडिया उसके इशारों पर नाच सके।




अधिकांश बड़े मीडिया घराने ने हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट को दबा डाला, जिसकी खुले तौर पर कहीं कोई चर्चा नही हुई। हिंडनबर्ग रिपोर्ट की आलोचना करने में मुख्यधारा मीडिया ने अडानी को बचाने के लिए सारे पैंतरों का इस्तेमाल किया, जिनमें अनेक बड़े मीडिया घरानें शामिल हैं। ऐसे तमाम न्यूज चैनल्स ने प्राइम टाइम शो के जरिए अडानी के कसीदे पढ़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। एक डिबेट शो में हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर आर्थिक आतंकवाद फैलाने का आरोप लगा। एक अन्य चैनल 24 जनवरी से लेकर 30 जनवरी तक हिंडनबर्ग पर कोई खबर नहीं चलाता है, लेकिन 31 जनवरी के प्राइम टाइम शो के एंकर सीधे तौर पर इसे विपक्ष की चाल बताते हैं और कहते है कि यू टूबर देश की आर्थिक नीति तय नहीं कर सकते है। यानी मुख्यधारा मीडिया को गिरती आर्थिक गिरावट का जरा भी आभास नहीं है। अब तो ऐसा लगता है कि मुख्यधारा मीडिया ने अडानी को लेकर कसम खायी हुई है कि जब तक हम हैं आपको कुछ नहीं होने देंगे, तो ऐसे में समझ जाना चाहिए कि जब एंकर पत्रकारिता करना छोड़ दे, तो देश का कॉर्पोरेट घराना और राजनेता ऐसे ही देश में लुट मचाते रहेंगे। लेकिन ऐसे में वैकल्पिक मीडिया ने अपना काम भली भांति निभाया, जिसके चलते देश के सामने अडानी के सारे काले कारनामों का सच उजागर हो सका।

भारतीय मीडिया की कवरेज को अगर छोड़ दें तो अरब और पश्चिमी देशों की मीडिया में हिंडनबर्ग रिसर्च की चर्चा जोरो शोरों से है। अब नौबत यहां तक आने लगी है कि विदेशी बैंको द्वारा अडानी को फंड न देने के लिए खिलाफ लोग धरने पर बैठने लगे है। लेकिन भारत में यह स्थिति एकदम उलट है, एक ओर जहां वैश्विक मीडिया में हिंडनबर्ग रिसर्च भारत के इस भ्रष्ट कारोबारी का कच्चा चिट्ठा खोल रही है, तो वहीं भारतीय मीडिया विज्ञापन की घुट्टी पीकर चैन की नींद फरमा रहा है। देशभर के प्रिंट मीडिया घरानों में फुल पेज का विज्ञापन ऐसा था कि पाठक हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट को ढूंढते रह गए। लेकिन अडानी ग्रुप ने इस विज्ञापन के जरिए देश में एक ऐसा माहौल बनाया कि अडानी वास्तव में राष्ट्र निर्माण में अपना अहम योगदान दे रहा है।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट ने अडानी समूह पर जिस तरीके का शिकंजा कसा उससे पूरे कॉर्पोरेट जगत में खलबली मची और अडानी समूह के सारे काले कारनामें एक-एक करके उजागर होने लगे। इसलिए अडानी ने मीडिया के उन घरानों पर सबसे पहले फंदा फेंका जहां उसको सबसे ज्यादा डर था कि अगर देश के इन टॉप मीडिया घरानों में हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट छप जाती है तो अडानी समूह का दिवालियापन हो सकता है। जिनमें ऐसे अखबार शामिल हैं जो हमेशा से अडानी के खिलाफ लिखते रहे हैं, लेकिन इस बार अडानी ने सबसे पहले इन मीडिया हाउस को अपनी ताकत का एहसास कराया है।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट आने से निवेशकों और कारोबारियों में एक डर का माहौल है। अब ऐसे में सवाल अडानी ग्रुप का नहीं है, बल्कि सवाल उन लाखों-करोड़ों उपभोक्ताओं का है, जिनका बैंकिंग और इंश्योरेंस सेक्टर में अपना पैसा लगा है। लेकिन इन्हीं सवालों से बचने के लिए अडानी इन मीडिया घरानों पर अपना शिकंजा कसना चाहता है। रिपोर्ट आने के बाद से अडानी कॉर्पोरेट का अब एक चमकता हुआ सितारा नहीं, बल्कि निवेशकों के लिए एक भय का पर्याय बन चुका है। जिससे हर कोई अब संभलकर चलना चाहता है। अडानी ने अखबारों में दिए विज्ञापन के जरिए यह बताने की कोशिश की कि आपको डरने की जरूरत नहीं है। हम राष्ट्र निर्माण में एक अग्रणी भूमिका निभाने जा रहे हैं। अडानी का कब्जा जमीन से लेकर आसमान तक, पानी से लेकर सड़कों तक तेल से लेकर ग्रीन एनर्जी तक यानी सब जगह अडानी समूह छाया है। अखबारों को दिए गये विज्ञापन में अडानी ने यह झलक दिखा दी कि कैसे अडानी समूह का कारोबार देश के टॉप बिजनेस हाउस में शामिल है। यानी इस विज्ञापन में ठीक वैसे ही भाषा का इस्तेमाल हुआ जैसी भाषा अमूमन बीजेपी के विज्ञापनों में देखने को मिलती है। जो यह दिखाना चाहते हैं कि यह सरकार सारा कारोबार किसी मुनाफे के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा के लिए कर रही है। अब इसे झूठ का फालूदा कहे या फिर भ्रष्टाचार में लिप्त कारोबार की गाथा। इसलिए ऐसे में सोचना आपको और हमको है कि देश की सार्वजनिक संपत्ति पर अधिकार वास्तव में किसका है?

**(लेखक श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भिलाई में पत्रकारिता के सहायक प्रोफेसर हैं)**

# चुनावी रण में पुरानी पेंशन का मुद्दा

## प्रसंगवश

**राजेश माहेश्वरी**



पुरानी पेंशन का मुद्दा राजनीतिक गलियारों में लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पुरानी पेंशन की बहाली बड़ा मुद्दा थी। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने अपने चुनाव प्रचार में पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली को खास तवज्जो दी। जिसका फल भी उसे मिला और उसकी सत्ता में वापसी हुई। असल में पुरानी पेंशन बहाली की मांग देशभर में काफी समय से उठ रही है। लेकिन वो कभी प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं बनी। लेकिन हिमाचल चुनाव में ये मुद्दा बनी और अब ये उम्मीद है कि इस वर्ष कई राज्यों के विधानसभा चुनाव और 2024 के आम चुनाव में ये मुद्दा बनकर उभरेगी। केंद्र और कई राज्यों में बीजेपी की सरकार होने के बाद भी पार्टी सीधे इस पर बोलने से बचती है।

पिछले दिनों कांग्रेस शासित राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल व पंजाब सरकार ने पुरानी पेंशन योजना लागू की है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भले ही राज्यों को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की ओर लौटने के खिलाफ चेतावनी दी हो, लेकिन कई राज्य पहले ही इसकी तरफ वापस आने की घोषणा कर चुके हैं। फिलहाल तो ओपीएस पूर्वोत्तर के राज्य त्रिपुरा में भी एक चुनावी मुद्दा बन चुकी है। यहां 16 फरवरी को विधानसभा चुनाव होने हैं। वाम मोर्चे ने सत्ता में आने पर ओपीएस लाने का वादा किया है. गौरतलब है कि पूर्वोत्तर राज्य में 28 लाख मतदाताओं में 1.04 लाख सरकारी कर्मचारी और 80,800 पेंशनभोगी हैं। इसलिए यहां यह मुद्दा काफी मायने रखता है।

पुरानी पेंशन स्कीम को दरकिनार करते हुए वाजपेयी सरकार इसके बदले में एक नई पेंशन योजना (एनपीएस) लेकर आई थी जिसे 2004 से पूरे देश में लागू कर दिया गया था। पुरानी पेंशन स्कीम में कम से कम 20 सालों तक काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों की पेंशन सेवानिवृति से पहले लिए गए अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत होती है और यह पूरी राशि सरकार की तरफ से दी जाती है। पेंशन का भुगतान कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के समय किया जाता है।

वहीं दूसरी तरफ एनपीएस यानी नई पेंशन स्कीम अंशदान आधारित पेंशन योजना है। इसमें कर्मचारी के साथ-साथ सरकार भी अंशदान देती है। सरकार और कर्मचारी मिलकर कर्मचारी के वेतन का क्रमशः 10 फीसदी और 14 फीसदी पेंशन फंड में योगदान करते हैं। इस पेंशन फंड का निवेश पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा डायवर्सिफाइड पोर्टफोलियो में किया जाता है। दरअसल विचार यह है कि ये अंशदान बढ़ेंगे और इसलिए सरकार जरूरत पड़ने पर पेंशन का भुगतान करने के लिए इन फंडों का इस्तेमाल कर सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने कई रिपोर्टों में ओपीएस में वापसी को राजकोष पर बढ़ते भार के रूप में रेखांकित किया है क्योंकि यह केंद्र सरकार की देनदारी को कई गुना बढ़ा देता है।

वहीं दूसरी ओर देश के कई जाने-माने अर्थशास्त्री भी आर्थिक सुधारों व वित्तीय संतुलन की कवायद के बीच पुरानी पेंशन के देशव्यापी बोझ से अर्थव्यवस्था के दबाव में आने की आशंका जता रहे हैं। पिछले दिनों हिमाचल के चुनाव में ओल्ड पेंशन बड़ा सियासी मुद्दा बना, भाजपा ने उसकी कीमत भी चुकाई। बताते हैं कि पेंशन योजना लागू होने से राज्य पर नई पेंशन के मुकाबले चार गुना वित्तीय बोझ बढ़ेगा। इस समय हिमाचल में पेंशन पर लगभग 7500 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। ऐसे में पहले ही कर्ज में डूबी सरकारें वित्तीय सुशासन स्थापित कर पाएंगी, इस बात में संदेह है। वहीं केंद्र की तरफ से कोई वित्तीय सहयोग की बात नहीं कही गई है। योजना आयोग के पूर्व डिप्टी चेयरमैन मोंटेक सिंह अहलूवालिया ओल्ड पेंशन योजना को अव्यावहारिक व भविष्य में आर्थिक कंगाली लाने वाला बता चुके हैं। उन्होंने पिछले दिनों कहा कि इसका परिणाम यह होगा कि दस साल बाद वित्तीय अराजकता पैदा हो जाएगी। उनके बयान के बाद इस मुद्दे पर नये सिरे से बहस छिड़ गई है।

**ऐसे में पहले ही कर्ज में डूबी सरकारें वित्तीय सुशासन स्थापित कर पाएंगी, इस बात में संदेह है। वहीं केंद्र की तरफ से कोई वित्तीय सहयोग की बात नहीं कही गई है। योजना आयोग के पूर्व डिप्टी चेयरमैन मोंटेक सिंह अहलूवालिया ओल्ड पेंशन योजना को अव्यावहारिक व भविष्य में आर्थिक कंगाली लाने वाला बता चुके हैं। उन्होंने पिछले दिनों कहा कि इसका परिणाम यह होगा कि दस साल बाद वित्तीय अराजकता पैदा हो जाएगी। उनके बयान के बाद इस मुद्दे पर नये सिरे से बहस छिड़ गई है।**

विपक्ष के पास मुद्दों का अभाव है। लेकिन पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे पर विपक्षी दलों को पेंशनधारकों का साथ मिलता दिखाई दे रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पहाड़ी राज्य हिमाचल में बीजेपी की हार की बड़ी वजह ओपीएस फैक्टर भी रहा, जिसे कांग्रेस ने लागू करने का वादा किया था। 2002 के यूपी विधानसभा चुनाव में मुख्य विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी ने ओल्ड पेंशन स्कीम को घोषणापत्र में शामिल किया था। पार्टी को इसका जबरदस्त फायदा भी मिला और 111 सीटों पर जीत दर्ज की। जीत के बावजूद बीजेपी की सीटें घट गई, जिसका कारण ओपीएस को ही माना गया। यूपी में कर्मचारी इसे लागू करने की मांग को लेकर सड़कों पर भी उतरे थे।

2024 में लोकसभा का चुनाव है। लोकसभा चुनाव तक राजस्थान, एमपी समेत 9 राज्यों में विधानसभा के भी चुनाव होंगे। देश में करीब 2 करोड़ 25 लाख सरकारी कर्मचारी हैं। साथ ही जिन राज्यों में चुनाव होने हैं, वहां भी सरकारी कर्मचारियों की तादात ज्यादा हैं। ऐसे में यह तय माना जा रहा है कि ओपीएस बड़ा चुनावी मुद्दा बनेगा। अब तक कांग्रेस शासित राजस्थान, छत्तीसगढ़ और झारखंड ने ओपीएस लागू कर दी है। हिमाचल में भी सरकार बनने के बाद सरकार ने ओपीएस लागू करने का ऐलान किया है। पंजाब की आप सरकार भी ओपीएस को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर चुकी है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि गैर-भाजपा शासित राज्यों ने पुरानी पेंशन योजना को लागू करके जो राजनीतिक तीर छोड़ा है, उसने केंद्र की मोदी सरकार की परेशानी बढ़ाने का काम किया है।

इस योजना से कर्मचारियों में उत्साह है और अन्य राज्यों में भी कर्मचारी संगठन इसे लागू करवाने के लिये दबाव बना रहे हैं। चिंता जताई जा रही है कि कहीं ये मुद्दा अगले आम चुनाव में भाजपा के लिये मुश्किलें पैदा न कर दे। 2018 में किसान कर्ज माफी स्कीम को कांग्रेस ने बड़ा मुद्दा बनाया था। पार्टी ने राजस्थान, एमपी और छत्तीसगढ़ में 2 लाख रुपए तक के कर्ज माफ करने का ऐलान किया था। इसका फायदा भी पार्टी को मिला और तीनों राज्यों में सरकार बनी थी। किसान कर्ज माफी को देखते हुए केंद्र सरकार ने किसानों के लिए 6 हजार रुपए सालाना सहयोग राशि देने की घोषणा की, जिससे बीजेपी को 2019 चुनाव में राहत मिली थी। राजनीतिक विशलेषकों की माने तो कांग्रेस मन बना चुकी है कि नौकरीपेशा मध्यम वर्ग से टूटे तार जोड़ने के लिए पुरानी पेंशन स्कीम को गरमाया जाएगा। संकेत है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली को अहम चुनावी मुद्दा बनाएगी। सार यह है कि ओपीएस कर्मचारियों को लुभाने के लिये विपक्ष का सबसे बड़ा अस्त्र बनने वाला है।

निस्संदेह, जीवन भर नौकरी के जरिये सेवा करने वाले व्यक्ति को बुढ़ापे के लिये आर्थिक संरक्षण जरूरी है। ये लोककल्याणकारी सरकारों का दायित्व भी होता है। लेकिन लोककल्याण का मतलब ऐसा भी नहीं होना चाहिए कि देश की हालत श्रीलंका व पाकिस्तान जैसी हो जाए। दरअसल, अर्थशास्त्री मानते हैं कि देश की जनता को जागरूक करने की जरूरत है कि इस फैसले की भविष्य में हमें कीमत चुकानी पड़ेगी और विकास के हिस्से का धन गैर-उत्पादक कार्यों में खर्च होगा। कर्मचारियों को तो इसका लाभ होगा, लेकिन देश का बड़ा तबका उसकी कीमत चुकाएगा। केंद्र सरकार पर इसको लागू करने का दबाव होगा, लेकिन साथ ही इसके दूसरे पक्ष को भी लोगों को समझना चाहिए। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि राजनीतिक तौर पर लिये गये गैरजिम्मेदार फैसले की कीमत हमारी आने वाली संतानों को चुकानी पड़ेगी।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

## व्यंग्य

# दुष्यंत की शायरी और सियासत



**अरविंद तिवारी**

मुझे कई बार लगता है,दुष्यंत की शायरी,शायरी नहीं एक लोक लुभावना बजट है,जिसमें हर किसी को कुछ न कुछ दिया गया है।कहीं से कोई शेर निकालो और काम में ले लो।मकान मालिक घुड़की दे रहा है,तो दुष्यंत का यह शेर सुना दो उसेयहां तो सिर्फ गूंगे और बहरे लोग बसते है....।मकान मालिक की सिट्टी पिट्टी गुम हो जाएगी।बॉस अगर आपको शो कॉज नोटिस जारी करे, तो दुष्यंत जी का शेर लिख दोआप दस्ताने पहनकर छू रहे हैं आग को...।बॉस घबरा जाएगा और अपना नोटिस वापस ले लेगा।गांव के प्रायमरी स्कूल वाले शिक्षक से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक,दुष्यंत जी को आसानी से कोट कर देते हैं।मान लो दुष्यन्त ने यह शायरी नहीं कही होती,तो क्या करते ये लोग?मीर और गालिब को कोट करना कतई आसान नहीं है।रट रटाकर उन्हें पढ़ भी दें तो,उस शायरी का सही अर्थ समझना मुश्किल होगा।फिर जिनके सामने पढ़ा जा रहा है,उनके ऊपर से नहीं गुजर जाएंगे ये मीर गालिब, इसकी क्या गारंटी है?जहां तक धूमिल की व्यंग्य कविता की बात है,विपक्ष के तो काम आ सकती है,पर सत्तापक्ष के किसी काम की नहीं है।मनमोहन सिंह जी बतौर वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री,कठिन शायरी कोट करते रहे।यह दीगर बात है कि उनकी शायरी बहुत कम लोगों को सुनाई दे पाती थी।जो किसी तरह सुन लेते थे,वे समझ नहीं पाते थे।पर सदन में बैठे दोनों तरफ के नेता ऐसे मेजें थपथपाते थे,जैसे वे सब महान सुखनवर हों!

कई बार लगता है दुष्यंत ने शेर नहीं कहे,अवैध असलाहों का निर्माण किया है!उनके शेर किसी के लिए बंदूक हैं,किसी की लाठी हैं,तो किसी के लिए तीर या तमंचा।हाथ से चलाओ या फेंक कर मारो,निशाना खाली नहीं जा सकता।और सबसे मजेदार बात तो यह है कि उसी गजल का कोई शेर सत्तापक्ष की बन्दूक है,तो उसी गजल का अन्य शेर विपक्ष का देसी तमंचा!दूसरी गजल खोलने की जरूरत ही नहीं।एक ही गजल सबके काम आ रही है।ऐसा चमत्कार किसी अन्य शायर की शायरी में दिखाई नहीं देता।गजल के जानकार भले ही कहते रहें, दुष्यंत की गजलें व्याकरण के मानदंडों पर खरी नहीं हैं, पर सियासत के मानदंडों पर खूब खरी उतर रही हैं।हर साल संसद में कोट की जाती हैं।सदन में नेता लोग एक दूसरे को इन्हीं गजलों से पीट रहे हैं।सबको दिखाई नहीं देती,पर इनकी मार इतनी भयावह होती है कि जो पिटता है वही जानता है।दुष्यंत के शेरों से कसकर पिटने वाला तिलमिलाकर रह जाता है।वह अपनी देह में पीर लिए,हो गई है पीर पर्वत सी.... गाता रहता है।

इस बार बजट सत्र में प्रधानमंत्री जी ने दुष्यंत की एक गजल का मतला कोट कर दिया।तुम्हारे पांव के नीचे कोई जमीन नहीं...।विपक्ष के सदस्यों ने इसी गजल के बाकी शेर पढ़ दिए।बाकी के शेर सत्तापक्ष के खिलाफ अर्थ दे रहे थे।...तू इस मशीन का पुर्जा है,मशीन नहीं.. पर खूब तालियां मिलीं।मामला पूरी तरह जमने ही वाला था कि किसी ने टोक दिया,यह मशहूर गजल तो दुष्यंत ने इमरजेंसी के खिलाफ लिखी थी।सत्तापक्ष,इस जानकारी से धराशाई होते होते बच गया।फायर जो था,वह मिस फायर में बदल गया!विपक्ष दुष्यंत को सदन में लाना चाहता था,पर इमरजेंसी की चर्चा, किसी पनौती की तरह चली आई।...फिसले जो उस जगह तो लुढ़कते चले गए,हमको पता नहीं था कि इतना ढलान है..।विपक्ष दुष्यंत जी के इसी शेर को कोसने लगा।

सियासत के पंडित इस बात पर आश्चर्य व्यक्त कर रहे हैं कि विपक्ष ने पी एम के भाषण के समय लोकसभा में कम हंगामा किया,जबकि राज्यसभा में ज्यादा।इसका कारण यह था कि पी एम ने लोकसभा में दुष्यंत को कोट किया था।इसलिए विपक्ष के हाईकमान ने सदस्यों की क्लास ले डाली।आप लोग दुष्यंत को तुरंत पढ़ो।विपक्षी सदस्यों ने दिन रात दुष्यंत को पढ़ा।तब जाकर कहीं राज्यसभा में हंगामा हुआ।दुष्यंत ने प्रेरित कियाकोई हंगामा करो ऐसे गुजर होगी नहीं।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# बुलडोजर का भय पैदा कर रही सरकार : शिवपाल यादव

## प्रसपा जिलाध्यक्ष की बेटी की शादी में आशीर्वाद देने पहुंचे थे सपा महासचिव

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के गदनपुर गांव में प्रसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामप्यारे यादव की बेटी की शादी में आशीर्वाद देने पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए उन्होंने जहां भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला तो वहीं आजमगढ़ सहित पूरे पूर्वांचल से नेता जी एवं समाजवादी पार्टी के लगाव की पुरानी बातों का जिक्र करके समाजवादी पार्टी को एक बार फिर सत्ता में लाने के लिए अपना मुख्य उद्देश्य बताया।


पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता करते सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव।

वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी को मजबूत करके एक बार फिर सत्ता में पहुंचाना है। भाजपा सरकार बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार की बात नहीं करती। लोगों के अंदर बुलडोजर का भय पैदा कर रही है। बुलडोजर के नाम पर भाजपा के नेता सदनों में ताली बजाते हैं। आने वाले समय में सरकार के भ्रष्टाचारी रवैया एवं प्रशासन की चाटुकारिता के चलते अधिकारी भी पिटेगा। उन्होंने कहा कि इस सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चैपट हो चुकी है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अधिकारियों के ऊपर पूरे प्रदेश को छोड़ दिया है जो गरीब जनता को लूटने का कार्य कर रहे हैं। रामचरितमानस पर टिप्पणी के मामले में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास के नाम पर नहीं लोगों को धर्म के नाम पर आपस में नफरत फैलाकर बांटने का कार्य कर रही है। आने वाले चुनाव में जनता ऐसे मुद्दों पर इस सरकार को सबक सिखाएगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव बलराम यादव, विधायक, आलम बदी, दुर्गा प्रसाद यादव, बेचई सरोज, अखिलेश यादव, पूजा सरोज, पूर्व जिलाध्क्ष हवलदार यादव, आईपी सिंह, चंद्रशेखर यादव, आदि मौजूद रहे।

# ग्राम विकास अधिकारी को धमकी देना पड़ा महंगा

## दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय पुलिस ने दबंगों द्वारा ग्राम विकास अधिकारी को जान मारने की धमकी देने के मामले में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गयी है।



राजकुमार पुत्र सन्तलाल विकास खण्ड अतरौलिया में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत है, और ग्राम पंचायत लोहरा का वर्तमान में ग्राम पंचायत सचिव है। 10 फरवरी को विकास खण्ड पर सहायक विकास अधिकारी (10) अतरौलिया के कार्यालय कक्ष में मॉडल ग्राम पंचायत लोहरा की समीक्षा के सम्बन्ध में प्रधान पति लोहरा राजकपूर के साथ उपस्थित थे। सहायक विकास अधिकारी द्वारा मॉडल ग्राम लोहरा की समीक्षा की जा रही थी। उसी समय धीरेन्द्र सिंह व राघवेन्द्र सिंह पुत्रगण दुर्गविजय सिंह निवासी ग्राम मंगारीपुर पोस्ट खजुरी विकास खण्ड अहरौला सहायक विकास अधिकारी (पं) के कार्यालय में आये और ग्राम पंचायत लोहरा में नियम विरुद्ध सामग्री की आपूर्ति एवं उसके भुगतान हेतु शासकीय कार्य करने से रोकते हुए अनुचित दबाव बनाते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने लगे। गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने लगे। इस संबंध में ग्राम विकास अधिकारी ने अतरौलिया थाने में इन लोगों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने वीरेन्द्र सिंह, राघवेन्द्र सिंह पुत्रगण दुर्गविजय सिंह निवासी ग्राम मंगारीपुर विकास खण्ड अहरौला के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षेप

### महासभा ने किया अखिलेश मिश्र गुड्डू को सम्मानित



**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** नगर के सर्फुद्दीनपुर स्थित श्री विश्वकर्मा मय पांचाल ब्राह्मण सभा द्वारा सामाजिक कार्यों के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता अखिलेश मिश्र गुड्डू को सम्मानित किया गया। बुधवार को सभा के महामंत्री डा.विनोद शर्मा अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ अखिलेश मिश्रा के आवास पर पहुंचे और माल्यार्पण करते हुए श्री भगवान विश्वकर्मा का चित्र एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। महामंत्री डा.विनोद शर्मा ने बताया कि समाज की बेहतरी के लिए अच्छा कार्य करने वाले लोगों को हर दिशा में चलने की आवश्यकता है। समाज के असहायों, क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर भाजपा नेता अखिलेश मिश्र गुड्डू का कार्य सराहनीय रहा है। उन्होंने बताया कि महासभा द्वारा प्रत्येक वर्ष सक्रिय सामाजिक, राजनैतिक लोगों को सम्मानित किए जाने की परम्परा रही है जिसके क्रम में श्री मिश्र को सम्मानित किया गया है। अपने सम्मान से अभिभूत वरिष्ठ भाजपा नेता अखिलेश मिश्र गुड्डू ने कहा कि आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा को अविष्कारक, सृजनकर्ता का दर्जा प्राप्त है और उन्हीं से सीख लेते हुए आजमगढ़ के विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर भाजपा नेता मोनू विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, विनोद बीडीसी, धर्मवीर विश्वकर्मा, उमाशंकर शर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### तैयारियां पूर्ण, यूपी बोर्ड परीक्षाएं आज से



**आजमगढ़।** जनपद में आज से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं। परीक्षा को शुचितापूर्ण एवं नकल विहीन सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। साथ ही सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। नकल को रोकने के लिए मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, उड़न दस्तों को सक्रिय किया गया है। उड़न दस्ते दोनो पालियों में चक्रमण करते हुए नकल माफियाओं की टोह लेंगे। साथ ही नकल करते हुए पकड़े जाने पर नकलचियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करेंगे। परीक्षा को कंट्रोल करने के लिए जीजीआईसी आजमगढ़ में कंट्रोल रूम बनाया गया है जहां जिलाधिकारी ने बुधवार को निरीक्षण किया। बुधवार को सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की डेस्क स्लिप लगायी गयी। परीक्षा के दौरान 100 मीटर की परिधि में सभी फोटो स्टेट की दुकानों को बंद करने का निर्देश जारी किया जा चुका है। इसी क्रम में जीजीआईसी आजमगढ़ में बुधवार को शिक्षिकाओं ने परीक्षार्थियों की डेस्क स्लिप लगायी।

### राष्ट्र के पुनर्निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : बाबा हरिदेव




**आजमगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकताओं की परिचयात्मक बैठक ठंडी सड़क मड़या स्थित एक होटल सभागार में सम्पन हुई। अध्यक्षता जिला प्रमुख जगदम्बा प्रसाद सिंह एवं संचालन जिला सह संयोजक गोलू सरोज ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए हरिदेव ने बताया कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है। यदि आप निष्ठा पूर्वक किसी भी दिशा में कार्य करेंगे तो सफलता मिलना तय है। आयामों के विषय पर जानकारी देते हुए उन्होंने एग्रीविजन, मेडिविजन, राष्ट्रीय कलामंच, खेल गतिविधि, थिंक इंडिया विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। जिला प्रमुख जगदम्बा प्रसाद सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद आजमगढ़ के कार्यकत्र्ता किसी भी दिशा में नेक काम करने में विश्वास रखते हैं। देश विरोधी गतिविधियों से निपटने की क्षमता कार्यकताओं में होती है। इस अवसर पर आशुतोष चैबे, आकाश, सत्यम, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, आलोक, आदर्श, गोलू, ऋत्विक, पौरुष, रोहित, आशीष, उत्कर्ष आदि मौजूद रहे।

### न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील में बुधवार को दी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रणविजय राय उर्फ मनोज राय की अध्यक्षता में एक बैठक अधिवक्ता मीटिंग हाल में हुई जिसमें सर्वसम्मति से सभी अधिवक्ताओं ने लालगंज तहसील में अधिवक्ताओं के खिलाफ जो मुकदमा दर्ज हुआ है उसको तत्काल निरस्तीकरण करने की मांग करते हुए न्यायिक कार्य का वहिष्कार करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर रणविजय राय, मिठाई लाल, जितेन्द्र पांडेय, डा. शहनवाज खान, महेन्द्र पांडेय, सन्तोष कुमार गौड़, इसरत हुसैन, कमलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### पंजाब ट्रैक्टर्स ने मनाया स्थापना दिवस

**आजमगढ़।** पंजाब ट्रैक्टर्स नरौली का 10वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रोपराइटर राणा बलवीर सिंह ने आए हुए अतिथियों एवं किसानों को कैलेंडर एवं हनुमान चालीसा देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में पप्पू यादव (पूर्व अध्यक्ष शिवली कॉलेज), रविंद्र सिंह, जगदंबा उपाध्याय, अभय तिवारी, रणजीत सिंह, संजय कुमार पांडेय शामिल हैं। बालेश्वर सिंह ने आए हुए अतिथियों किसानों का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया।

### एसपी की जनसुनवाई में आये 41 प्रार्थना पत्र

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा लोगों को त्वरित न्याय दिलाने हेतु जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यहां फरियादी अपनी फरियाद लेकर आते हैं और पुलिस अधिकारी उनका निस्तारण करते हैं। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेन्द्र लाल व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल रूसिया द्वारा बुधवार को जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई में प्राप्त कुल 41 प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# प्रदेश सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों ने की नारेबाजी

## बुलडोजर की कार्रवाई बंद करने की उठायी मांग

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कानपुर देहात के मौड़ौली गांव में अतिक्रमण हटाने के दौरान वीभत्स घटना के खिलाफ आजमगढ़ कांग्रेस द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई और बुलडोजर की कार्रवाई को बंद करने की आवाज उठी।


सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

शहर अध्यक्ष मोहम्मद नजम शमीम ने दोनों मृतिका को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बुलडोजर नीति इस सरकार की क्रूरता का चेहरा बन चुकी है। यह घटना सरकार द्वारा कराई जा रही हत्या है और अपनी सरकार की दहशत जनता के बीच कायम करने के लिए किया जा रहा है ताकि लोकतंत्र में उठती आवाज को दबाया जाय। लेकिन भाजपा सरकार को यह मालूम होना चाहिए कि यह गांधी का देश है यहां की जनता जब अंग्रेजों से बिना संसाधन रहे लड़कर देश को खाली कराया तो इनके बुलडोजर से क्या डरेगी। इस घटना की जितनी निंदा की जाए उतना कम है। जिला उपाध्यक्ष तेजबहादुर यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार जनता को जीने का अधिकार छीन रही है। इस अवसर पर मिर्जा बरकतउल्लाह बेग, बेलाल अहमद, प्रदीप यादव, मोहम्मद आमिर, संदीप कपूर, मोहम्मद शाहिद खान, रियाजुल हसन, मूलचंद चौहान, मोहसिन, फारूक अब्बासी, सोनू प्रजापति, मो.अबसार, धर्मेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने किया विद्युत उपकेंद्र जाने वाले रास्ते को अवरुद्ध

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा बरईपुर में पांच एमबीए का बिद्युत उपकेंद्र है जिसके परिसर में लगे ट्रांसफार्मर से कुछ उपभोक्ता बिद्युत प्रयोग कर रहे थे जिसके कारण उपकेंद्र द्वारा आपूर्ति में ब्यवधान उतपन्न हो रहा था। अवर अभियन्ता गद्दोपुर छोटे लाल यादव ने ट्रांसफार्मर से केबल हटवा दिया और तार से जोड़वाने की बात की जिस पर नाराज उपभोक्ताओं ने बिद्युत परिसर में जाने वाले रास्ते को अपना बता कर रास्ता बॉस बल्ली टैज्क्टर ट्राली लगा अवरुद्ध कर दिए जिससे बिद्युत परिसर बरईपुर में आने जाने में दिक्कत हो रही है। इसकी सूचना अवर अभियंता छोटेलाल यादव ने अपने उच्चाधिकारियों सहित थाना दीदारगंज को दी। अवर अभियन्ता गद्दोपुर की सूचना पर उपखण्ड अधिकारी बिद्युत फूलपुर बिनोद कुमार ने उपजिलाधिकारी फूलपुर को लिखित सूचना दी। उपजिलाधिकारी ने थाना दीदारगंज को रास्ता मुक्त कराने का निर्देश दिया। राजस्व निरीक्षक लेखपाल को मौके पर जाकर निरीक्षण कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

# मार्ग दुर्घटना में एक की मौत

## दूसरा घायल

### हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

जनसंदेश न्यूज

**मोहम्मदपुर (आजमगढ़)।** गंभीरपुर थाना क्षेत्र के आजमगढ़ वाराणसी मार्ग पर बिंद्रा बाजार रानीपुर रजमो के पास बुधवार की सुबह आजमगढ़ से लालगंज की तरफ जा रहे ऑटो को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दिया जिसमें ऑटो में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया।


दुर्घटना में क्षतिग्रस्त आटो।

अली पंजतन 30 वर्ष पुत्र मा.फखरुद्दीन निवासी मीठा तालाब वाड़ी नम्बर 177 राजा बागान, मटिया वरूज, पोस्ट वततल्ला, जनपद 24 परगना, पश्चिम बंगाल का निवासी था। वह आजमगढ़ में रहकर अपने साथियों के साथ कपड़ा फेरी कर अपना रोजी-रोटी चलाता था। बुधवार को वह सुबह ऑटो में सवार होकर गोसाईं की बाजार लालगंज की तरफ जा रहा था। जैसे ही बिंद्रा बाजार पटेल ढाबा के पास ऑटो पहुंचा पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। सूचना पर पुलिस उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदपुर ले गई जहां चिकित्सक ने मृतक घोषित कर दिया। वही ऑटो में सवार वकील चैहान 35 वर्ष पुत्र साहब लाल ग्राम मकरा, थाना जमालपुर, जनपद जौनपुर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य के चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इस संबंध में मृतक अली पंजतन के रिश्ते में दामाद मो.सफदर पुत्र मो. समसुद्दीन निवासी रसीदपुर, थाना अकबर नगर, जिला नागपुर ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# खोवा की जगह जहर बेच रहा दुकानदार


## हड़कंप

### शादी समारोह में लोग पड़े बीमार तो हुआ खुलासा

### पीड़ित ने खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन से लगाई गुहार

**आजमगढ़।** सदर तहसील के शहर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत स्थित हीरापट्टी निवासी एक दवा व्यवसाई की बिटिया के विवाह में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब समारोह में बनी मिठाई खाने से लोग बीमार पड़ने लगे। मौके पर मौजूद शहर के डाक्टरों ने मामले को आनन-फानन संभाल लिया। फौरी जांच में यही पता चला कि खोवा व पनीर से बनी खाद्य सामग्री की वजह से फूड प्वाइजनिंग हो गई थी।

शहर कोतवाली के हीरापट्टी गांव निवासी पंचानन तिवारी दवा व्यवसाई हैं। गत 9 फरवरी को उनकी बीटिया का पाणीग्रहण संस्कार था। शहर के तमाम डाक्टर तथा पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी इस उत्सव में मौजूद थे। पंचानन तिवारी ने समारोह में आने वाले मेहमानों के लिये मिठाई व तमाम खाद्य सामग्री बनवाई जिसमें प्रयुक्त खोवा व पनीर के लिये


खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन से गुहार लगाते पंचानन तिवारी।

उन्होने सदर तहसील के शाहगढ़ के श्यामा दुग्ध उत्पाद को आर्डर दिया था। श्यामा दुग्ध उत्पाद के विक्रेता ने खुद को अमूल डेयरी का बताते हुय 100 किग्रा खोवा का आर्डर ले लिया और नकली खोवा सप्लाई कर दिया। शादी समारोह में उस खोवे से बनी मिठाई जब मेहमानों को दी जाने लगी तो लोगों की तबीयत खराब होने लगी। एक से दो घंटे बाद मिठाई में खट्टापन आने लगा। मौके पर मौजूद डॉक्टरों ने लोगों की चिकित्सा की व मिठाई को फूड प्वाइजनस घोषित किया। मिठाई बनाने वाले बावर्ची से जब पूछा गया तो उसने बताया कि उसे मिलावटी खोवा सप्लाई किया गया था। किसी तरह से शादी समारोह सम्पन्न हुआ। इस पूरे घटनाक्रम से पूरे जनपद के दवा व्यवसाई व चिकित्सकों में जहां रोष व्याप्त है वहीं लड़की के पिता मेहमानो के बीमार होने से मानसिक अवसाद में हैं। उन्होने सहायक आयुक्त खाद्य, खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन से उक्त जहर बेचने वाले दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### निःशुल्क शिविर में हुई मरीजों की जांच

**आजमगढ़।** भारत रक्षा दल युवा मंच के प्रभारी नीरज वर्मा द्वारा निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन अपोलो फामेर्सी रैदोपुर पर किया गया जिसमें डॉ.डीपी सिंह ने आये हुए मरीजों का शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी व यूरिक एसिड की जनःशुल्क जांच की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हरिकेश विक्रम श्रीवास्तव, मुस्कान मंच के प्रभारी प्रकाश पांडेय, भारत रक्षा दल के वरिष्ठ पदाधिकारी रवि प्रकाश सहित अन्य कार्यकर्ता मनीष, हर्ष, दीपक, अजीम, हरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# दुकान आवंटन हेतु आवेदन 22 तक

**पटवध (आजमगढ़)।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड द्वारा वर्ष 1983 में स्व.राम अवतार पुत्र स्व.कतवारू निवासी ताड़कडीह, तहसील लालगंज के नाम ग्रामीण सामूहिक दुकाननिर्माण योजनान्तर्गत गोसाईं की बाजार में दुकान संख्या 18 आवंटित की गयी थी। स्व.कतवारू की मृत्यु के उपरांत उनकी पत्नी इंद्रकला देवी द्वारा उक्त दुकान को किसी अन्य जरूरतमंद के नाम आवंटित करने हेतु आवेदन दिया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे अनुसूचित जाति के व्यक्ति जो गरीबी रेखा के नीचे निवास करते हों व अपना व्यवसाय करना चाहते हों तथा उक्त दुकान को अपने नाम आवंटित कराने के इच्छुक हों तो वे आवेदन करने हेतु अपने समस्त अभिलेखों के साथ कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, पदेन जिला प्रबंधक उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड श्रम विभाग के बगल कस्तूरी भवन राहुल नगर मड़या में किसी कार्यालय सहायक से जानकारी प्राप्त कर उक्त दुकान को अपने नाम आवंटित कराने हेतु 22 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। उक्त तिथि के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

# रंगारंग कार्यक्रम के बीच मनाया गया वार्षिकोत्सव

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के खुरासों स्थित राम बचन यादव महाविद्यालय में बुधवार को धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मार्मिक प्रस्तुति देख लोग भावविभोर हो गए। वार्षिकोत्सव के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यातिथि प्रो.प्रदीप कुमार शर्मा, एवं पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर धूप, दीप प्रज्वलित कर किया।


सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं।

पूर्वमंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने अतिथियों को अंगवस्त्रम और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मारोह में छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। छात्र छात्राओं ने सरस्वती बन्दना, स्वागत गीत, एकांकी अनपढ़ नेता, कौव्वाली, कान्हा गीत, शिव गीत, कांवरिया कार्यक्रम एक से एक बढ़कर प्रस्तुत किया। अनपढ़ एकांकी की प्रस्तुति ने खूब वाहवाही बटोरी। व्यंग्य की प्रस्तुति को देख लोग हंसते हंसते लोट पोट हो गए। वक्ताओं ने कहा कि इस पिछड़े क्षेत्र में पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने जो शिक्षा की ज्योति जलाई है, उससे मेधावी छात्र इस कालेज का नाम रोशन कर रहे हैं। पूर्व मंत्री बलराम यादव, पूर्व मंत्री दुर्गा यादव, सपा जिलाध्यक्ष हवलदार यादव, विधायक कमलाकांत राजभर, विधायक अखिलेश यादव, पूर्व विधायक ललई यादव, योगेश उपाध्याय, अजरा आदि मौजूद रहे। संचालन सुनील विश्वकर्मा ने किया। प्राचार्य राम प्रताप विश्वकर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कानपुर की घटना से ब्राह्मण समाज में आक्रोश

जनसंदेश न्यूज

## नाराजगी

### पीड़ित परिवार को एक-एक करोड़ मुआवजे की उठायी मांग

### दोषी अधिकारियों की अविलम्ब हो गिरफ्तारी

**आजमगढ़।** कानपुर देहात के रूरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत मड़ौली गांव में अतिक्रमण हटाने के दौरान एक गरीब ब्राह्मण परिवार की मां बेटी को जिन्दा जला कर मारने की घटना को लेकर ब्राह्मण समाज कल्याण परिषद की बैठक बुधवार को एलवल स्थित शिविर कार्यालय पर हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष ब्रजेश नन्दन पाण्डेय ने बताया कि कानपुर देहात में पुलिस एवं प्रशासन की क्रूर कार्यवाही के चलते रूरा थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव निवासी कृष्ण गोपाल दीक्षित की पत्नी प्रमिला दीक्षित एवं बेटी नेहा दीक्षित जिंदा जल कर मर गयीं। इस घटना ने मानवता को शर्मसार किया है, इसकी जितनी निंदा की जाय कम है। श्री पाण्डेय ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर गरीब ब्राह्मणों की जघन्य हत्या ब्राह्मण समाज कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

श्री पाण्डेय ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी से मांग किया कि इस घटना में दोषी सभी प्रशासनिक अधिकारी सहित पुलिस वालों की अविलंब गिरफ्तारी कर कठोर कार्यवाई की जाय। मृतकों को एक एक करोड़ का मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी सहित जिस जमीन पर मां बेटी जल कर मरी है उस जमीन का पट्टा कर उस पर आवास बना कर परिवार को दिया जाय।

महामंत्री मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि कानपुर की इस घटना में पुलिस और प्रशासन की कार्यवाही असंवेदनशीलता का द्योतक है एवं अक्षम्य अपराध की श्रेणी में आता है। इस अवसर पर विश्व देव उपाध्याय, सतीश कुमार मिश्र, गिरिजा सुवन पाण्डेय, बाल गोविन्द शास्त्री, सतीश चंद्र पाण्डेय, उपेंद्र दत्त शुक्ला, गोविंद दूबे, ओम विजय तिवारी, अवधेश कुमार उपाध्याय, शरद शर्मा आदि उपस्थित थे।

# टॉपटेन अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना रौनापार पुलिस ने थाने के टाप टेन अपराधी अरविन्द को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करत हुए जेल भेज दिया। उसके विरूद्ध आधा दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। रौनापार पुलिस बुधवार को टेकनपुर बंधा के पास संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान थाना रौनापार के टाप टेन की सूची में नामित अभियुक्त अरविन्द यादव पुत्र अभिमन्यु यादव निवासी रोशनगंज थाना रौनापार को टेकनपुर बन्धे के पास से गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। अभियुक्त के कब्जे से 1300 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।


रौनापार थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

# फर्जी दस्तावेज पर जमीन रजिस्ट्री कराने वाले पांच गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**मोहम्मदपुर (आजमगढ़)।** फर्जी कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन की खरीद फरोख्त करने वाले मलेशियाई अभियुक्त को उसके 5 साथियों के साथ गिरफ्तार कर गंभीरपुर पुलिस ने संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष गम्भीरपुर को क्षेत्र भ्रमण के दौरान गोपनीय सूचना प्राप्त हुयी थी कि कुछ मलेशियाई नागरिक ग्राम जमालपुर थाना क्षेत्र गम्भीरपुर में आये हैं और गांव के कुछ लोगो के साथ मिलकर अपने अवैध उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कूट रचित दस्तावेज तैयार कर जमीन की खरीद व विक्री का सौदा कर रहे हैं। इन सबके द्वारा कुछ मलेशियाई नागरिको के साथ मिलकर उनके नामो के कूट रचित वोटर आईडी कार्ड, आधारकार्ड, पैनकार्ड आदि बनवा लिये है जिसकी सहायता से ग्राम जमालपुर में जमीन की खरीद फरोख्त करने की योजना बना रहे हैं। शीघ्रता की जाय तो पकड़े जा सकते है। इस सूचना पर पुलिस उक्त स्थान पर पहुंच गयी। कमरे में बैठे 5 व्यक्ति इधर उधर भागने लगे जिन्हे पुलिस ने पकड़ लिया।


गंभीरपुर थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

पकडे गये व्यक्तियो ने अपना नाम इश्तेयाक अहमद पुत्र बिन सर्फुद्दीन निवासी 736बी जालन सुल्तान महमूद 20400 क्वाले त्रिगांनू डिस्टिक त्रिगांनू मलेशिया हाल पता जमालपुर थाना गम्भीरपुर बताया। उसके कब्जे से एक अदद पासपोर्ट व टूरिस्ट बीजा, 2 अदद बरामद हुआ। दूसरे ब्यक्ति ने अपना नाम अबु हुरैरा पुत्र मुश्ताक निवासी जमालपुर थाना गम्भीरपुर, तीसरे ने अपना नाम अबुल खैर पुत्र हसीबुद्दीन निवासी जमालपुर थाना गम्भीरपुर, चैथे ने अंसार अहमद पुत्र मो. अनवर निवासी जमालपुर थाना गम्भीरपुर तथा पांचवे ने अपना नाम मो. अशहद पुत्र मो. अनवर निवासी जमालपुर बताया। पुलिस ने गिरफ्तार पांचों को संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।

# दिव्यांग बच्चों के लिए वरदान बनी क्लब फुट क्लीनिक

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार को क्लब फुट कार्यक्रम अनुष्का फाउंडेशन के समन्यवक प्रिंस दुबे द्वारा आयोजित किया गया। जन्म से दिव्यांगता झेल रहे टेढ़े-मेढ़े पैर वाले बच्चों (क्लब फुट रोगियों) के लिए जिला अस्पताल में अनुष्का फाउंडेशन द्वारा संचालित क्लब फुट क्लीनिक वरदान साबित हो रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत अनुष्का फाउंडेशन द्वारा आरबीएसके टीम के साथ मिलकर ऐसे रोगियों को चिन्हित कर उपचार कराने का जिम्मा उठाया गया है। इसके लिए जिला अस्पताल में चलने वाली क्लीनिक में बच्चों का इलाज किया जा रहा है। इनमें से अधिकांश बच्चे स्वस्थ हो चुके हैं और अपने पैरों पर खड़े होने लगे हैं। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के रतुआपार से आई मरीज शिवांगी पुत्री प्रमोद माता सीमा को आरबीएसके टीम द्वारा चिन्हित किया गया था जिसे 7 से 9 प्लास्टर टेनाटॉमी (छोटा ऑपरेशन) ब्रेसिंग (जूता वार) टीम द्वारा किया गया। आरबीएसके टीम के डॉ.अमरजीत यादव ने बताया कि बच्चों का प्लास्टर व आपरेशन निःशुल्क किया जाता है। उन्हें जूते भी निःशुल्क दिए जाते हैं। क्लबफुट के लक्षण दिखने पर यदि जन्म के तुरंत बाद ही इलाज शुरू करा दें तो बच्चा आसानी से ठीक हो सकता है। छह वर्ष तक के बच्चों में प्लास्टर से ही आराम मिल जाता है, लेकिन 12 वर्ष तक के बच्चों को आपरेशन करके ठीक किया जाता है। क्लबफुट की विकृति करीब एक हजार जन्मे बच्चों में से एक में मिलती है। समय पर सतर्कता बरतने से सही इलाज संभव है। इस मौके पर डॉ.केसी जायसवाल, डॉ.अमरजीत यादव, डॉ.शिवाजी सिंह, जितेंद्र, डॉ.आसिफ, डॉ.संतोष, सुरेश पांडेय आदि मौजूद रहे।


बच्चे की मां को स्वस्थता प्रमाण पत्र देते चिकित्सक।

# जेसीबी के टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हादसा**

### परिजन ने ग्रामीणों के साथ सड़क पर लगाया जाम

जनसंदेश न्यूज



मौत के बाद ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**लालगंज।** स्थानीय क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग कोटाघाट के चौदहवां में बुधवार की सुबह अनियंत्रित जेसीबी मशीन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक चालक की घटना स्थल पर मौत हो गई। वही बाइक पर सवार मृतक की पत्नी व उसकी भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना पर पंहुचे परिजन ने ग्रामीणों के साथ सड़क पर जाम लगा दिया।

मौके पर पंहुचे लालगंज इंस्पेक्टर ज्ञानू प्रिया ने जाम खुलवाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण व परिजन उच्च अधिकारियों के मांग कर अड़े रहे। मौके पर पंहुचे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व तहसीलदार ने स्वजनों की मांग को तत्काल पूरा कराने का आश्वासन देते हुए दो घंटे बाद जाम को खुलवा दिया है। लालगंज थाना क्षेत्र के बड़गड़ा गांव निवासी 35 वर्षीय राकेश उर्फ बबलू बाइक से अपनी 25 वर्षीय पत्नी बिना व 13 वर्षीय भतीजी प्रिया को लेकर विद्यालय जा रहा था कि जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग कोटाघाट चौदहवां के पास पंहुचा था कि लालगंज कि ओर से आ रहे जेसीबी ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे बाइक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही आक्रोशित ग्रामीणों ने जेसीबी मशीन को क्षतिग्रस्त कर दिया जाम खुलने के बाद पुलिस ने जेसीबी मशीन को कब्जे में लेते हुए अपनी अभिरक्षा में थाना परिसर में खड़ा कराया है। मृतक के परिजनों की मांग थी कि घायलों का बेहतर उपचार हो जेसीबी मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। बेहतर उपचार के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सीएमओ से तत्काल वार्ता किया वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट लालगंज नवनीत सेहरा ने बताया कि परिजनों की मांगों को तत्काल पूरा करने का आश्वासन दिया गया है जिस पर परिजनों ने सड़क से जाम को हटा लिया है।

# दुष्कर्मी चाचा को पुलिस ने भेजा जेल

जनसंदेश न्यूज

**कछवां।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोप में बगल गांव के एक युवक को पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी आठ वर्षीय बालिका अपने घर से करीब पांच सौ मीटर दूर अपनी बहन के साथ खेल रही थी। खेलने के बाद वापस घर लौटने के दौरान मौका पाकर चाचा ने रिश्ते को शर्मसार कर भतीजी के साथ दुष्कर्म किया।

जिसके बाद नाबालिग लड़की रोते बिलखते किसी तरह अपने घर पहुंच परिजनों को आपबीती सुनाई। घटना सुनते ही परिजनों के रुह कांप गये। और पीड़िता को साथ लेकर स्थानीय थाने पर तहरीर दिया। जिसके पश्चात पुलिस तत्काल एक्शन लेते हुए आरोपी युवक को उसके घर से दबोच लाई। वही पुलिस ने बुधवार की सुबह बालिका को मेडिकल कराने के लिए भेज जांच में जुट गई। और दोपहर बाद आरोपी युवक को भी जेल भेज दिया। तहरीर के आधार पर घर के समीप स्थित शिव मंदिर पर सोमवार को शिवचर्चा हो रहा था। जहां पीड़िता पहुंची और उसकी मां पहले से ही गयी हुई थी। और कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी अपने लोग घर को चले गये। वही बालिका कार्यक्रम खत्म होने के बाद आसपास खेल रही थी। खेलने के बाद देर शाम जब घर को जाने लगी तो बगल गांव का लथेरु पुत्र झुरु निवासी अनन्तपुर जोकि बालिका को मुंह दबाकर शिवान में उठा?कर ले गया। और उसके साथ गलत काम किया। जिसके बाद बालिका घर पहुंच परिजनों को आपबीती सुनाई। और पिता ने मंगलवार को थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अग्रिम कार्यवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को बालिका की मेडिकल जांच कराने व आरोपी युवक को जेल भेज दिया।

# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



मौके पर जुटे लोग

**कलवारी।** स्थानीय थाना क्षेत्र मड़िहान के ग्राम सभा गोपालपुर के पुरवा जुड़ियां गांव निवासी लक्ष्मीना 21 वर्ष पत्नी अजय कोल ने पारिवारिक कलह से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बुधवार की भोर अपने घर में परिवारिक कलह से लक्ष्मीना ने फांसी लगा लिया। जब घर वालों ने फांसी के फंदे पर लटकी लक्ष्मीना को देखा तो आवाक रह गए। आनन-फानन में तुरंत पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे मड़िहान तहसीलदार फूलचंद्र यादव व मड़िहान थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार राय ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लक्ष्मीना का शादी 9 महीना पहले जुड़िया में हुई थी। थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार राय ने बताया महिला ने फांसी लगाई है। तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# आज से शुरू होगी हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा

**तैयारी पूरी**

### नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए 8 जोनल, 15 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती

### परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्र के एक किलोमीटर की परिधि में बन्द रहेगी फोटो कापी व फोटो स्कैनर की दुकान

जनसंदेश न्यूज

**मीराजापुर।** जिले में 16 फरवरी से 04 मार्च 2023 तक सम्पन्न होने वाली हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा को नकलविहीन, शान्तिपूर्ण व शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जनपद के परीक्षा केन्द्रों को 08 जोन व 15 सेक्टर में विभाजित करते हुये जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी हैं। इसके अतिरिक्त संवदेनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रो पर सभी परीक्षा केन्द्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी हैं। जनपद में सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये कुल 118 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। सभी मजिस्ट्रेट अपने निर्धारित क्षेत्रान्तर्गत आने वाले परीक्षा केन्द्रों के दोनो पालियों में निगरानी करेंगे। जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने कहा कि जनपद में नकल विहीन व शान्तिपूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये जिला प्रशासन कटिबद्ध है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाई की जायेगी। सम्पूर्ण परीक्षा केन्द्र के निगरानी के लिये अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त शिव प्रताप शुक्ल को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट नामित किया गया।

## फोटो स्कैनर परीक्षा अवधि में रहेगा प्रतिबंधित : एडीएम

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन एवं गोपनीयता को बरकरार रखने के लिये परीक्षा केन्द्रों से न्यूनतम एक किलोमीटर की परिधि में फोटोकापियर, फोटो स्कैनर परीक्षा अवधि में पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। परीक्षा केन्द्रों के आस पास ध्वनि विस्तारक यंत्रो का प्रयोग भी पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। परीक्षा केन्द्र की सुरक्षा व्यवस्था हेतु परीक्षा केन्द्र तैनात सुरक्षा कर्मी के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति का शस्त्रादि लेकर परीक्षा स्थल पर जाने की अनुमति नही दी जायेग परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिये सभी परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जायेगी। सभी केन्द्र व्यवस्थापक यह सुनिश्चित करायेंगे कि परीक्षा के दौरान सभी सीसीटीवी कैमरा क्रियाशील रहें। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा के दौरान किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा। केन्द्र पर ड्यूटी करने वाले कक्ष निरीक्षकों तथा अन्य कर्मचारी अपना परिचय पत्र लेकर परीक्षा केन्द्र पर आयेंगे। परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्र परिसर में परीक्षार्थियों, परीक्षा निरीक्षकों एवं परीक्षा कार्य में लगे अन्य कर्मचारियों द्वारा मोबाइल फोन पर किसी प्रकार इलेक्ट्रानिक संयत्र परीक्षा कक्ष के अन्दर लेकर नही जाया जायेगा। परीक्षा केन्द्र के गेट पर एक सुरक्षित बाक्स में मोबाइल आदि रखवाने के लिये केन्द्र व्यवस्थापक को व्यवस्था करनी होगी। उन्होने यह भी कहा कि परीक्षा के प्रवेश द्वार पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के उपरानतही प्रवेश कराया जायेगा। बालिका परीक्षार्थियों के लिये केवल महिला अध्यापकों/ पुलिस कर्मी के द्वारा केबिन बनाकर तलाशी ली जाय। परीक्षार्थियों सिटिंग प्लान के अनुसार बैठाया जाय। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी परीक्षा केन्द्र से सामूहिक नकल की सूचना प्राप्त होने पर अथवा संदेह होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुये सुसंगत धाराओं के तहत कार्यवाई की जायेगी। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु सशस्त्र सुरक्षा गार्ड व पुलिस बल की पर्याप्त मात्रा में तैनाती रहेगी।

# पावर लिफ्टिंग के नेशनल गेम में मीरजापुर के रियाज अहमद ने जीता गोल्ड

**उपलब्धि**

### क्षेत्रीय लोगों ने बधाई देने के साथ किया उज्ज्वल भविष्य कामना

**अदलहाट।** पांचवे नेशनल मास्टर गेम्स की प्रतियोगिता में किसान का बेटा रीयाज अहमद ने पावर लिफ्टिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर जनपद के साथ प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता मास्टर गेम्स फेडरेशन इंडिया की ओर से बीएचयू आईटी ग्राउंड में 11 से 14 फरवरी को आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में पावर लिफ्टिंग में अलग- अलग कटेगरी में 350 से अधिक महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरला, आसाम, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश आदि प्रदेशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। चुनार तहसील के ग्राम निजामुद्दीनपुर निवासी रीयाज अहमद ने प्रथम स्थान पाया। रियाज अहमद दी आर्यन इण्टरनेशनल स्कूल वाराणसी में अध्यापन का कार्य करते हैं। पिताजी शेख जुम्मन किसान हैं। इनके माता अलारखी की 64 वर्ष की उम्र में इंतकाल 11 फरवरी को हो गया था। इसके बाद भी प्रतियोगिता में भाग लिए। एक साधारण और सामान्य परिवार से होते हुए भी इन्होंने लगन और अपने कठिन परिश्रम से यह उपलब्धि हासिल की। रियाज ने बताया कि 74 किलो भार वर्ग में 35 वर्ष आयु कटेगरी में विभिन्न प्रदेशों के कुल 19 प्रतिभागियों में भाग लिया था। इनका अगला लक्ष्य इंटरनेशनल गेम में गोल्ड मेडल हासिल करना है। रियाज अहमद के प्रथम स्थान पाने के बाद घर मेडल के साथ आने पर गांव में जश्न का महौल था। चौकी इंचार्ज नरायनपुर रणविजय सिंह, कमलेश सिंह, सत्यम सिंह, मनीष अग्रहरी, भगवान यादव, जावेद खांन राकी, राजा भाई, कुशल जायसवाल, अब्दुल्ला हासमी, रुस्तम, इकरामुद्दीन, सेराज अहमद, रुस्तम अली, अमानत अली आदि ने बधाई देने के साथ उज्वल भविष्य की कामना किया।

## सीडीओ ने खेल मैदान का फीता काटकर किया उद्घाटन

**जिगना।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वी एस ने क्षेत्र के कलना गहरवार गांव में खेल मैदान का फीता काटकर उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि अपने दो वर्ष की ड्युटी में छानबे ब्लाक के कलना गहरवार गांव में पहले खेल मैदान का उदघाटन किया है। उद्घाटन अवसर पर तकनीक सहायक संतोष सिंह को उपायुक्त मनरेगा मोहम्मद नफीस ने उल्लेखनीय योगदान तथा चमचमाते खेल मैदान में व्यायाम के लिए मशीनें लगवाने के लिए माला पहनाकर सम्मानित किया। पंचायत भवन के पास आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर वालीबाल प्रतियोगिता शुरू कराया। 15 लाख की लागत राशि से पंद्रह विश्वा जमीन में बने खेल मैदान की बनाए जाने के लिए खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया। ग्राम प्रधान शांति देवी ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। उपायुक्त मनरेगा मोहम्मद नफीस बीडीओ हरिओम गुप्ता प्रधान संघ के अध्यक्ष संतोष तिवारी तकनीकी सहायक संतोष कुमार सिंह सेक्रेटरी राकेश तिवारी, पीयूष दुबे, पूर्व प्रधान रमाशंकर यादव, वीरेंद्र यादव, बालकृष्ण यादव आदि रहे।

# बाइक और स्कूटी टक्कर में दो घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहगपुर चौकी अंतर्गत राजापुर ओवर ब्रिज के पास बाइक सवार वृद्ध एवं स्कूटी सवार महिला की आमने-सामने हुई टक्कर में दोनों घायल हो गए ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस बाइक सवार वृद्ध को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजा गया वही स्कूटी सवार महिला के पति ने मीरजापुर प्राइवेट अस्पताल ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोडसर निवासी अलबेले पुत्र बोदल उम्र 62 वर्ष अपने बाइक से मीरजापुर की तरफ से आ रहे थे वही पपरा निवासी निर्मला पाल पत्नी मनोज पाल उम्र 28 वर्ष की आमने-सामने टक्कर हो गई जिससे दोनों घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस बाइक सवार वृद्ध अलबेले पुत्र बोदल को एंबुलेंस के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजा गया। वही स्कूटी सवार महिला निर्मला पाल को उनके पति मीरजापुर प्राइवेट अस्पताल ले गए। हालांकि दोनों की स्थिति सामान्य है ।

# पारिवारिक कलह में युवक ने किया विषाक्त पदार्थ का सेवन, हुई मौत



एम्बुलेंस से शव लेकर जाते परिजन

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के पीयूरी गांव निवासी युवक ने विशाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन ट्रैक्टर द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेहरा लेकर पहुँचे, जहां से मण्डलीय अस्पताल रेफर किया गया।

मण्डलीय अस्पताल पहुँचते ही चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। गांव निवासी राजकुमार 28 वर्ष पुत्र मंगरु का सुबह किसी बात को लेकर परिजनों से कहा सुनी हुई, जिसके बाद युवक ने विशाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उपचार हेतु ट्रैक्टर पर बैठाकर पीएचसी ले गये, जहां हालत गम्भीर देखते ही डॉक्टर उषा ने एम्बुलेंस द्वारा मण्डलीय अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन अचेतावस्था में युवक को मण्डलीय अस्पताल ले गये, जहां देखते ही चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मृतक छः भाइयों में चौथे नम्बर का रहा। मृतक युवक को दो पुत्री है। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के सम्बंध में थाना प्रभारी संतनगर कमल टावरी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा।

# अनुप्रिया पटेल ने दिवंगत विधायक को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि देती अनुप्रिया पटेल

जनसंदेश न्यूज

**मड़िहान।** विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत पटेहरा कला सांसद सोनभद्र पकौड़ी लाल कोल के आवास पर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने अपने दिवंगत छानबे के विधायक राहुल प्रकाश कोल को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए पिता पकौड़ी लाल कोल व पत्नी रिंकी सिंह एवं माँ पन्ना देवी के अलावा बच्चो के साथ बैठकर दुःख साझा किया। पिता पकौड़ी लाल कोल को हिम्मत से काम लेने की सलाह दी। उनके साथ आशीष पटेल व तमाम अन्य पार्टी के नेताओ में भाजपा से विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, तृणमूल कांग्रेस पार्टी से ललितेशपति त्रिपाठी आदि लोगों की दिन भर आवाजाही लगी रही व प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह सीओ लालगंज दीक्षांत राज थानाध्यक्ष कमल टावरी आदि लोग रहे।

# खाद्यान्न चोरी होने की थाने में दी तहरीर

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव के एक खाद्यान्न के दुकानदार ने हलिया थाने में गांव निवासी तीन नामजद लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। थोथा गांव निवासी सस्ते गल्ले के दुकान दार लक्ष्मीकांत दुबे ने मंगलवार को हलिया थाने में तीन नामजद लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर बताया कि खाद्यान्न उठान के बाद पोषाहार सहित 253 बोरी गांव स्थित सस्ते गल्ले की दुकान पर रखा था, जिसे रात्रि में तीन लोगों ने मकान की खिड़की का सरिया तोड़कर 50 बोरी उठाकर दुकान से 100 मीटर दूर अपने एक निर्जन मकान में रखा है। दुकानदार ने बताया कि शाम को पुलिस ने मकान मालिक के बेटे से मकान का ताला तोड़वाकर अंदर गई तो 21 बोरी खाद्यान्न तथा चार बोरी खाली मिली जिसे कोटेदार की अभिरक्षा में दे दिया गया है। पुलिस जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि जांचों उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

# सरकार व शासन गरीब जनता का पैसा करायें वापस : सुभाष मौर्या

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश विकलांग सेवा समिति की मासिक बैठक बुधवार को घोड़े सहित के प्रांगण में किया गया। विचार व्यक्त करते हुए नगर अध्यक्ष सुभाष चंद्र मौर्या ने कहा कि पीएसीएल और सहारा जैसी तमाम कंपनियां आम जनता का रुपया जमा करा कर बेवकूफ बनाने का काम किया है, जबकि गरीब जनता अपना एक एक रुपया इसलिए जमा करता है कि मेरे वक्त जरूरत पर काम आएगा। लेकिन कंपनियों की बदनियति के कारण आम आदमी को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार व शासन को आम जनमानस की समस्या को देखते हुए गरीब जनता का रुपया वापस कराने की प्रक्रिया बढ़ाएं जिससे आम आदमी को राहत मिल सके। इसी दौरान संजीव गुप्ता प्रदेश महासचिव ने कहा कि सरकार द्वारा शहरी ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 68 हजार रुपया आया है। विभागीय लापरवाही व बेनेफिशरी न भेजे जाने के कारण गरीब आदमी आवास का सपना सजाए बैठा है परंतु विभागीय लापरवाही के कारण आवास का सपना सपना ही दिख रहा है। बैठक में प्रमुख रूप से जटाशंकर सिंह जहरीला, रंगलाल वर्मा, अनमोल अग्रहरि, राजकुमार उपाध्याय, संजीव गुप्ता, नंदलाल, मनोज, सूरज प्रजापति, राकेश, बबलू बिंद, कन्हैयालाल, गणेश शर्मा, राजकुमार मिश्र, केदार यादव समेत कई लोग शामिल रहे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण का आयोजन

**अहरौरा।** नगर पालिका क्षेत्र के पट्टी खुर्द में स्थित गंगा देवी इंटर कॉलेज में गुरुवार को निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन एलिट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल टेंगरा मोड़ रामनगर वाराणसी द्वारा किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक डॉ दिलीप कुमार गुप्ता, एलिट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल रामनगर वाराणसी ने बताया कि शिविर में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण यह शुगर की जांच किया जाएगा तथा दवा का वितरण भी होगा ।

# सेल्फ स्टीम एंड बॉडी कांफिडेंट प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**जिगना।** ब्लाक संसाधन केंद्र विजयपुर में बुधवार को तीन दिवसीय सेल्फ स्टीम एंड बाडी कांफिडेंट प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। परिषदीय विद्यालयों के 50 अध्यापकों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। प्रशिक्षक द्वय मनोज मिश्र एवं सच्चिदानंद मौर्या ने बताया कि इस दौरान बालक - बालिका में भेद विभेद नहीं करने रूप रंग गुण दोष लिंग भेद ऊंच नीच जाति भेद के आधार पर असमानता से परहेज रखने के बारे में प्रशिक्षित किया गया। बीईओ राजेश श्रीवास्तव ने प्रशिक्षुओं को बताया कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। ऐसे में भावी कर्णधारों को तराशने में संकुचित मानसिकता का परित्याग कर उच्च शैक्षणिक योग्यता व क्षमता के आधार पर अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में जूली गौतम, संजय कुमार, राममणि, मणिकांत मिश्रा, आनंद पांडेय, गणेश ओझा, हिमांशु सिंह, प्रांसू सिंह, दशरथ, शिवप्रसाद आदि रहे।

## संक्षेप

### वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा



**मीरजापुर।** प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने मण्डलायुक्त, उप पुलिस महानिरीक्षक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की प्राथमिकता कार्यक्रमों के प्रगति कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, संचारी रोग नियंत्रण, बेलनेस सेंटर, प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर, आत्मनिर्भर निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य बिन्दुओं के प्रगति कार्य की समीक्षा की गयी। जनपद में मीरजापुर एनआईसी में मण्डलायुक्त डॉ मुथुकुमार स्वामी बी, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चन्द मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल, नमामि गंगे अमरेन्द्र कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### किसान मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**मीरजापुर।** मैसी फर्गुसन टैफे ट्रेक्टर कंपनी द्वारा किसान मिलन समारोह का आयोजन बुधवार को भरूहना स्थित जय किसान ट्रेक्टर्स पर किया गया। कंपनी द्वारा टैफे शॉपी की शुभारंभ चेन्नई से आए हुए मार्केटिंग मैनेजर के द्वारा किया गया। जहां पर मैसी फर्गुसन टैफे ट्रेक्टर के जेनुइन स्पेयर पार्ट्स और आयल का संपूर्ण रेंज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। किसानों के बीच में संपूर्ण टैफे जेनुइन पार्ट्स व आयल का जानकारी दिया गया। मिर्जापुर जनपद के विभिन्न गांव से आए हुए किसानों ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। टैफे कंपनी के हेमंत उपाध्याय, रजत शर्मा, आलोक समेत अन्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। टैफे शॉपी के संचालक गोपाल शुक्ला ने सभी किसानों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन आनंद बालाजी के द्वारा फीता काटकर किया गया।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने थाने का किया औचक निरीक्षण

**राजगढ़।** अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल श्री महेश कुमार अत्री द्वारा थाना राजगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रभारी निरीक्षक राणा प्रताप यादव और थाने के अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर के सफाई, मेस, शस्त्रागार, व अभिलेखों का रख-रखाव सहित लंबित विवेचनाओं को देखा गया, वहीं पुलिसकर्मियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। इस दौरान थाना परिसर के अंदर साफ सफाई एवं अन्य निरीक्षण को संतोषजनक पाया गया। थाने पर आने वाले व्यक्तियों के साथ शालीनता पूर्वक व्यवहार किए जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं लंबित विवेचनाओं का शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए गए।

### बैल के हमले से किसान घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोठिया कलां गांव निवासी 60 वर्षीय किसान छविलाल बुधवार सुबह अपने खेत पर गेंहू की सिंचाई कर रहे थे उसी दौरान गेहूं की फसल चर रहे छुट्टा बैल को खेत से बाहर निकालने के लिए गए तो बैल ने आक्रामक होकर अचानक किसान के ऊपर हमला कर दिया बैल के हमले से किसान गंभीर रूप से घायल होकर खेत में गिर पड़ा किसान की चीख पुकार सुनकर अगल बगल के खेतों में सिंचाई कर रहे गांव के अन्य किसान लाठी डंडा लेकर किसान को बचाने के लिए दौड़ पड़े और बैल को खेत से बाहर खदेड़ कर किसी तरह से किसान की जान बचाई। घटना की सूचना मिलने पर आनन फानन में परिजन उपचार हेतु एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए जहां डा.अवधेश कुमार ने बैल के हमले से गंभीर रूप से घायल किसान का प्राथमिक उपचार करने के बाद किसान की हालत गंभीर देख मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

### उत्कृष्ट सेवा के लिए एएसपी ने पदक से नवाजा

**कछवां।** स्थानीय थाने पर तैनात एसएसआई बजरंगबली चौबे को अभिलेखों के आधार पर उनकी कार्यशैली को देखते हुए उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक से नवाजा गया। बीते 26 जनवरी 2023 को इनका पुलिस पदक सोनभद्र जिले में दिया जाना था। परंतु एसएसआई की तैनाती कछवां होने से सोनभद्र में औपचारिकता करने के बाद पत्राचार के माध्यम से पदक मीरजापुर कार्यालय आया। पदक लेकर मंगलवार की देर शाम एडिशनल एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने स्वयं कछवां थाने पर आकर एसएसआई को पदक लगाकर सम्मानित किया। एडिशनल एसपी द्वारा पदक लगाए जाने के बाद थाना प्रभारी कछवां रामस्वरूप वर्मा समेत अन्य सहकर्मियों ने चौबे जी को बधाई दिया।

### ट्रेन की चपेट में आया युवक हुई मौत

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के मोहनपुर पहाड़ी के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह पड़री थाना क्षेत्र के मोहनपुर पहाड़ी के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पहुंची पढ़ ली। थाना पुलिस व आरपीएफ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### ब्लॉक सभागार में बैठक

**जमालपुर।** बुधवार को ब्लाक सभागार में खंड विकास अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह एवं पवन सिंह ने ग्राम सचिवो, ग्राम प्रधानों और समूह सखियो के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए एवं पारदर्शी तरीके से कार्य करने की हिदायत दी। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास मे मानक का ध्यान रखते हुये समय से पूर्ण कराये जाने को निर्देशित किया। मातहतो को आवास मे एक भी रुपए न लेने की हिदायत दी कहा कि शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। सुरभि शोध संस्थान चुनार मे छह मार्च को प्रस्तावित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में अधिक से अधिक लोगों का पंजीकरण कराने के लिए आह्वान किया।

### हर घर जल योजना की खामियां हुई उजागर

**लालगंज।** डोर टू डोर पेयजल योजना की परियोजना का उस समय खामियां उजागर हुआ, जब लालगंज दुबार रोड पर डीआई पाइप टेस्टिंग के दौरान टूट जाने से सड़क पर पानी भरने लगा। पेयजल की ड्रीम प्रोजेक्ट डोर टू डोर योजना की शिकायतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं, क्योंकि टेस्टिंग के दौरान लालगंज दुबार रोड पर उसकी खामियां खुलकर ग्रामीणों और बाजार वासियों के सामने आ गई। सड़क पर बह रहे पानी देखकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। राहगीर भी पाइप से मोटी धार पानी का बहता देखकर कहने लगे कि टेस्टिंग में ही गुणवत्ता उजागर हो गई। बताया यह गया कि हाइड्रो टेस्टिंग तीन सौ डाया डीआई पाइप खुलने से सड़क पर पानी भरा है। ग्रामीण टेस्टिंग की सफलता को देखकर कार्यदाई संस्था के गुणवत्ता पर सवाल खड़ा करने लगे।

### धूमधाम से मनाई गई महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती

**मीरजापुर।** पतंजलि युवा भारत एवं विंध्य योग सेवा धाम ट्रस्ट के संयुक्त त्वावधान में सेंट जोसेफ स्कूल में महान समाज सुधारक ओजस्वी संत आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया, जहां सभी छात्र छात्राओं ने ऋषिवर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं उनके विचारों को रखते हुए उनके गाए हुए भजनों का भी गुणगान किया। इस अवसर पर विनायक सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक योग गुरु भोलेनाथ ने कहा कि दयानंद सरस्वती एक समाज सुधारक थे, जिन्होंने मानव जाति की भलाई के लिए अनेकों अनेक सराहनीय कार्य किए। दयानंद सरस्वती को आर्य समाज के गठन का श्रेय दिया जाता है। प्रबंधक रतन जॉनसन ने कहा कि हिंदू कैलेंडर के अनुसार युवा पीढ़ी के रोल मॉडल महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्म फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को हुआ था और इस दिन को हर साल उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन महिला केंद्र प्रभारी संगीता व्यास ने किया। है। इस अवसर पर प्रवीण मौर्य, मुकेश, आयुषी, मानसी, सनाया, ज्योति, रितिका, नंदिनी, अभिमन्यु, विवेक, संदीप, राहुल, समेत कई लोग उपस्थित रहे।

### नारद मोह व भक्ति की कथा का कराया रसपान

**हलिया।** क्षेत्र के खुटहा गांव स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के तीसरे दिन बुधवार को महाराष्ट्र से पधारी कथावाचिका साध्वी ऋचा मिश्रा ने श्रीराम कथा का अमृतमयी पान कराते नारद मोह व भक्ति की कथा सुनाया। साध्वी ने कहा कि महादेव ने जिस स्थान पर कामदेव को भस्म किया। उसी स्थान पर नारद तप करने लगे। तप से कामदेव को भयभीत होने पर नारद को अभिमान हो गया कि उन्होंने कामदेव पर विजय प्राप्त कर ली। भगवान विष्णु नारद के अंदर अभिमान होने का बीज अंकुरित होता देख माया के द्वारा विश्वमोहिनी स्वयंवर में नारद को आसक्त देखकर वानर रूप दे दिया, जिससे कुपित होकर उन्होंने विष्णु को शाप दिया। विष्णु के अवतार भगवान राम को सीता अभियोग में वानरों भालूओ संघ 14 वर्ष का जीवन वन में बिताना पड़ा। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक भानु तिवारी, सुरेंद्र सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह, रमाकांत, शारदा अजय, अजय, विवेक सिंह, श्याम सुन्दर मिश्र, विनय दुबे, राकेश तिवारी, राजू शुक्ल, जेपी तिवारी, ब्रह्मा नन्द मिश्रा श्याम बहादुर सिंह आदि सहित हजारों भक्त मौजूद रहे।

# पांच करोड़ 30 लाख लागत की 52 परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**पहल**

**आकांक्षी जनपद की रैंकिंग में विकास के पथ पर 112 में से जनपद सोनभद्र को मिला 5 टॉप में स्थान**

**परियोजनाओं के निर्माण पूर्ण होने पर जनपदवासियों को मिलेगा लाभ- हरदीप सिंह पुरी**

जनसंदेश न्यूज


केंद्रीय मंत्री के वर्चुअल शिलान्यास का कलेक्ट्रेट में प्रसारण देखते अधिकारी।

**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह पुरी (आवासन एवं शहरी कार्य तथा पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस) ने बुधवार को वर्चुवल माध्यम से सांसद निधि योजनान्तर्गत निर्मित 5 करोड़ 30 लाख लागत की 52 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। कहा कि प्रधानमंत्री के मुहिम के तहत सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास के तहत जनपद सोनभद्र का चैमुखी विकास हो रहा है।

विकास यात्रा की सफलता इस बात में दिखायी पड़ती है कि जनवरी,2018 से दिसम्बर, 2020 के बीच एडवेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के ओवर आल प्रदर्शन में नीति आयोग ने सोनभद्र को 112 जिलों में टॉप 5 जिलों में सोनभद्र को स्थान दिया है।

सोनभद्र ने एजुकेशनल व फाइनेंशियल क्षेत्र में खास प्रगति की है। उन्होंने कहा कि जनपद को मेरे द्वारा 2018 से गोद लिया गया है, तब से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में जनपद के विकास से सम्बन्धित कार्य हो रहे हैं, इससे जनपद में शिक्षा, स्वास्थ्य व कृषि के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सुधार हुआ है। कहा कि जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के कुशल संचालन में जनपद में विकास कार्यों में तेजी आयी है, इस कार्य में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। वर्चुवल कार्यक्रम के मौके पर जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, ईश्वरी प्रसाद टेकी वरिष्ठ सलाहकार, परियोजना अधिकारी आरएस मौर्या, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# छात्रा की आत्महत्या के प्रयास के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

**गायब छात्रा के विद्यापीठ शक्ति नगर परिसर से बरामद होने का मामला**

**शक्ति नगर सोनभद्र।** थाना क्षेत्र की विद्युत विहार स्थित विद्यापीठ परिसर में बीते शनिवार को पढ़ने आई छात्रा के घर न लौटने पर पिता की गुहार पश्चात पुलिस की मौजूदगी में छात्रा को कॉलेज के एक कमरे से बरामद किया गया था। जिसके बाद छात्रा की आपबीती सुन पिता द्वारा परिसर में जाकर वास्तविकता जाननी चाही। आरोप है कि वहां पर एक शिक्षक द्वारा उसे शांत रहने अथवा पूरे परिवार को जेल भिजवाने की धमकी दी गई, जिसके पश्चात पिता ने शक्ति नगर थाने में तहरीर देकर जांच और कार्रवाई की मांग की थी परंतु पुलिस द्वारा मंगलवार की दोपहर आरोपित शिक्षक और छात्रा के पिता के बीच मामले को रफा-दफा करने का समझौता करा दिया था, जिसके बाद घटना ने उस वक्त गंभीर रुख अख्तियार कर लिया जब देर शाम छात्रा अपने घर के अंदर फांसी पर झूल गई जिसे परिजनों ने गंभीर अवस्था में एनटीपीसी के संजीवनी चिकित्सालय में इलाज हेतु लाया, हालत गंभीर होने पर उसे एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय रेफर कर दिया जहां समाचार लिखे जाने तक उसका इलाज जारी है।

उधर उक्त घटना की अखबारों और सोशल मीडिया में सुर्खियां बनने के बाद पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बुधवार दोपहर बाद शक्तिनगर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 26/2023 धारा 342, 323, 504, 506 भा द वि पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

# पॉक्सो एक्टः दोषी आशीष पटेल को 10 वर्ष की कैद

जनसंदेश न्यूज

**30 हजार जुर्माना**

**3 वर्ष पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला**

**सोनभद्र।** तीन वर्ष पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी आशीष पटेल को 10 वर्ष की कैद एवं 30 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की समूची धनराशि 30 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक शाहगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 14 मई 2020 को शाहगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ तीन माह पूर्व से डाभा गांव निवासी आशीष पटेल पुत्र राजबहादुर पटेल शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार करता रहा। बेटी को मोबाइल फोन भी दिया था जिससे वह बात करता था। इसकी जानकारी होने पर जब आशीष से शादी करने के लिए कहा तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया।

विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में आशीष पटेल पुत्र राजबहादुर पटेल निवासी डाभा, थाना शाहगंज, जिला सोनभद्र के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी आशीष पटेल को 10 वर्ष की कैद एवं 40 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# ट्रैक्टर-कार की भिड़ंत, एक जख्मी

**ओबरा।** स्थानीय ओबरा चोपन मुख्य मार्ग पर बुधवार की दोपहर कार और ट्रैक्टर की जोरदार भिड़ंत हो गयी। हादसे में कार सवार युवक घायल हो गया।संयोग अच्छा था कि जोरदार टक्कर के बाद भी युवक मामूली रूप से घायल हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर करीब तीन बजे चोपन निवासी आशुतोष पांडेय पुत्र हृदय नारायण पांडेय अपने मामा के यहाँ ओबरा आ रहा था। जैसे ही कार बिल्ली चढ़ाई से आगे बढ़ी की सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर को चालक बैक कर सड़क पर लाया।

इस दौरान कार सवार को सम्भलने का मौका नहीं मिला और ट्रैक्टर व कार में जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर बीच से दो टुकड़ों में बंट गई।वहीं कार चालक आशुतोष मामूली रूप से घायल हो गया।इस दौरान ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंचे परिजन घायल युवक को इलाज के लिए डॉक्टर के यहाँ ले गए।

# यूपी बोर्ड परीक्षा आज से

जनसंदेश न्यूज

**तैयारियां पूरी**

**4 जोन व 12 सेक्टर में बंटा जनपद, 80 केन्द्र पर होगी परीक्षा**

सोनभद्र। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 16 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। जिले में 80 केन्द्रों पर परीक्षा संपन्न होगी। नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए जिले को चार जोन व 12 सेकटरों में बांटा गया है। पांच सचल दस्ता परीक्षा पर नजर रखेगा।

डीएम ने कहा कि परीक्षा को पूरी शुचिता, विश्वसनीयता से सम्पन्न कराना है। जनपद में बोर्ड परीक्षा के लिए 80 परीक्षा केन्द्र निर्धारित हैं, सभी परीक्षा केन्द्रों पर एक अतिरिक्त वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक की तैनाती कर दी गयी है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। जिले में 4 जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी को नामित किया गया है,जो भ्रमणशील रहकर अपने तहसील के परीक्षा केन्द्रों का समय-समय पर निरीक्षण करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि परीक्षा केन्द्र पर किसी प्रकार से अनुचित साधन का प्रयोग व नकल न होने पाये। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए सम्बन्धितगण अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही न बरतें। लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। परीक्षा केन्द्रों पर किसी प्रकार की नकल समग्री छात्र-छात्राओं द्वारा नहीं लायी जायेगी, स्ट्रांग रूम में प्रवेश के लिए एक लॉकबुक रजिस्टर रखा जाये, जिसमें तिथि, समय एवं उद्देश्य सहित आने जाने वाले अधिकारी का पूर्ण विवरण अंकित किया जाये। स्ट्रांग रूम जिसमें डबल लॉक आलमारी रखी है, को स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में परीक्षा आरंभ होने के एक घंटा पूर्व खोले जाने तथा परीक्षा समाप्त के एक घण्टा उपरान्त सील किया जाये। प्रत्येक बार परीक्षा के प्रयोजन से डबल लॉक आलमारी के पश्चात दोनों लाक हस्ताक्षरित पेपर से सील किये जायें। पेपर सील पर केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर नाम, पदनाम अनिवार्य होंगे।

# कानपुर में महिलाओं के साथ हुई घटना से कांग्रेसियों में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज


जिला प्रशासन प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी

**सोनभद्र।** कानपुर देहात में महिलाओं के साथ हुई अमानवीय घटना के विरोध में कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर कांग्रेसियों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंच राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासनिक अधिकारी ओमकार नाथ यादव को सौंपा।

इस दौरान कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोड़ ने कहा कि कानपुर देहात में स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग द्वारा जिस प्रकार से अतिक्रमण हटाया गया, जिससे परेशान होकर कृष्ण कुमार दीक्षित की पत्नी और बेटी ने अपना जीवन समाप्त कर दिया। यह एक हृदय विदारक घटना है। कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए और इसमें लिप्त अधिकारियों पर उचित कार्यवाही होनी चाहिए। पीसीसी सदस्य आशुतोष कुमार दुबे ने कहा कि सरकार महिलाओं की रक्षा की बात करती है। ये घटनाएं दर्शाती हैं कि किस प्रकार से महिलाओं की रक्षा की जा रही है। प्रदेश में लगातार ब्राह्मण पर हो रहे अत्याचार दर्शाते हैं कि सरकार की मंशा क्या है। पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए। कौशलेश पाठक ने कहा कि बुलडोजर चलवाने में मानवता का ध्यान देना चाहिए और किसी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। इस मौके पर जितेंद्र पासवान, सेतराम केसरी, विमला मौर्या, राजबली पांडे, राजू भारती, शैलेंद्र चतुर्वेदी, अमरेश देव पांडे, लल्लूराम पांडे, पंकज मिश्रा, निर्मला देवी, मोहन, शीतला सिंह पटेल, रामप्यारे सिंह गौड़ उपस्थित रहे।

# वृक्ष गिरने का भय हटवाने की मांग

**दुद्धी।** तहसील क्षेत्र के डूमरा ग्राम पंचायत में सैकड़ों वर्ष पुराना पीपल का एक विशाल वृक्ष जो करीब 70 मीटर लंबा व 11 मीटर चौड़ा है। उक्त वृक्ष में बीते 11 फरवरी को पेड़ में अचानक आग लग गई थी। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने 112 पर दी। इस दौरान दो बार आई फायर की टीम ने विशाल पेड़ में लगे आग को बुझाया, लेकिन वृक्ष खोखला हो गया और गिरने के कगार पर है और कुछ डालिया टूट कर गिर गई हैं। वहीं दूसरे छोर पर करीब आधा दर्जन भवन हैं, जिसमें रह रहे लोग वृक्ष गिरने के डर से कड़कड़ाती ठंड में अपने भवन से दूर खुले आसमान के नीचे सोने को विवश हैं। बुधवार को प्रभावित दर्जन भर लोगों ने उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्रा को वृक्ष तत्काल हटाने की मांग किया। इस दौरान एसडीएम ने वन विभाग के सम्बन्धित अधिकारी को पेड़ तत्काल हटाने का निर्देश दिया है। इस मौके पर अनिल मौर्या, प्रेमचन्द्र गुप्ता, सत्यनारायण, तेतरी देवी, राजकुमारी आदि उपस्थित रहे।

# अद एस नेता ने एडीएम को सौंपा समस्याओं का पुलिंदा


अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्र को पत्रक सौंपते अपना दल एस श्रमिक मंच के अध्यक्ष अंजनी पटेल

**डाला।** अपना दल एस श्रमिक मंच के अध्यक्ष अंजनी पटेल ने डाला नगर पंचायत में आवश्यक कार्य अविलंब कराए जाने की मांग व क्रसर क्षेत्र में उड़ रहे धूल की समस्या समेत विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्र को पत्रक सौंपा। बताया कि डाला नगर पंचायत में खेल के मैदान के निर्माण हेतु नगर पंचायत परिक्षेत्र में आने वाले फारेस्ट की जमीन को चिन्हित कर नामांतरण कराया जाय, गणेश पाण्डेय के घर से प्रस्तावित कचहरी तक सीसी रोड का निर्माण, ओवरहेड टैंक की स्थापना कराई जाय, काली मंदिर छठ घाट पर पुलिया व बंधी था निर्माण कराए जाय, टेम्पो स्टैंड चौराहे से डा. योगेश्वर तिराहे तक स्ट्रीट लाइट तक व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाय, वार्ड पांच झपरहवां टोले में पानी की टंकी, बिजली के खम्भे, हैण्डपम्प, रोड और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था समेत चौदह कार्यों को प्राथमिकता देत हुए तत्काल कराया जाय।

पत्रक में बताया कि प्रदूषण विभाग के मानकों के विपरीत क्रसर संचालन की वजह से पूरा क्षेत्र धूल से पट जा रहा है। जिससे तेजी से सभी लोग गंभीर बिमारियों की चपेट में आ रहे हैं। खनन क्षेत्र में सभी श्रमिकों का पंजीयन अनिवार्य कराया जाय, जिससे दुर्घटना हादसे के समय संबंधित लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

# नेशनल चेयरमैन के जनपद आगमन पर हुआ स्वागत

जनसंदेश न्यूज


कार्यक्रम में मौजूद नेशनल चेयरमैन गोपाल राय

**ओबरा।** केंद्रीय लोक शिकायत एवं जांच संस्थान के नेशनल चेयरमैन एवं राष्ट्रीय क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय का बुद्धवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोनभद्र आगमन पर डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन उमेश सिंह पटेल के नेतृत्व में स्वागत हुआ। इस दौरान नेशनल चेयरमैन ने चोपन में केंद्रीय लोक शिकायत एवं जांच संस्थान के कार्यालय का उद्घाटन किया। तत्पश्चात ओबरा के बीएमएस कार्यालय में संस्थान की बैठक की गई।

मुख्य अतिथि नेशनल चेयरमैन ने कहा कि संस्थान संपूर्ण भारत के सभी प्रदेशों में स्टेट एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन का गठन कर समाज के कमजोर, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों की समस्याओं से संबंधित विभागों एवं अदालतों तक नहीं पहुंच पाते हैं और अपना हक-हुकूक हासिल नहीं होने से भाग्य को दोषी मानकर समस्या से पीड़ित रहते हैं। ऐसे लोगों को न्याय दिलाने के लिए यह संस्थान निःस्वार्थ भाव से कार्य करेगी। सामाजिक समरसता के लिए संस्थान की तरफ से निशुल्क एडवोकेट नियुक्त किए जाएंगे, जिनका खर्च संस्थान एवं पदाधिकारी उठाएंगे। संस्थान का प्रमुख उद्देश्य है कि भारत को समृद्ध व मजबूत बनाने की अवधारणा, भ्रष्टाचार मुक्त उन्नत समाज की परिकल्पना, समाज में आर्थिक रूप से कमजोर दलित पिछड़े अल्पसंख्यक महिला एवं पुरुष,जो पीड़ित हैं उनके अधिकारों को दिलाना है। कहा कि समाज को नई दिशा देने के लिए युवाओं को उचित मार्गदर्शन तथा रोजगार उन्मुख कार्यशाला का आयोजन कर प्रेरित करना। रोजगार परक ट्रेनिंग देकर स्टार्टअप जैसी योजनाओं के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य संस्था करेगी। संचालन धुरंधर शर्मा ने किया। कार्यक्रम में संजय सिंह, बृजेश सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह, विकास कुमार सिंह, विमल रंजन सिंह, शिवनारायण खरवार, निशांत सिंह, डॉ प्रभाशंकर सरोज, दीपक, आदित्य, अजय, रामनरेश चौधरी, शशांक शुक्ला, दानिश खान आदि लोग उपस्थित रहे।

# उपनिर्वाचन संपन्न कराने को निर्वाचन व सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** त्रिस्तरीय पंचायतों के रिक्त पदों पर उप निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु जिला मजिस्ट्रेट चंद्र विजय सिंह ने उप निर्वाचन हेतु निर्वाचन अधिकारी तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। सहायक निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन अधिकारी के नियंत्रण एवं मार्ग निर्देशन में अपने दायित्वों का निवर्हन करेंगे तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी को निर्वाचन अधिकारी के एक अथवा समस्त कृत्यों को करने हेतु अधिकृत किया जाता है।

घोरावल के निर्वाचन अधिकारी हरिमोहन सीडीपीओ विकास खण्ड-घोरावल, मो 9695666188 व सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार राजभर, सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) विकास खण्ड-घोरावल मो0 9455998670, विकास खण्ड रावर्टसगंज के निर्वाचन अधिकारी डा सुजीत कुमार सिंह सीडीपीओ राबर्ट्सगंज मो0 7007519602 व सहायक निर्वाचन अधिकारी श्यामाधर, अवर अभियंता लघु सिंचाई, रावट्र्सगंज 8546022342, विकास खण्ड करमा के निर्वाचन अधिकारी डा अल्प नारायण सिंह पशु चिकित्सा अधिकारी मधुपुर 9628117585 व सहायक निर्वाचन अधिकारी सुनित कुमार मिश्रा अवर अभियन्ता लघु सिंचाई, करमा 8874819238, विकास खण्ड चतरा के निर्वाचन अधिकारी डा त्रिभुवन सिंह यादव, पशु चिकित्साधिकारी चतरा मो0 9005886978 व सहायक निर्वाचन अधिकारी शिवमंगल 9198879608, नगवां के निर्वाचन अधिकारी डा जितेन्द्र पशु चिकित्साधिकारी वैनी 7080098539 व सहायक निर्वाचन अधिकारी धनंजय प्रताप सिंह एडीओ सहकारिता, नगवां मो0 9118364599, चोपन के निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र प्रकाश गिरि सीडीपीओ चोपन मो0 8853292590 व सहायक निर्वाचन अधिकारी विनोद कुमार सिंह, अवर अभियंता लघु सिंचाई चोपन मो0 8429408496, दुद्धी के निर्वाचन अधिकारी डा शैलास राम, सीडीपीओ 7355991159 व सहायक निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार, सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) विकास खण्ड-दुद्धी मो0 8707880339, विकास खण्ड बभनी के निर्वाचन अधिकारी अनीता जायसवाल 7376352866 व सहायक निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश जायसवाल अवर अभियन्ता (लघु सिंचाई) विकास खण्ड-बभनी मो 9793010052, विकास खण्ड म्योरपुर के निर्वाचन अधिकारी हृदयनारायण आजाद 7706940907 व सहायक निर्वाचन अधिकारी सन्तेश राय सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) 9015587 839 निर्वाचन अधिकारी/ सहायक निर्वाचन अधिकारी नियम एवं निदेर्शों के अधीन रहते हुए ग्राम पंचायत के समस्त रिक्त पदों पर निर्वाचन कराने हेतु तत्पर रहेंगे।

## संक्षेप

### राज्यमंत्री ने दिव्यांगों में बांटा मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, खिले चेहरे



**सोनभद्र।** राज्यमंत्री संजीव कुमार गोड़ ने राबर्ट्सगंज के उरमौरा स्थित डायट परिसर में बुधवार को दिव्यांगजनों को 80 निःशुल्क मोटराईज्ड ट्राई साईकिल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों कहीं आने-जाने के लिए परेशानी न उठानी पड़े, इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क मोटराईज्ड ट्राई साईकिल दिव्यांगजनों को देने की योजना बनायी है। केन्द्र व प्रदेश सरकार आदिवासी, गरीब व पात्रों के विकास के लिए हर प्रयास कर रही है और आगे के विकास के लिए भी तत्पर है। जिले के और दिव्यांगजनों को चिन्हित कर, जो पात्र हैं, उनको भी निःशुल्क मोटराईज्ड ट्राई साईकिल दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पेंशन योजना, दिव्यांगजन पेंशन योजना सहित विभिन्न प्रकार के पेंशना योजना ऑनलाईन के माध्यम से संचालित हो रहा है, जिससे यहां के पात्र लाभान्वित भी हो रहे हैं। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के और भी दिव्यांगजनों का चिन्हीकरण किया जाये और पात्र पाये जाने पर उन्हें भी निःशुल्क मोटराईज्ड ट्राई साईकिल का वितरण किया जाये। संचालन सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने किया। इस मौके पर विधायक घोरावल डा. अनिल कुमार मौर्य, विद्या देवी, रमाशंकर यादव, उमेश सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

### डीपीआरओ ने अन्त्येष्टि स्थल का किया निरीक्षण



**बभनी।** जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह ने बुधवार को विकास खण्ड बभनी में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा किया। इसके बाद चकचपकी में ग्राम पंचायत से बन रहे अन्त्येष्टी स्थल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को सार्वजनिक शौचालयों की साफ सफाई के निर्देश दिए। इसके बाद वे चकचपकी में ग्राम पंचायत से बन रहे अन्त्येष्टी स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राजबहादुर से ग्राम पंचायत के प्रगति का हाल जाना। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत काशी राम ठाकुर, अनिल कुशवाहा, राकेश तिवारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### ऑपरेशन कायाकल्प को लेकर की बैठक

**दुद्धी।** ब्लाक मुख्यालय पर बुधवार को अचानक पहुंचे डीपीआरओ विशाल सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र मौर्या व सम्बन्धित ब्लाक के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ आपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में हो रहे कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा कायाकल्प के दौरान शौचालय, दरवाजा खिड़की आदि के कार्यों को गुणवत्तापूर्वक निर्माण कराएं। इस मौके पर एडीओ पंचायत समर बहादुर सिंह, ग्राम पंचायत आधिकारी राघवेंद्र सिंह, अरुण कुमार वर्मा, राकेश कुमार यादव, अरुण कुमार यादव, विजय बहादुर, अरशद खां, आशा यादव, सुषमा तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### पुलवामा शहीदों की याद में निकाला कैंडल मार्च



**ओबरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई द्वारा मंगलवार की देर शाम पुलवामा हमले की बरसी पर नगर में कैंडल मार्च आर्य समाज से हनुमान मंदिर तक निकाला गया। कैंडल मार्च में विद्यार्थियों द्वारा भारत माता की जय, वीर शहीद अमर रहे के नारे लगाए गए। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक अग्रहरि ने बताया कि बीते 14 फरवरी 2019 को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सेना को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर आतंकवादियों द्वारा पुलवामा में आत्मघाती हमला किया गया था। इस हमले में भारतीय सेना के 40 वीर जवान शहीद हो गए थे। वही हनुमान मंदिर पहुंच कर दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों की सौर्य और शहादत को याद करके श्रद्धांजलि दी गयी। नगर मंत्री शिखर सोनी ने कहा भारत माता की रक्षा करते हुए भारत के जवान अपने प्राणों की आहुति दे देते हैं। ऐसे में हम सभी का कर्तव्य है कि उनके सम्मान के लिए जो भी संभव हो वह कार्य हम सभी को करना चाहिए। इस अवसर पर अनमोल सेठ, विराट केसरी, अनिकेत सिंह, अभिषेक अग्रहरी, शेखर सोनी, अनुज सिंह, विनय अग्रहरी, बृजेश दास, शिव मूरत, सनी केसरी, सूरज पासवान, विश्वास, अभिषेक सिंह, सत्यम सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ शिविर का आयोजन

**ओबरा।** पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" शीर्षक पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि बेटियां हमारे देश की अमूल्य निधि है। उनके द्वारा घर,परिवार,समाज एवं देश का सर्वांगीण विकास होता है। बेटियों को उचित सुरक्षा एवं उत्तम शिक्षा के लिए सभी को आगे आने की आवश्यकता है। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संतोष कुमार सैनी ने बताया कि बेटियां हमारे समाज की धूरी एवं हमारे विकास का आधार स्तंभ है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महीप कुमार ने बताया कि एक बेटी को शिक्षित करने से हमारा पूरा समाज, पूरा देश आगे बढ़ता है। बेटियां धैर्य की प्रतिमूर्ति होती हैं। डॉ. विकास एवं डॉ. विभा पांडेय ने भी बेटियों को उचित संरक्षण एवं शिक्षित किए जाने पर बल दिया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के लगभग 400 स्वयंसेवियों के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर डा किशोर कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार, राजेश प्रसाद, रंजीत सिंह, डा विजय प्रताप यादव, वैशाली शुक्ला, प्रमोद केसरी, धर्मेंद्र, महेश पांडेय, शरफुद्दीन, कुंदन, अरुण, अभिषेक अग्रहरी, मुकेश यादव, पूजा यादव आदि मौजूद रहे।

### वनाधिकार के तहत मूल निवासियों को मिले कब्जा

**म्योरपुर।** स्थानीय खेल मैदान पर बुधवार को समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय आदिवासी, दलित,अल्पसंख्यक व पिछड़ा महासम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री विजय सिंह गोंड़ ने कहा कि वनाधिकार कानून के तहत परम्परागत मूल निवासियों को जोतकोड़ व कब्जा के आधार पर भौमिक अधिकार मिलना चाहिए, परन्तु वर्तमान सरकार आदिवासियों के साथ छल कर रही है। अपने अधिकारों के लिए हमें एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। कहा कि अमवार कनहर परियोजना में विस्थापित किसानों के छूटे परिजनों को जोड़कर विस्थापन पैकेज दिया जाए तथा विस्थापितों पर लगे फर्जी मुकदमों को खारिज किया जाए। कहा कि गरीबों को फ्री बिजली कनेक्शन के नाम पर मीटर वितरण व बिना जलाए आ रहे बिजली बिल को जांच कर माफ किया जाए। बभनी व म्योरपुर ब्लॉक में राजकीय इंटर कालेज व राजकीय औद्योगिक संस्थान की स्थापना की जाए, जिससे आदिवासी बालक/बालिकाओं को शिक्षा हेतु बाहर न जाना पड़े। इस मौके पर विजय यादव, सुषमा सिंह, जुबेर आलम, जगधारी गोंड़, प्रेमचन्द्र यादव, महिपत गोंड़, अवध नारायण यादव, राजेन्द्र ओयमा, हरिहर यादव, दीनबंधु यादव, राजेश यादव, मोतीलाल गोंड़ मौजूद रहे।

### चोरों ने नगदी समेत लाखों के जेवर पर फेरा हाथ

**शक्तिनगर।** थाना क्षेत्र के राजकिशन बस्ती में चोरों ने सोमवार की रात एक घर पर धावा बोलकर लाखों के सामार पर हाथ साफ कर दिया। भुक्तभोगी ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। राजकिशन बस्ती निवासी विपुल कुमार सिंह पुत्र मोछेन्द्र सिंह ने बताया कि सोमवार की रात खाना खाकर परिवार सहित वे सो गए। रात में चोर घर का दरवाजा तोड़कर आलमारी में रखा सोने का मंगल सूत्र, दो चैन, अंगूठी 5, कान की बाली व झुमका, सोने का हार, कंगन, चांदी का पायल, दो स्मार्टफोन एवं दस हजार रुपया नगद उठा ले गए। सुबह घर के लोग उठे तो घर का दरवाजा टूटा देख सकते में आ गए। भुक्तभोगी ने तहरीर देकर चोरी के खुलासे की मांग की है।

### राजस्व विभाग द्वारा खड़ा किया पिलर दबंगों ने उखाड़ा

**बभनी।** विकास खण्ड बभनी के दरनखांड़ गांव के समीप राजस्व विभाग द्वारा बीते दिनों जमीन की पक्की पैमाइस करायी गयी थी। मंगलवार की रात दबंगों ने राजस्व विभाग द्वारा खड़ा किये गये पिलरों को उखाड़कर फेंक दिया। दरनखांड सीमा पर रामचंद्र गुप्ता की भूमि की पक्की पैमाइस बीते 12 फरवरी को राजस्व निरीक्षक, पुलिस एवं लेखपाल की मौजूदगी में करायी गयी थी। जिसका पिलर दबंगों ने उखाड़ कर फेंक दिया। पीड़ित रामचंद्र गुप्ता ने बताया कि बुधवार की सुबह जब भूमि पर पहुंचा तब देखा की जमीन पर खड़े पीलर गायब हैं। पीड़ित ने मामले की जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल को दी। इस बावत क्षेत्रीय लेखपाल रमेश मिश्रा ने बताया कि जमीन नापी के बाद पत्थर खड़ा किया गया था, जिसे कुछ लोगों ने उखाड़ दिया है। इसकी रिपोर्ट कानूनगो को दी जाएगी, इसके बाद कार्यवाही की जायेगी।


### अधिग्रहित भूमि के प्रतिकर की मांग

**दुद्धी।** कनहर सिंचाई परियोजना के ग्राम कोरची निवासी विस्थापित रमेश कुमार ने सिंचाई विभाग पर भूमि अधिग्रहण के बाबजूद प्रतिकर न देने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र दे कर न्याय की गुहार लगाई है। बताया कि जमीन खाता संख्या- 167 के गाटा संख्या 869.32ख रकबा 0.2020 0 1900 (अवशेष था उक्त जमीन को कनहर सिंचाई परियोजना अमवार द्वारा मनमाने ढंग से बिना किसी सूचना के 28.03.2019 को अधिग्रहण कर लिया गया है तथा सिंचाई विभाग द्वारा आज तक भी इस जमीन का प्रतिकर नहीं दिया गया है।

# भ्रष्टाचार: खेत में लहलहा रही फसल कागज में खोदा जा रहा तालाब



मलहर गांव में महेंद्र का खेत, जहां कागज पर हो रही खुदाई।



Work Name: MALHAR ME MAHENDRA KE KHET KE PAAS TALAB KHUDAI KA KARYA/3171008046/WC/95848625582313476...

| | | |
|---|---|---|
| [illegible] | 03/01/2023 | 2962 |
| [illegible] | 03/01/2023 | 20838 |
| [illegible] | 03/01/2023 | 5964 |
| [illegible] | 03/01/2023 | 17892 |
| [illegible] | 15/01/2023 | 5964 |
| [illegible] | 15/01/2023 | 23856 |
| [illegible] | 15/01/2023 | 2962 |
| [illegible] | 15/01/2023 | 11928 |

मलहर में मनरेगा के तहत तालाब खुदाई से जुड़े ऑनलाइन दस्तावेज की प्रति।

**इलिया।** मनरेगा योजना में मानक को कैसे ताक पर रखा जाता है इसकी नजीर देखनी है तो शहाबगंज ब्लाक के मलहर ग्राम पंचायत चले आइए। यहां खुलेआम आमजन व अधिकारियों की आंख में आंख डालकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। मौके की स्थिति को देखकर यह कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि भ्रष्टाचार के इस खेल में जिम्मेदार अफसरों की भी हिस्सेदारी जरूर होगी। मनरेगा योजना के आफलाइन व आनलाइन रजिस्टर में जिस स्थल पर तालाब होना दर्शाया गया है वहां वर्तमान में सरसों, मटर व मसूर की फसल लहलहा रही है। जिसे मौके पर जाकर देखकर, फसलों का झूकर भ्रष्टाचार के खेल को स्पष्टः समझा जा सकता है।

जनपद के शहाबगंज ब्लाक में अधिकारियों व ग्राम प्रधानों की

**यह है हाल**

**मलहर गांव में मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर हो रही गड़बड़ी**

मिलीभगत से फर्जी काम दिखाकर सरकारी धन का गोलमाल किया जा रहा है। सबसे हैरत की बात यह है कि रबी के इस मौसम में जब खेतों में सरसों, मटर व मसूर की फसल लहलहा रही है तो आखिर कैसे और कहां पोखरे की खुदाई हो रही है।

जिम्मेदार द्वारा पैसा खपाने के लिए मस्टरोल भरा जा रहा है। जबकि शासन का निर्देश है कि मनरेगा के कार्यों में कार्य के समय मोबाइल मॉनिटरिंग से मजदूरों की हाजिरी लगेगी और मस्टररोल भरा जाएगा। बावजूद इसके बिना मोबाइल मॉनिटरिंग के ही मस्टरोल पर हाजिरी लगायी जा रही है।

मनरेगा योजना के तहत 3171008046/डब्ल्यूसी/95848625582313764 मलहर में महेंद्र के खेत के पास तालाब खुदाई कार्य के नाम से आईडी जारी किया गया। उक्त आईडी में तालाब खुदाई के नाम पर लगभग एक लाख रुपये की धनराशि मजदूरों के खाते में जारी हो चुकी है, जबकि कार्य योजना में जिस महेंद्र के खेत का उल्लेख किया गया है उसके आसपास कोई तालाब नहीं खोदी गयी है, बल्कि वहां महेंद्र के खेतों में फसल लहलहा रही है।

ना ही मौके पर किसी तरह का योजना से संबंधित कोई बोर्ड ही स्थापित किया गया है। मनरेगा योजना में किसी भी काम की आईडी जारी होने के बाद कार्य प्रारंभ होते ही मौके पर बोर्ड की स्थापना कर दी जाती है, जिसपर योजना से जुड़े समस्त विवरण अंकित होते हैं। जबकि मलहर गांव के प्रबंध में महेंद्र के खेत में फसल लहलहा रहा है लेकिन उसके बावजूद मस्टरोल जारी कर कागज में फर्जी दर्जनों मजदूरों का प्रतिदिन के काम की हाजिरी लगाई जा रही है।

कार्य की पारदर्शिता के लिए मनरेगा योजना के तहत तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत अधिकारी और रोजगार सेवक, ब्लॉक स्तर पर एपीओ की तैनाती की गई है जो कि मनरेगा योजना से रहे कार्यों का देख रेख के साथ सत्यापन करते हैं, लेकिन यह सभी कर्मी अपने जिम्मेदारी का निर्वहन न करके सरकारी धन के बंदरबाट में व्यस्त हैं। ग्राम सचिव राजेंद्र भारती से जब उक्त काम के स्थल के बाबत पूछा गया तो उन्होंने इसकी जानकारी नहीं होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। सीडीओ एसएन श्रीवास्तव ने बताया कि शहाबगंज ब्लाक के मलहर गांव में यदि मनरेगा योजना में ऐसी गड़बड़ी पायी गयी तो दंडित करते हुए रिकवरी की जाएगी।

## प्रशिक्षण के लिए सब्जी अनुसंधान केंद्र रवाना हुए नौगढ़ के किसान



कलेक्ट्रेट से किसानों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती डीएम।

**चंदौली।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड एवं मानवीय दृष्टिकोण में संयुक्त तत्वावधान में ब्लाक नौगढ़ के 25 किसानों का दल तीन दिवसीय प्रशिक्षण हेतु भारतीय सब्जी अनुसंधान केन्द्र अदलपुरा, वाराणसी शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण के लिए जिलाधिकारी ईशा दुहन एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान द्वारा वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन के माध्यम से किसानों को जैविक खेती को बढ़ावा देने एवं सब्जी उत्पादन के अत्याधुनिक पद्धति हेतु प्रशिक्षित किया जायेगा।

इसके साथ ही मृदा स्वास्थ्य एवं रासायनिक उर्वरक एवं रासायनिक कीटनाशक के दुष्प्रभाव तथा जैविक खेती से आय-सृजन एवं सब्जी की विभिन्न प्रजातियों एवं उसमें लगने वाले रोग के रोकथाम के बारे में प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। साथ ही साथ खेती में लागत को कम करने के लिए जैविक कीटनाशक, जैविक उर्वरक जैसे- जीवामृत, बीजामृत, निमास्त्र, ब्रह्मास्त्र आदि के बारे में प्रशिक्षित किया जायेगा, जिससे किसानों को खेती करने में कम लागत पर गुणवत्तायुक्त अधिक उत्पाद प्राप्त होगा। इस दौरान अग्रणी जिला प्रबन्धक मनोज बरनवाल, जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड तनुसेन, कृषि उप निदेशक बसन्त दूबे, सहायक निर्देशक मत्स्य और मानवीय दृष्टिकोण सेवा समिति नारायण पाण्डेय, समन्वयक प्रियेश चन्द्र पाण्डेय, अलका सिंह, शुभम सिंह, नंदलाल सुभाष चन्द्र गौड़, रामसेवक रामनाथ, आदि समस्त किसान उपस्थित थे।

## नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में डॉ. आनंद को मिला स्वर्ण पदक



नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में मेडल प्राप्त करते डॉ. आनन्द।

**डीडीयू नगर।** नेशनल मास्टर्स गेम्स के शूटिंग चैम्पियनशिप में जनपद के वरिष्ठ दंत चिकित्सक डा.आनंद श्रीवास्तव ने ब्रान्ज और गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश से चालीस आयु वर्ग के दस मीटर एअर पिस्टल में खेलते हुए डा.आनंद ने एकल वर्ग में ब्रान्ज एवं मिश्रित वर्ग में भूपेन्द्र एवम् आनंद कुमार के साथ खेलते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। शूटिंग चैम्पियनशिप के एकल वर्ग में आसाम, झारखंड, यूपी क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे वहीं मिश्रित वर्ग में यूपी, झारखंड, यूपी क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवम् तृतीय स्थान पर रहे। काशी हिन्दू विश्व विद्यालय मे ग्यारह से चौदह फरवरी तक चले 5जी नेशनल मास्टर्स गेम्स मे इक्कीस राज्यों के ढाई हजार खिलाड़ियों ने शूटिंग, बैडमिंटन, वालीबॉल डिस्को थ्रो, सौ मीटर दौड़, वेट लिफ़्टिंग जैसे कुल चौदह खेल प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। डा. आनंद श्रीवास्तव की इस उपलब्धि पर नगर में पहुंचने पर बुधवार को उनके शुभचिंतकों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## हत्या के विरोध में चंदौली के व्यापारियों ने निकाली आक्रोश पदयात्रा

**चंदौली।** जिले में विगत 11 फरवरी को दवा व्यापारी धीरज गुप्ता की गोली मारकर हत्या हो जाने से व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। नाराज व्यापारियों ने जिला व्यापार मंडल के साथ मे केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट के लोगां ने बुधवार व्यापारियों ने जन आक्रोश यात्रा शंकर मोड़ बाजार होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। प्रदेश मंत्री चंद्रेश्वर जायसवाल ने पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक मदद और मृतक की पत्नी नौकरी देने की मांग की।

साथ ही पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता जताई। व्यापारी नेता संतोष गुप्ता ने कहा की योगी सरकार में व्यापारी की हत्या शर्मनाक है। घटना को घटित हुए चार दिन बीत गये किन्तु अभी तक धीरज गुप्ता के हत्यारों की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर पाई। वरिष्ठ जिला महामंत्री राकेश शर्मा ने कहा कि एक तरफ योगी सरकार प्रदेश में व्यापारियों की सुरक्षा की बात कह कर व्यापारी इन्वेस्टर्स को इन्वेस्ट करने की बात रही है दूसरी तरफ व्यापारी की हत्या हो रही है। आरोप लगाया कि प्रदेश में आपराधिक गतिविधिया बढ़ गयी है जिसे तत्काल रोका जाय, तभी व्यापारी सुरक्षित रहेंगे।

केमिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री रोहितास पाल ने कहा की मृतक धीरज गुप्ता परिवार की आजीविका चलाने वाला एक मात्र व्यक्ति था पीड़ित परिवार के जीविकोपार्जन के लिये तत्काल शासन और प्रशासन के लोगों से आर्थिक मदद के लिए आगे आना चाहिए। अंत में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को सम्बोधित चार सूत्रीय मांग पत्र प्रदान करते हुए जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकान्त ने कहा कि धीरज गुप्ता के हत्यारो की जल्द से जल्द गिरफ्तार की जाय, मृतक परिवार को तत्काल 50 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाय।

मृतक की पीड़ित पत्नी को नौकरी दी जाय और पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाय आगे जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने घटना का खुलासा जल्द से जल्द करने की बात कही और अपराधी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी करवाई करने की बात कही और पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद और सुरक्षा की बात कही। कार्यक्रम में प्रदीप कुमार, धनजी गुप्ता, संजीव जायसवाल, भगवानदास, अशोक केशरी, प्रदीप गुप्ता, मनोज कुमार, शमीम खान, उमेश कुमार, अंकित जायसवाल, वीके जायसवाल, मनोज केशरी, संतोष उपाध्याय, सत्येंद्र, विनोद गुप्ता, अनिल गुप्ता, संदीप, शिवपूजन गुप्ता, भरत गुप्ता, राम दुलारे उपस्थित थे।



चंदौली पर आक्रोश पदयात्रा निकालते व्यापारी संगठन के लोग।

## खेल से होता है बौद्धिक और शैक्षणिक विकास : रविशंकर

जनसंदेश न्यूज

**बबुरी।** खेल बौद्धिक और शैक्षणिक विकास का स्रोत है, खेल शारीरिक तंदुरुस्ती के साथ मस्तिष्क को भी सक्रिय बनाता है। हमारी मिट्टी की पहचान हमारे बच्चों की सफलता है। जरूरत है इन बच्चों को उचित मार्गदर्शन के साथ उचित अवसर प्रदान किया जाए। उपरोक्त बातें यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर रविशंकर त्रिपाठी ने बच्चों को संबोधित करते हुए दिया।

कस्बे के यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में जेस्ट इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कंपटीशन में मेडल प्राप्त किए हुए बच्चों को सम्मानित किया गया। यह कंपटीशन सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें लगभग 40 विद्यालय सम्मिलित थे। यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने क्रिकेट में रोशनी पब्लिक स्कूल को हराकर प्रथम स्थान रहकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। बैडमिंटन में जयपुरिया स्कूल को हराकर यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल के आदित्य जायसवाल लड्डू एवं उत्तम त्रिपाठी प्रथम स्थान पर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। शॉर्ट पुट में यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल के विशाल सिंह 12.75 मीटर फेककर प्रथम तथा रक्षित सिंह ने 11.35 मीटर फेंककर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल ने जेस्ट इंटर स्कूल कंपटीशन में 18 मेडल और 4 कप प्राप्त कर संपूर्ण मेडल श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर आरएन त्रिपाठी, संतोष सिंह, मोहम्मद अली, संगीता सिंह, एचके पांडेय, अजय अकेला, वैभव त्रिपाठी, बी मैम, कमलेश, अभिलाषा, इम्तियाज आदि उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य अरविंद मिश्रा ने इस प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए बच्चों की सराहना की एवं भविष्य में सफल होने की कामना की।



उम्दा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते शिक्षक।

## दिवंगत शिक्षक के परिजनों को टीएससीटी ने मदद का दिया भरोसा

**सकलडीहा।** धानापुर विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय तेलहर में कार्यरत शिक्षक पंकज त्यागी का पिछले दिनों निधन होगया था। घटना की जानकारी होने पर टीचर्स सेल्फ केयर टीम परिजनों से मिलकर हर संभव मदद का भरोशा दिया। इस मौके पर संगठन के लोग मौजूद रहे। टीचर्स सेल्फ केयर टीम चंदौली के जिला संयोजक कन्हैया लाल गुप्ता ने कहा कि टीएससीटी सहयोग, सुरक्षा और समर्पण का संगम है। जो अपने दिवंगत साथियों की लगातार मदद कर रही है और उनके सुख दुःख की भागी बन रही है। टीम प्रवक्ता देवन्त मौर्य ने कहा कि टीएससीटी ने सहयोग और पारदर्शिता की मिसाल कायम की है। जिसमें पूरे प्रदेश में 98 परिवारों को लगभग 19 करोड़ का सहयोग किया जा चुका है। इस तरह का सहयोग आगे भी जारी रहेगा। मौके पर जिला सह संयोजक कमलेश साहनी, मृत्युंजय सिंह, निठोहर सत्यार्थी धनंजय, गिरिजेश कुमार, राजनाथ, अरुण, शशि कुमार, मुहम्मद वकील, अच्युतानन्द आदि मौजूद रहे।

## धानापुर प्रधान ने जान से मारने का आरोप लगाए हुए किया चक्काजाम

**धानापुर।** धानापुर थाना इलाका इन दिनों जनपद की सुर्खियों में है। बुधवार को ग्राम प्रधान धानापुर रामजी कुशवाहा ने अपने समर्थकों व कुछ ग्रामीणों के साथ कस्बा स्थित बौरहवा बाबा के पास चक्काजाम कर दिया। प्रधान ने गांव के कुछ दबंग युवकों पर ग्राम पंचायत स्थित कार्यालय पर चढ़कर फायरिंग करने और गाली-गलौज तथा धमकाने का आरोप लगाया है। जानकारी के बाद धानापुर पुलिस मौके पर पहुंच गयी।

मामले को लेकर धानापुर कस्बे में तनाव की स्थिति कायम है। प्रधान का आरोप है कि उन्होंने विवाद में बीचबचाव कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया, जो एक पक्ष के युवक को नागवार गुजरी और वह बुधवार को अपने कुछ साथियों के साथ ग्राम पंचायत स्थित पर पहुंच गया।

पुलिस को दी गई तहरीर में प्रधान ने आरोप लगाया कि असलहा लिए हुए एक युवक ने उन्हें जान से मारने की नियत से हमला किया। इसके अलावा अन्य युवक लाठी-डंडे से लैस थे, जिन्होंने गाली-गलौज के साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए जमकर उत्पाद मचाया। मामले में हंगामा व चक्काजाम की जानकारी के बाद एसडीएम सकलडीहा व सीओ सकलडीहा मौके पर पहुंचे और चक्काजाम कर रहे लोगों से बातचीत कर मामले को शांत किया। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक विजय बहादुर सिंह ने ग्राम प्रधान की तहरीर पर एक नामजद सहित आधा दर्जन अज्ञात लोगों पर धारा 147, 148 व 307 सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अगली कार्यवाही में जुट गई।

**रोष**

**तहरीर पर धानापुर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

## सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाकर दुर्घटनाओं में लाएं कमी : एडीएम

**चंदौली।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई, जिसमें एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं दुर्घटनाओं के डाटा पर प्रकाश डालते हुए जनपद के पूर्व चिन्हिंकित ब्लैक स्पॉटों पर सुधारात्मक कार्यवाही को सुनिश्चित करने हेतु अपर जिलाधिकारी द्वारा एनएचएआई एवं पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश दिया।

इस बैठक स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। कहा कि विद्यालय में प्रार्थना व पीटी कराते समय सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित यातायात नियमों की जानकारी से बच्चों अवगत कराया जाए। इसके अतिरिक्त सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-प्रथम दल) को निर्देशित किया गया कि जनपद में बिना नम्बर प्लेट के संचालित होने वाली वाहनों के प्रति निरन्तर प्रवर्तन की कार्यवाही करें। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी चन्दौली को निर्देशित किया कि आगामी बैठक में इण्डिया मेडिकल एसोसिएशन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए एम्बेलेन्स के डाटाबेस को और ज्यादा सुदृढ़ करने का कार्य करेंगे एवं जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्दौली को निर्देशित किया गया कि जनपद के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित होर्डिंग लगाने व विद्यालयों में संचालित होने वाली वाहनें यदि सड़क पर बिना वैध फिटनेस संचालित होती पायी जाए तो उनके विद्यालय की मान्यता रद्द करने का निर्देश दिया गया।

## ग्राम प्रधान के निधन पर वकीलों ने जताया दुख

**नौगढ़।** बार एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष सत्यानंद तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को तहसील परिसर मे आयोजित हुई। जिसमें ग्राम पंचायत अमृतपुर के प्रधान चन्द्रशेखर यादव 40 वर्ष की असमय मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर के ईश्वर से गतात्मा को शांति प्रदान करने की कामना किया। तत्पश्चात आयोजित बैठक में बुधवार को न्यायिक कार्य से विरत रहने का सर्वसम्मति से लिए गये निर्णय लिया। शोकसभा मे केएन मौर्या, विजय बहादुर सिंह कमला सिंह अजीत बिरेन्द्र हेमंत रामचंद्र बिमलेश बबुन्दर आदि शामिल रहे। थानाध्यक्ष नौगढ अतुल कुमार प्रजापति ने बताया कि ग्राम पंचायत अमृतपुर के ग्राम प्रधान चंद्रशेखर यादव की अचानक हुई मौत के मामले में मृतक के भाई थानेश्वर यादव की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है।

## ग्राम सचिवों की कार्य प्रणाली पर प्रमुख ने जताई नाराजगी

**टाण्डाकला।** चहनियां ब्लाक मुख्यालय परिसर स्थित प्रमुख कार्यालय में बुधवार को क्षेत्र की जनता कि समस्या को लेकर जनता दर्शन बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को ब्लाक प्रमुख के समक्ष रखी। जिस पर ब्लाक कर्मियों के कार्यप्रणाली पर प्रमुख ने नाराजगी व्यक्त किया।

विकास खंड कार्यालय परिसर में प्रमुख कार्यालय में बुधवार को क्षेत्र के जनता की समस्याओं को लेकर ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने ब्लाक मुख्यालय पर मौजूद कर्मचारियों की कार्य प्रणाली को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि 91 ग्राम सभाओ में 226 सफाई कर्मचारी तैनात हैं फिर भी गांवों में गंदगी फैला हुआ है। सचिवों की लापरवाही से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास जो पात्र उसको न देकर अपात्रो को दे दिया गया है। साथ ही पंचायत सहायकों का सचिवों ने एक वर्ष का मानदेय नहीं दिया। वहीं सचिवो को निर्देश दिया कि दिये गये लाभार्थियों आवास के नाम पर पैसे कि मांग की तो उनका खैर नहीं। वही सचिव बाबूलाल को ग्रामीणों से शिकायत मिलने पर कड़ी फटकार लगायी। प्रमुख ने नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री व जिला अधिकारी से मिल कार्रवाई किया जायेगा। बैठक में सचिव आनन्द यादव, जयंत सिंह, रविकांत चौहान, मुकेश खरवार, सीताराम, संजय, देवेंद्र, रंगीले आदि लोग उपस्थित थे।



चहनियां प्रमुख कार्यालय में अधिकारियों व ग्रामीणों संग बैठक करते प्रमुख अरुण।

### अज्ञात कारणों से रिहायशी मड़ई जली

**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के बलिया कला गांव से सटे भोका बंधी के पास स्थित चौहान बस्ती में बुधवार की सुबह अज्ञात कारणों से लगी आग से बस्ती निवासी आत्मा चौहान की रिहायशी मड़ई जलकर राख हो गई। अगलगी की घटना में भुक्तभोगी का सारा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। भुक्तभोगी आत्मा ने तहसील प्रशासन से आर्थिक मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

## संक्षेप

### 25 लोगों को लगा एंटी रेबीज

**कन्दवा।** विकास खण्ड के विभिन्न गांवों में बुधवार को 25 लोगों को आवारा कुत्ता ने काटकर जख्मी कर दिया। जख्मी लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी पर पहुंच कर एंटी रैबीज लगवाई। वहीं कुछ पुराने ख्यालात वाले लोगों ने झाड़फूंक करना ही मुनासिब समझा। क्षेत्र में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक लोगों में दहशत है बुधवार की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी के खुलते ही क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कुत्तों के काटने से जख्मी लोग पहुंचे। कुत्तों काटने वाले को संख्यों भीड़ अस्पताल में लगी रही। वहीं स्वास्थ्य कर्मियों ने सभी घायलों को एंटी रैबिज लगाई। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेन्द्र कुमार, डा.एसपी त्याग, संजय कुमार, सुदामा, तेजप्रताप, मृदुल, विनय आदि स्वास्थ्यकर्मी ने रैबिज लगाई।

### पॉक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**इलिया।** स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बरांव गांव के पोखरे के पास से मंगलवार की रात एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया। वही अभियुक्त को जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने आरोप लगाते हुए तहरीर दिया कि कक्षा नौ में पढ़ने वाली मेरी बेटी घर पर अकेली थी। उसी समय बरांव गांव का संदीप नामक युवक घर में घुसकर मेरी बेटी के साथ जोर जबरदस्ती करते हुए जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया। पुलिस ने युवती के तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर, किशोरी का मेडिकल महिला चिकित्सालय में कराया गया। वही मंगलवार की देर शाम को आरोपी युवक को गांव के बाहर पोखरे से गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग ने बताया कि पीड़िता के तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर। गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### महाशिवरात्रि के मद्देनजर शिव मंदिर पर चल रही तैयारियां



**नियामताबाद।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को देखते हुए प्राचीन शिव मंदिर चंदाईत में साफ-सफाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। महाशिवरात्रि का यह पावन त्यौहार भगवान शिव को समर्पित एक त्योहार है यह भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक माना जाता है। पुजारी विजय कृष्ण पांडेय ने बताया कि चंदाईत शिव मंदिर बहुत ही प्राचीन मंदिर है यहां पर श्रद्धालु जब भी कोई मन्नत मांगते हैं उनकी मन्नते पूरी होती है। मन्नते पूरी होने के बाद ढोल नगाड़ों के साथ शिव जी का दर्शन करते हैं और मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन कराते है जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद भी ग्रहण करते हैं। प्रति वर्ष महाशिवरात्रि पर रामायण का पाठ वह संध्या के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन कराया जाता है। महाशिवरात्रि पर्व का हिंदू धर्म में बड़ा महत्व है जीवन में ईश्वरी शक्ति के महत्व भगवान शिव के द्वारा मानव जाति तथा सृष्टि के कल्याण के लिए विषपान जैसे असीम त्याग को भी प्रदर्शित करता है। इस चेतना और ऊर्जा के मिलन से सृजन को बढ़ावा मिलता है यह त्यौहार जीवन में अंधकार और अज्ञानता पर काबू पाने का भी स्मरण कराता है।

### 81 मवेशियों संग पांच तस्कर धराए

**नौगढ़।** थाना पुलिस ने क्षेत्र गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर नरकटी के जंगल से 81 राशि गोवंश को पशु तस्करों के कब्जे से अवमुक्त कराकर 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 अदद चापड़ बरामद किया है। पुलिस ने तस्करों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रुरता अधिनियम तथा आर्म्स एक्ट में एफआईआर दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुट गई। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अतुल कुमार प्रजापति, उपनिरीक्षक लल्लन राम बिंद, शिवानंद वर्मा, रामधनी सिंह, छोटेलाल सरोज, रोहित यादव, भूपेन्द्र प्रताप, निखिलेश कुमार, सूरज कुमार आदि शामिल रहे।

### कटान से गंगा में समा रही कृषि योग्य भूमि

**कमालपुर।** सैयदराजा विधान सभा के गुरैनी पम्प कैनाल गंगा नदी के बाढ़ के कारण हर वर्ष हजारों एकड़ भूमि गंगा में समा जा रही है। इस कटान को रोकने के लिए क्षेत्रीय किसानों एवम भारतीय किसानों ने सन्युक्त रूप से महीनों धरना आमरण अनशन व आत्मदाह तक करने की कोशिश की गयी थी, जिसके चलते उत्तर प्रदेश सरकार ने संज्ञान में लेते हुए तीन करोड़ पचहत्तर हजार रुपये गंगा कटान की रोक थाम के लिए अवमुक्त किया, परन्तु काम आधा-अधूरा होने के कारण पुनः बाढ़ आने से गंगा किनारे लगे जिओ ट्यूब कटर छह पीस पानी में बह गए। किसानों ने क्षेत्रीय विधायक व जिला प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने व रोक थाम के लिए गुहार लगायी, परन्तु किसी ने एक नहीं सुना। बुधवार के दिन भारतीय किसान नेता दीनानाथ श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी को पत्र देकर अवगत कराया कि गंगा कटान का निरक्षण कर आवश्यक रोकथाम के लिए बोल्डर व पिचिंग किया जाय।

### मरम्मत के अभाव में घोसवां-बरहनी सम्पर्क मार्ग खराब



**कंदवा।** क्षेत्र के घोसवा-बरहनी सहित अन्य संपर्क मार्गों की दशा मरम्मत के अभाव में खराब है। इन मार्गों पर पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं है। आए दिन गिरकर लोग चोटिल होते रहते हैं। सैयदराजा-जमानियां मुख्य मार्ग से जुड़ा घोसवां गांव को जाने वाला संपर्क मार्ग बेहद खराब स्थिति मे है। मार्ग पर जगह-जगह बने गड्ढे व फैली बेतरतीब गिट्टियां दो पहिया वाहन चालकों सवारों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। यही नहीं मार्ग से गुजरने वाले पैदल राहगीर भी वाहन से छिटकने वाली गिट्टियों से चोटिल होते रहते हैं। वहीं महुजी से भदखरी मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गया है। मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं जिसमें गिरकर बाइक चालक आए दिन गिरकर चोटिल होते रहते हैं। मार्ग पर पैदल चलना भी खतरनाक साबित हो रहा है। गांव के कैलाश सिंह, गोवर्धन सिंह, नरेन्द्र सिंह, राजेश, सतीश सिंह सहित अन्य द्वारा उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मरम्मत की मांग की गई है।

### एनएसएस के तहत छात्र-छात्राओं ने किया सर्वेक्षण

**नौगढ़।** राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के तत्वावधान में तृतीय एकदिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन बुधवार को सेमरा कुशही गांव में किया गया। जिसमें गांव का आर्थिक व सामाजिक सर्वेक्षण करने के लिए टोली नायकों खूशबू राजकुमारी संगीता नीमा पूजा बब्बुन निशा मुस्कान दीपक आजाद अजय के नेतृत्व में कुल 10 टोलियों ने कुल 60 परिवारों के रहन-सहन शिक्षा सरकारी योजनाओं से लाभ दिव्यांगता आदि बिन्दुओं पर तथ्य एकत्र किया। शिविर में हिंदी प्रवक्ता शीतला प्रसाद सिंह ने गांव की आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति और भविष्य में संभावनाएं विषय पर वक्तव्य देते हुए कहा कि आर्थिक व पिछड़ेपन के बावजूद भी प्रतिभा की दृष्टि से क्षेत्र अपार संभावनाओं से भरा है। युवाओं को भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित होना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा. पंकज कुमार शुक्ल मौजूद रहे।

### ग्रुप सेंटर में केंद्रीय विद्यालय खोलने को मिली हरी झंडी

**चकिया।** क्षेत्र के सोनहुल गांव में स्थित सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में बच्चों को बेहतर और आधुनिक शिक्षा देने के लिए केन्द्रीय विद्यालय खोलने की अनुमति मिल गई है। केंद्रीय विद्यालय संगठन ने केंद्रीय विद्यालय के स्थापना की मंजूरी दे दी है। ग्रुप सेंटर विद्यालय का भवन बनकर तैयार हो गया। आगामी नये सत्र से विद्यालय का संचालन आरंभ कर दिया जाएगा। सीआरपीएफ के डीआईजी राकेश कुमार ने बताया केन्द्रीय विद्यालय में एक अप्रैल से आरंभ होने वाले नए सत्र में कक्षा एक से पांचवीं तक की पढ़ाई आरंभ हो जाएगी। जिसमें प्रथम शिफ्ट में लगभग 200 बच्चों का प्रवेश लिया जाएगा। कमांडेन्ट राम लखन राम ने बताया कि जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में ग्रुप सेंटर में केंद्रीय विद्यालय के लिए भवन का निरीक्षण संगठन के उपायुक्त डी मणिवन्नम, केंद्रीय विद्यालय पीडीडीयू नगर के प्राचार्य के के भारती, कोआर्डिनेटर मनीष कुमार पांडेय, केवी संगठन के वरिष्ठ सचिवालय सहायक विशाल आनंद द्वारा किया गया था। जिसकी रिपोर्ट संगठन आयुक्त को भेज दी गई है। मंजूरी मिलते ही केंद्रीय विद्यालय का अस्थायी रूप से संचालन शुरू हो जाएगा।

# स्पोर्ट्स

### आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल के लिए ऑस्ट्रेलिया के बेन सॉयर को मुख्य कोच नियुक्त किया

बेंगलुरू। न्यूजीलैंड महिला टीम के वर्तमान कोच ऑस्ट्रेलिया के बेन सॉयर को अगले महीने होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। सॉयर द हंड्रेड में बर्मिंघम फीनिक्स के वर्तमान कोच भी हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की महिलाओं के सहायक कोच होने के अलावा महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में सिडनी सिक्सर्स के मुख्य कोच के रूप में भी काम किया है। आरसीबी के क्रिकेट संचालन निदेशक माइक हेसन ने टीम के ट्विटर हैंडल पर डाले वीडियो में कहा, उन्होंने (सॉयर ने) ऑस्ट्रेलिया के साथ तीन विश्व कप जीते हैं। एक तेज गेंदबाजी विशेषज्ञ। उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के साथ बीबीएल खिताब भी जीता है। उनकी टीम ने द हंड्रेड के फाइनल में भी जगह बनाई। हेसन ने कहा, वह 20 से अधिक वर्षों से महिला क्रिकेट से जुड़े हैं और महिलाओं के खेल को अच्छी तरह से जानते हैं।



# ऑस्ट्रेलिया पर जीत से टेस्ट में शीर्ष पर पहुंचा भारत, अब टीम इंडिया तीनों फॉर्मेट में नंबर-1

## टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अश्विन दूसरे स्थान पर, जडेजा ने भी लगाई लंबी छलांग, रोहित ने लगाई दो स्थानों की छलांग




नई दिल्ली। भारतीय टीम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में मिली जीत के बाद नंबर -1 हो गई है। उसने नागपुर में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में पारी और 132 रन से जीत हासिल की थी।

टीम इंडिया ने शीर्ष स्थान से ऑस्ट्रेलिया को हटा दिया है। अब भारत तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 पर पहुंच गया है। वह टी20 और वनडे में पहले से ही शीर्ष पर है। भारतीय टीम पहली बार तीनों फॉर्मेट में एक ही समय में शीर्ष पर पहुंची है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की टीम 2014 में एक ही समय में तीनों फॉर्मेट में पहले स्थान पर थी।

वहीं दुबई। भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर में खेले गये शुरूआती टेस्ट में आठ विकेट चटकाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। घुटने की चोट के कारण लगभग पांच महीने बाद टीम में वापसी करने वाले बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

जडेजा अपने हरफनमौला खेल के बूते इस मुकाबले में मैन ऑफ द मैच बने थे। अश्विन और जडेजा की जोड़ी ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में 15 विकेट झटके थे जिसे भारत ने तीन दिन के अंदर 132 रन से जीता था।

अश्विन ने दूसरी पारी में 37 रन देकर पांच विकेट जबकि पहली पारी में 42 रन देकर तीन विकेट चटकाये थे। 36 साल का यह गेंदबाज रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस से 21 रेटिंग अंक पीछे है। जडेजा ने मैच के पहली पारी में 47 रन देकर पांच जबकि दूसरी पारी में 34 रन देकर दो विकेट लिये। भारत के अन्य गेंदबाजों में चोट कारण पिछले साल सितंबर से टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रैंकिंग में पांचवें स्थान पर है।

बल्लेबाजों की सूची में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को नागपुर में शतकीय पारी खेलने का फायदा हुआ और वह 10वें से आठवें पायदान पर पहुंच गये है। कार दुर्घटना के कारण टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत रैंकिंग में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी है। वह सातवें स्थान पर है।

इसके विपरीत ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और उस्मान ख्वाजा ने दो बार सस्ते में आउट होने की कीमत चुकानी पड़ी। वार्नर एक और 10 रन की पारी खेलने के बाद छह पायदान नीचे 20वें स्थान पर आ गए हैं, जबकि ख्वाजा पहले टेस्ट में केवल एक और पांच रन बनाकर दो पायदान नीचे 10वें स्थान पर खिसक गये हैं।

मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी शीर्ष दो स्थान पर काबिज है जबकि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम तीसरे स्थान पर है। भारत के हरफनमौला खिलाड़ी अक्षर पटेल टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में छह स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने शुरूआती टेस्ट में 84 रन की पारी खेली जो इस प्रारूप में उनका सर्वोच्च स्कोर है।

## ऑस्ट्रेलिया का विजयी अभियान जारी बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया



गक्बेरहा (दक्षिण अफ्रीका)। लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम ने एक साल से अधिक समय बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करते हुए तीन विकेट चटकाए जबकि कप्तान मेग लेनिंग ने नाबाद 48 रन की पारी खेली जिससे गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यहां महिला टी20 विश्व कप में बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया। ऑस्ट्रेलिया की टूनामेंट में दो मैच में यह दूसरी जीत है जिससे टीम ग्रुप एक में बेहतर नेट रन रेट के कारण श्रीलंका को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गई है। पिछला अंतरराष्ट्रीय मैच अक्टूबर 2021 में खेलने वाली वेयरहैम ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए। डार्सी ब्राउन ने उनका अच्छा साथ देते हुए 23 रन देकर दो विकेट हासिल किए जिससे टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम सात विकेट पर 107 रन ही बना सकी। बांग्लादेश ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और कप्तान निगार सुल्ताना (57) उसकी तरफ से शीर्ष स्कोरर रही। उनके अलावा सिर्फ शोर्ना अख्तर (12) ही दोहरे अंक तक पहुंच पाई। निगार ने 50 गेंद का सामना करते हुए सात चौके और एक छक्का मारा। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने लेनिंग (नाबाद 48) और सलामी बल्लेबाज एलीसा हीली (37) की पारियों से 18.2 ओवर में दो विकेट पर 111 रन बनाकर जीत दर्ज की।

## डब्ल्यूपीएल में आरसीबी की मार्गदर्शक होंगी सानिया मिर्जा, बोलीं- मैं बहुत खुश हूं

### 'मैं वास्तव में इस क्रांतिकारी कदम का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं'

बेंगलुरू। पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना आखिरी ग्रैंडस्लैम टूनार्मेंट खेलने वाली भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम ने आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए अपना मार्गदर्शक बनाया है। आरसीबी के एक बयान में छह ग्रैंडस्लैम और 43 डब्ल्यूटीए खिताब जीतने वाली सानिया ने कहा, आरसीबी महिला टीम से मार्गदर्शक के रूप में जुड़ना मेरे लिए खुशी की बात है।

सानिया मिर्जा ने कहा, भारतीय महिला क्रिकेट ने महिला प्रीमियर लीग के रूप में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा है और मैं वास्तव में इस क्रांतिकारी कदम का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। सानिया ने कहा, आरसीबी आईपीएल में एक लोकप्रिय टीम और वर्षों से बहुत अधिक फॉलो की जाने वाली टीम रही है। मैं उन्हें महिला प्रीमियर लीग के लिए एक टीम बनाते हुए देखकर बेहद खुश हूं। उन्होंने कहा, यह देश में




महिलाओं के क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। महिला क्रिकेटरों के लिए नए दरवाजे खोलेगा और खेल को युवा लड़कियों और युवा माता-पिता के लिए करियर की पहली पसंद बनाने में मदद करेगा।

#### आरसीबी ने 18 खिलाड़ियों को शामिल कर बनाई मजबूत टीम

सानिया ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद टेनिस से संन्यास ले लिया जहां वह और उनके साथी रोहन बोपन्ना मिश्रित युगल स्पर्धा में उपविजेता रहे। आरसीबी ने 18 खिलाड़ियों को शामिल करते हुए एक मजबूत टीम बनाई है जिसमें महिला क्रिकेट के कुछ बड़े नाम जैसे स्मृति मंधाना, ऑस्ट्रेलिया की एलिस पैरी और मध्यम तेज गेंदबाज मेगन शुट, न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन, इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट, दक्षिण अफ्रीका की ऑलराउंडर डेन वान नीकर्क और भारत की अंडर-19 स्टार रिचा घोष शामिल हैं।

## बॉलीवुड न्यूज

### श्रद्धा कपूर ने पुणे में कॉलेज स्टूडेंट्स को दिया सरप्राइज



मुंबई। वेलेंटाइन डे के खास मौके पर श्रद्धा कपूर ने रेड रोजेज के साथ स्टूडेंट्स को सरप्राइज दिया है। दरअसल हाल ही में श्रद्धा पुणे गई थी और यहां के एक कॉलेज में प्यार के नाम डेडिकेटेड इस खास दिन को सेलिब्रेट करते हुए उन्होंने कॉलेज स्टूडेंट्स को रेड रोज के साथ वेलकम किया, जिसे देख सभी उनसे इम्प्रेस हो गए और इस तरह से सबकी फेवरेट झूठी ने एक बार फिर वहां मौजूद यूथ के दिलों को छू लिया, तो वहीं दूसरी तरफ उनकी अपकमिंग फिल्म तू झूठी मैं मक्कार का प्रोमोशन भी शानदार तरीके से हो गया। इस इवेंट पर श्रद्धा के फ्रेंडली और मिलनसार नेचर को स्टूडेंट ने खूब सराहा और उनपर प्यार की बरसात कर दी। वैसे उनकी मराठी मुल्गी वाइब निश्चित रूप से एक वजह है कि पुणे में उनकी लोकप्रियता का जवाब नही हैं। इस दौरान श्रद्धा ने सेवन वंडर्स पार्क में एफिल टॉवर पर अपने फेवरेट वड़ा पाव और मिसल पाव को भी एंजॉय किया। यहीं नही श्रद्धा का भी वेलेंटाइन के रंग में पूरी तरह ड्रेस्ड अप थी। इस खास मौके पर रेड जैकेट, सफेद टी-शर्ट और जींस के साथ उनका लुक बेहद अपीलिंग था जिसे देख फैन्स भी खुश हो गए। तू झूठी मैं मक्कार लव रंजन द्वारा निर्देशित हैं। वहीं इस फिल्म को लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग द्वारा निर्मित किया गया है और टी-सीरीज के गुलशन कुमार और भूषण कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया है। यह फिल्म 8 मार्च 2023 को होली पर दुनिया भर में सिनेमाघरों पर रिलीज होगी ।

### सोनी सब के पुष्पा इम्पॉसिबल में उर्वशी ढोलकिया की एंट्री



इंदौर। सोनी सब के पुष्पा इम्पॉसिबल में एक महिला का अपारंपरिक सफर दिखाया गया है जिसमें वह अपने जीवन में खुद के लिए अत्यधिक सम्मान और गरिमा पाना चाहती है। इस शो में पुष्पा पटेल (करुणा पांडे द्वारा अभिनीत) की कहानी दिखाई गई है, जो एक अकेली माँ है और अपने बच्चों को सबसे बेहतरीन जिंदगी प्रदान करने के लिए दृढ़-संकल्पित है। इस शो के कलाकारों की सूची में अब प्रतिभाशाली अभिनेत्री, उर्वशी ढोलकिया की एंट्री होने जा रही है। उर्वशी एक हाई-प्रोफाइल क्रिमिनल वकील देवी सिंह शेखावत की भूमिका निभाती नजर आयेंगी। एक प्रसिद्ध अभिनेत्री, उर्वशी लीक से हटकर दमदार किरदार निभाने के बाद घर-घर में लोकप्रिय नाम बन चुकी हैं। हालांकि, अपनी पिछली भूमिकाओं से एकदम अलग, इस बार दर्शक उन्हें एक नए सकारात्मक अवतार में देखेंगे। देवी का किरदार शो में एक बड़ा मोड़ लाता है क्योंकि वह पुष्पा को उसके जीवन में आए एक नए संकट से उभारने में मदद करती है। पुष्पा के मुश्किलों से पलट कर लड़ने, खास प्रकार के उत्साह और विपरीत परिस्थितियों से लड़ने के साहस से देवी खुश होगी। क्या यह नई दोस्ती बनी रहेगी और पुष्पा के जीवन को प्रभावित करेगी? यह तो आने वाला समय ही बताएगा!देवी सिंह शेखावत की भूमिका निभाने के बारे में उर्वशी ढोलकिया ने कहा, "20 साल के बाद, मैं एक बार फिर से एक सकारात्मक किरदार निभाकर खुश हूँ। पुष्पा इम्पॉसिबल एक ऐसा शो है जिसने कई महिलाओं को प्रेरित किया है और मैं देवी सिंह शेखावत की भूमिका निभाने के लिए उत्सुक हूँ, जोकि इस शो में एक दमदार और प्रभावशाली किरदार है और टेलीविजन पर महिलाओं का एक ताजगी भरा चित्रण पेश करता है। मैं निश्चित रूप से किरदार में अपना पर्सनल टच भी लाउंगी। मुझे सोनी सब के साथ काम करने पर गर्व है, यह एक ऐसा चैनल है जो आकर्षक कहानियों के माध्यम से दर्शकों के दिलों में जगह बनाता है और मैं पुष्पा परिवार में शामिल होने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूँ।

## वेस्टइंडीज ने भारत को 119 रन का लक्ष्य दिया दीप्ति शर्मा 100 विकेट लेने वाली पहली भारतीय



नई दिल्ली। भारतीय टीम ने 119 रन के लक्ष्य का पीछा करने की तेज शुरूआत की है। एक ओवर के बाद भारत का स्कोर बिना विकेट गंवाए 14 रन है। शेफाली वर्मा ने पहले ही ओवर में तीन चौके लगाए। फिलहाल शेफाली छह गेंदों में 12 रन बनाकर खेल रही हैं, जबकि स्मृति मंधाना खाता भी नहीं खोल सकी हैं। वेस्टइंडीज ने भारत के सामने 119 रन का लक्ष्य रखा है।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 118 रन बनाए। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने इतिहास रच दिया। उन्होंने मैच में चार ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट झटके। तीन विकेट लेते ही वह भारत के लिए टी20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। इस मामले में उन्होंने पूनम यादव (98 विकेट) को पीछे छोड़ा। इसके अलावा दीप्ति ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 विकेट भी पूरे कर लिए। पुरुष और महिला दोनों को मिलाकर वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 विकेट का आंकड़ा छूने वाली पहली भारतीय हैं। भारत के पुरुष क्रिकेटरों में सबसे ज्यादा विकेट युजवेंद्र चहल के नाम है। उन्होंने 91 विकेट झटके हैं। वहीं, महिलाओं में दीप्ति 100 विकेट का आंकड़ा छूने वाली नौवीं गेंदबाज हैं। दीप्ति ने अब तक भारत के लिए 89 टी20 मैचों में 100 विकेट झटके हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज की अनीसा मोहम्मद के नाम है। उन्होंने 125 विकेट लिए हैं। दूसरी ओर वेस्टइंडीज की टीम को इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भारतीय गेंदबाजों ने अंतिम दस ओवरों में 91 रन लुटा दिए थे। भारतीय गेंदबाजों को अपनी दिशा और गेंद के टप्पे का ध्यान रखना होगा क्योंकि आगे टूनामेंट में उनके सामने अपेक्षाकृत ज्यादा मजबूत टीमें होंगी। लेग स्पिनर देविका वैद्य की वापसी से टीम जरूर मजबूत हुई है। वेस्टइंडीज की टीम को दूसरे ही ओवर में चार के स्कोर पर पहला झटका लगा। पूजा वस्त्राकर ने कप्तान हेली मैथ्यूज को विकेटकीपर ऋचा घोष के हाथों कैच कराया। वह छह गेंदों में दो रन बना सकीं। फिलहाल स्टेफनी टेलर और शेमेन कैंपबेल क्रीज पर हैं। दो ओवर के बाद वेस्टइंडीज का स्कोर एक विकेट पर चार रन है। पूजा वस्त्राकर ने विकेट मेडन डाला। वेस्टइंडीज की टीम ने मैच में धीमी शुरूआत की है। उसके पावरप्ले यानि शुरूआती छह ओवर में सिर्फ 29 रन बनाए। इस दौरान एक झटका लगा। स्टेफनी टेलर और शेमेन कैंपबेल फिलहाल क्रीज पर हैं।

## मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ किया, अगर कोई इससे बेहतर कर रहा है तो अच्छा है : शिखर धवन



नई दिल्ली। शिखर धवन एकदिवसीय टीम की कप्तानी करने के तीन महीने से भी कम समय में भारतीय टीम से बाहर हो गये लेकिन इस 37 साल के सलामी बल्लेबाज ने साल के अंत में विश्व कप खेलने की उम्मीद नहीं छोड़ी है। एकदिवसीय में भारत के बेहतरीन सलामी बल्लेबाजों में से एक धवन को बांग्लादेश दौरे पर तीन मैचों में खराब बल्लेबाजी का खामियाजा भुगतना पड़ा। इस बायें हाथ के बल्लेबाज ने इससे पहले नवंबर में न्यूजीलैंड दौरे पर टीम का नेतृत्व किया था जब रोहित शर्मा और लोकेश राहुल को विश्राम दिया गया था। धवन की जगह टीम में आये युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने सात मैचों में एक दोहरा शतक सहित चार शतक जड़ कर मौके का पूरा फायदा उठाया। भारत में पहली फॉमूर्ला ई रेसिंग के मौके पर धवन ने कहा, यह (उतार चढ़ाव) जीवन का हिस्सा हैं। समय के साथ, अनुभव के साथ आप सीखते हैं कि उन्हें आसानी से कैसे संभालना है। मुझे इससे बहुत ताकत मिलती है। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। अगर कोई मेरे सर्वश्रेष्ठ से बेहतर कर रहा है, तो उससे मुझे कोई शिकायत नहीं। इस वामहस्त बल्लेबाज ने कहा, इसलिए वह व्यक्ति टीम में है और मैं वहां नहीं हूं। मैं जहां भी हूं, बहुत खुश और संतुष्ट हूं। मैं सुनिश्चित करता हूं कि मेरी प्रक्रिया मजबूत हो। निश्चित रूप से मेरे वापस टीम में आने का मौका हमेशा रहता है। भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 एकदिवसीय और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले इस बल्लेबाज ने कहा, अगर मुझे फिर से टीम में मौका मिलता है तो यह मेरे लिए अच्छा होगा, अगर ऐसा नहीं होता है तो भी यह अच्छा है। मैंने काफी कुछ हासिल किया है और अपनी उपलब्धि से खुश हूं। जो मेरे हिस्से का होगा वह मुझे मिलेगा, मैं किसी चीज को लेकर बेताब नहीं होता हूं। धवन ने अपना आखिरी टेस्ट मैच 2018 और टी20 अंतरराष्ट्रीय 2021 में खेला था। वह इसके बाद से एक प्रारूप में ही खेलते थे। धवक का ध्यान फिलहाल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र पर है जहां वह पंजाब किंग्स टीम की कप्तानी करेंगे।

## 'हम रोहित का पक्ष नहीं ले रहे, बस कोहली के खिलाफ थे', चेतन शर्मा का चौंकाने वाला खुलासा



मुंबई। भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और बीसीसीआई में भारतीय टीम के मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा एक स्टिंग ऑपरेशन में चौंकाने वाले खुलासे करते नजर आ रहे हैं। चेतन ने दावा किया कि विराट कोहली को सौरव गांगुली पसंद नहीं करते थे और इसी वजह से रोहित शर्मा को कप्तानी सौंपी गई। बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता ने चौंकाने वाला खुलासा किया कि कैसे स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को टी20 कप्तानी से हटने के बाद वनडे कप्तानी से हटा दिया गया।

एक टीवी चैनल ने यह स्टिंग ऑपरेशन किया था। चैनल द्वारा किए गए इस स्टिंग ऑपरेशन में चेतन शर्मा कहते हैं कि बीसीसीआई ने उस समय कोहली के खराब फॉर्म को देखते हुए उन्हें वनडे की कप्तानी से हटाया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में चेतन शर्मा कथित तौर पर भारत के कप्तान के रूप में कोहली के कार्यकाल से संबंधित प्रकरण के बारे में बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई विराट के आचरण से नाराज था क्योंकि वह खुद को खेल से ऊपर समझने लगे थे। उन्हें बीसीसीआई और चयन समिति द्वारा स्पष्ट रूप से टी20ई कप्तानी छोड़ने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए कहा गया था। वह यह दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अनावश्यक रूप से चयन समिति में इसका मुद्दा उठाया। वह तत्कालीन बीसीसीआई अध्यक्ष के साथ इस पर बात करना चाहते थे। चेतन शर्मा ने कहा कि बीसीसीआई ने विराट की खराब फॉर्म का फायदा उठाया और उन्हें कप्तानी से हटा दिया। उन्हें देश के नंबर एक बल्लेबाज के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए था। यह शर्मनाक था। उन्होंने कई भारतीय खिलाड़ियों के फिट होने के लिए इंजेक्शन लेने के बारे में भी विस्फोटक खुलासे किए। इसके अलावा, चेतन शर्मा ने दावा किया कि बड़े क्रिकेटर अपने डॉक्टरों की सेवाओं का उपयोग करते हैं, जो खुशी से इंजेक्शन देते हैं। उन्होंने कहा, खिलाड़ी फिट नहीं हैं लेकिन वे खेलने के लिए इंजेक्शन लेते हैं। वह 80 प्रतिशत फिटनेस पर भी खेलने के लिए तैयार हैं।

## हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा आज से

### तैयारी पूरी

#### हाईस्कूल के 34635 व इंटर के 33577 परीक्षा देंगे परीक्षा

चंदौली। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा का 16 फरवरी को आगाज हो रहा है। इसके मद्देनजर जिला प्रशासन ने बुधवार को परीक्षा से जुड़ी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। जिला प्रशासन ने जिले को पांच जोन और 16 सेक्टरों में बांटा है। जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा की निगरानी करेंगे। वहीं उड़ाका दल की टीमें भी चक्रमण करती रहेंगी। नकल माफियाओं पर एसटीएफ की नजर रहेगी।

बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 100 केंद्र बनाए गए हैं। इस बार बोर्ड परीक्षा के लिए हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में कुल 68342 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इसमें हाईस्कूल में कुल 34635 परीक्षार्थी हैं। इसमें बालक 18278 और बालिकाएं 16478 हैं। वहीं इंटर में कुल 33577 परीक्षार्थी हैं। इसमें बालक 18238 और बालिकाएं 15339 हैं। सुबह 8 से लेकर 11 बजकर 15 मिनट तक हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा चलेगी। दोपहर 2 बजे से लेकर शाम 5 बजकर 15 मिनट तक परीक्षा सम्पन्न होगी। पहले दिन सुबह की पाली में हाईस्कूल की प्रारम्भिक हिंदी, इंटर की सैन्य विज्ञान व दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की सामान्य हिन्दी की परीक्षा होगी।

सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा, वायस रिकार्डर आदि लगवाए गए हैं। इसके जरिए परीक्षा की निगरान की जाएगी।

केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा की रिकार्डिंग सुरक्षित रखनी होगी, ताकि साक्ष्य के तौर पर उपलब्ध करा सकें। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र व्यवस्थापक के साथ एक वाह्य केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किया गया है। जो परीक्षा केंद्र के साथ ही आसपास की निगरानी करेगा। इसके अलावा 100 स्टैटिक मजिस्ट्रेट केंद्र पर मुस्तैदी के साथ तैनात रहेंगे। परीक्षा केंद्र की सभी गतिविधियों पर नजर रखेंगे। जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट और उड़ाका दल की टीमें परीक्षा केंद्रों पर चक्रमण कर हालात का जायजा लेती रहेंगी।



जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज में बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर डेस्क स्लिप चस्पा करती शिक्षिका।

#### स्टैटिक मजिस्ट्रेट के पास रहेगी स्ट्रांग रूम की चाबी

चंदौली। बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र डबल लाक में रखे जाएंगे। स्ट्रांग रूम की चाबी स्टैटिक मजिस्ट्रेट के पास होगी। स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व वाह्य केंद्र व्यवस्थापक की मौजूदगी में सीसीटीवी कैमरे के सामने प्रश्नपत्रों के लिफाफे की सील खुलेगी। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रहेगी। ताकि किसी तरह की गड़बड़ी या हेराफेरी की आशंका न रहे। केंद्रों के आसपास की फोटो स्टेट की दुकानें नहीं खुलेंगी। केंद्र में मोबाइल फोन वर्जित रहेगा। सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है।

# बस की चपेट में आने से पिता-पुत्र की हुई मौत

**दुखद**

**वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे दोनों**

**खुशी का माहौल गम में बदला**

**जनसंदेश न्यूज**





**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत कोपा गांव निवासी पिता-पुत्र अपनी बाइक से पलिया जा रहे थे। नगर के रोडवेज के समीप बस की चपेट में आने से पिता की मौत हो गई वहीं पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार हेतु जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां पुत्र की भी मौत हो गयी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।

क्षेत्र के बीबीगंज चौकी अन्तर्गत कोपा गांव निवासी 60 वर्षीय बांकेलाल चौहान पुत्र रामपलट अपने 35 वर्षीय पुत्र पवन चौहान के साथ बुधवार की सुबह बेटे के ससुराल आजमगढ़ जनपद के पलिया गांव में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। प्रातः दस बजे नगर में स्थित रोडवेज के समीप सुल्तानपुर डिपो बस की चपेट में आ गए जिसमें बांकेलाल की मौके पर ही मौत हो गई वहीं पवन गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान पुत्र के भी प्राण पखेरु निकल गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया। चालक मौके से फरार बताया जाता है। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच हुआ है। शादी के माहौल में पिता पुत्र की मौत से परिजन समेत सगे संबंधी मर्माहत हैं। पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआहै।

## सड़क दुघर्टना में बाइक सवार घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सड़क दुघर्टना में चिरैया मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। अम्बेडकर नगर जनपद के जलालपुर पट्टी गांव निवासी 27 वर्षीय शुभम सोनी पुत्र राम मिलन सोनी मंगलवार की देर रात बाइक से घर जा रहे थे कि अयोध्या मार्ग स्थित चिरैया मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त घायल युवक की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।




# शिक्षा के साथ परंपरा और संस्कारों को भी सीखें विद्यार्थी : कुलपति

**बोले अश्वनी उपाध्याय**

**एक नेशन एक एजुकेशन से बनेगा श्रेष्ठ भारत**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में बुधवार को दीक्षांत व्याख्यानमाला के क्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के तत्वावधान में व्याख्यानमाला के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों का भारत विषय पर संगोष्ठी हुई।

इस अवसर पर कानून व्यवस्था में सुधार के लिए जनहित याचिका दाखिल कर चर्चा में आने वाले सुप्रीम कोर्ट के प्रतिष्ठित अधिवक्ता अश्वनी कुमार उपाध्याय ने कहा कि दीनदयाल जी एक भारत-श्रेष्ठ भारत चाहते थे। संविधान की प्रस्तावना का भी यही उद्देश्य था। उनका मानना है कि शासक भी अच्छा हो कानून व्यवस्था भी अच्छी हो और शिक्षा भी अच्छी हो तभी श्रेष्ठ भारत का निर्माण हो सकता है। समान अवसर तब मिलेगा जब एक नेशन एक एजुकेशन देश में होगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को सोशल मीडिया का प्रयोग राष्ट्रहित और राष्ट्र निर्माण के लिए करना चाहिए। उन्होंने समस्याएं को खत्म करने के लिए देश मे कड़े नियम-कानून की वकालत की। उन्होंने सऊदी अरब का उदाहरण देते हुए कहा कि 1975 से पहले वह रेगिस्तान था, लेकिन सख्त कानून-व्यवस्था की वजह से आज वह आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश को सांस्कृतिक रूप से आजाद होना पड़ेगा तभी यह श्रेष्ठ भारत बन पायेगा। संगोष्ठी में कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थी शिक्षा के साथ परंपरा और संस्कारों में भी जीना सीखते है। विद्यार्थियों को जीवन में सकारात्मक सोच रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान के धरातल पर अतीत के सहारे भविष्य की जो सोच रखता है वही जननायक होता है। पंडित जी का दर्शन एकात्म मानववाद का था। कुलपति का मानना है कि भाषाएं अलग हो सकती है किंतु व्यक्ति और दिल अलग नहीं हो सकते। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुराग मिश्र और विषय प्रवर्तन डॉ. राहुल राय ने किया। इसके पूर्व कुलपति एवं मनोज मिश्र द्वारा संपादित पुस्तक मुख्य अतिथि को भेंट की गई। मुख्य वक्ता का परिचय डॉक्टर अंकित कुमार ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन जनसंचार विभागाध्यक्ष डा. मनोज मिश्र ने किया। मौके पर प्रो. अजय द्विवेदी, डॉ. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ. मंगला यादव, डॉ. अंकित सिंह, डॉ. रामजीत सोनकर, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. प्रमोद यादवा , डॉ. मनोज, डॉ. रसिकेश, डॉ. इन्द्रेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# मोटा अनाज खाओ, बीमारियां भगाओ : डीएम

**बैठक**

**किसान दिवस पर मोटे अनाज की खेती के प्रोत्साहन के लिए आयोजित हुई कार्यशाला**

**जनसंदेश न्यूज**



किसान दिवस पर आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते डीएम

**जौनपुर।** विकास भवन सभागार में बुधवार को आयोजित किसान दिवस में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मोटा अनाज की खेती के प्रोत्साहन हेतु एक कार्यशाला संपन्न हुई जिसमें किसानों को मोटे अनाज की खेती का जनपद में दायरा बढ़ाने और उससे दूर होने वाली बीमारियों से प्रशिक्षित किया गया।

किसानों को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि मोटे अनाज की उपयोगिता को देखते हुए 2023 को दुनिया भर में मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। आहार एवं पोषण विशेषज्ञ मोटे अनाजों की खूबियों से इतने प्रभावित है कि इन्हें सुपर फुड्स के रूप में मान्यता दे रहे है। इसकी उपयोगिता को देखते हुए सरकार ने श्री अन्न योजना का नाम दिया है। मिलेट्स के बारे में जागरूकता बढ़े इसीलिए यह कार्यशाला आहुति की गई है, उपलब्धता कम होने से महँगा मिलता है।

पौष्टिक तत्व भरपूर मात्रा में होने के कारण मोटे अनाज को एनीमिया व कुपोषण की समस्या को दूर करने में सहायक माना जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम ने कहा कि मोटे अनाजो में फाइबर की प्रचुरता मधुमेह और मोटापे से बचाती है। कृषि वैज्ञानिक डा. संदीप कुमार एवं डा. सुरेन्द्र प्रताप सोनकर ने मोटे अनाज की खेती की तकनीकी जानकारी दिया।

जिला कृषि अधिकारी केके सिंह ने बताया कि जनपद में मोटे अनाजों की खेती की कार्य योजना तैयार कर ली गयी है। विभाग द्वारा बीज उपलब्ध कराकर जागरूक करके आच्छादन एवं उत्पादन बढ़ाया जाएगा। संचालन उप परियोजना निदेशक डा. रमेश चंद्र यादव ने किया। इस मौके पर उपयुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी द्वय शाशिकेश सिंह, हिमान्शु पाण्डेय, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी डा. स्वाति पाहुजा, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव, किसान यूनियन के अध्यक्ष राजनाथ यादव, संतोष सिंह, अमित प्रकाश, राम चन्द्र दुबे सहित अन्य अधिकारीगण और किसान मौजूद रहे।

# गोवध के तीन आरोपित चढ़े पुलिस के हत्थे

**जनसंदेश न्यूज**

**सफलता**

**एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस व चाकू, वध करने के उपकरण बरामद**



**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अरंद गांव के जंगल में गोवध की तैयारी कर रहे तीन लोगों को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया। साथ में जानवर काटने के उपकरण व तमंचा कारतूस बरामद किया।

क्षेत्र के अरंद गांव में स्थित कब्रिस्तान के बगल जंगल में मंगलवार की शाम मुखबिर ने कोतवाली निरीक्षक सदानंद राय को सूचना दी। सूचना पर एसआई विजय सिंह गौड़ ने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर ढंढवारा खुर्द गांव निवासी इसराइल व नन्हे उर्फ निन्हे पुत्रगण सुब्रती व अरंद गांव निवासी मोहम्मद साकिब पुत्र मिस्टर को गिरफ्तार किया। मौके से एक जिंदा गोवंश वध करने के लिए दो बड़ा चाकू एक नुकीला भाला, रस्सी, एक 315 बोर का तमंचा, एक जिन्दा कारतूस, दो मोबाइल बरामद किया। सभी आरोपितों के खिलाफ 3/5 ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर तीनों का चालान कर दिया गया। पकड़े गए आरोपितों पर पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

## संक्षेप

### फिजूलखर्ची की बजाय शिक्षा पर करें खर्च



**जौनपुर।** युवा यादव महासभा की नईगंज स्थित कार्यालय पर सामाजिक जागरूकता का कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित करने के लिए बैठक की गई जिसमें राकेश यादव, डॉ. संजय यादव, अशोक यादव, रवि भूषण, रविंद्र यादव, शैलेश यादव, सुभाष यादव एवं प्रेमनाथ यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बैठक में प्रमुख रूप से शिक्षा व सामाजिक समरसता पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी तेज बहादुर यादव जमुआ ने कहा कि हमें दिखावे के बजाय ठोस क्रियाकलापों को तरजीह देनी चाहिए। डॉ. अरविंद यादव ने अपने संदेश में कहा कि महंगी जीवन शैली की बजाय अपनी आवश्यकताओं व हैसियत के मद्देनजर समाज में स्वच्छ छवि पर ध्यान देना चाहिए। युवा यादव महासभा के जिलाध्यक्ष कमलेश यादव ने कहा कि हर मनुष्य को कुछ ऐसे कार्य जीवन में अवश्य करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियां आप पर गर्व करें और समाज को आप प्रेरणा दे सके। इन्सान की पहचान उसके द्वारा किए गये कार्यों से होती है। सामाजिक कार्यकर्ता अनिल दीप चौधरी ने कहा हमें किसी भी कार्य के प्रति दृढ़ निश्चय और स्पष्ट मानसिकता निर्धारित करते हुए उसके गुण दोषों का अध्ययन कर अपने कार्य को संपादित करना चाहिए। इसी क्रम में देशबंधु यादव ने लोगों का आह्वान किया कि शिक्षा ही ऐसी चीज है जो आपको लंबे समय तक स्थायित्त्व तो दे सकती है। मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र भेंट करते हुए उमाराज एवं संरक्षक जगदीश यादव ने सबका आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर डा. संजय यादव, डॉ. कृपानिधि यादव, रामचंद्र यादव, धर्मेंद्र, विशाल, डॉ. जीएस यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गौराबादशाहपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक के नेतृत्व में थाने के उप निरीक्षक रमा शंकर पांडेय ने गैर जमानती वारंटी मखंचू पुत्र बुधिराम निवासी सलोनी महिमापुर थाना गौराबादशाहपुर को बुधवार को भोर में उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उक्त वारंटी अपने मुकदमे में काफी दिनों से न्यायालय में उपस्थित नही हो रहा था। न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराते हुए उक्त वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### ट्रेन से कटी मिली छात्र की लाश

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के फत्तूपुर रेलवे ट्रैक के किनारे एक छात्र की ट्रेन से कटी लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। उसकी शिनाख्त आसपुर देवसरा गांव निवासी राजेश चौहान के पुत्र अमन चौहान के रूप में करते हुए पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक मृतक छात्र अपने ननिहाल महराजगंज थाना क्षेत्र के लमहन ग्राम पंचायत निवासी दयाराम चौहान के यहां रहकर एक स्कूल में कक्षा दसवीं में पढ़ाई करता था। उधर सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे उक्त छात्र के स्वजनों ने उसकी हत्या कर शव रेलवे ट्रैक किनारे फेंकने का आरोप लगाया है। फिलहाल कोतवाली पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### छह वारंटी गिरफ्तार

**खुटहन।** थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवों से पुलिस ने मंगलवार की रात दबिश देकर छह वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कार्रवाई कर सभी को चलान न्यायालय भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि पिलकिछा गांव निवासी रमेश गौतम, मक्कालाल गौतम और शैलेन्द्र गौतम तथा मरहट गांव निवासी मिंटू गौतम, सुइथाखुर्द गांव निवासी मुन्नालाल प्रजापति एवं दौलतपुर गांव निवासी कैलाश उर्फ गुड्डू दूबे नोटिस के बाद भी हाजिर न्यायालय नहीं हो रहे थे। इनके खिलाफ वारंट जारी हो गया था।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग, गाय और बकरी की मौत

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के नटौली गांव में हरिजन बस्ती के एक घर में आग लगने से घर में रखा सारा सामान व दो जानवर जलकर मर गये। एक महिला समेत दो जानवर गंभीर रूप से झुलस गए। क्षेत्र के उक्त गांव के हरिजन बस्ती में बेचन गौतम पुत्र फिरतु गौतम के मड़हे व घर में बीती रात दो बजे के करीब संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जब तक लोग जाग कर आग पर काबू पाते तब एक गाय एक बकरी जलकर मर गई। वहीं एक भैंस एक पड़िया को बचाने में 40 वर्षीय सुनीता पत्नी बेचन झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गई। अगल बगल के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखा राशन समेत दैनिक उपभोग की सामग्री चौकी, कपड़ा, रजाई, गद्दा सब जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है।

### डूबने से हुई युवक की मौत, पोस्टमार्टम में हुई पुष्टि

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह नहर में मिली लाश के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने लगाए जा रहे तमाम कयासों पर विराम सा लगा दिया। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि ईशापुर निवासी मृतक ओमकार सिंह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से ही मौत का मामला सामने आया है। बता दें कि थाना क्षेत्र के ईसापुर गांव निवासी 25 वर्षीय ओमकार सिंह पुत्र स्व. मातिबर सिंह सोमवार शाम से घर से कहीं निकल गया था। दूसरे दिन मंगलवार सुबह चौकी क्षेत्र के शारदा सहायक नहर में ऊसरगाँव के पुल के पास उसकी लाश पाई गयी थी। मामले में मृतक के चचेरे भाई दशरथ सिंह ने तहरीर में हत्या की आशंका जताते हुए थानाध्यक्ष से कार्रवाई की मांग की थी। चचाओं के मुताबिक मृतक की शादी आगामी 27 फरवरी को होनी थी जो निरस्त हो गयी थी। शायद क्षुब्ध होकर उसने अपनी इहलीला समाप्त कर ली। फिलहाल चाहे जो भी हो उसकी मौत ने मां उज्जवला की दुनिया का उजाला तो छीन ही लिया।

### वाहन के धक्के से पुलिया टूटी, खतरा बढ़ा

**जफराबाद।** स्थानीय क्षेत्र के कल्याणपुर बाजार में स्थित नहर की पुलिया किसी अज्ञात वाहन के धक्के से टूट गयी। अब तक नहर विभाग के कर्मचारियों ने उस तरफ ध्यान नहीं दिया। मालूम हो कि उक्त बाजार के बीच से मोथहा पम्प नहर निकलती है। पुलिया से सटकर नत्थनपुर सिरकोनी मार्ग है। उक्त स्थान पर मोड़ होने के कारण अक्सर पुलिया के कॉलर को कोई न कोई बड़ा वाहन टक्कर मार देता है जिसके चलते वह टूट जाता है। उस पुलिया पर इस समय स्थिति खतरनाक हो गयी है। ऐसी स्थिति में रात को अंधेरे में वाहन चालक अचानक नहर में जा सकते हैं।

# सरकार कर रही गरीबों का शोषण : राय अखिलेश सिंह

**जनसंदेश न्यूज**

**बैठक**

**17 फरवरी को देंगे जिलाधिकारी को ज्ञापन**



बैठक को सम्बोधित करते राय अखिलेश

**सुजानगंज।** क्षेत्र के अरुवा ग्राम सभा में अपना दल कमेरा पार्टी की बैठक की आयोजित हुई। बैठक के मुख्य अतिथि अपना दल कमेरा के प्रदेश अध्यक्ष राय रतन बहादुर सिंह ने वर्तमान सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की वर्तमान सरकार आम जनता का शोषण कर रही है और गरीबों का पैसा सिर्फ अमीरों की जेब में जा रहा है।

पार्टी की अध्यक्ष कृष्णा पटेल के निर्देश पर हम सभी को इस वर्तमान सरकार की बुराइयों को राज्यपाल तक पहुंचाना है जिसके लिए 17 फरवरी को एक दिवसीय धरना आयोजित है। अधिक संख्या में पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उनको आम जन मानस की समस्या से रूबरू करवाना है। इस मौके पर हरी प्रसाद सरोज, सुरेंद्र पटेल, हरी प्रसाद सरोज, गोरखनाथ पटेल, बसंती मौर्य, प्रमिला हेमा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कमेरा अपना दल के जिला अध्यक्ष राम चंद्र पटेल ने किया। अध्यक्षता राम नेवाज ने किया।

# स्वास्थ्य सेवा मानव जीवन का सबसे बड़ा कर्तव्य : शकुन्तला

**आयोजन**

**अवध पैरामेडिकल कॉलेज में बच्चो ने कैडिंल जलाकर स्वास्थ्य सेवा का लिया संकल्प**



कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ करते अतिथि

**जौनपुर।** विषेशरपुर पंचहटिया स्थित अवध पैरामेडिकल कालेज परिसर में बुधवार को लैम्पलाइटिगं व कैपेंगि सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लालता प्रसाद यादव पूर्व विधायक एवं विशिष्ट अतिथि डा. रामअवध यादव पूर्व सीएमओ ने कार्यक्रम का शुभारम्भ फलोरेंस नाइटिंगेल की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बच्चों ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत बच्चों ने स्वागत गीत के साथ किया।

कार्यक्रम में पूर्व सीएमओ डा. राम अवध यादव ने बच्चों को बताया कि यह कार्यक्रम हम स्टूडेन्ट नर्सेज को अपने नर्सिंग प्रोफेशन में सम्मलित करते हुये उन्हे संकल्प दिलाया जाता है कि वे अपने प्रोफेशन के प्रति संवेदनशील एवं उनकी सेवा में सदैव तत्पर रहे तथा शपथ लें कि वे मरीज की सेवा निःस्वार्थभाव से करेंगीं तथा किसी भी तरह का भेदभाव नही करेंगीं और किसी षडयंत्र का हिस्सा नहीं बनेगें, किसी लालच के बिना धन की अपेक्षा किये अपनी जिम्मेदारियों का अच्छे से निर्वहन करेंगें और मरीज के जल्द-से-जल्द स्वस्थ्य करने को प्राथमिकता देंगें। नर्सिंग प्रोफेशन की स्थापना करने वाली महिला फलोरेंस नाइटिंगेल जिनका जन्म 12 मई 1820 को इंग्लैण्ड में हुआ था। उन्होंने इंग्लैण्ड और रूस के बीच अक्टूबर 1853 से 1856 के क्रिमन युद्व के दौरान घायल हुए सैनिकों की स्वास्थ्स सेवा निःस्वार्थ भाव से लैम्प लाइट की सहायता से किया, जिसके लिये फलोरेंस नाइटिंगेल को लेडी विथ द लैम्प की उपाधि से नवाजा गया। महान महिला फलोरेंस नाइटिंगेल ने मरीजों की सेवा करने के विचार को पहली बार मूर्तिरूप दिया जिससे स्वास्थ्य सेवा मे नर्सिंग सेवा को एक प्रोफेशन में बदल दिया गया जिसके आधार पर आज हम सब लोग नर्सिंग व पैरामेडिकल का कोंस करके असहाय व बीमार लोगों की सेवा व इलाज कर उनकी दुख एंव तकलीफ को दूर करते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही अवध पैरामेडिकल कालेज की प्रबन्ध निदेशिका डा. शकुन्तला यादव ने बच्चों को बताया कि बच्चे नर्सिंग प्रशिक्षण को पूरी श्रद्वा, इमानदारी एंव मेहनत से समझे-सीखे क्योंकि भगवान के बाद डाक्टर एवं स्टाफ नर्स को ही धरती का दूसरा भगवान समझा जाता है। डाक्टर एवं स्टाफ नर्स का एक ईमानदार प्रयास किसी का जीवन बचा सकता है। कार्यक्रम में बच्चों ने फूल के गुलदस्ते व जलती मोमबत्ती को हाथ में लेकर स्वास्थ्य सेवा का निर्वहन पूरे इमानदारी व कर्तव्य निष्ठा के साथ करने शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम में सिस्टर लालदेई, शारदा सिंह, संजय सक्सेना, संजय कुमार गुप्ता, आकाश मौर्या, दिनेश कुमार सिंह, प्रियंका यादव, वर्तिका सिंह, आरती निगम, पंकज श्रीवास्तव, आशीष, विक्टर एडिसन, रमेश कन्नौजिया आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कालेज के प्रिंसिपल मनु कार्तिक ने किया। कार्यक्रम के समापन पर कालेज के निदेशक अखिलेश सिंह ने बच्चों व उनके अभिभावकों सहित सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

# आंगनबाड़ी की पदोन्नति में हो रही धांधली : सरिता सिंह

**जनसंदेश न्यूज**



**जौनपुर।** आंगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन की आवश्यक बैठक बुधवार को जिलाध्यक्ष सरिता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरिता सिंह ने कहा कि जो प्रमोशन की लिस्ट 2017 में तैयार हुई थी उसी आधार पर प्रमोशन होना चाहिए, परन्तु ऐसा नहीं हो रहा है। जिन आंगनबाड़ियों का नाम सारी योग्यता के साथ लिस्ट में था और वे हकदार भी हैं उनका नाम लिस्ट से निकाल दिया गया है। परियोजना से लेकर जिले तक स्थिति अस्पष्ट है। जिले से निदेशालय तक के चक्कर काट रही आंगनबाड़ियों को जानकारी नहीं दी जा रही है कि किस आधार पर पदोन्नति की जा रही है। 2012 के बाद आज तक कोई पदोन्नति नहीं हुयी। इंतजार करते-करते आंगनबाड़ी सेवानिवृत्त हो गयीं लेकिन उन्हें कोई लाभ नहीं मिला। आज जब मौका आया तो इसमें भी गोपनीयता की आड़ में धांधली हो रही है। श्रीमती सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह धांधली युक्त पदोन्नति नहीं होने दिया जाएगा जब तक सही तरीके से इसका मानक उम्र और अनुभव के हिसाब से नहीं तय होगा। आरक्षण के अनुरूप प्रमोशन नहीं हुआ तो हम न्यायालय से स्टे लेगें। अगर हमारी बहनों को उनका अधिकार नहीं दिया गया तो इसके लिए संगठन धरना प्रदर्शन सहित आंदोलनात्मक कठोर गंभीर कदम उठा सकते है जिसके जिम्मेदार शासन एवं प्रशासन होगा। बैठक में ममता सिंह, गीता सिंह, मंजू, मीना, जया, गीता सोनकर, निर्मला, सीता, मनीषा, उर्मिला, प्रियंका, शशिकला, बिंदू, रेखा, प्रमिला आदि आंगनबाड़ी पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

## डाल्हनपुर विद्यालय के सहायक अध्यापक निलंबित

**जौनपुर।** खंड शिक्षा कार्यालय करंजाकला डाल्हनपुर के सहायक अध्यापक को किसी मामले में निलंबित कर दिया गया। निलंबित सहायक अध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जानकारी के अनुसार सहायक अध्यापक जियालाल यादव डाल्हनपुर के प्राथमिक विद्यालय में तैनात हैं और यह विद्यालय करंजाकला बीआरसी के ऑफिस से ज्वाइंट है। उस दौरान लेखा विभाग का कर्मचारी वहां किसी मामले में एनपीएस खुलवाने के लिए गया था। आरोप है कि जियालाल यादव के द्वारा इस पर बहस व दुर्व्यवहार किया गया। मामले के क्रम में सहायक लेखा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार यादव की आख्या पर बीएसए ने उन्हें निलंबित कर दिया और स्पष्टीकरण मांगा है। इस बारे में बीएसए डा. गोरखनाथ पटेल ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी व लेखा अधिकारी की आख्या पर उन्हें निलंबित किया गया है और जिसकी जांच भी कराई जाएगी।

# स्मार्टफोन मिलने से आशा कार्यकर्त्रियों में खुशी



आशा कार्यकत्री को स्मार्ट फोन देते अतिथि

**खेतासराय।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत बुधवार को प्रमुख प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने 75 आशा कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किया। स्मार्टफोन मिलते ही आशा कार्यकत्रियों के चेहरे खिल उठे।

सोंधी ब्लाक सभागार में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 235 आशा कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित होना था। इसके सापेक्ष 75 आशा कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरण हो पाया। प्रमुख प्रतिनिधि श्री सिंह ने कहा कि आशा कार्यकत्रियों के लिए सरकारी योजनाओं को ऑनलाइन पोर्टल पर फीड करने में स्मार्टफोन सहायक होगा। साथ ही रिपोर्ट बनाने में आसानी होगी। कहा कि आशा कार्यकत्री स्वास्थ्य विभाग और जन-समुदाय के बीच की कड़ी के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। आशा कार्यकत्रियों की सुविधा के लिए सरकारी की ओर से उन्हें स्मार्टफोन दिया जा रहा है। इस मौके पर डा. मसूद खान, अशोक कुमार कुशवाहा, राहुल यादव, राममिलन यादव, अवधेश तिवारी, अंकुर श्रीवास्तव, सुजीत मौर्य, शैलेश कुमार मौर्य उपस्थित रहे।

# कार्रवाई: 33 हेल्थ और 42 मेडिकल ऑफिसर का वेतन रोकने का निर्देश

**बैठक**

**27 अल्ट्रासाउंड सेंटर के निरस्तीकरण की कार्रवाई**

**कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी के तेवर सख्त**


स्वास्थ्य समिति की बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में हेल्थ एण्ड वेलनेस की समीक्षा के दौरान हेल्थ वेलनेस सेण्टर पर तैनात 33 कम्यूनिटी हेल्थ आफिसर और 42 मेडिकल आफिसर जिनके द्वारा ई-संजीवनी में टेलीकांसेल्टेसी भी की जा रही है लक्ष्य के सापेक्ष कार्य न किये जाने पर उनका अग्रिम आदेश तक वेतन बाधित करने का आदेश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया और 11 अल्ट्रासाउंड सेंटर जिन्होंने चिकित्सक उपलब्ध कराने का समय माँगा था समयसीमा पूर्ण होने के बावजूद चिकित्सक नहीं उपलब्ध कराने के कारण और 16 सेंटर का सत्यापन नहीं कराने के कारण सेंटर निरस्त करने का आदेश दिया।

परिवार नियोजन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने महिला नसबंदी में 10 कम प्रगति वाले अधीक्षकों का वेतन बाधित करने का आदेश दिया और मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि स्वयं के देख-रेख परिवार नियोजन के अन्तर्गत किये जा रहे नसबंदी कार्य की मॉनीटरिंग करें। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी डा. राजीव को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड बनवाने की गति तीव्र करें, आयुष्मान भारत में गोल्डन कार्ड बनाने का लक्ष्य 40000 माह फरवरी में पूर्ण किया जाय। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान जननी सुरक्षा योजना में 90 प्रतिशत से कम प्रगति वाली इकाइयों को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है अतः इसमें किसी प्रकार की लापरवाही होने पर सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों पर प्रसव कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य इकाइयों पर प्रसव से सम्बन्धित समस्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाय, प्रसूती की देख-रेख प्रशिक्षित डाक्टर/नर्स निश्चित समयावधि के अतराल पर करते रहे।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा के दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राकेश सिंह को निर्देशित किया कि शासन की मंशा है कि भारत में एक भी टीबी के रोगी न हों। अतः टीबी रोगियों के नये रोगियों को खोजकर उनका शत-प्रतिशत इलाज सुनिश्चित कराएं, लक्षणयुक्त टीबी के रोगी पाये जाने पर तुरन्त अस्पताल में इलाज कराये, जिससे रोग गम्भीर स्थिति में न जाने पाये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका महिला चिकित्सालय डॉ. तबस्सुम बानो, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केके राय एवं सभी अपर एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, सै. मोहम्मद मुस्तफा सहित अन्य अधिकारीगण/चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री का आगमन आज संशोधित कार्यक्रम जारी

**जौनपुर।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उत्तर प्रदेश दिनेश प्रताप सिंह गुरुवार को पूर्वान्ह 10.30 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय इब्राहिमाबाद ब्लाक सिकरारा, 10.35 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय जौनपुर में जनप्रतिनिधियों, संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक संवाद एवं स्थानीय समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करेंगे। 11.50 बजे तक माधव भवन जौनपुर में विचार परिवार के साथ विचार-विमर्श करेंगे। 12.40 बजे प्राइमरी स्कूल व कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण, राजकीय महाविद्यालय में स्थापित स्मार्ट क्लास, निर्माणाधीन विश्वविद्यालयों/महाविद्यालय के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण, पॉलीटेक्निक/आईटीआई के संचालन की समीक्षा, 1.30 बजे स्थानीय पर्यटन विकास की संभावनाओं की तलाश के सम्बन्ध में निरीक्षण/समीक्षा मेहर देवी मंदिर, शाही किला का भ्रमण, 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में संगठन एवं जनप्रतिनिधियों के साथ जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन विकास विभाग, राज्य सरकार एवं भारत के जिला स्तर के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक, 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में व्यवसायी, निवेशकों एवं उद्योग बन्धु के साथ यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 पर आधारित लघु फिल्म का प्रसारण, 4.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता करेंगे।

## दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे शिक्षाविद् प्रो. गिरीश्वर

**पूर्वांचल विश्वविद्यालय**

**दीक्षांत समारोह की प्रगति रिपोर्ट पर हुई चर्चा**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में बुधवार को दीक्षांत समारोह के संबंध में कुलपति की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्या ने कहा कि विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह 23 फरवरी 2023 को होगा। इस संबंध में कुल 50 समितियां गठित की गई है। उन्होंने कमेटी के सभी संयोजकों और सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि 26वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षाविद, मनोविज्ञानी, समाजविज्ञानी, लेखक, संपादक एवं पूर्व कुलपति महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय वर्धा के प्रो. गिरीश्वर मिश्र होंगे। इस बार 66 विद्यार्थियों को प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के हाथों गोल्ड मेडल दिया जाएगा। इस अवसर पर 30 स्कूली बच्चों को बैग और किट दिए जाएंगे। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने संयोजकों से प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की। कहा कि जो भी समस्या हो उसका निराकरण संबंधित अधिकारियों से मिलकर शीघ्र करा लें। बैठक का संचालन कुलसचिव महेंद्र कुमार ने और धन्यवाद ज्ञापन वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, प्रो. वंदना राय, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. मुराद अली, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. सौरभ पाल, एनएसएस समन्वयक डॉ. राज बहादुर सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डा. जाह्नवी श्रीवास्तव, डा. प्रवीण सिंह, डा. द्विवेन्द्र मिश्र, सहायक कुलसचिव अमृत लाल, बबिता सिंह, दीपक सिंह, अजीत सिंह, डा. लक्ष्मी मौर्य, एमएम भट्ट, संतोष कुमार मौर्य, राममूरत, अनिल श्रीवास्तव, सुशील प्रजापति, करूणा निराला समेत शिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे।

# केंद्र में फिर बनायेंगे एनडीए की सरकार : डॉ. संजय निषाद

**अधिवेशन**

**अधिवेशन में भाग लेने आये निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत**


कैबिनेट मंत्री डा. संजय निषाद का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता

**जौनपुर ।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद बुधवार को पार्टी द्वारा आयोजित एक दिवसीय अधिवेशन में भाग लेने पहुंचे जहां पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया।

इस मौके पर श्री निषाद ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कानपुर में बुलडोजर चलने के दौरान हुई मौत की घटना के मामले में कहाकि घटना किसी के साथ हो घटना पर राजनीति नहीं होनी चाहिए बल्कि उसके साथ संवेदना होनी चाहिए। विपक्ष को पूरा हक है विरोध करने का लेकिन उसे कब कहां कैसे बोलना चाहिए इसकी भी जानकारी होनी चाहिए। साथ ही संजय निषाद ने इन दिनों विवादों में घिरे सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्या द्वारा रामचरित मानस पर दिए विवाद पर भी तंज कसा तो वही ओम प्रकाश राजभर के पार्टी के वापसी पर उन्होंने कहा कि जो हमारी विचारधारा से मेल खाता है वही हमारे साथ होता है। ओमप्रकाश राजभर अलग-अलग जगह चाय पीते हैं पार्टी करते हैं और रात को किसी और के घर से निकलते हैं तो ऐसी स्थिति में स्थापित हो जाएंगे तो देखा जाएगा यह पार्टी है। निषाद राज पार्टी के बारे में कहा कि हम अपने ही वोट देकर अपने आने वाली पीढ़ी को कहां पहुंचाया है और दूसरे का विकास करा दिया है और अपना विनाश करा दिया है अब अपना वोट इकट्ठा करो। किसी भी राजनीति हिस्सेदारी उसके झंडे से मिलती है जब झंडा नारा उसका होगा पार्टी उसकी होगी तो जो उसके सदस्य होंगे उसके पदाधिकारी होंगे तभी कुछ आगे हो सकता है।

## अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा में शोक की लहर

**गौराबादशाहपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा इकाई जौनपुर के जिलाध्यक्ष एवं प्रबंधक लालजी यादव की माता सोन वर्षा 85 का निधन सोमवार की शाम उनके पैतृक आवास धर्मापुर में हो गया। यह समाचार सुनते ही सामाजिक संगठन के लोग एवं गणमान्य लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। दाह संस्कार पंचहटिया स्थित रामघाट पर किया गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र फूलचंद यादव ने मुखाग्नि दी। धर्मापुर स्थित आवास पर श्री दुर्गा पूजा महासमिति जौनपुर के पूर्व अध्यक्ष विजय सिंह बागी, पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल यादव, पूर्व महासचिव अनिल कुमार साहू, संगठन सचिव गणेश साहू, पूर्व महासचिव मनीष देव, सद्भावना क्लब से महेंद्र प्रताप यादव, विजय प्रताप यादव, प्रधानाचार्य राम सिंगार यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता सूबेदार यदुवंशी, डॉ. आशीष यादव आदि लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

## महिलाएं परिवार में एक धुरी की तरह होती हैं : रविकांत



**जौनपुर।** जेसीआई जौनपुर चेतना ने लाइफ मैनेजमेंट ट्रेनिंग का आयोजन शहर के प्रतिष्ठित होटल में आयोजित किया। संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने शाहगंज से आए हुए जोन प्रोविजनल ट्रेनर रविकांत जायसवाल का स्वागत करते हुए कहा की जेसीआई संस्था राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक के द्वारा सभी विषयों पर निशुल्क ट्रेनिंग देती है। ट्रेनिंग के माध्यम से लोगों को अपनी समस्या से निवारण में सहायता मिलती है। ट्रेनर रविकांत ने हैप्पी मैरिड लाइफ विषय पर ट्रेनिंग देते हुए बताया कि महिलाएं परिवार में एक धुरी की तरह होती हैं जिस पर पति के साथ साथ परिवार के सभी सदस्यों की जिम्मेदारी रहती है। सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कुछ समय अपने स्वयं के लिए कैसे निकाला जाए आज की ट्रेनिंग से आप सभी को इस बात की जानकारी होगी। निवर्तमान अध्यक्ष/जोन कोऑर्डिनेट जेएफएम अभिलाषा श्रीवास्तव ने ट्रेनिंग की सराहना करते हुए कहा कि आज की ट्रेनिंग से सदस्यों में एक नए विश्वास और ऊर्जा का संचार हुआ है। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी, सचिव मीरा अग्रहरि, शारदा गुप्ता, मंजू जायसवाल, सुधा बैंकर, वंशिका सिंह, रिंकी जायसवाल, संचिता बैंकर, डॉक्टर आकांक्षा द्विवेदी, प्रतिमा गुप्ता, ध्रुव आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सचिव मीरा अग्रहरी ने किया तथा आए हुए सभी पदाधिकारी और सदस्यों का आभार कार्यक्रम संयोजक रिंकी जायसवाल और शारदा गुप्ता ने संयुक्त रूप से व्यक्त किया।

## संक्षेप

### अधिशासी अभियंता विद्युत के कार्यालय में सपा नेता ने की तोड़ फोड़, मुकदमा दर्ज

**मछलीशहर।** अधिशासी अभियंता रामानंद मिश्र ने कोतवाली में तहरीर देकर सपा नेता डा. मनोज कुमार यादव पर कार्यालय में तोड़फोड़ करने और संविदा कर्मी की पिटाई करने का आरोप लगाया है। अधिशासी अभियंता की तहरीर पर उक्त सपा नेता समेत अन्य पांच अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। अधिशासी अभियंता रामानंद मिश्रा ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि सायंकाल 4 बजे वे अपने कार्यालय में बैठे थे कि सपा नेता और विधान परिषद के पूर्व प्रत्याशी रहे डॉ मनोज यादव ने उनके कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ की और कार्यालय में तैनात संविदा कर्मी शिवकुमार मिश्रा तोड़फोड़ करते हुए घटना का वीडियो बना रहे थे तो उनका मोबाइल छीन कर फेंक दिया ।और उसकी जमकर पिटाई कर दी ।अधिशासी अभियंता कार्यालय में हुई तोड़फोड़ और पिटाई की घटना की जानकारी पाकर विद्युत कर्मी आक्रोशित हो उठे और अधिशासी अभियंता के साथ एसडीओ एसके सिंह और अवर अभियंता अभिषेक केशरवानी काफी संख्या में विद्युत कर्मियों को साथ लेकर कोतवाली पहुंचे और डॉक्टर मनोज यादव के खिलाफ तहरीर दी कोतवाल किशोर कुमार चौबे ने पूछने पर बताया कि सपा नेता के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।उधर सपा नेता डा मनोज कुमार यादव का कहना है कि उक्त आरोप निराधार हैं। मैं सड़क पर खड़ा होकर बात कर रहा था ।कार्यालय में घुसा ही नहीं था ।इसका मेरे पास प्रमाण है ।कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक केके चौबे का कहना है कि एक्सिएन की तहरीर पर उक्त सपा नेता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है ।बाकी कार्यवाही जांचोपरांत की जाएगी।

### पूर्व प्रधान पर लाखों के गबन का आरोप

**मछलीशहर।** खजुरहट गांव में सामुदायिक शौचालय की मरम्मत के नाम पर पूर्व ग्राम प्रधान पर लाखों के गबन का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जांच कराने की मांग की है। यह भी कहा, धन की हेराफेरी करने में लिप्त ब्लाक कर्मियों व पूर्व प्रधान के विरुद्ध कार्यवाही व रिकबरी भी हो। बताया जाता है कि खजुरहट ग्राम निवासी लक्ष्मी शंकर पटेल, मनोज कुमार गौड़ आदि ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि पूर्व ग्राम प्रधान तीर्थराज वर्मा के कार्यकाल में स्वच्छ भारत मिशन के तहत खजुरहट (तिवारी का पूरा) में स्थित सामुदायिक शौचालय की मरम्मत के लिये वर्ष 2021 में एक लाख 42 हजार 126 रुपये निकाल लिया गया लेकिन मौके पर कोई मरम्मत का कार्य नहीं हुआ। कैशबुक का कम्प्यूटर से प्रिंट निकालने पर ग्रामीणों को जानकारी मिली जो चर्चा का विषय बना रहा।

### बेलहरी ग्रामोत्थान सेवा संघ का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना

**केराकत।** स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के बेलहरी गांव के विकास के लिए गठित ग्रामोत्थान सेवा संघ का वार्षिकोत्सव और मेधावी छात्र सम्मान समारोह बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। समारोह का आरम्भ क्षेत्रीय सांसद वीपी सरोज ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गायक संतोष शर्मा ने गीत सुनाकर लोगों का मनोरंजन किया। मुख्य अतिथि वीपी सरोज ने विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 5 से लेकर कक्षा 12 तक के 50 से अधिक मेधावी छात्र छात्राओं को शील्ड और मेडल देकर उनका उत्साह वर्धन किया। आरम्भ में समारोह की आयोजक ग्राम प्रधान नीतू सिंह और उनके प्रतिनिधि प्रवेश कुमार सिंह ने अतिथियों प्रवक्ता डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सरिता सिंह आदि को अयोध्या के श्री राम मंदिर की प्रतिमा देकर स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीप्रकाश पाण्डेय, बृजेश सिंह, डॉ. नृपेंद्र सिंह, राममूरत सरोज, विनोद सिंह, रामप्यारे यादव, सोनिया गिरी, रघुवर, उमाशंकर सिंह, रामजनम गुप्ता, बन्दना सिंह, कल्पनाथ आदि अनेक विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

### 26 सीटों के लिए होगा 20 फरवरी को चुनाव

**ज्ञानपुर।** जिले की 546 ग्राम पंचायत, आठ सौ से अधिक क्षेत्र पंचायत और 10 हजार से अधिक ग्राम पंचायत सदस्य सीट पर साल 2021 में चुनाव हुआ था। प्रधान बीडीसी और सदस्य के निधन से रिक्त सीटों पर छह महीने के अंदर चुनाव कराया जाता है। डीघ ब्लॉक के बारीपुर गांव में प्रधान और छह ब्लॉकों में सदस्य की 26 रिक्त सीटों के लिए उप चुनाव होना है। सहायक निर्वाचन अधिकारी पंचस्थानीय डीएस शुक्ला ने बताया कि ब्लॉकों में 16 फरवरी से नामांकन पत्रों का वितरण शुरू हो जाएगा। 20 फरवरी तक नामांकन होगा। 21 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच 22 फरवरी को नाम वापसी संग प्रतीक आवंटन होगा। दो मार्च को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान और चार मार्च को सुबह आठ बजे से मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए डीएम के निर्देश पर जल्द ही आरओ सहायक आरओ का गठन होगा।

## संक्षेप

### स्मार्ट क्लास व पुस्तकालय का बीएसए ने फीता काट कर किया शुभारम्भ



**ज्ञानपुर।** औराई विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय लक्ष्मणिया में बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने फीता काटकर पुस्तकालय व स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। स्मार्ट क्लास व पुस्तकालय के शुभारम्भ से विद्यालय के छात्र छात्राओं के चेहरों पर अपार प्रसन्नता दिखी। इस दौरान बीएसए ने शिक्षक की भूमिका में विद्यार्थियों से सवाल जवाब कर शिक्षा के गुणवत्ता की जाँच की। बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि वर्तमान में बेसिक शिक्षा बदलाव के दौर से गुजरते हुए एक नया आयाम स्थापित कर रही है। विभाग से जुड़ा हर कर्मचारी, शिक्षक और अधिकारी निरंतर इस प्रयास में है कि सकारात्मक सुधार और गुणवत्ता का उच्चतम मानक प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास और इस तरह के आयोजनों से अभिभावकों का विश्वास सरकारी विद्यालयों के प्रति बढ़ने लगा है। अभिभावकों के इस सकारात्मक बदलाव को दिशा प्रदान करने के लिए प्रधानाध्यापक और शिक्षक प्रशंसा के पात्र हैं। ग्राम प्रधान बैजनाथ यादव ने बच्चों को अति शीघ्र फर्नीचर की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव, प्रधानाध्यापक अशोक गौतम और विद्यालय परिवार के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

### कम्पोजिट विद्यालय गोलखरा के समस्त अध्यापकों का एबीएसए ने रोका वेतन

**ज्ञानपुर।** डीघ विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय गोलखरा का बुधवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी डीघ फराह रईस ने औचक निरीक्षण किया।
प्रधानाध्यापक को पूर्व में नोटिस निर्गत कर निर्देश दिए जाने के बाद भी विद्यालय में कम्पोजिट ग्रांट से काम न कराने एवं विद्यालय के भौतिक एवं अकादमिक कक्ष में सुधार न किये जाने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी डीघ ने प्रधानाध्यापक तिलकराज सिंह के माह फरवरी के वेतन को बाधित करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा। अभिभावकों से प्राप्त शिकायत कि "कम्पोजिट विद्याल गोलखरा" समय से नहीं खुलता की शिकायत जांचोपरांत सही पाने जाने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी डीघ ने विद्यालय के समस्त स्टाफ का विद्यालय बन्द दिवस का वेतन बाधित करने हेतु बीएसए को पत्र लिखा है।

### मिर्जापुर गोपीगंज सड़क बंद होने से बढ़ी परेशानी

**लालानगर।** गोपीगंज से मिजार्पुर जाने वाली सड़क स्थित ककराही रेलवे क्रॉसिंग पर बीते दस फरवरी से रेलवे प्रशासन द्वारा सड़क निर्माण का कार्य कराए जाने से इन दिनों सड़क पर आवागमन पूरी तरीके से प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिससे मिजार्पुर, सोनभद्र, मध्य प्रदेश सहित मां विंध्यवासिनी के दर्शन पूजन करने वाले यात्रियों को आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। लोकल यात्री किसी तरीके से अगल-बगल रेलवे लाइन पार कर आ जा रहे हैं वहीं दूरदराज के यात्री औराई वाया मिजार्पुर जा रहे हैं। बताया जाता है कि सड़क का कार्य संपन्न होने में चार मार्च तक का समय लग सकता है। मामले को लेकर माधवरामपुर गांव के पूर्व प्रधान सतीश चंद्र पाठक का कहना है कि रेलवे विभाग अति शीघ्र कार्य संपन्न कराएं जिससे आवागमन चालू हो सके।

### आप की बैठक आयोजित

**जौनपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा रामपुर नगर पंचायत मड़ियाहूं में आगामी नगर निकाय चुनाव के प्रशिक्षण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गय। बैठक में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी कैलाश पटेल और विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना तथा महिला प्रकोष्ठ की जिला महासचिव पूजा सिंह उपस्थित रहे। उक्त बैठक में जिला प्रभारी ने आगमी नगर निकाय चुनाव के तैयारियों के बारे में क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं से जरूरी जानकारी ली। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह ने क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को निकाय चुनाव से संबंधित जरूरी दिशा निर्देश दिए।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# एसडीएम ने पर्व से पहले सभी समस्याओं के समाधान का दिलाया भरोसा

**बैठक**

**महाशिवरात्रि पर्व व निकलने वाली शिव बारात को लेकर कोतवाली में हुई शांति समिति की बैठक**

जनसंदेश न्यूज


कोतवाली परिसर में हुई शांति समिति की बैठक में शामिल एसडीएम, सीओ, कोतवाल और इओ आदि

**भदोही।** महाशिवरात्रि पर्व व निकलने वाले शिव बारात को लेकर बुधवार को कोतवाली प्रांगण में शांति समिति की बैठक की गयी। जिसमें अधिकारियों द्वारा मौजूद लोगों से पर्व को सम्पन्न कराने में आने वाली समस्याओं की जानकारी ली गई और निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

इस दौरान महाशिवरात्रि शोभायात्रा समिति के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि पर्व 18 फरवरी को मनाया जाएगा। पर्व के दिन शिव मंदिरों में भगवान नीलकंठ की आराधना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। इसके साथ ही नगर के मर्यादपट्टी से शिव बारात निकालने की परम्परा चली आ रही है। इस वर्ष शिव बारात शाम 6:00 बजे से निकल जाएंगी। रात 11:00 रजपुरा में पहुंचने के बाद समापन कर दिया जाएगा। वहीं उपजिलाधिकारी डॉ.कृपाशंकर पांडेय ने कहा कि जो भी समस्याएं आई है, पर्व से पहले सभी समस्याओं का निस्तारण कर दिया जाएगा। उन्होंने साफ-सफाई व चूना छिड़काव के लिए अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया। क्षेत्राधिकारी अजय कुमार चौहान ने कहा कि डीजे के आकार, प्रकार व ध्वनि पर विशेष ध्यान दें। न्यायालय ने ध्वनि के लिए जो मापदंड जारी किया है, उसी के आधार पर ही डीजे की ध्वनि को रखा जाएं।

इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अजय सेठ, अधिशासी अधिकारी जी लाल, सफाई निरीक्षक मिथिलेश कुमार, उपनिरीक्षक प्रमोद राय, बीरेंद्र यादव सहित विनीत बरनवाल, डीएम सिंह गहरवार, करुणा शंकर दुबे, मनोज जायसवाल, गिरधारी जायसवाल, राजीव मोदनवाल, पारस सोनकर, धर्मराज गुप्ता, भरत जायसवाल, अरविंद मौर्य, ब्रह्म जायसवाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

## गली के हो रहे निर्माण से जेई और पालिकाकर्मी अनिभिज्ञ

जनसंदेश न्यूज



**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज वार्ड संख्या 25 में मोहम्मद शोएब से मंसूर कुरैशी मकान तक नाली रेज और इंटरलॉकिंग का कार्य पिछले कई महीनों से हो रहा है।

नगर वासियो का आरोप हैं कि इस ठेकेदार द्वारा कराया गया कार्य कोई भी सही नही होता। उदाहरण स्वरूप वार्ड नंबर 22 हनुमान गढ़ी का तालाब अठारह लाख की लागत से बना और छह माह भी नही चल पाया वह धराशाई हो गया। वार्ड नंबर 17 में होटल से अग्रवाल मेडिकल तक बनाई गई नाली का पानी बाहर नहीं निकल पाया। जिसे लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने स्वयं जांच किया ठेकेदार का कुछ भी नही हो पाया। वार्ड नंबर छह में तिलारी कंपनी से राजेंद्र पुष्पकार तक बिछाई गई इंटरलॉकिंग नगर की सबसे खराब इंटरलॉकिंग शिकायत के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं। इसी तरह वार्ड नंबर 25 में भी आधा किया गया कार्य भी मानक के अनुरूप नहीं रहा। बुधवार को खराब कार्य की शिकायत जब इसकी जेई आलोक कुमार और पालिका के निर्माण कार्य देख रहे मंगला प्रसाद पांडेय से की गई तो आश्चर्य इस बात से हुआ दोनो व्यक्तियों ने कहा की हमे मालूम नही की कार्य हो रहा है। इस संबंध में वार्ड के निवासी महताब आलम,रामजी जायसवाल, मंजूर आलम, मंसूर कुरैशी, लीडर नेता आदि ने तत्काल प्रभाव से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

# छात्र संघ चुनाव के लिये सर्व दलों को होना पड़ेगा एक : राजकुमार

**बैठक**

**छात्र संघ चुनाव लोकतंत्र की प्रथम पाठशाला**

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** समाजवादी पार्टी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व सभासद राजकुमार यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि जनपद भदोही में एक ही महाविद्यालय में चुनाव ही होता है वह भी सरकार बंद करने पर तुली है और छात्र संघ राजनीति या लोकतंत्र की प्रथम पाठशाला है जब यही सुरक्षित नही है तो हम एक बेहतरीन लोकतंत्र की कल्पना कैसे कर सकते है। जब देखो तब सुनने में मिल जाता है कि छात्र संघ चुनाव नही होंगे क्या यह लोकतंत्र की हत्या नही है, मैं धन्यवाद देता हूं समाजवादी पार्टी की सरकार को की जब भी सपा सरकार रही है छात्रसंघ चुनाव होते रहे है। श्री यादव ने कहा कि यही मालूम होता है कि सरकार या सांसद, विधायक को अपने परिवार से ही भावी प्रतिनिधि पैदा करना होता है उनके परिवार का बे काबिल लड़का सांसद व विधायक हो सकता है पर विश्वविद्यालय छात्र संघ का पदाधिकारी नही हो सकता क्योकि छात्र संघ चुनाव में शराब व लालच व जातिवाद नही चलता है। इसलिए सब मिलकर चुनाव खत्म करना चाहते है। छात्र संघ में छात्र अपने मेहनत व हुनर पर अध्यक्ष चुनकर आता है। हम सभी दलों व पूर्व छात्र नेताओं से अनुरोध करते है सब मिलकर चुनाव कराने की माँग करे नही तो वो दिन दूर नही जब छात्र हितों की लड़ाई लड़ने वाला कोई मिलेगा नही।


## वाहन के धक्के से छात्रा घायल

**भदोही।** बाबूसराय में विद्यालय से पढ़कर के घर वापसी के समय स्कूटी द्वारा आ रही बालिका को अज्ञात वाहन चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। बालिका को घायल अवस्था में आसपास के लोगों ने उठाकर ले गए तथा इलाज करा रहे हैं। परिवार को सूचना दिया। जिससे परिवार वाले आए और ले गए। साथ में पिता का नाम योगेश चंद्र मौर्य घायल छात्रा का नाम प्रिया मौर्या बताया गया। छात्रा बाबूसराय शिवरामपुर की निवासी है।

## यूपी बोर्ड की परीक्षा आज से, तैयारी पूरी

**ज्ञानपुर।** यूपी बोर्ड की परीक्षा को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। हर हाल में शांति व्यवस्था के बीच में यूपी बोर्ड की परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी। उत्तर प्रदेश में इस वर्ष 10वीं.12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में बैठने जा रहे लाखों अभ्यर्थियों के 16 फरवरी 2023 से परीक्षाएं शुरू हो रहीं हैं जिसका अंतिम पेपर 4 मार्च को लिया जाएगा। 17 दिन तक चलने के बाद यह परीक्षा होली से पहले समाप्त हो जाएगी। 10वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए बोर्ड द्वारा भेजे गए प्रश्न पत्रों की कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश हैं। ये प्रश्न पत्र केंद्र व्यवस्थापक व अन्य अधिकारियों की निगरानी में रहेंगे और इन्हीं अधिकारियों की निगरानी में इन्हें खोला जाएगा। बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 105 केंद्र बनाए गए हैं। हाईस्कूल 31505 व इंटरमीडिएट 28510 छात्र.छात्राएं परीक्षा देंगे। नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने को लेकर की जा रही तैयारी को देखा जाय तो जिले को तीन जोन व 12 सेक्टर में बांटा गया है। तीनों जोन में संबधित उप जिलाधिकारी बतौर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे।

# कालसर्प योग एक भ्रांति है: आचार्य पं. वेद मिश्र



कथा मर्मज्ञ मुरारी बापू द्वारा अपनी पुस्तक का लोकार्पण कराते पं. वेद प्रकाश

### राहु की अशांति पर घेरती है परेशानी लेकिन बदलते परिवेश में बताया गया कालसर्प

### ज्योतिष में काल सर्प का कहीं कोई स्थान नहीं, समाज में लोगों को डराया जा रहा

### भगवान आशुतोष के पूजन रुद्राभिषेक से सारे ग्रहों की होती है शांति, जीवन में आती है खुशहाली



## खास मुलाकात

अश्वनी कुमार श्रीवास्तव

**वाराणसी।** काल सर्प योग के प्रति समाज में फैली अनेकानेकों भ्रंतियों को निराधार बताते हुए इसे राहु दोष बताने वाले काशी के जाने-मानें विद्वान आचार्य पं.वेद प्रकाश मिश्र ने जनसंदेश टाइम्स से हुई खास मुलाकात में बताया कि ज्योतिष में काल सर्प योग का कहीं भी जिक्र नहीं हैं बीते 10-15 सालों में कुछ ब्राह्मणों के सीडिंकेट ने इसे व्यवसाय बनाकर लोगों को डराने का काम किया है ताकि उनकी रोजी चलती रहे, ज्योतिष कोई व्यवसाय नहीं है बल्कि लोगों के कल्याणार्थ किया जाने वाला आध्यात्मिक कार्य है। बताया कि काल सर्प योग के प्रति लोगों को डरने की कोई जरुरत नहीं भगवान आशुतोष की आराधना ही नौ ग्रहों की शांति का सबसे बेहतर उपाय है।

### 6 पीढ़ियों से निभा रहे ज्योतिष का कार्य

विरासत में मिले कर्मकांड को लगभग छह पीढ़ी से निभा रहे पं.वेद प्रकाश मिश्र बताते हैं कि उनके घर में आने वाली पीढ़ी भी इसे आगे ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है, गुरु शिष्य परंपरा को भी निभाने वाले पं.वेद प्रकाश मिश्र के सिर्फ काशी ही नहीं बल्कि देश भर में शिष्य हैं। जिनका वह समय-समय पर मार्ग दर्शन करते हैं।



आचार्य पं.वेद प्रकाश मिश्र

### राहु दोष को दिया जा रहा कालसर्प योग का नाम

पं.वेद प्रकाश मिश्र बताते हैं कि जब राहु केतु के बीच सारे ग्रह आते हैं तो ऐसे में कुंडली में राहु दोष उत्पन्न होता है, जिसे व्यवसाय करने वाले ब्राह्मणों ने काल सर्प योग का नाम दे दिया। जबकि हमारा शास्त्र व ज्योतिष अति प्राचीन है जिसे राजाओं ने भी माना है युद्ध विजय की बात हो या फिर गर्भाधान, विवाह, मुंडन या नामकरण इन सब के लिए शास्त्रों ज्योतिषियों को सहारा लिया गया है उस समय कोई काल सर्प योग नहीं बनता था, व्यवसाय करने वाले ब्राह्मणों ने लोगों को इतना डरा दिया कि नासिक में त्रयंब्केश्वर महादेव व उज्जैन से लगायत देश के हर स्थान पर काल सर्प के पूजन के लिए मोटी रकम वसूली जाने लगी। जो पूरी तरह से गलत है। राहु हमेशा अनिष्ट नहीं करता बल्कि बाहुबल देता है, केतु कुल की उन्नति कराता है।

### भावी मेटहि सकहीं त्रिपुरारी

पं. वेद प्रकाश मिश्र ने भावी मेटहि सकहीं त्रिपुरारी जिसका अर्थ हैं कि दुर्भाग्य को सौभाग्य में बदलने की ताकत सिर्फ भगवान शंकर में हैं जनसंदेश टाइम्स के माध्यम से देश भर के लोगों को संदेश दिया कि रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसी दास जी ने साफ तौर पर लिखा है भगवान रुद्र यानि शिव की आराधना से भावी (भाग्य) को भी बदला जा सकता हैं, इसलिए अपने जीवन में भगवान आशुतोष की आराधना को शामिल कर अपने सारे अनिष्ट ग्रहों को शांत किया जा सकता है।

### ज्योतिष का व्यवसायीकरण काशी की परम्परा नहीं

पं.वेद प्रकाश मिश्र बताते हैं कि इधर सोशल मीडिया से लगायत टेलीविजन चैनलों पर जिस तरह से ज्योतिष कार्य का व्यवसायीकरण किया गया है यह काशी की परम्परा नहीं है,काशी शुरू से ही आध्यात्म की नगरी रही है। काशी मुक्ति धाम है यहां से लोगों को जीवन की राह दिखायी जाती है भ्रमित नहीं किया जाता हां जो विद्वानों ने बाहर से आकर काशी में अपना डेरा जमाया उन्होंने इस परम्परा को अपने जीवनयापन का साधन बना लिया।

# वस्तु विशेष से बने शिवलिंग की पूजा से संवरेगा भाग्य

### विभिन्न वस्तुओं से बने शिवलिंग की पूजा से होती है मनोकामना पूरी



राधेश्याम कमल तैतीस कोटि देवी-देवताओं में भगवान शिव को देवाधिदेव महादेव की उपाधि से विभूषित हैं। शिव जी की असीम कृपा की प्राप्ति के लिए देवाधिदेव महादेव की भक्तिभाव व आस्था से की गई पूजा सदैव फलित होती है। नियम, संयम व विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के साथ शिव मंत्र, शिव स्त्रोत, शिव सहस्त्रनाम, शिव चालीसा का पाठ करना अभीष्ट फलदायी होता है। शिव की अद्भुत कृपा प्राप्ति के लिए विविध प्रकार के उपासना, आराधना, अर्चना की विधि पौराणिक ग्रंथों से मिलती है। ऐसी मान्यता है कि शिव के समान दुःखों को हरने वाले और कोई भी देवता नहीं है। शिव भक्त भगवान शिवजी की आराधना व अनुष्ठान कर मनोकामना की पूर्ति के साथ ही अलौकिक शांति भी प्राप्त कर सकते हैं। प्रख्यात ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के अनुसार शिवजी की पूजा-अर्चना करना विशेष पलदायी बताया गया है। इस मास में रूद्राभिषेक से समस्त अनिष्टों का शमन होता है। साथ ही सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। पूर्ण श्रद्धा व भक्ति से विधि विधान पूर्वक की गई आराधना से महादेव शीघ्र ही प्रसन्न होकर भक्तों की मनोकामना की पूर्ति होती है। शिवलिंग शिव का निराकार स्वरूप माना गया है। पं. विमल जैन के अनुसार खास वस्तुओं से बने शिवलिंग की पूजा अर्चना से मनचाही मुरादें पूरी की जा सकती है। पृथ्वी के हर कण-कण व हर जीव में शिव विद्यमान हैं। विभिन्न प्रकार की वस्तुओं से बने शिवलिंग मनोकामनाओं की पूर्ति में सहायक होते हैं।

### विशेष वस्तुओं से बने शिवलिंग की पूजा से मिलने वाला फल

1-धन कामना की पूर्ति- दही को निथार कर बना शिवलिंग
2-दु:ख दारिद्र नाश- पीपल की लकड़ी से बना शिवलिंग
3-सुख-शांति व संतान- अक्षत, गेहूं, जौ के आटे से बना शिवलिंग
4- शत्रुओं पर विजय- लहसुनिया रत्न से बना शिवलिंग
5-अकाल मृत्यु, भय मुक्ति- दुर्वा से बना शिवलिंग
6- खुशहाली, सौभाग्य में वृद्धि- चांदी, सोना, मोती का शिवलिंग
7- मनोकामना पूर्ति- स्फटिक का शिवलिंग
8- मनचाही कामना सिद्धि- भस्म से बना शिवलिंग
9- मकान-सम्पत्ति- फूलों से बना शिवलिंग
10- रोग से मुक्ति- मिश्री व शक्कर से बना शिवलिंग
11- भौतिक ऐश्वर्य सुख- चंदन व कस्तूरी का शिवलिंग

### काशी में विराजमान हैं द्वादश ज्योतिर्लिंग

**काशी में ही कर सकते हैं द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन-पूजन**

वाराणसी। काशी में भी द्वादश ज्योतिलिंग विराजमान हैं। जो श्रद्धालु द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन नहीं कर सके हैं वह काशी में ही रह कर द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर सकते हैं। काशी के द्वादश ज्योतिर्लिंग इस प्रकार हैं। 1- सोमनाथ (मानमंदिर)2- मल्लिकार्जुन (सिगरा),3- महाकालेश्वर (दारानगर), 4- केदारनाथ (केदारघाट), 5- भीमाशंकर (नेपाली खपड़ा),6- विशेश्वर (विश्वनाथ गली), 7- त्रंम्बकेश्वर (हौजकटोरा बांसफाटक), 8- वैद्यनाथ (बैजनत्था), 9- नागेश्वर (पठानीटोला), 10- रामेश्वरम् (रामकुंड), 11- घुश्मेश्वर (कमच्छा),12- ओंकारेश्वर (छित्तनपुरा)।

### काशी के अन्य प्रसिद्ध शिव मंदिर

1-ओंकारेश्वर-2- त्रिलोचनेश्वर (त्रिलोचन),3- आदि महादेव-(त्रिलोचन महादेव के पीछे), 4-कृतिवासेश्वर (हरतीरथ), 5-रत्नेश्वर (वृद्धकाल),6-चंदेश्वर (सिद्धेश्वरी),7- केदारेश्वर (केदारघाट),8- धर्मेश्वर (धर्मकूप-मीरघाट),9- वीरेश्वर (सिंधिया घाट के ऊपर),10- विश्वकर्मेश्वर (गोलगड्डा), 11- मणिकर्णेश्वर (गोमठ आश्रम),12-अविमुक्तेश्वर (ज्ञानवापी में गुप्त)13- विशेश्वर (प्रसिद्ध विश्वनाथ मंदि),14- अमृतेश्वर (नीलकंठ),15- तारकेश्वर (ज्ञानवापी के पूर्व),16- ज्ञानेश्वर (लाहौरीटोला), 17- करुणेश्वर (ललिताघाट के ऊपर), 18- मोक्षद्वारेश्वर (करुणेश्वर के समीप), 19- स्वर्गद्वारेश्वर (लाहौरीटोला),20- ब्रह्मेश्वर (खालिसपुरा), 21-लांगलीश्वर (खोआ बाजार),22- वृद्धकालेश्वर (महामृंत्युजय परिसर), 23- वृषेश्वर (मैदागिन), 24- चंडीश्वर (इमिलिया घाट), 25- ज्योतिरूपेश्वर (गोमठ), 26- नया महादेव (प्रहलादघाट), 27-मध्यमेश्वर (दारानगर), 28- मनकामेश्वर महादेव (मच्छोदरी), नये विश्वनाथ जी (बीएचयू), 30- नये विश्वनाथ (मीरघाट)

# पहली बार दिखेगी बाबा की पंचबदन की प्रतिमा

**महाशिवरात्रि**

### बनारसी मौज मस्ती व फागुन की मस्ती लिए होलियाना मूड में निकलेगी शिव बारात

### भूत-पिशाच के साथ ही होगी मसाने की होली



**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर इस वर्ष 18 फरवरी को मैदागिन से निकलने वाली प्रसिद्ध शिवबारात में पहली बार बाबा विश्वनाथ की पंचबदन की रजत प्रतिमा का श्रद्धालुओं को दर्शन होगा। शिवबारात में भूत-पिशाच, ताल-बेताल, देवी-देवताओं के साथ ही मसाने की होली, मथुरा की होली, वृंदावन की होली भी होगी। इस साल शिवबारात का 41वां साल है। यह जानकारी बुधवार को अस्सी घाट पर समिति के पदाधिकारियों अजीत सिंह बग्गा, बदरुद्दीन अहमद, संजय केशरी, दिलीप सिंह, महेश माहेश्वरी, पवन खन्ना, सुनील शुक्ल, राजेश केशरी, कमल सिंह ने संयुक्त रूप से पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। बताया कि काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत स्व. कौशलपति त्रिपाठी ने कहा था कि जब इस शिव बारात के 40 साल पूरे हो जायेंगे तब हम काशी विश्वनाथ की पंचबदन की प्रतिमा को शोभायात्रा में ले जाने की अनुमति देंगे। आज शिवबारात का 41 साल है जिस पर समिति के पदाधिकारियों के आग्रह पर वर्तमान महंत डा. कुलपति तिवारी बारात में बाबा की पंचबदन की रजत प्रतिमा को ले जाने की अनुमति दे दी है। बताया कि वर्ष 1983 में जब काशी विश्वनाथ मंदिर से सोना चोरी हो गया था तब उसके विरोध में शिवबारात निकाली गई थी। बारात 18 फरवरी को सायंकाल सात बजे महामृत्युंजय महादेव मंदिर (दारानगर) से निकाली जायेगी। जो मैदागिन, बुलानाला, चौक, गोदौलिया, होती हुई डेढ़सीपुल तक जायेगी। वहां पर वधू पक्ष ठंडई, भांग, माला-फूल के साथ बरातियों की आगवानी की जायेगी। इस बार की बारात बनारसी मौज मस्ती व फागुन की मस्ती लिए होलियाना मूड में निकलेगी। इसमें बाबा विश्वनाथ अपने गण, भूत-पिशाच, गंधर्वों व नर-किन्नर के साथ मिल कर होली खेलते नजर आयेंगे। साउंड व लाइट सिस्टम से आधारित खेले मसाने में होली विशेष आकर्षक में होगी। इस बार सांड़ बनारसी (दूल्हा), व्यापारी नेता बदरुद्दीन अहमद (दूल्हन) बनेंगे जो काशी की अप्रतिम गंगा जमुनी तहजीब को दर्शायेंगे। इस बार भी भूत,पिशाच, सपेरे, मदारी, साधु-संन्यासी, जादूगर, बैण्ड बाजा, ढोल नगाड़ा के साथ ही विदेशी भी आकर्षक के केन्द्र होंगे। बारात के समापन स्थल डेढ़सी पुल पर वधू पक्ष की तरफ से दशाश्वमेध व्यापार मंडल व विश्वनाथ गली व्यवसायी संघ ठंडई व भांग के साथ स्वागत करेगा।

# महाशिवरात्रि पर बाबा का वीआईपी दर्शन नहीं

**इस बार मायूसी**

### सभी वीआईपी पास रहेंगे रद्द, मंगला आरती का टिकट अब दो हजार रुपये में

### मंगला आरती के बाद भोर में चार बजे खुलेगा बाबा का कपाट

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर श्री काशी विश्वनाथ धाम में इस बार वीआईपी दर्शन-पूजन नहीं मिलेगा। सभी श्रद्धालु आम होंगे। लाइन में लगकर ही दर्शन-पूजन किया जा सकेगा। यह व्यवस्था मंदिर प्रबंधन की तरफ से बनाई गई है। इस बार सभी तरह के वीआईपी पास रद्द रहेंगे। काशी विश्वनाथ मंदिर के कपाट भोर में चार बजे से खुलेंगे। शयन आरती के बाद रात 11 बजे मंदिर के कपाट बंद होंगे।। दूसरी तरफ, महाशिवरात्रि के दिन मंगला आरती का टिकट दो हजार रुपये में देने का फैसला हुआ है। सामान्य दिनों में इसका टिकट 350 रुपये में मिलता है। महाशिवरात्रि 18 फरवरी को मनायी जायेगी। मंदिर प्रबंधन को उम्मीद है कि इस बार बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। लिहाजा, भीड़ प्रबंधन जरूरी है। इसके लिए प्रशासन के साथ मिलकर व्यवस्था बनाई जा रही है। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में रेड कार्पेट बिछायी जाएगी। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि परभोर में मंगला आरती के बाद मंदिर के कपाट चार बजे से श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। रुद्राभिषेक व सुगम दर्शन आदि की सुविधा नहीं मिलेगी। सभी प्रकार के पास भी रद्द रहेंगे। साथ ही वीआईपी दर्शन नहीं होंगे। मंगला आरती के लिए टिकट की दरें बढ़ाई गई हैं। इसकी जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने सभी विभागों की जिम्मेदारी तय कर दी है। पीडब्ल्यूडी को विश्वनाथ धाम सहित शिवालयों के आसपास बैरिकेडिंग की जिम्मेदारी मिली है। बिजली निगम मंदिर मार्ग से प्रमुख शिवालयों के आसपास तारों को दुरुस्त कराएगा। सड़कें भी ठीक करायी जा रही हैं। श्रद्धालुओं के पेयजल की व्यवस्था के लिए जगह-जगह पानी के टैंकर खड़े कराए जाएंगे।

# भारत के 10 सबसे चमत्कारी शिवलिंग

*शिवरात्रि, महाशिवरात्रि, सोमवार और चतुर्दशी को शिवजी की विशेष पूजा होती है। इसके अलावा पूरे श्रावण माह में उनकी पूजा की जाती है। शिवलिंग का जलाभिषेक किया जाता है। भारत में यूं तो कई चमत्कारिक शिवलिंग हैं जहां के चमत्कार को कोई समझ नहीं पाया है। आइए जानते हैं 10 ऐसे चमत्कारिक शिवलिंग जहां के दर्शन आपको एक बार जरूर करना चाहिए।*



1. अपने आप होता है जलाभिषेक : झारखंड के रामगढ़ में स्थित इस शिवमंदिर को प्राचीन मंदिर टूटी झरना के नाम से जाना जाता है। मंदिर में मौजूद शिवलिंग पर अपने-आप 24 घंटे जलाभिषेक होता रहता है। खास बात तो यह है कि यह जलाभिषेक कोई और नहीं बल्कि खुद मां गंगा अपनी हथेलियों से करती हैं। दरअसल शिवलिंग के ऊपर मां गंगा की एक प्रतिमा स्थापित है जिनके नाभि से अपने-आप पानी की धारा उनकी हथेलियों से होता हुआ शिवलिंग पर गिरता है। यह आज भी रहस्य बना हुआ है कि आखिर इस पानी का स्त्रोत कहां है? माना जाता है कि इस मंदिर की जानकारी पुराणों में भी मिलती है।

2. बिजली महादेव : हिमाचाल प्रदेश के कुल्लू जिले में एक ऐसा शिव मंदिर भी है जहां हर 12 साल बाद शिवलिंग पर भयंकर बिजली गिरती है। बिजली के आघात से शिवलिंग खंडित हो जाता है लेकिन पुजारी इसे मक्खन से जोड़ देते हैं और यह पुनः अपने ठोस आकार में परिवर्तित हो जाता है। यह अनोखा मंदिर हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में स्थित है और इसे बिजली महादेव मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। कुल्लू और भगवान शिव के इस मंदिर का बहुत गहरा रिश्ता है। कुल्लू शहर में ब्यास और पार्वती नदी के संगम स्थल के नजदीक एक पहाड़ पर शिव का यह प्राचीन मंदिर स्थित है।

3. रंग बदलता शिवलिंग : राजस्थान के धौलपुर में स्थित शिव मंदिर के शिवलिंग का चमत्कार यह है कि यह प्रतिदिन तीन बार रंग बदलता है। सुबह लाल, दोपहर केसरिया और शाम को सांवला हो जाता है। यह भी आश्चर्य है कि इस शिवलिंग का कोई छोर नहीं है। धौलपुर से 5 किलोमीटर दूर चंबल नदी के किनारे बीहड़ों में स्थित अचलेश्वर महादेव मंदिर को करीब 1,000 वर्ष पुराना बताया जाता है, जबकि इसके शिवलिंग को हजारों साल पुराना बताया जाता है। इस मंदिर के बारे में कई किंवदंतियां जुड़ी हुई हैं।

4. भोजेश्वर महादेव मंदिर : मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से 32 किलोमीटर दूर भोजपुर (रायसेन जिला) में भोजपुर की पहाड़ी पर स्थित है। यहां का शिवलिंग अद्भुत और विशाल है। यह भोजपुर शिव मंदिर या भोजेश्वर मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हैं। इस प्राचीन शिव मंदिर का निर्माण परमार वंश के प्रसिद्ध राजा भोज (1010 ई-1055 ई) द्वारा किया गया था। चिकने लाल बलुआ पाषाण के बने इस शिवलिंग को एक ही पत्थर से बनाया गया है और यह विश्व का सबसे बड़ा प्राचीन शिवलिंग माना जाता है। कहते हैं कि यहां पहले साधुओं के एक समूह ने गहन तपस्या की थी।

5. लक्षलिंग महादेव मंदिर : बताया जाता है कि इस शिवलिंग में करीब एक लाख छेद हैं। इनमें से एक छेद पाताल तक गया है और एक छेद ऐसा है जो हमेशा जल से भरा रहता है। इस शिवलिंग पर जो भी जल अर्पित किया जाता है वह सीधे पाताल में चला जाता है। इसमें जितना भी पानी डालो वह कभी भी बाहर नहीं ढुलता है। यह मंदिर छत्तीसगढ़ के शिवरीनारायण मंदिर से कुछ किलोमीटर दूर पर खरौद नामक शहर में स्थित है। लक्षलिंग जमीन से करीब 30 फीट ऊपर है और इसे स्वयंभू भी कहा जाता है।

6. मृतेश्वर शिवलिंग : गुजरात के गोधरा में स्थित मृतेश्वर शिवलिंग का आकार बढ़ता ही जा रहा है। मान्यता के अनुसार जिस दिन शिवलिंग का आकार 8.5 फुट का हो जाएगा, उस दिन यह मंदिर की छत से टकरा जाएगा और तब प्रलय की शुरूआत होगी। कहते हैं कि शिवलिंग का आकार 1 वर्ष में एक चावल के दाने के बराबर बढ़ता है। इस शिवलिंग से प्राकृतिक रूप से जल की धारा निकलती रहती हैं।

7. मातंगेश्वर शिवलिंग : मध्यप्रदेश के खजुराहो में मातंगेश्वर शिव मंदिर का शिवलिंग हर साल एक तिल बढ़ रहा है। 18 फिट के इस शिवलिंग की भगवान रा?म ने भी पूजा की थी। यहां पर मंदिर का निर्माण चंदेल राजाओं ने करवाया था। शिवलिंग के बारे में मान्यता है कि यह शिवलिंग नीचे पाताल लोक की ओर और उपर स्वर्गलोक की ओर बढ़ रहा है। जब यह पाताललोक पहुंचेगा तब कलयुग का अंत हो जाएगा।

8. स्तंभेश्वर महादेव मंदिर : गुजरात में वडोदरा से 85 किमी दूर स्थित जंबूसर तहसील के कावी-कंबोई गांव का यह मंदिर अलग ही विशेषता रखता है। मंदिर अरब सागर के मध्य कैम्बे तट पर स्थित है। इस मंदिर के 2 फुट व्यास के शिवलिंग का आकार चार फुट ऊंचा है। स्तंभेश्वर महादेव मंदिर सुबह और शाम दिन में दो बार के लिए पलभर के लिए गायब हो जाता है। ऐसा ज्वारभाटा आने के कारण होता है।

9. निष्कलंक महादेव : यह मंदिर गुजरात के भावनगर में कोलियाक तट से 3 किलोमीटर अंदर अरब सागर में स्थित है। प्रतिदिन अरब सागर की लहरें यहां के शिवलिंग का जलाभिषेक करती है। ज्वारभाटा जब शांत हो जाता है तब लोग पैदल चलकर इस मंदिर में दर्शन करने के लिए आते हैं। ज्वार के समय सिर्फ मंदिर का ध्वज ही नजर आता है।

कहते हैं कि यह मंदिर महाभारतकालीन है और जब युद्ध के बाद पांडवों को अपने ही कुल के लोगों को मारने का पछतावा था और वे इस पाप से छुटकारा पाना चाहते थे तब वे श्रीकृष्ण के पास गए। श्रीकृष्ण द्वारिका में रहते थे। श्रीकृष्ण ने उन्हें एक काली गाय और एक काला झंडा दिया और कहा कि तुम यह झंडा लेकर गाय के पीछे-पीछे चलना। जब झंडा और गाय दोनों सफेद हो जाए तो समझना की पाप से छुटकारा मिल गया। जहां यह चमत्कार हो वहीं पर शिव की तपस्या करना। कई दिनों तक चलने के बाद पांडव इस समुद्र के पास पहुंचे और झंडा और गाय दोनों सफेद हो गया। तब उन्होंने वहां तपस्या की और भगवान शिव को प्रसन्न किया। पांचों पांडवों को शिवजी ने लिंग रूप में अलग अलग दर्शन दिए। वही पांचों शिवलिंग आज तक यहां विद्यमान हैं। पांडवों ने यहां अपने पापों से मुक्ति पाई थी इसीलिए इसे निष्कलंक महादेव मंदिर कहते हैं।

10. तिलभांडेश्वर मंदिर : इसी तरह काशी में तिलभांडेश्वर के नाम से प्रसिद्ध मंदिर का स्वयंभू शिवलिंग भी साल एक तिल के बराबर बढ़ता है। छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में गरियाबंद के घने जंगलों में स्थित भूतेश्वर महादेव का शिवलिंग भी हर वर्ष बढ़ता है। इसी तरह मध्यप्रदेश के देवास के पास बिलावली में स्थित शिवमंदिर का शिवलिंग भी प्रतिवर्ष एक तिल के बराबर बढ़ता है।